67 YEARS देशबन्धु
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, बुधवार, 23 अप्रैल 2025 । वर्ष – 67 । अंक –7 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु
प्रेस पंजीयन- 06072/59



■ न्यायपालिका को सरकार की बांदी बनाने की मुहिम
■ बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले महत्वपूर्ण राजनीतिक मंथन
पृष्ठ 6
■ हूती बलों के बार-बार किए गए हमलों का इजरायल कड़ा जवाब देगा : नेतन्याहू
पृष्ठ 7
मंधाना और बुमराह को विज्डन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का सम्मान
पृष्ठ 8

# पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी, 28 की मौत

## पहलगाम के बैसरन में आतंकी हमला, लश्कर-ए-तैयबा ने ली जिम्मेदारी, मृतकों में दो विदेशी भी शामिल

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन में पर्यटकों पर हुए घातक आतंकी हमले में 28 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगलवार सुबह हुए इस हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है, जिसके बाद अधिकारियों ने स्थिति को संभालने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं। प्राप्त होने वाले गैर सरकारी समाचारों के अनुसार हमले में 28 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे, जिनमें से अधिकतर गैर–स्थानीय थे। मृतकों में एक की पहचान शैलिंदर कल्पिया के तौर पर हुई है। जबकि हमले में घायल हुए 20 के करीब अन्य लोग गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के हैं। फिलहाल सरकारी तौर पर मृतकों की संख्या और पहचान की पुष्टि होना बाकी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आतंकियों ने टूरिस्ट से नाम पूछा, इसके बाद उसके सिर में गोली मार दी और फायरिंग करते हुए भाग निकले। हमले की जिम्मेदारी लश्कर–ए–तैयबा ने ली है। मरने वालों में दो विदेशी भी शामिल।



**मोदी ने अमित शाह से फोन पर की बात**

घटना को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब से गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमले की निंदा करते हुए इसे निर्दोष नागरिकों पर कायरतापूर्ण हमला बताया। उन्होंने गृह मंत्री को घटना से निपटने के लिए त्वरित और निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मोदी ने न्याय की आवश्यकता और क्षेत्र में सार्वजनिक सुरक्षा की बहाली पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री से बातचीत के बाद शाह श्रीनगर पहुंचें। वे यहां अफसरों के साथ हाईलेवल बैठक करेंगे। इधर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी से बातचीत करके हालातों की जानकारी ली। सुरक्षाबलों ने पहलगाम में हमले वाले इलाके को घेर रखा है। हेलिकॉप्टर के जरिए इलाके पर नजर रखी जा रही है। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

‘ पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकवादी हमला चौंकाने वाला और दर्दनाक है। यह एक नृशंस और अमानवीय कृत्य है जिसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। निर्दोष नागरिकों, इस मामले में पर्यटकों पर हमला करना बेहद भयावह और अक्षम्य है : द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

‘ इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है तथा यह और भी मजबूत होगा। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं : नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

‘ मैं अविश्वसनीय रूप से स्तब्ध हूं। हमारे आगंतुकों पर यह हमला एक घृणित कार्य है। इस हमले के अपराधी जानवर, अमानवीय और घृणा के पात्र हैं। निंदा के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है : उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री जम्मू–कश्मीर

## रायपुर के कारोबारी की भी मौत

### पत्नी और 2 बच्चों के साथ गए थे घूमने

**रायपुर**। रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया को पहलगाम में आतंकियों ने गोली मारी जिससे उनकी मौत हो गई। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया को भी गोली लगने से बिजनेसमैन की मौत हो गई। उन्होंने स्थानीय अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने इसकी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



**आतंकियों को सुरक्षाबल मुंहतोड़ जवाब देंगे : साय**

जम्मू.कश्मीर के पहलगाम में कायराना आतंकियों ने पर्यटकों पर हमला किया है। हमले में मारे गए पर्यटकों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के शीघ्र ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**कायराना हमले का हमारे जवान करारा जवाब देंगे : भूपेश**

भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया ग् पर लिखा कि कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला दुखद है कायराना है। इस हमले ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### रामदेव को हाईकोर्ट से फिर फटकार

**नई दिल्ली**। दिल्ली हाई कोर्ट ने पतंजलि के संस्थापक बाबा रामदेव को फार्मास्युटिकल और खाद्य कंपनी हमदर्द और उसके लोकप्रिय पेय रूह अफजा को निशाना बनाने के लिए सांप्रदायिक अपशब्दों का इस्तेमाल करने के लिए फटकार लगाई। हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया ने पतंजलि फूड्स लिमिटेड के खिलाफ रामदेव के बयान को लेकर याचिका दाखिल की थी।

### महाराष्ट्र में हिंदी अनिवार्य भाषा नहीं होगी

**मुंबई**। महाराष्ट्र में स्कूली पढ़ाई के लिए अब हिंदी अनिवार्य भाषा नहीं होगी। राज्य सरकार ने हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाने का निर्णय वापस ले लिया है। शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने कहा कि मराठी अनिवार्य होगी, अंग्रेजी दूसरी भाषा और तीसरी भाषा ऑप्शनल यानी वैकल्पिक होगी। इससे पहले रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा था कि स्टूडेंट्स तीसरी भाषा अपने मन से चुन सकेंगे। हिंदी अनिवार्य नहीं होगी।

### जेद्दा पहुंचे मोदी हुआ भव्य स्वागत

**जेद्दा**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के लिए जेद्दा पहुंचे, इस दौरान उनका स्वागत 21 तोपों की सलामी के साथ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री एचआरएच प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ देश की अपनी यात्रा के दौरान भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की दूसरी नेताओं की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे।

## संविधान का जितना मजाक कांग्रेस ने उड़ाया किसी और ने नहीं : विजयवर्गीय

### कांग्रेस के संविधान बचाओ अभियान पर भाजपा नेता का पलटवार



**रायपुर**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस के संविधान बचाओ अभियान पर कहा कि संविधान का उपयोग कांग्रेस राजनीति के लिए कर रही है। अगर कांग्रेस संविधान के अनुरूप चली होती तो ये दुर्दशा नहीं होती। संविधान का जितना मजाक कांग्रेस ने उड़ाया, उतना किसी ने नहीं किया। भारत रत्न भीमराव अंबेडकर के सम्मान में राजनांदगांव में आयोजित भाजपा के कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पहुंचे थे। कैलाश विजयवर्गीय ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में कहा कि संविधान बचाओ अभियान के लिए कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जो अपनी जेब में संविधान की किताब लेकर घूम रहे हैं, मूल ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सिविल सेवा परीक्षा में बेटियों ने मारी बाजी

**नई दिल्ली**, 22 अप्रैल (एजेंसियां)। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा 2024 के फाइनल परीणाम में इस बार भी देश की बेटियों ने बाजी मारी है। टॉप पांच में तीन लड़कियों ने अपनी जगह पक्की की है। इस बार भी पिछले सालों की तरह ही बेटियों की मेहनत, संघर्ष और दृढ़ निश्चय की जो मिसाल देखने को मिली है। यूपीएससी 2024 की ऑल इंडिया टॉपर बनीं शक्ति दुबे प्रयागराज की रहने वाली हैं। साइंस बैकग्राउंड से आने वाली शक्ति ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से बायोकेमिस्ट्री में बीएससी की और फिर बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा किया। संघ लोक सेवा आयोग के अनुसार शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 11 महिलाएं व 14 पुरुष शामिल हैं।

- प्रयागराज की शक्ति दुबे ने हासिल किया पहला स्थान
- हर्षिता गोयल दूसरे व अर्चित तीसरे स्थान पर रहे
- टॉप पांच में तीन लड़कियों ने पक्की की अपनी जगह

## बिलासपुर की पूर्वा को मिला 65वां रैंक

### मुंगेली के अर्पण, बस्तर की मानसी और अंबिकापुर के केशव ने भी मारी बाजी



**रायपुर**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। पीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया है। बिलासपुर की रहने वाली पूर्वा अग्रवाल को 65वां रैंक मिला है। मुंगेली के अर्पण चोपड़ा ने 313वां रैंक हासिल किया है। वहीं बस्तर के जगदलपुर की मानसी जैन ने 444वीं रैंक और अंबिकापुर के केशव गर्ग ने 496वीं रैंक हासिल किया है। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट आयोग की आधिकारिक वेबसाइट यूपीएससी डाट जीओवी डाट इन पर जाकर देख सकते हैं।





**पूर्वा अग्रवाल को दो बार मिल चुकी सफलता**

बिलासपुर की रहने वाली पूर्वा अग्रवाल ने इस बार 65वीं रैंक हासिल की है। इससे पहले पीएससी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## संसद ही सुप्रीम, इससे ऊपर कोई नहीं : धनखड़

**नई दिल्ली**, 22 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट बनाम संसद के बीच शक्तियों को लेकर बयानबाजी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि अगर सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाना है तो संसद को बंद कर देना चाहिए। अब इस मुद्दे को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर टिप्पणी की है। उपराष्ट्रपति ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में कहा कि संसद सर्वोच्च है और चुने हुए प्रतिनिधि ही ‘असली मालिक’ हैं। संवैधानिक पद पर बैठे हर व्यक्ति का प्रत्येक शब्द देश के हित में होता है। उपराष्ट्रपति ने दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संसद सबसे ऊपर है। संविधान की प्रस्तावना में ही इसका सार है। संविधान कहता है हम, भारत के लोग। इसका मतलब है कि सबसे बड़ी शक्ति लोगों के पास है। कोई भी भारत के लोगों से ऊपर नहीं है। लोग प्रतिनिधियों को ही ठहराते हैं जवाबदेह

जगदीप धनखड़ ने आगे कहा कि भारत के लोगों ने संविधान के तहत अपने प्रतिनिधियों को चुना है। यह प्रतिनिधि ही लोगों की इच्छा और आकांक्षाओं को व्यक्त करते हैं। लोग चुनावों के दौरान इन प्रतिनिधियों को जवाबदेह ठहराते हैं। चुने हुए प्रतिनिधि ही संविधान के असली मालिक हैं। वे ही तय करते हैं कि संविधान में क्या लिखा जाएगा। धनखड़ ने जोर देकर कहा कि संविधान में संसद से ऊपर कोई नहीं है।

## गुजरात के अमरेली में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, प्रशिक्षु पायलट की मौत

**अहमदाबाद**, 22 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात के अमरेली में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में कुल दो लोग मौजूद थे। विमान उड़ा रहे पायलट की दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक निजी विमानन अकादमी का प्रशिक्षण विमान मंगलवार दोपहर गुजरात के अमरेली जिले के एक रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। हादसे में एक प्रशिक्षु पायलट की मौत हो गई। बताया गया कि विमान एक पेड़ से टकराकर जमीन पर जा गिरा। अमरेली के पुलिस अधीक्षक संजय खराट ने बताया कि विमान दोपहर करीब 12:30 बजे अमरेली शहर के गिरिया रोड इलाके में एक रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे प्रशिक्षु पायलट की मौके पर ही मौत हो गई।

## प्रदेश में गर्मी और लू को देखते हुए स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित

**रायपुर**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्कूली बच्चों के हित में संवेदनशील निर्णय लेते हुए राज्य के सभी कलेक्टरों से कहा है कि राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए राज्य के सभी स्कूलों में 25 अप्रैल से 15 जून तक अवकाश रखा जाए। सभी स्कूलों में इस निर्देश का कड़ाई से पालन किया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग ने ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि घोषित कर दी है।

■ **25 अप्रैल से 15 जून तक स्कूल रहेंगे बंद**

मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि गर्मी को देखते हुए स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के परिपालन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों में 25 अप्रैल से 15 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की गई है। गौरतलब है कि स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा 1 मई से 15 जून तक घोषित की गई थी, गर्मी की तीव्रता को देखते हुए अब इसे संशोधित कर दिया गया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए है और यह शिक्षकों पर लागू नहीं होगा, शिक्षकों की ड्यूटी यथावत जारी रहेगी।

## नहीं रहा कानन पेंडारी का शान, हार्ट अटैक से हुई ‘आकाश’ की मौत

**बिलासपुर**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। कानन पेंडारी चिड़ियाघर की शान सफेद शेर ‘आकाश’ की सोमवार सुबह टहलते समय मौत हो गई। असमय मौत के पीछे कार्डियक अरेस्ट को वजह बताया जा रहा है। चिड़ियाघर प्रबंधन ने शव का पोस्ट मार्टम कर अंतिम संस्कार किया।

बताया जा रहा है कि सुबह पिंजड़े की सफाई के लिए पहुंचे जू कीपर ने पानी डाला तो आकाश के शरीर में किसी तरह की हलचल नहीं हुई। उसने तत्काल इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। इस पर कानन के वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ। पीके चंदन पहुंचे। जांच के बाद उन्होंने शेर को मृत घोषित कर दिया। मौत की वजह जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें हार्ट अटैक की पुष्टि हुई। इसके बाद मृत बाघ का अंतिम संस्कार किया गया। सफेद शेर आकाश जू में आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र हुआ करता था। उसकी मौत से वन्य प्रेमियों में शोक का माहौल है।



**सफेद शेरों की संख्या फिर तीन हुई**–बता दें कि आकाश की मौत से कानन पेंडारी चिड़ियाघर में वर्तमान में सफेद शेरों की संख्या फिर से तीन हो गई है। हाल ही में ग्वालियर जू से एक नया सफेद शेर लाया गया था, जिससे कुल संख्या चार हो गई थी। लेकिन अब आकाश की मौत से संख्या फिर से ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



# देश

**उवाच**

यह कानून गरीब और कमजोर मुस्लिमों के हित में है, जो वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग से प्रभावित होते हैं। निरुपम ने बताया कि वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार रोकने के लिए यह कानून लाया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दल वक्फ बोर्ड के मुद्दे पर मुस्लिम समुदाय को भड़का रहे हैं: **संजय निरुपम, शिवसेना नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 39.9 | 20.9 |
| मुंबई | 34.9 | 23.5 |
| कोलकाता | 37.4 | 29.0 |
| चेन्नई | 36.1 | 26.8 |

### सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा पर बोला हमला, कहा

# नेशनल हेराल्ड मामला भाजपा का ध्यान भटकाने का प्रयास

**रायपुर,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला भारतीय जनता पार्टी की ओर से ध्यान भटकाने, बरगलाने और तथ्यों को तोड़-मरोड़ने का एक प्रयास है।

सुश्री श्रीनेत ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा का काम देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाना। अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाना। स्वतंत्रता संग्राम को तोड़-मरोड़ कर पेश करना और देश की विरासत का अपमान करना है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए कांग्रेस पार्टी के ऐतिहासिक गुजरात अधिवेशन से बौखलाए मोदी-शाह की जोड़ी ने फिर से कांग्रेस पार्टी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)- अपनी पसंदीदा आपराधिक वसूली मशीन- को छोड़ दिया है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा दायर तथाकथित आरोप पत्र कुछ और नहीं बल्कि विशुद्ध राजनीतिक षड्यंत्र है। गांधी परिवार का हर सदस्य- चाहे वह राजनीति में हो या नहीं- भाजपा द्वारा निशाना बनाया जा रहा है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि विडंबना यह है कि पहली बार मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप ऐसे मामले में लगाए जा रहे है, जिसमें एक भी पैसा या संपत्ति हस्तांतरित नहीं की गई है। बैलेंस शीट को कर्ज मुक्त बनाने के लिए कर्ज को इक्विटी में बदला जाता है। यह एक आम प्रथा है और पूरी तरह से कानूनी है। जब पैसा ही नहीं है, तो लॉन्ड्रिंग कहां है? यह एक षड़यंत्रकारी राजनीतिक ठगी है। मोदी सरकार ने ईडी को अपना 'चुनाव विभाग' बना लिया है और बेशर्मी से और बार-बार प्रतिशोध



के लिए इसका दुरुपयोग कर रही है। ईडी के मामलों में सजा की दर सिर्फ एक प्रतिशत है। इसके अलावा, ईडी ने जो राजनीतिक मामले दर्ज किए है, उनमें से 98 प्रतिश तमामले सत्ताधारी पार्टी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ है।

श्रीमती सोनिया गांधी, श्री राहुल गांधी और श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा के परिवार के खिलाफ मनगढ़ंत मामलों की जा रही साजिश सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से कम नहीं है। फर्जी और झूठे मामलों के माध्यम से नेतृत्व और उनके परिवारों को निशाना बनाकर, भाजपा सरकार कांग्रेस पार्टी को दबाने की पूरी कोशिश कर रही है - एकमात्र ताकत जो लगातार लोगों के साथ और इस देश की आत्मा के लिए खड़ी रही है। यह लोकतांत्रिक विपक्ष पर सीधा और खतरनाक हमला है। यह प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा राजनीतिक धमकी

**पहली बार मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप ऐसे मामले में लगाए जा रहे है, जिसमें एक भी पैसा या संपत्ति हस्तांतरित नहीं की गई है। बैलेंस शीट को कर्ज मुक्त बनाने के लिए कर्ज को इक्विटी में बदला जाता है। यह एक आम प्रथा है और पूरी तरह से कानूनी है: सुप्रिया श्रीनेत, राष्ट्रीय नेता कांग्रेस**

का एक भद्दा प्रयास है। यह बदले की राजनीति का सबसे बुरा रूप है।

सुश्री श्रीनेत ने कहा कि 1937 में पुरूषोत्तम दास टंडन, आचार्य नरेंद्र देव और रफी अहमद किदवई जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के साथ, पंडित जवाहर लाल नेहरू ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के स्वतंत्रता संग्राम की मुख्य आवाज के रूप में नेशनल हेराल्ड अखबार की शुरुआत की, जिसके हिंदी और उर्दू संस्करण नवजीवन और कौमी आवाज शीर्षक से प्रकाशित हुए। नेशनल हेराल्ड स्वतंत्रता संग्राम की राष्ट्रीय धरोहर है। अंग्रेजों को इस अखबार से इतना खतरा महसूस हुआ कि उन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान नेशनल हेराल्ड पर प्रतिबंध लगा दिया और यह प्रतिबंध 1945 तक चला। उन्होंने कहा कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की स्थापना 1937-38 में हुई थी। एजेएल की स्थापना मूल रूप से एक पब्लिक लिमिटेड न्यूजपेपर कंपनी के रूप में की गई थी। इसका उद्देश्य संघर्ष का मुखपत्र बनना था, न कि मुनाफा कमाना। एजेएल के पास छह शहरों-दिल्ली, पंचकूला, मुंबई, लखनऊ, पटना और इंदौर में अचल संपत्तियां हैं, लेकिन लखनऊ एकमात्र फ्रीहोल्ड संपत्ति है।

## महाराष्ट्र चुनाव पर राहुल गांधी के सवालों का गणित के हिसाब से भी कोई तुक नहीं बनता : आयोग

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां) महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के विदेशी धरती से उठाए गए सवालों के एक दिन बाद आयोग के सूत्रों ने खारिज किया और कहा कि सामान्य गणित और स्थापित प्रक्रियाओं के हिसाब से वहां हुए मतदान की रफ्तार और मतदाता-सूची की शुद्धता को लेकर विपक्ष के नेता के सवालों का कोई तुक नहीं बनता ।

आयोग के एक अधिकारी ने आपना नाम जाहिर न करने की शर्त पर कहा कि 20 नवंबर 2024 को महाराष्ट्र विधान सभा के चुनाव में सुबह से साम तक प्रति घंटे मतदान की जो औसत रफ्तार देखी गयी उसके हिसाब से दो घंटे में एक करोड़ 16 लाख मतदाताओं ने वोट डाले होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में चुनाव से पहले मतदाता सूचियों का संशोधित मसौदा कांग्रेस पार्टी सहित सभी दलों को दिया गया था और इतने बड़े राज्य में नौ करोड़ से अधिक नामों की सूची को लेकर उंगली पर गिनने भर की कुछ गिनी चुनी आपत्तियां ही आयी थी जिनका परिमार्जन कर दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि श्री गांधी ने रविवार को बोस्टन में एक कार्यक्रम में कहा था, 'महाराष्ट्र विधान सभा




**■ राहुल गांधी के विदेशी धरती से उठाए गए सवालों को आयोग के सूत्रों ने खारिज किया**

चुनाव में चुनाव आयोग ने कुछ समझौता कर लिया था' और 'सिस्टम में कुछ गड़बड़ी थी।' उन्होंने कहा था कि चुनाव आयोग ने शाम 5:30 पर मतादान का आंकड़ा दिया था और उसके बाद आयोग के अनुसार 7:30 तक 65 लाख लोगोंने वोट डाले। कांग्रेस नेता ने इसे असंभव बताया था। उनका गणित है कि हर मतदान में तीन मिनट का समय लगता है और इस हिसाब से वहां उस दिन मतदान केंद्रों पर रात दो बजे तक भी मतदान करने वालों की कतार समाप्त नहीं होती। उन्होंने मतदाता सूचियों पर सवाल उठाते हुए कहा था कि महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या वयस्कों नागरिकों से कहीं ज्यादा थी।

आयोग के एक सूत्र ने कहा, 'महाराष्ट्र विधान सभा के चुनाव में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान केन्द्र पर पहुंचे 6,40,87,588 मतदाताओं ने मतदान

**20 नवंबर 2024 को महाराष्ट्र विधान सभा के चुनाव में सुबह से शाम तक प्रति घंटे मतदान की जो औसत रफ्तार देखी गई उसके हिसाब से दो घंटे में एक करोड़ 16 लाख मतदाताओं ने वोट डाले होंगे : आयोग सूत्र**

किये थे और इस तरह वहां औसतन प्रति घंटे लगभग 58 लाख वोट डाले गए। इस औसत रुझान के हिसाब से अंतिम दो घंटे में लगभग 116 लाख मतदाताओं ने मतदान किया होगा। इसलिए, दो घंटों में मतदाताओं द्वारा 65 लाख वोट डालना औसत प्रति घंटे मतदान रुझानों से बहुत कम है।'

आयोग के सूत्रों ने कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर उम्मीदवारों/राजनीतिक दलों द्वारा औपचारिक रूप से नियुक्त मतदान एजेंटों के सामने मतदान कराया जाता है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस के नामित उम्मीदवारों या उनके अधिकृत एजेंटों ने महाराष्ट्र चुनाव के अगले दिन रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) और चुनाव पर्यवेक्षकों के समक्ष जांच के समय किसी भी तरह के असामान्य मतदान के संबंध में कोई पुष्ट आरोप नहीं लगाया था।'

## सार संक्षेप

### ममता बनर्जी मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद का दौरा करेंगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की कि वह मुर्शिदाबाद की हालात का आकलन करने के लिए मई के पहले सप्ताह में वहां का दौरा करेंगी। मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुए दंगों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा, 'हिंसा दो वार्डों में हुई और कुछ स्थानीय व्यक्तियों के समर्थन से कुछ बाहरी लोगों द्वारा भड़काई गई। हम जिम्मेदार लोगों की पहचान करेंगे और उन्हें बेनकाब करेंगे।' पश्चिम मेदिनीपुर जिले के गोलतोर में 125 मेगावाट के सौर फोटोवोल्टिक संयंत्र का उद्घाटन करने के लिए आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने हिंसा में जान गंवाने वालों के परिवारों के लिए 10 लाख रुपये मंजूर किए हैं। राज्य सरकार उनके बच्चों की शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी भी लेगी। मैं मामले को सुलझाने के लिए मई की शुरुआत में व्यक्तिगत रूप से इलाके का दौरा करूंगी।

### कांग्रेस और राजद परिवार की पार्टी : नित्यानंद राय

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री और भाजपा के नेता नित्यानंद राय ने परिवारवाद को लेकर राजद और कांग्रेस को घेरा। उन्होंने दोनों दलों को परिवार की पार्टी बताया है। उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियां सत्ता के लिए ही काम करती हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सत्ता के लिए भाजपा और जेडीयू के गठबंधन बनाए जाने के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद परिवारवाद की पार्टी हैं। इन दोनों पार्टियों का इतिहास ही रहा है कि ये कुर्सी और सत्ता के लिए ही सारा काम करते हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राजद और कांग्रेस का इतिहास उठाकर देखिए। इनका इतिहास ही भ्रष्टाचार करना और अपराधियों को संरक्षण देना है।

# राजनाथ सिंह, खड़गे समेत तमाम नेताओं ने की पहलगाम हमले की निंदा

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम हिल स्टेशन पर मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में एक पर्यटक की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में नौ पर्यटक और तीन स्थानीय लोग शामिल हैं।

यह हमला पहलगाम के बैसरन इलाके में हुआ, जहां आतंकवादियों ने पर्यटकों के एक समूह को निशाना बनाया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत तमाम नेताओं ने इस हमले की निंदा की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हमले की निंदा करते हुए एक्स पोस्ट पर लिखा, 'जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले की खबर से बहुत दुखी हूं। निर्दोष नागरिकों पर यह हमला कायरतापूर्ण और अत्यंत निंदनीय है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।'

**आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं : खड़गे**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट पर लिखा, 'मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। पूरा देश सीमा पार आतंकवाद के



**'जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले की खबर से बहुत दुखी हूं। निर्दोष नागरिकों पर यह हमला कायरतापूर्ण और अत्यंत निंदनीय है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं : राजनाथ सिंह**

खिलाफ एकजुट है। ये कायराना तरीके से किए गए हमले मानवता पर एक धब्बा हैं। समाचार रिपोर्टों से पता चलता है कि कई अनमोल जानें चली गई हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से, पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं घायलों के साथ हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और हम भारत सरकार से इसे सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह करते हैं।'





**आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने की घटना दिल दहलाने वाली : राहुल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, 'जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की ख़बर बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली है। मैं शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं। आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य होने के खोखले दावों के बजाय अब जवाबदेही लेते हुए ठोस कदम उठाए, ताकि आगे ऐसी बर्बर घटनाएं न होने पाएं और निर्दोष भारतीय यूं अपनी जान न गंवाएं।'



**पर्यटकों पर कायराना आतंकी हमला शर्मनाक कृत्य : प्रियंका**

वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, 'जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर कायराना आतंकी हमला अत्यंत निंदनीय एवं शर्मनाक कृत्य है। निहत्थे-निर्दोष आम नागरिकों को निशाना बनाना मानवता के खिलाफ अपराध है। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और कड़े स्वर में इसकी निंदा करता है। खबरों के मुताबिक, इस हमले में कई पर्यटक हताहत हुए हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।'

**पहलगाम में हुए कायराना हमले निंदनीय : सज्जाद लोन**

जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'पहलगाम में हुए कायराना हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं। दशकों से हम एक बेहतरीन मेजबान के रूप में जाने जाते हैं। हमारे यहां मेहमाननवाजी का इतिहास रहा है। कुछ कायर आतंकवादी इसे पूरी तरह से नष्ट करना चाहते हैं। पर्यटन उद्योग को नुकसान हुआ है। पर्यटन से जुड़े लोगों ने लंबे समय के बाद अपनी जिंदगी फिर से शुरू की है। उन्होंने सपने देखना शुरू किया था, लेकिन बदसूरत खलनायक सब कुछ चकनाचूर करने के लिए मौजूद हैं। कोई गलती न करें।' उन्होंने एक्स पोस्ट पर आगे लिखा, 'इन आतंकी हमलों का उद्देश्य एक बार फिर हमें आर्थिक रूप से कमजोर करना है। जो लोग ऐसा करते हैं, वे कश्मीरियों के सबसे बड़े दुश्मन हैं। वे हमारे मेहमाननवाजी के इतिहास को कलंकित करते हैं, हमारे गौरवशाली अतीत को कलंकित करते हैं। वे हमारे वर्तमान पर अभिशाप हैं। वे हमारी युवा पीढ़ी के बच्चों के दुश्मन हैं। हमें एकजुट होकर यह संदेश देना होगा कि आतंक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## धनखड़ के लिए व्यक्ति विशेष सर्वोपरि लेकिन हमारे लिए संविधान : दानिश अली

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुँवर दानिश अली ने उप राष्ट्रपति



जगदीप धनखड़ की टिप्पणी पर तीखी आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा कि उनके लिए व्यक्ति विशेष सबसे ऊपर हो सकता है लेकिन हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है। पूर्व संसद ने 'एक्स' पर कहा 'उपराष्ट्रपति धनखड़ जी के लिए व्यक्ति विशेष सबसे ऊपर हो सकता है लेकिन हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है। संसद या कार्यपालिका की आड़ में लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर एक व्यक्ति विशेष को सर्वशक्तिमान बनाने की जो मुहिम चलाई जा रही है इसे देश माफ नहीं करेगा।' उन्होंने कहा, 'संविधान जनता का है, न कि सत्ता में बैठे किसी 'चुने हुए राजा' का। जनप्रतिनिधि जनता के सेवक होते हैं, मालिक नहीं। अब जब न्यायपालिका आंख में आंख डालकर सच दिखा रही है, तो इन 'मालिकों' को संविधान ही बोझ लगने लगा है। देश जानता है इन हुक्मबरदारों को नियुक्त करने वाला 'मास्टर' कौन है।' उल्लेखनीय है कि उप राष्ट्रपति ने संवैधानिक पदों को अलंकरण बताने की धारणा को गलत करार देते हुए आज कहा कि संविधान में संसद से ऊपर किसी संस्थान की परिकल्पना नहीं है।

### अखिलेश यादव का भाजपा पर तंज

## 'एक फेज में चुनाव तक नहीं करा पाते'

**लखनऊ,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' और ईवीएम समेत तमाम मुद्दों को लेकर केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा, 'पहले भी बहुत सारे राजनीतिक दल, संस्थाएं, बुद्धिजीवी, प्रोफेसर, इंजीनियर, वैज्ञानिक समय-समय पर इस बात को उठा चुके हैं कि उन्हें ईवीएम पर अब भरोसा नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो बात कही, उसके बाद लोगों का ईवीएम से और भी भरोसा उठ गया। हम लोग रोजाना देखते हैं कि एटीएम से पैसा निकाल लिया जाता है, साइबर क्राइम बढ़ रहे हैं। कोई ऑनलाइन कस्टम, इनकम टैक्स, सीबीआई का फर्जी अफसर बन गया और पैसे लूट लिए। इसके बाद पता नहीं चलता कि पैसा कहां गया। साइबर क्राइम में यूपी



नंबर वन है। अगर एक बार पैसा चला जाता है, तो सरकार उसे ढूंढ नहीं पाती है। आए दिन मोबाइल हैक होने की खबर आती है। ऐसे में ईवीएम तो छोटी सी इलेक्ट्रॉनिक मशीन है। अगर ईवीएम पर किसी को भरोसा नहीं है तो बैलेट से वोट करना सबसे अच्छा ऑप्शन है।'

उन्होंने कहा, 'जो 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की बात कर रहे हैं, वो एक फेज में चुनाव नहीं करा पा रहे हैं। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' वाले यूपी का वन फेज में इलेक्शन करके दिखाएं।'

**■ अखिलेश यादव ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' और ईवीएम समेत तमाम मुद्दों को लेकर केंद्र व भाजपा पर निशाना साधा**

**निशिकांत दुबे भाजपा के सबसे खास सांसद हैं : यादव**

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के हालिया बयान पर उन्होंने कहा, 'वो भाजपा के सबसे खास सांसद हैं। जो बात भाजपा नहीं बोल पाती है, वो समय-समय पर अपने सांसदों से बुलवाती है।' पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा पर राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'मुर्शिदाबाद में बहुत सारे लोगों पर कार्रवाई हुई है। 100 से ज्यादा लोग गिरफ्तार हुए हैं। हिंसा को लेकर जांच चल रही है। भाजपा वहां पर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है।

**पटना,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को एक बार फिर घेरा है। उन्होंने बिहार में मोदी-नीतीश का महाजंगलराज बताते हुए हाल की घटनाओं का भी जिक्र किया है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, नारायणपुर, जिला-नारायणपुर, छ.ग.**

Tel: 07781-252934 Email:cenar-phe-cg@gov.in

**मैन्युवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/06/ले.शा/का.अ./ली. स्वा यां खंड/2025 नारायणपुर, दिनांक 16/04/2025

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की और से जिला नारायणपुर के विकासखण्ड नारायणपुर एवं ओच्छा के विभिन्न वानी में स्थापित हेण्यम्पों के संचालन-संवारण हेतु सामग्री प्रदाय के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में महरबंद निविदाए प्रपत्र 'सी' में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्स पोस्ट के माध्यन में सामग्री के निर्माता एवं अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 20/04/2025 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाख में ) |
|---|---|---|
| 01 | विकासखण्ड नारायणपुर/ओरक्षा के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों के संचालन संधारण हेतु सामारीक कार्य (यूल-01 अनुसार) | 8.36 लाख |

उपरोक्त कार्य हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 28.04.2025 है। साथ ही निविदा समस्त शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**

**जी-252600390** **नारायणपुर, जिला-नारायणपुर छ.ग**

## संदेश

### अर्थ डे के अवसर पर एक विशेष डूडल जारी किया

# गूगल ने अर्थ डे पर डूडल में जलवायु परिवर्तन का दिखाया संकट

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल (एजेंसियां)। गूगल ने 22 अप्रैल 2025 को अर्थ डे के अवसर पर एक विशेष डूडल जारी किया है, जो जलवायु परिवर्तन के गंभीर संकट पर केंद्रित है। इस डूडल का उद्देश्य लोगों को पृथ्वी के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का संदेश देना है।**

डूडल में स्पष्ट किया गया है कि हमारी पृथ्वी खतरे में है। जलवायु परिवर्तन के कारण धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके कारण भयंकर तूफान, बाढ़ और सूखे जैसी आपदाएं सामने आ रही हैं। अर्थ डे दुनिया को याद दिलाता है कि पृथ्वी की रक्षा करना प्रत्येक इंसान की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

डूडल में पृथ्वी के विभिन्न हिस्सों की सुंदरता और विविधता को दिखाया गया है। गूगल का यह डूडल लोगों को पृथ्वी को बचाने के लिए प्रेरित करता है और दैनिक



जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जैसे कि जहां संभव हो वहां निजी वाहन की बजाय साइकिल या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना, घर और कार्यालय में सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय विकल्पों को तवज्जो देना ,पेड़ लगाने वाली संस्थाओं को सहयोग देना या वृक्षारोपण करना और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी पुस्तकें पढ़ना और लेखों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने समेत कई कदम उठाये जा सकते हैं।

प्रत्येक व्यक्ति को दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनानी चाहिए, जैसे कि ऊर्जा की बचत करना, पानी का संरक्षण करना, और कूड़ा-कचरा प्रबंधन करना। पृथ्वी को बचाने की दिशा में कारगर कदम उठाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित भविष्य का निर्माण किया जा सकता है।

**■ प्रत्येक व्यक्ति को दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनानी चाहिए**

**■ ऊर्जा की बचत करना, पानी का संरक्षण करना, और कूड़ा-कचरा प्रबंधन करना चाहिए**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**

क्र./141 / लो.नि.वि./न.पा.प. / 2025 बलौदाबाजार, दिनांक -21/04/2025

**रूचि की अभिव्यक्ति**

कार्यालय, नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डो में स्थित बोरवेल के समीप पानी टंकी स्थापना कार्य (फिटिंग कार्य सहित) व वाटर हार्वेस्टिंग हेतु सोकपीट निर्माण कार्य कराये जाने की आवश्यकता है। इच्छुक फर्म/ निर्माता/अधिकृत विक्रेता /ठेकेदार, से रूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) प्रस्ताव बंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट के माध्यम से निम्नानुसार आंमत्रित किया जाता है-

| क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि ( लाख में ) |
|---|---|---|
| 01 | निकाय क्षेत्रातंर्गत विभिन्न वार्डों में स्थित बोरवेल के समीप पानी टंकी 1000 लीटर , स्टैण्ड ,फीटिंग कार्य व वाटर हार्वेस्टिंग हेतु सोकपीट निर्माण कार्य। | 05.00 |

दिनांक 07/05/2025 को कार्यालयीन समयावधि तक संस्था के पूर्ण विवरण एवं कार्य के लिए निर्धारित अमानत राशि 5000.00 रू. एफ.डी.आर. के रूप में (जो कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के नाम से देय हो) सहित आमंत्रित की जाती है। प्राप्त ई.ओ.आई. प्रस्ताव दिनांक 07/05/2025 को शाम 04.00 बजे खोली जावेगी।

नोट:- ई.ओ.आई. प्रस्ताव से संबंधित नियम शर्त एवं अन्य जानकारी नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के जल विभाग शाखा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार**

### खुद के किचन गार्डन में सब्जियां उगाते हैं जैकी भगनानी

**मुंबई।** हर साल 22 अप्रैल को 'पृथ्वी दिवस' मनाया जाता है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने में बॉलीवुड सितारे भी आगे आ रहे हैं। एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी ने भी जागरूकता का संदेश देते हुए बताया कि उनका एक किचन गार्डन है, जिसमें वह सब्जियां उगाते हैं। जैकी भगनानी ने कहा कि मैं ताजा और पोषक तत्वों से भरपूर भोजन करने की सलाह देता हूं। कोई भी व्यक्ति अपनी बालकनी या घर के पीछे खाद्य पदार्थ उगाकर छोटी शुरुआत कर सकता है। मैं कुछ समय से अपने बगीचे में सब्जियां उगा रहा हूं और एक किचन गार्डन बना रखा है। उन्होंने कहा मैं आपको नहीं बता सकता कि सब्जियों को उगाने से मुझे कितनी खुशी मिलती है, भले ही वह थोड़ी मात्रा में ही क्यों न हो।

वैज्ञानिकों ने वसायुक्त भोजन पर किया अध्ययन

# मीठा खाना दिमाग पर डालता है बुरा असर

**सिडनी,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने पाया है कि अधिक वसायुक्त और मीठा खाना दिमाग पर बुरा असर डालता है। सिडनी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में यह जानने की कोशिश की कि ज्यादा वसा (फैट) और चीनी वाले खाने (विशेषकर रिफाइंड शुगर और सैचुरेटेड फैट) का असर हमारे दिमाग की दिशा पहचानने की क्षमता पर क्या होता है। इसे स्पाशियल नेविगेशन कहते हैं जो एक जगह से दूसरी जगह का रास्ता याद रखने की क्षमता होती है। जो बताती है कि आपके दिमाग का हिप्पोकैम्पस नाम का हिस्सा कितना स्वस्थ है। यह रिसर्च इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ओबेसिटी में छपी है। इस अध्ययन का नेतृत्व डॉ. डॉमिनिक ट्रान ने किया। उन्होंने बताया कि वसायुक्त और मीठा खाना खाने की आदत से दिमाग की कुछ क्षमताएं कमजोर हो सकती हैं, खासकर वह हिस्सा जो दिशा और याददाश्त से जुड़ा होता है। अच्छी बात यह है कि यह असर स्थायी नहीं होता। डॉ. ट्रान के मुताबिक अगर हम अपना खानपान सुधार लें, तो हमारा दिमाग फिर से अच्छा काम करने लगता है। जैसे कि किसी नई जगह रास्ता पहचानना या नया रास्ता याद रखना। इस अध्ययन में 18 से 38 साल की उम्र के 55 विश्वविद्यालय छात्रों को शामिल किया गया। उनसे पूछा गया कि वे कितना फैट और चीनी वाला खाना खाते हैं। फिर उनका वजन, याद रखने की क्षमता और दिमागी दिशा-ज्ञान की परीक्षा ली गई। इस परीक्षण में उन्हें वर्चुअल रियलिटी की एक भूलभुलैया में रखा गया, जहां उन्हें एक खजाने की पेटी का पता लगाना था। प्रयोग में लोगों को छह बार इस खजाने की पेटी ढूंढनी थी। भूलभुलैया के चारों ओर कुछ खास चीजें थीं, जिनकी मदद से लोग अपना रास्ता याद रख सकते थे। हर बार जब प्रयोग किया गया, तो शुरू करने की जगह और खजाने की पेटी की जगह एक ही थी।



- 18 से 38 साल की उम्र के 55 विश्वविद्यालय छात्र अध्ययन में शामिल
- अच्छा खानपान सिर्फ शरीर ही नहीं, दिमाग की सेहत के लिए भी जरूरी

अगर प्रतिभागी 4 मिनट के अंदर खजाना ढूंढ लेते, तो अगला राउंड शुरू हो जाता। अगर वे इतने समय में खजाना नहीं ढूंढ पाए, तो उन्हें तुरंत खज़ाने की जगह पर पहुंचा दिया गया और अगले राउंड से पहले उस जगह को अच्छी तरह से देखने के लिए 10 सेकंड दिए गए। जिन छात्रों ने कम फैट और कम शुगर वाला खाना खाया था, उन्होंने खजाने का स्थान ज्यादा सही ढंग से पहचाना। डॉ. ट्रान ने बताया यह देखा गया कि ज्यादा चीनी और फैट खाने वाले छात्रों का प्रदर्शन कमजोर रहा। इससे यह बात और पक्की हो जाती है कि अगर हम अपने खानपान में सुधार करें, तो हम अपने दिमाग को तेज और स्वस्थ बनाए रख सकते हैं।

वैज्ञानिक पहले से ही जानते हैं कि ज़्यादा फैट और शुगर खाना मोटापा, हार्ट की बीमारी और कुछ कैंसर की वजह बन सकता है। अब यह भी साफ हो रहा है कि यह आदत दिमाग को भी नुकसान पहुंचाती है और वह भी कम उम्र में। डॉ. ट्रान ने कहा कि यह शोध बताता है कि अच्छा खानपान सिर्फ शरीर ही नहीं, दिमाग की सेहत के लिए भी जरूरी है।

# डार्क सर्कल हो या पिंपल्स, बड़े काम की है मुंह की लार

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। डॉक्टरों के पास शारीरिक बीमारियों का इलाज मौजूद होता है। लेकिन कुछ बीमारियों के इलाज के लिए घरेलू पद्धतियां भी इस्तेमाल की जाती रही हैं, जिन्हें हम घरेलू इलाज कह सकते हैं। इस तरह के इलाज के लिए हर बार डॉक्टर के यहां जाना भी जरूरी नहीं है और हम अपने आस-पास मिलने वाली लाभदायक चीजों को औषधि के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसे ही हमारे मुंह में मिलने वाली लार है, जिसका इस्तेमाल हम कई रोगों में कर सकते हैं। रिसर्च में सामने आया है कि मुंह की लार सेहत का भंडार है। इनसे मिलने वाले अनगिनत फायदों के बारे में आइए जानते हैं यहां।

मुंह की लार पाचन को बेहतर करने के साथ सेहत के लिए अन्य तरीकों से भी फायदेमंद है। अनियमित दिनचर्या हो या गलत खानपान, प्रदूषण हो या अन्य वजह, चेहरे पर कील-मुंहासे और रूखापन होना आम बात है। ऐसे में सुबह सोकर उठने के बाद मुंह की लार को चेहरे पर लगाने से इन समस्याओं में राहत मिलती है। इसका कारण लार में मौजूद एंटीसेप्टिक गुण हैं, जिससे कील-मुंहासों की समस्याएं दूर हो सकती हैं।

स्टडी के अनुसार सलाइवा में लाइसोजाइम एंजाइम होते हैं, जिससे चेहरे पर मुंहासे ठीक हो जाते हैं। खास बात है कि जिन लोगों की स्किन ऑयली होती है, उनके रोम छिद्र जल्दी बंद हो जाते हैं। ऐसे में लार को चेहरे पर लगाने से रोम छिद्र खुलते हैं और तैलीय त्वचा संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं।

जानकारी के अनुसार इंसानों की लार में ऐसे कई प्रोटीन भी होते हैं, जिससे घाव ठीक हो जाते हैं। सुबह की लार को केवल कील-मुंहासों को हटाने के लिहाज से ही नहीं, बल्कि और भी कई लिहाज से गुणकारी माना जाता है। रिसर्च में यह भी सामने आया है कि सुबह की बासी लार यदि आंखों पर काजल की तरह लगाई जाए, तो इससे आंखों का शुष्कपन खत्म हो जाता है और कई समस्याएं दूर हो सकती हैं।



- मेथी, त्रिफला, आंवला के सेवन के साथ ही दातुन के इस्तेमाल से भी लार में वृद्धि
- आम, अमरूद, बेल, पीपल, अपामार्ग और बांस इत्यादि के दातुन फायदेमंद

कहते हैं सुबह की लार पेट के लिए भी बेहद लाभदायक होती है। जब आप पानी पीते हैं, तो रात भर मुंह में जमा लार पानी के साथ आपके पेट के अंदर जाता है, जो काफी फायदेमंद साबित होता है। यह पाचन संबंधित समस्याओं को भी दूर करने में सहायक है। वैसे भी कहते हैं कि पेट सफा, तो रोग दफा।

आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि शरीर के लिए लार बेहद आवश्यक होती है। ऐसे में यदि लार कम बन रही हो तो इसके लिए हमारी रसोई में ही उपाय मिल जाते हैं।

कई चीजें हैं जिनका सेवन करते हुए लार बनाया जा सकता है। इसके लिए मेथी, त्रिफला, आंवला के सेवन के साथ ही दातुन के इस्तेमाल से भी लार में वृद्धि होती है। नीम, करंज, बबूल, महुआ, जामुन, कदम्ब, आम, अमरूद, बेल, पीपल, अपामार्ग और बांस इत्यादि के दातुन फायदेमंद होते हैं।

आयुर्वेदाचार्य यह भी बताते हैं कि लार बनने की क्षमता किन-किन वजहों से कमजोर हो जाती है। केमिकल युक्त पेस्ट, नशा करने से या एलोपैथी दवा के साइड इफेक्ट से भी लार बनने की क्षमता प्रभावित होती है।

# नया रिकार्ड कायम करने वाला ट्यूलिप गार्डन कल हो जाएगा बंद



■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। श्रीनगर में जबरवान रेंज की तलहटी में स्थित एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन ने 26 दिवसीय ट्यूलिप शो 2025 के दौरान 8.14 लाख से अधिक पर्यटकों का स्वागत करके एक नया रिकार्ड बनाया है और अब इसे 24 अप्रैल को बंद कर दिया जाएगा क्योंकि ट्यूलिप के फूल मौसम की तल्खी को सहन नहीं कर पा रहे हैं।

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 26 मार्च से 20 अप्रैल, 2025 तक कुल 8,14,727 पर्यटकों ने इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन का दौरा किया, जो पिछले सभी रिकॉर्डों को पार कर गया। रिकॉर्ड तोड़ने वाले पर्यटकों में स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटक शामिल हैं, जो विभिन्न किस्मों के 1.7 मिलियन से अधिक ट्यूलिप के मंत्रमुग्ध कर देने वाले खिलने को देखने आए थे।

सबसे अधिक एकल-दिवसीय फुटफॉल 6 अप्रैल को दर्ज किया गया था, जब 81,352 टूरिस्ट बगीचे में आए थे शुरुआती सप्ताह में ही, उद्यान में 1.56 लाख से अधिक पर्यटक आए और हर गुजरते दिन के साथ यह गति बढ़ती ही गई, जो दुनिया भर के पर्यटकों के बीच वार्षिक ट्यूलिप उत्सव की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

आंकड़ों के अनुसार, 26 दिनों की अवधि के दौरान, उद्यान में आने वाले विदेशियों की संख्या 3121 हो गई है। अधिकारियों ने इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय बेहतर बुनियादी ढांचे, बढ़े हुए प्रचार अभियानों और खिलने के मौसम के दौरान अनुकूल मौसम की स्थिति को दिया।

उन्होंने कहा कि नए फूलों की क्यारियों, फव्वारों और पैदल चलने के रास्तों के साथ उद्यान की सौंदर्य अपील ने भी पिछले वर्षों की तुलना में अधिक पर्यटकों को आकर्षित किया। फ्लोरीकल्चर विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि यह वर्ष अभूतपूर्व रहा है। पूर्ण खिलने, धूप वाले मौसम और उच्च पर्यटक आमद के संयोजन ने रिकॉर्ड फुटफॉल के लिए एकदम सही माहौल बनाया।

इस बीच, यहां के अधिकारियों ने ट्यूलिप गार्डन श्रीनगर को 24 अप्रैल से जनता के लिए बंद करने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने बताया कि चूंकि ट्यूलिप खिलने का समय लगभग समाप्त हो चुका है, इसलिए उद्यान 24-अप्रैल-2025 से बंद रहेगा। ज़बरवान रेंज की तलहटी में स्थित यह उद्यान इस साल 26 मार्च को पर्यटकों के लिए खोला गया था। एक अधिकारी ने बताया कि ट्यूलिप सीजन के खत्म होने के साथ ही अधिकारियों ने 24 अप्रैल से आम जनता के लिए उद्यान को बंद करने का फैसला किया है।

# 'शिरडी वाले साईं बाबा' में अहम किरदार निभाएंगे अक्षय म्हात्रे

**मुंबई,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेता अक्षय म्हात्रे जल्द ही अपकमिंग टेलीविजन शो 'शिरडी वाले साईं बाबा' में नजर आएंगे। अभिनेता ने बताया कि वह शो में एक चुनौतीपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। अपनी भागीदारी की पुष्टि करते हुए, म्हात्रे ने बताया कि टीवी शो में वह ब्रिटिश काल के एक युवा और महत्वाकांक्षी तहसीलदार विश्वनाथ शेंडे के किरदार में नजर आएंगे। कलेक्टर बनने की अपनी महत्वाकांक्षा से प्रेरित होकर, विश्वनाथ एक ऐसी यात्रा पर शिरडी पहुंचता है, जहां उसका कर्तव्य और भाग्य एक दूसरे से जुड़ने लगते हैं। जैसे ही वह, साईं बाबा में लोगों की आस्था को हिलाने की कोशिश करता है, उसे हर कदम पर असफलता का सामना करना पड़ता है और हर असफलता उसे बाबा की उपस्थिति को और मजबूती से दिखाती नजर आती है। शो में शामिल होने के बारे में अक्षय म्हात्रे ने बताया कि मैं शिरडी वाले साईं बाबा जैसे शो का हिस्सा बनकर वाकई आभारी महसूस कर रहा हूं, जो दर्शकों से इतनी गहराई से जुड़ा हुआ है। विश्वनाथ एक जटिल किरदार है, वह ऐसा व्यक्ति है, जो मानता है कि ताकत ही उसके घावों को भर सकता है और यह उसकी यात्रा को गहन और भावनात्मक दोनों बनाता है। अभिनेता ने आगे बताया कि इस भूमिका को लेकर भावनात्मक रूप से उत्सुक हूं कि दर्शक परिवर्तन पर कैसी प्रतिक्रिया देंगे। शिरडी वाले साईं बाबा में विनीत रैना साईं बाबा की भूमिका में हैं। इससे पहले समाचार एजेंसी आईएएनएस के साथ एक साक्षात्कार में विनीत ने दुनिया में साईं बाबा की आशा, विश्वास की शिक्षाओं की प्रासंगिकता पर रोशनी डाली थी। उन्होंने बताया कि साईं बाबा की भूमिका निभाना एक बेहद विनम्र और शानदार अनुभव रहा है। असली जादू इस बात में निहित है कि उनकी उपस्थिति कैसे आशा और शांति लाती है। ऐसे समय में जब लोग आस्था और आंतरिक शक्ति की तलाश कर रहे हैं, साईं बाबा का करुणा और आशा का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक लगता है। शिरडी वाले साईं बाबा का प्रीमियर 21 अप्रैल को हुआ और यह हर सोमवार से शुक्रवार को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

# 'लाल रंग' के नौ साल पूरे, 'पुष्पेंद्र बाबू जी को हवा में प्रणाम' करते दिखे रणदीप हुड्डा

**मुंबई,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेता रणदीप हुड्डा की फिल्म 'लाल रंग' ने अपनी रिलीज के 9 साल पूरे कर लिए हैं। सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़े वीडियो को शेयर करते हुए अभिनेता ने बताया कि इस फिल्म को मिल रहे दर्शकों के प्यार के लिए वह आभारी हैं।

इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर अभिनेता ने कैप्शन में लिखा कि 'लाल रंग' के 9 साल पूरे हो चुके हैं और प्यार अभी भी गहरा है। एक बोल्ड कहानी के रूप में शुरू हुई यह फिल्म एक कल्ट क्लासिक बन गई इसके लिए आपका शुक्रिया। यह खून, भाईचारा और उस बंधन के लिए है, जो समय के साथ और मजबूत होता गया। इस फिल्म को मिल रहे प्यार के हर एक अंश के लिए आभारी हूं। सैयद अहमद अफजल के निर्देशन में बनी फिल्म का निर्माण नितिका ठाकुर और क्रियान मीडिया ने मिलकर किया है। 'लाल रंग' में रणदीप हुड्डा के साथ अक्षय ओबेरॉय और पिया बाजपेयी भी अहम भूमिकाओं में हैं। हरियाणा की पृष्ठभूमि पर आधारित यह क्राइम-ड्रामा अवैध ब्लड बैंक संचालन पर बेस्ड है। यह फिल्म दो दोस्तों की जिंदगी पर बनी फिल्म है, जिनकी जिंदगी अवैध व्यापार में उलझ जाती है। यह फिल्म 22 अप्रैल, 2016 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो रणदीप हुड्डा की हालिया रिलीज फिल्म 'जाट' है, जिसमें अभिनेता खलनायक 'रणतुंगा' के किरदार में नजर आए थे।



# एक्टिंग ही नहीं, क्रिकेट में भी उस्ताद हैं रितेश देशमुख

**मुंबई,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्टर रितेश देशमुख ने अपनी मेहनत के दम पर कामयाबी हासिल की है। उन्होंने पर्दे पर एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में दी हैं। कॉमेडियन रोल हो या विलेन का किरदार, वह हर भूमिका में खुद को आसानी से ढाल लेते हैं। उन्हें जितनी एक्टिंग पसंद है, उतना ही शौक उन्हें क्रिकेट खेलने का भी है, इसलिए जब भी उन्हें वक्त मिलता है, वह क्रिकेट खेलने लगते हैं। इस कड़ी में उन्होंने क्रिकेट खेलते हुए अपनी कई तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। एक्टर द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में वह धड़ाधड़ शॉट लगाते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने ग्रे कलर के लोअर के साथ वाइट शर्ट पहनी हुई है। हाथ में स्मार्ट वॉच भी है। अपनी इन तस्वीरों को शेयर करते हुए रितेश ने कैप्शन में लिखा- 'शूटिंग के बीच क्रिकेट' बता दें कि रितेश देशमुख इन दिनों अपनी नई फिल्म 'राजा शिवाजी' की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म की शूटिंग के बीच जैसे ही उन्हें समय मिला, उन्होंने अपने हाथों में बल्ले को थाम लिया और क्रिकेट खेलने लगे। दमदार शॉट लगाते हुए उनकी ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। 'राजा शिवाजी' छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म है, जिसकी घोषणा हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर की थी और बताया था कि उनका प्रोडक्शन हाउस मुंबई फिल्म कंपनी जियो स्टूडियो के साथ मिलकर काम कर रहा है।



रितेश देशमुख के एक्टिंग करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2003 में 'तुझे मेरी कसम' से फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री की। इस फिल्म में उनके अपोजिट एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा थीं। यह फिल्म पर्दे पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई। साल 2004 में रिलीज हुई 'मस्ती' उनके करियर के लिए शानदार फिल्म रही।

# धरती को बचाने में बॉलीवुड भी पीछे नहीं

'कड़वी हवा' से 'वेल डन अब्बा' तक हैं उदाहरण

**मुंबई,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। 'पृथ्वी है तो जीवन है', यह सत्य है और बिना पृथ्वी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। वातावरण में बदलाव से लेकर पर्यावरण संरक्षण तक, बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में बनीं, जिनमें पृथ्वी के महत्व के साथ ही प्रकृति को बचाने के संघर्ष के लिए खास संदेश भी दिए गए। इस सूची में 'कड़वी हवा', 'जल' से लेकर 'वेल डन अब्बा' जैसी फिल्में भी हैं। ये फिल्में बताती हैं कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ हानिकारक हो सकती है। पृथ्वी दिवस के मौके पर आइए इन फिल्मों के बारे में जानते हैं

बॉलीवुड में 'कड़वी हवा' से लेकर 'तुम मिले' जैसी फिल्में आईं, जिन्होंने बताया कि अगर हम प्रकृति को संरक्षित नहीं करेंगे तो फिर प्राकृतिक आपदाओं का हमें सामना करना पड़ेगा। सूखा, कम बारिश, बाढ़ ये सब प्रकृति के साथ हुए छेड़छाड़ के ही नतीजे हैं।

साल 2018 में रिलीज हुई थी फिल्म केदारनाथ। आपदा पर आधारित फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत और सारा अली खान मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में साल 2013 में आई बाढ़ के जिक्र के साथ मानवीय संवेदनाओं को भी दिखाया गया था। फिल्म का निर्देशन अभिषेक कपूर ने किया है।

अभिनेता संजय मिश्रा की फिल्म 'कड़वी हवा' क्लाइमेट चेंज और प्रकृति में फैल रहे प्रदूषण की ओर ध्यान आकर्षित करती है। 2017 में रिलीज हुई फिल्म में खास मैसेज है कि यदि हम कुदरत की देखभाल नहीं करेंगे और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में लापरवाही करेंगे तो इसका परिणाम भयानक होगा। जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर आधारित फिल्म का निर्देशन नील माधव पांडा ने किया है और निर्माण दृश्यम फिल्म्स, अक्षय परीजा और नील माधव पांडा ने मिलकर किया है। फिल्म में संजय मिश्रा के साथ अभिनेता रणवीर शौरी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी में जलवायु परिवर्तन से बढ़ते जलस्तर और सूखे की समस्या को मनोरंजक तरीके से पेश किया गया है।




पानी के संरक्षण पर बनी कॉमेडी-ड्रामा 'कौन कितने पानी में' साल 2015 में आई थी। फिल्म के केंद्र में पानी का संरक्षण और उसका महत्व था, जिसे हल्की-फुल्की कहानी के माध्यम से दर्शकों के सामने पेश किया गया था। नील माधव पांडा के निर्देशन में बनी फिल्म में सौरभ शुक्ला, कुणाल कपूर, राधिका आप्टे और गुलशन ग्रोवर मुख्य भूमिकाओं में हैं।

साल 2014 में आई थी 'जल'। फिल्म में अभिनेता पूरब कोहली और कीर्ति कुल्हारी मुख्य भूमिका में हैं। पानी की समस्या के साथ फिल्म में एक प्रेम कहानी भी दिखाई गई है। कच्छ के रण में सेट फिल्म का मुख्य किरदार अपने गांव में सूखे की समस्या को हल करने की कोशिश करता है। फिल्म में अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी विलुप्त होते पक्षियों को बचाने में भी अहम भूमिका निभाती हैं। गिरीश मलिक के निर्देशन में बनी फिल्म का प्रीमियर बुसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2013 के 'न्यू करंट्स' सेक्शन में और भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 'भारतीय पैनोरमा' सेक्शन में किया गया था।

साल 2009 में आई थी निर्देशक श्याम बेनेगल की फिल्म 'वेल डन अब्बा'। फिल्म की थीम स्पष्ट और शानदार थी।

# पृथ्वी दिवस का इतिहास, महत्व और इस साल की थीम



**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। दुनिया भर में हर साल 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ धरती के संरक्षण की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों की याद दिलाना है।

पृथ्वी दिवस की शुरुआत सबसे पहले 22 अप्रैल 1970 को अमेरिका में हुई थी। इसके पीछे की प्रेरणा थे अमेरिकी सीनेटर और पर्यावरण कार्यकर्ता जेलार्ड नेल्सन, जिन्होंने पर्यावरण सुरक्षा की आवश्यकता को समझते हुए यह अभियान शुरू किया था। बाद में इस पहल में उनके साथ डेनिस हायस जैसे एक्टिविस्ट भी जुड़ गए। और फिर देखते ही देखते यह एक वैश्विक अभियान बन गया।

1990 में जब पृथ्वी दिवस की 20वीं वर्षगांठ मनाई गई, तो दुनिया के 141 देशों के 20 करोड़ से अधिक लोगों ने इसको मनाया था। इसी के बाद 1992 में ब्राजील में आयोजित संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण और विकास पर कॉन्फ्रेंस की नींव रखी गई। तब से हर साल 22 अप्रैल को दुनिया भर में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है।

**प्रदूषण को कम करना, प्राकृतिक संसाधनों की बचत और उचित उपयोग**

इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, प्रदूषण को कम करना, प्राकृतिक संसाधनों की बचत और उचित उपयोग, रीसायक्लिंग को बढ़ावा देना और पेड़-पौधों को लगाकर धरती को हरा-भरा बनाना है।

इस वर्ष पृथ्वी दिवस 2025 की थीम 'आवर पावर, आवर अर्थ' है। इस थीम के जरिए दुनिया भर के लोगों, संगठनों और सरकारों को यह संदेश दिया जा रहा है कि उन्हें पारंपरिक, क्षय होने वाले ऊर्जा स्रोतों की जगह पुनः प्रयोग किए जाने योग्य ऊर्जा स्रोतों को अपनाना चाहिए। इस थीम का लक्ष्य 2030 तक वैश्विक स्तर पर अक्षय ऊर्जा उत्पादन को तीन गुना करना है। यह न सिर्फ पृथ्वी के भविष्य को सुरक्षित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी जीवन प्रणाली की नींव रखेगा।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर पेड़ लगाकर, प्लास्टिक का प्रयोग कम करके, ऊर्जा की बचत करके और प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर हम भी इस अभियान में अपना योगदान दे सकते हैं।

रायपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## सख़्त कार्रवाई हो रामदेव के खिलाफ़

अपना शरबत बाज़ार में उतारने के बाद पतंजलि के संस्थापक बाबा रामदेव की ओर से इसी महीने की शुरुआत में दिए गए साम्प्रदायिकता व नफ़रत फैलाने वाले बयान पर बेशक दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को उन्हें जोरदार फटकार लगाते हुए कहा है कि, 'इससे अदालत की अंतरात्मा को झटका लगा है। इसे माफ नहीं किया जा सकता,' पर सवाल यह है कि क्या खुद रामदेव इस बात को महसूस करेंगे कि वे अपने व्यवसायिक लाभ के लिये समाज को किस कदर बांट रहे हैं? इसके साथ ही सवाल यह भी है कि क्या सत्ता के नज़दीक होने का अर्थ यह है कि कोई भी रसूखदार कानूनों की परवाह किये बिना मर्जी के मुताबिक बयानबाजी करे? अब देखना यह होगा कि अदालत बाबा रामदेव के खिलाफ सख्त कार्रवाई करती है या फिर उन्हें मात्र चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता है। अदालत ने उन्हें अपने विवादास्पद वीडियो हटाने तथा भविष्य में ऐसे बयान न देने की सख्त ताकीद दी है। मामले की अगली सुनवाई 1 मई को निर्धारित की गयी है। रामदेव के वकील को भी उपस्थित रहने के लिये कहा गया है। जस्टिस अमित बंसल ने सख्त आदेश देने की चेतावनी भी दी।

उल्लेखनीय है कि आयुर्वेदिक दवाएं बनाने वाले पतंजलि के संस्थापक व योग गुरु रामदेव ने 3 अप्रैल को अपना शरबत लॉंच करते हुए एक वीडियो एक्स पर पोस्ट किया था। इसमें वे अपने नये उत्पाद के प्रदर्शन के साथ यह कहते सुने गये- 'एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है उससे मदरसे और मस्जिदें बनती हैं। अगर आप वो शरबत पिएंगे तो मस्जिद और मदरसे बनेंगे।' रामदेव ने यह भी कहा कि 'अगर आप पतंजलि का शरबत पिएंगे तो गुरुकुल बनेंगे, आचार्य कुलम बनेगा। पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड आगे बढ़ेगा। मैं कहता हूं कि ये शरबत जिहाद है। जैसे लव जिहाद और वोट जिहाद चल रहा है, वैसे ही 'शरबत जिहाद' भी चल रहा है।' उनका इशारा प्रसिद्ध शरबत रूह आफज़ा बनाने वाली कम्पनी हमदर्द की ओर था।

उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर उनके पक्ष-विपक्ष में बयानों व प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गयी थी। रूह आफज़ा, जिसे 1907 में हकीम हाफिज अब्दुल मजीद ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में बनाया था पीलीभीत के पंजाबियां मोहल्ले के निवासियों ने रामदेव के बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा, 'रूह आफज़ा एक ऐसा पेय है जो हर धर्म के लोगों के दिलों को ठंडक देता है। इसे धार्मिक रंग देना गलत है।'

हालांकि विवाद बढ़ने पर रामदेव ने 12 अप्रैल को एक और वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने कहा कि, 'मैंने एक वीडियो डाला। उससे सबको मिर्ची लग गई। मेरे खिलाफ हजारों वीडियो बनाए गए। कहा जाने लगा कि मैंने शरबत जिहाद का नया शिगूफा छोड़ दिया। अरे मैंने क्या छेड़ा? ये तो है ही। लव जिहाद, लैंड जिहाद, वोट जिहाद, बहुत तरह के जिहाद चलाते हैं ये लोग। मैं यह नहीं कह रहा कि ये आतंकवादी हैं, लेकिन इतना जरूर है कि उनकी इस्लाम के प्रति निष्ठा है।'

अपना उत्पाद बेचने के लिये एक प्रतिष्ठित कम्पनी को यूं बदनाम करने की रामदेव की यह हरकत अधिकतर लोगों को पसंद नहीं आई थी। लोगों ने न केवल दोनों के उत्पादों की तुलना करते हुए रूह आफज़ा को बेहतर बतलाया बल्कि उन सारी सामाजिक कल्याण की गतिविधियों को भी सामने लाया जिनका संचालन हमदर्द कम्पनी करती है। रामदेव के खिलाफ मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने दिल्ली के एक थाने में तो रिपोर्ट लिखाई ही, खुद हमदर्द कम्पनी ने न्यायालय का रूख किया था। कम्पनी के सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने इस बयान को 'हेट स्पीच' के समकक्ष बताया और कहा कि यह साम्प्रदायिक विभाजन करने जैसा है। रोहतगी ने आरोप लगाया कि रामदेव ने धर्म के आधार पर हमदर्द कंपनी पर हमला किया है। उनका कहना था कि रामदेव का नाम पर्याप्त मशहूर है और वे दूसरे प्रोडक्ट की बुराई किये बगैर पतंजलि का सामान बेच सकते हैं।

पतंजलि के वकील राजीव नायर ने वादा किया कि ऐसे सभी वीडियो हटा लिये जायेंगे। अदालत ने चेतावनी दी कि, 'रामदेव ऐसी बातें अपने दिमाग तक सीमित रखें। इन्हें जाहिर न करें।' रोहतगी ने पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों वाले मामले की भी याद दिलाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और उनके भागीदार बालकृष्ण को लोगों से माफी मांगने का आदेश दिया था। दोनों ने कोरोना की अंग्रेजी दवाओं के खिलाफ भी गलत बयान दिए थे। वैसे भ्रामक विज्ञापन मामले में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई थी। कोर्ट ने दोनों के माफीनामे स्वीकार करते हुए दोनों के खिलाफ़ दायर अवमानना का मामला बंद कर दिया था।

रामदेव बाबा को योग को लोकप्रिय बनाने का श्रेय तो जाता है लेकिन अपनी व्यवसायिक महत्वाकांक्षाओं तथा भारतीय जनता पार्टी की सरकारों से मिलने वाले अनपेक्षित लाभों के कारण वे विवादग्रस्त हो चुके हैं। उनकी पतंजलि कम्पनी आयुर्वेदिक दवाओं के साथ-साथ खान-पान की सामग्रियां, सौंदर्य प्रसाधनों और यहां तक कि जीन्स भी बनाती है। देश भर की सैकड़ों दुकानों एवं मेडिकल स्टोर्स में कम्पनी के उत्पाद बड़े पैमाने पर बिकते हैं। पतंजलि के उत्पाद कई राज्यों में बनते हैं। सत्ता से मिली शह के चलते रामदेव का कद इतना बड़ा हो गया है कि अधिकांश राज्यों में उन्हें एक तरह से राज्य अतिथि का दर्जा मिलता है और उन्हें जो भी सुविधाएं उनके व्यवसायिक कार्यों के लिये चाहिये होती हैं, वे चुटकी बजाते उपलब्ध हो जाती हैं। उनके अनेक उत्पाद गैर मानक घोषित किये जा चुके हैं लेकिन रामदेव किसी कार्रवाई की चिंता से मुक्त होकर अपना व्यवसाय का संचालन बेखटके करते हैं। उनके औद्योगिक साम्राज्य का सतत विस्तार हो रहा है। 2011 में समाजसेवी अन्ना हजारे के चलाये लोकपाल आंदोलन में अग्रणी रहे रामदेव अपना माल बेचने के लिये किसी भी स्तर तक जाते रहे हैं जिस पर लगाम ज़रूरी है।

# न्यायपालिका को सरकार की बांदी बनाने की मुहिम

इस समय केन्द्र सरकार के कुछ मंत्रियों और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट को जिस तरह गाली-गलौज की भाषा में धमकाया जा रहा है, उसे देखते हुए करीब चार दशक पुराना वाकया याद आ रहा है। उस समय राजीव गांधी की सरकार में एक मंत्री हुआ करते थे- बिहार के कमलाकांत तिवारी उर्फ के.के. तिवारी। वे अपने नाम के साथ 'प्रोफेसर' भी लिखते थे, जिससे ऐसा लगता था कि वे पढ़े-लिखे और शालीन व्यक्ति हैं, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं था। उनकी काबिलियत यह थी कि वे अव्वल दर्जे के चापलूस, बदतमीज, बदज़ुबान थे।

राजीव गांधी और उनकी सरकार के खिलाफ बोलने-लिखने वाले किसी भी विपक्षी नेता या किसी बड़े पत्रकार के खिलाफ़ गाली-गलौज करने और उसका रिश्ता सीआईए या केजीबी से जोड़ने में के.के. तिवारी बिलकुल देर नहीं लगाते थे। इस सिलसिले में उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह तक को नहीं बख़्शा था। उन्होंने जैल सिंह के संबंध पंजाब के आतंकवादियों से जोड़ते हुए राष्ट्रपति भवन को साजिशों का अड्डा तक बता दिया था। हालांकि तिवारी को अपनी बदज़ुबानी की कीमत मंत्री पद से इस्तीफा देकर चुकानी पड़ी थी। उसके कुछ समय बाद हुए चुनाव में कांग्रेस भी सत्ता से बाहर हो गई थी। के.के. तिवारी का क्या हुआ, वे कहां हैं या नहीं हैं, किसी को नहीं मालूम।

बहरहाल नरेन्द्र मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के साथ टकराव के हालात बना रखे हैं। राजीव गांधी के पास तो एक ही के.के. तिवारी थे, लेकिन आज हम देख रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के पास के.के. तिवारीनुमा मंत्रियों और सांसदों की एक बड़ी फौज है जिसने सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। हैरानी की बात यह है कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस फौज की अगुवाई करते दिख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के दो फैसले टकराव का मुद्दा बने हुए हैं। एक फैसले में राज्यपालों की मनमानी पर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्य विधानसभा में पारित विधेयक को राज्यपाल अनंतकाल तक बिना मंजूरी दिए अपने पास नहीं रख सकेंगे। अगर राज्यपाल किसी विधेयक को खुद मंजूरी न देते हुए उसे राष्ट्रपति के पास भेजते हैं तो राष्ट्रपति को भी उस पर तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा।

यह सही है कि संविधान में इस बात का जिक्र नहीं है कि विधानसभा में पारित किसी विधेयक को राज्यपाल को कितने समय के अंदर मंजूरी देनी है। इसका यह मतलब भी नहीं है कि राज्यपाल अनिश्चितकाल तक विधेयक को बिना मंजूरी दिए अपने पास रख सकते हैं। अगर कोई राज्यपाल ऐसा करता है तो जाहिर है कि वह अपनी सरकार को काम नहीं करने देना चाहता है। आजादी के बाद लंबे समय तक इस मामले में सुधार की जरूरत महसूस नहीं हुई या सुप्रीम कोर्ट को दखल देने की आवश्यकता ही नहीं पड़ी, तो उसका कारण यह था कि किसी भी राज्यपाल ने महीनों और सालों तक विधेयक लटका कर नहीं रखे। यह समस्या अभी हाल के वर्षों में ही पैदा हुई है। हालांकि जिन राज्यों में भाजपा या उसके गठबंधन की सरकारें हैं, वहां इस तरह की कोई समस्या



अनिल जैन

> यह सही है कि संविधान में इस बात का जिक्र नहीं है कि विधानसभा में पारित किसी विधेयक को राज्यपाल को कितने समय के अंदर मंजूरी देनी है। इसका यह मतलब भी नहीं है कि राज्यपाल अनिश्चितकाल तक विधेयक को बिना मंजूरी दिए अपने पास रख सकते हैं। अगर कोई राज्यपाल ऐसा करता है तो जाहिर है कि वह अपनी सरकार को काम नहीं करने देना चाहता है।

नहीं है, परन्तु गैर भाजपा शासित लगभग सभी राज्यों में राज्यपालों ने अघोषित रूप से यह रवायत बना ली है कि वे सरकार को परेशान करने की नीयत से विधेयकों को लटकाए रखते हैं और कभी-कभी विधेयक को विवादास्पद बताकर उसे राष्ट्रपति के पास भेज देते हैं। राष्ट्रपति के पास भी वह विधेयक महीनों तक पड़ा रहता है। ऐसी ही समस्या का निदान करने के लिए ही तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ा और विधेयकों की मंजूरी के लिए एक समय सीमा निश्चित करनी पड़ी।

यह फैसला आते ही उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्र सरकार के मंत्री बिफर पड़े और अमर्यादित भाषा में सुप्रीम कोर्ट को अपनी मर्यादा में रहने की नसीहत देने लगे। ऐसा नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नाराज लोगों को यह नहीं मालूम है कि सुप्रीम कोर्ट को यह दखल क्यों देना पड़ा। उपराष्ट्रपति धनखड़ तो संवैधानिक मामलों के जानकार बताए जाते हैं। जाहिर है कि उन्हें राज्यपालों की बदनीयती और मनमानी पर संवैधानिक अंकुश मंजूर नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट से सरकार के टकराव का दूसरा मामला तो और भी ज्यादा संगीन स्थिति में पहुंच गया है। केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ़ संशोधन के प्रावधानों पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाकर सरकार से कुछ स्पष्टीकरण मांगे हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह अंतरिम आदेश आते ही भाजपा नेताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश पर हमले शुरू हो गए हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, 'भारत में चल रहे गृह युद्धों के लिए प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना जिम्मेदार हैं।' इस सिलसिले में दुबे ने अपनी जहरीली जुबान से देश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी को भी निशाना बनाया। वक्फ़ संशोधन कानून को लेकर कुरैशी की एक पोस्ट के जवाब में दुबे ने कहा कि 'आप मुख्य चुनाव आयुक्त नहीं, मुस्लिम आयुक्त थे।'

देश के प्रधान न्यायाधीश पर दुबे के आपत्तिजनक और खतरनाक बयान के बाद भाजपा के दूसरे कई सांसदों और नेताओं ने भी सुप्रीम कोर्ट को अपनी हदों में रहने की नसीहत दी। हालांकि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने निशिकांत दुबे और अन्य नेताओं के बयान से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उनके बयानों से पार्टी सहमत नहीं है, ये उनके निजी बयान हैं। भाजपा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी न्यायपालिका के खिलाफ ऐसी बातों को नापसंद करती है। उनकी इस सफाई से समझा गया कि भाजपा ने इस मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। मगर इसके बाद भाजपा के अंदर से जैसी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं, उनसे विवाद में नया पहलू जुड़ा है। दो प्रतिनिधि बयान खास तौर पर गौरतलब हैं- पश्चिम बंगाल की भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल ने निशिकांत दुबे की बातों को दोहराते हुए कहा कि- 'उन्होंने सही बात कही है।' भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दुबे को 'सार्वजनिक रूप' से ऐसी बातें न बोलने की सलाह देते हुए कहा-'कभी-कभी सच बोलने से बचना पड़ता है।'

सत्ताधारी जमात के इकोसिस्टम के एक हिस्से ने तो सोशल मीडिया पर सुप्रीम कोर्ट के साथ-साथ नड्डा को भी निशाने पर ले लिया। उनके खिलाफ अपमानजनक हैशटैग ट्रेंड कराया गया, जिसके तहत कुछ लोगों ने उनसे इस्तीफ़े की मांग भी की। इससे विपक्ष के इस आरोप को वजन मिला कि दुबे ने जो कहा, वह सत्ताधारी जमात की असल मंशा को जाहिर करता है और नड्डा की सफाई महज रस्म अदायगी है। वक्फ़ संशोधन विधेयक का पारित कराना, उस पर सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक को लेकर निशिकांत दुबे का बयान तथा राज्यपालों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर उपराष्ट्रपति धनखड़ सहित तमाम भाजपा नेताओं के बयान भाजपा एवं उसकी सरकार की एक सोची-समझी रणनीति के हिस्से हैं।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट को ऐसी नसीहतें देने और सरकार व संसद को उससे ऊपर बताने का सिलसिला बहुत पहले से जारी है। कानून मंत्री रहते हुए रविशंकर प्रसाद कई मौकों पर ऐसी नसीहत दे चुके हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने तो केरल के सबरीमाला मंदिर के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर 27 अक्टूबर 2018 को साफ शब्दों में कहा था- 'अदालतें किसी मामले में फैसला देते वक्त व्यावहारिक रुख अपनाएं और वैसे ही फैसले दें, जिन पर अमल किया जा सके।'

दरअसल संसद, चुनाव आयोग, जांच एजेंसियां और मीडिया को अपने अनुकूल बनाने के बाद अब न्यायपालिका ही ऐसी संस्था बची है जो पूरी तरह सरकार के काबू में नहीं आ पाई है। सो, उसे काबू में करने का अभियान छेड़ दिया गया है। सहयोगी दलों की बैसाखियों पर टिकी 240 लोकसभा सीटों वाली सरकार का यह दुस्साहस देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में 400 सीटें क्यों चाहिए थीं और अगर वे मिल जातीं तो क्या होता!

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले महत्वपूर्ण राजनीतिक मंथन

■ कल्याणी शंकर

इस साल के अंत में बिहार में होने वाले चुनाव काफी अप्रत्याशित हैं। अभी तक, भाजपा, राजद, कांग्रेस या जद (यू) के लिए कोई आसान रास्ता नहीं है। बिहार की राजनीति में मंथन चुपचाप हो रहा है। सत्ता की गत्यात्मकता में संभावित बदलाव हो सकता है। पिछले दो दशकों से जनता दल (यूनाइटेड) के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाली भाजपा प्रमुख भूमिका निभाने की उम्मीद कर रही है। राजद सरकार का मुखिया बनना चाहता है।

दो महत्वपूर्ण शक्ति समूह लड़ाई में हैं। एक तरफ एनडीए और दूसरी तरफ महागठबंधन, जिसमें राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं। पार्टी के भीतर और भीतरी गतिशीलता पूरे जोश में है। एनडीए और महागठबंधन एक बड़े राजनीतिक मुकाबले के लिए सोची-समझी चाल चल रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद, लगातार उन राज्यों में जीत से उत्साहित भाजपा ने अब बिहार पर नज़रें गड़ा दी हैं।

बिहार की जातिगत राजनीति दिलचस्प है। पिछड़े वर्ग की आबादी 63.13प्रतिशत है, जबकि सवर्ण जातियां केवल 15.52प्रतिशत हैं। पिछड़े वर्ग की श्रेणी में अन्य पिछड़ा वर्ग 27.12 है, जबकि अत्यंत पिछड़ा वर्ग की आबादी 36प्रतिशत है। दलितों की संख्या लगभग 19.65 है और यादवों की संख्या 14.26प्रतिशत है। नीतीश कुमार की कुर्मी जाति, कुर्मी, जिसे ओबीसी के रूप में भी वर्गीकृत किया गया है, की आबादी 2.87प्रतिशत है। पिछले विधानसभा चुनावों में, लगभग 15प्रतिशत आबादी वाली उच्च जातियों ने कई पार्टियों में टिकट वितरण पर अपना दबदबा बनाया था। भाजपा ने अपने 47.3प्रतिशत टिकट उच्च जाति के उम्मीदवारों को दिये थे, जबकि कांग्रेस ने अपनी 40प्रतिशत सीटें उच्च जातियों को दी थीं।

> राजद, कांग्रेस और कुछ छोटी पार्टियों से मिलकर बना महागठबंधन कड़ा चुनौती दे रहा है। गठबंधन पर चर्चा के लिए पिछले हफ़्ते दिल्ली में राजद और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई थी। 2020 के बाद से राजनीतिक पुनर्संयोजन - वीआईपी का महागठबंधन में शामिल होना, एलजेपी का एनडीए के साथ गठबंधन और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का जेडी( यू ) में विलय - चुनावी तस्वीर को जटिल बनाते हैं।

2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में, महागठबंधन 243 सदस्यीय विधानसभा में साधारण बहुमत हासिल नहीं कर सका, केवल 12 सीटों से चूक गया। राजद सदन में सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन सरकार नहीं बना सकी।

2025 के चुनावों के लिए, जेडी(यू) ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने की पुष्टि की है। जाने-माने चुनाव विशेषज्ञ प्रशांत किशोर ने भविष्यवाणी की थी कि नीतीश कुमार अपना राजनीतिक करियर खत्म कर देंगे। राजद ने अपने नेता तेजस्वी यादव को चुना है। कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इस महीने से शुरू हुई कांग्रेस और राजद के बीच बैठकों का सिलसिला जारी है।

जनता दल (यूनाइटेड) पार्टी और भाजपा गठबंधन वर्तमान में बिहार पर शासन कर रहे हैं। नीतीश कुमार की बिगड़ती सेहत, जातिगत संतुलन और गठबंधन के कामकाज ने बिहार को एनडीए के लिए राजनीतिक रूप से अप्रत्याशित बना दिया है। अगर भाजपा नीतीश को चुनती भी है, तो उनके स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे चुनाव परिणाम को काफी प्रभावित कर सकते हैं। जेडीयू भाजपा के साथ ज़्यादा सीटों के लिए मोलभाव करना चाहती है। 2020 में जेडी(यू)ने 115 सीटों पर चुनाव लड़ा,लेकिन सिर्फ़ 43 सीटें ही जीत पायी थी। इसके विपरीत, भाजपा ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा और 74 सीटें जीतीं।

राजद, कांग्रेस और कुछ छोटी पार्टियों से मिलकर बना महागठबंधन कड़ा चुनौती दे रहा है। गठबंधन पर चर्चा के लिए पिछले हफ़्ते दिल्ली में राजद और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई थी। 2020 के बाद से राजनीतिक पुनर्संयोजन - वीआईपी का महागठबंधन में शामिल होना, एलजेपी का एनडीए के साथ गठबंधन और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का जेडी(यू) में विलय - चुनावी तस्वीर को जटिल बनाते हैं। 2020 के बाद से एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम एनडीए के भीतर सत्ता समीकरण में बदलाव रहा है, जिसमें भाजपा मज़बूत होकर उभरी है। भाजपा ने रणनीतिक रूप से गैर-प्रमुख अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और गैर-प्रमुख दलित समुदायों को अपने पक्ष में किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिनों के लिए बिहार गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही बिहार का दौरा करेंगे।

राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने एक चौंकाने वाली घोषणा करते हुए कहा कि वह अपने समाजवादी सहयोगी नीतीश कुमार के साथ सुलह करने के लिए तैयार हैं। इस बयान के जवाब में नीतीश ने कहा कि उन्होंने अनजाने में राजद के साथ गठबंधन कर लिया था। हालांकि, तेजस्वी यादव ने जोर देकर कहा कि महागठबंधन में नीतीश के लिए कोई जगह नहीं है। कई लोगों का मानना है कि अपने यू-टर्न के लिए मशहूर नीतीश पाला बदल सकते हैं।

भारत के विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए अपनी समन्वय समिति का प्रमुख नियुक्त किया है। यह निर्णय 17 अप्रैल को पटना में छह गठबंधन सहयोगियों की बैठक के दौरान लिया गया।

महागठबंधन में कांग्रेस और वामपंथी दलों को चिंता है कि राजद सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आखिरी समय तक इंतजार करेगा। कांग्रेस पार्टी 2020 में उन्हें दी गयी कमजोर सीटों से नाखुश है। उसने पिछले चुनाव में जिन 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से उन्हें केवल 19 सीटें ही मिलीं। सीपीआई (एमएल), जिसने 2020 में अच्छा प्रदर्शन किया था, सीटों का बड़ा हिस्सा चाहती है। 2005 के बाद से, आरजेडी को 2015 और 2022 में छोटी अवधि को छोड़कर, सत्ता हासिल करने में कठिनाई हो रही है।

फिलहाल, तेजस्वी यादव के सामने दो मुख्य कार्य हैं। सबसे पहले, उन्हें मुसलमानों और यादवों के अपने मूल समूहों से परे अन्य जातियों को शामिल करने के लिए समर्थन का विस्तार करने की आवश्यकता है। इसके लिए एक मजबूत जमीनी स्तर का अभियान शामिल है, क्योंकि पारंपरिक मतदान के रुझान बदल रहे हैं। कांग्रेस ने बिहार में युवा नेतृत्व विकसित नहीं किया है। इसका पुराना कोर ग्रुप मुस्लिम और दलितों के वोट बैंक दूसरे दलों में चले गये हैं। पार्टी ने हाशिए पर पड़े समुदायों पर नज़र रखने के लिए 'संविधान नेतृत्व कार्यक्रम' शुरू किया है।

मुख्य दलों को अपने समूहों के भीतर और बाहर दोनों जगह चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, और एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव की उम्मीद है। ध्यान देने वाली बात यह है कि नीतीश कुमार का ईबीसी बरकरार है और आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन को चुनौती दे रहा है।

नवंबर से पहले कई और बदलाव हो सकते हैं, जिन्हें देखना दिलचस्प होगा। राजनीति में एक सप्ताह लंबा माना जाता है। छह महीने वास्तव में लंबे होते हैं।



## ललित सुरजन की कलम से

### बिलासपुर की पांच बहनें

*'नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान प्रारंभ हुआ। यह मोदी सरकार के प्रमुखतम कार्यक्रमों में एक है। इसका उद्देश्य है कि भारत में जो लैंगिक असमानता सदियों से विद्यमान है, देश में लड़के व लड़कियों के अनुपात में एक बड़ी खाई बनी है वह बढ़ती जा रही है, उसे दूर किया जाए। कुछ प्रदेश लंबे समय से कन्या भ्रूण हत्या के लिए बदनाम रहे हैं। अगर बेटी हुई है तो जन्म होते ही उसे मार डालने के लोमहर्षक प्रसंग सामने आए हैं। यह भी अध्ययन से पता चला है कि शहरी पढ़े-लिखे सक्षम वर्ग में पुत्री के बजाय पुत्र को प्राथमिकता दी जा रही है। दिल्ली, मुंबई इत्यादि महानगरों के आंकड़े यही बयान करते हैं। कुछ समय पहले ही महाराष्ट्र के सांगली जिले में किसी जगह पर दर्जनों मृत भ्रूण प्राप्त हुए जिससे खलबली मच गई। अनुमान है कि आसपास के अल्ट्रासाउण्ड क्लीनिकों में गर्भस्थ शिशु के लड़की होने की जानकारी मिलने के बाद गर्भपात करवा भ्रूण वहां दफनाए गए। इसकी खोजबीन जारी है, लेकिन कोई न्यायिक कार्रवाई हुई हो तो मेरी जानकारी में नहीं है।*

**( देशबन्धु में 18 मई 2017 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/05/blog-post_18.html

## पावन प्रसंग

### पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो

महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो,उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंत:करण को उज्जवल करती हैं। मनुष्य के जीवन में अध्ययन जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक मनन और चिंतन भी है।पूर्व राष्टपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। केवल पुस्तक पढ़ना ही संपूर्ण मानवीय उद्देश्य ना होकर उससे प्राप्त ज्ञानामृत का मनन एवं चिंतन भी अत्यंत आवश्यक है। किसी भी पुस्तक का अध्ययन मनन एवं उस पर चिंतन मनुष्य के संस्कारों को परिष्कृत करता है एवं जीवन के उच्च आदर्शों को प्राप्त करने में सदैव सहायक सिद्ध होता है। अत: मनुष्य को सदैव निरंतर ज्ञानवर्धक पुस्तकों से न सिर्फ ज्ञान प्राप्त करना चाहिए अपितु उसका निरंतर मनन तथा चिंतन भी करना होगा तब जाकर हमारे संस्कार,संस्कृति एवं जीवन के उद्देश्य सफल होंगे। सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंत:करण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढ़ी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होती है। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक,नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल दोस्त का फर्ज अदा करती हैं। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। च्पंचतंत्रज्तथा चहितोपदेशज् इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्‌गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं।

**-संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

### बैंक में खाता खोलने उम्र से कोई सरोकार नहीं

बैंक में खाता खोलने के लिए दस वर्ष के ऊपर के नाबालिग बच्चे के लिए आरबीआई ने मार्ग प्रशस्त किया है। दस वर्ष से ऊपर के बालक सावधि जमा,बचत खाता खोलने के लिए स्वतंत्र हैं और बच्चे संचालित कर सकते है। यह बदलते भारत की तस्वीर है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए बैंक दिवास्वप्न के समान था। गांवो में गरीब वर्ग बैंक का नाम और काम भी नहीं जानते थे। लेकिन सरकार की विकासलक्षी योजनाओं के संचालित करने के बाद गरीब और निरक्षर लोग भी बैंक का रुख कर रहे हैं। आज गरीब और अनपढ़ लोग बैंक जाकर अपने रुपये का लेन-देन आसानी से कर रहे हैं। सरकार ने करोड़ों बैंक खाते खुलवा कर गरीब को अपना हक दिलाया है। सरकार के पैसे हर खातेदार के खाते में जमा हो रहे हैं। बिचौलिए देखते ही रह गए। आरबीआई की नीतियों के कारण दस वर्ष से ऊपर के बच्चे बचत खाता संचालित कर सकते हैं। इतना ही नही, अपने अभिभावकों के साथ खाता संचालित करने के लिए बैंक ने तमाम परेशानी को दूर कर दी है। बैंक अपने जोखिम प्रबंधन नीति,उत्पाद और ग्राहकों के आधार पर नाबालिग खाताधारकों को बैंक खाता संचालित करने की अनुमति प्रदान करता है। इंटरनेट बैंकिंग और एटीएम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। नाबालिगों केखाते खोलने के लिए बैंक उचित जांच पड़ताल करेगा। यह सुविधा स्वागतयोग्य है और युवाओं की प्रतिभा और हुनर का विकासलक्षी योजनाओं की अभिवृद्धि होगी। संशोधित दिशानिर्देश के लिए आगामी जुलाई तक क्रियान्वयन शुरू कर दिया जाएगा।

**-कांतिलाल मांडोत**

### राष्ट्रपति पद को विवाद से दूर रखें

पिछले काफी समय से न्यायपालिका और राष्ट्रपति के पद की गरिमा पर बेवजह का विवाद छिड़ा हुआ है। राष्ट्रपति देश के प्रथम व्यक्ति व सर्वेसर्वा होते हैं। वे सेना के तीनों अंगों के प्रधान के साथ ही देश के प्रधान न्यायाधीश को शपथ ग्रहण कराते हैं। प्रधानमंत्री को भी देशहित में संवैधानिक नीति के लिए सलाह/स्वीकृति लेनी पड़ती है। लोकतंत्र के चारों स्तम्भ (कार्यपालिका,न्यायपालिका,विधायिका और प्रेस) सुचारु रूप से राष्ट्रहित में कार्य करें उस पर उनकी वैधानिक नजर रहती है। तब राष्ट्रपति देश के सर्वोच्च पदाधिकारी होते हैं अत: राष्ट्रपति की गरिमा और देश की अस्मिता देश और दुनिया में बरक़रार रहे इस हेतु उन पर किसी तरह के विवाद/बहस से लोकतंत्र के चारों स्तम्भों को दूर ही रहना चाहिए। ताकि किसी भी तरह का कोई विवाद पैदा न हो व राष्ट्र की गरिमा बनी रहे।

**शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर ( म.प्र. )**

# देश विदेश

## तेहरान ने की ईरान-अमेरिका वार्ता में सऊदी अरब की मध्यस्थता की खबरों का खंडन

**तेहरान,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। तेहरान ने ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता में सऊदी अरब की मध्यस्थता की खबरों का खंडन किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने यह जानकारी दी है। श्री बाकेई ने कहा कि ये सब मीडिया में चल रही अफवाहें और अटकलें हैं जो वास्तविकता से मेल नहीं खातीं। उन्होंने उन रिपोर्टों पर टिप्पणी करते हुए यह बात कही जिनमें आरोप लगाया गया है कि सऊदी अरब ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थ के रूप में काम कर रहा है, जिसका उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रियाद की आगामी यात्रा के दौरान दोनों देशों के नेताओं के बीच बैठक की व्यवस्था करना है।

# हूती बलों के बार-बार किए गए हमलों का इजरायल कड़ा जवाब देगा : नेतन्याहू

### इजरायली प्रधानमंत्री ने हूती हमलों का कड़ा जवाब देने का लिया संकल्प

**यरुशलम,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि यमन के हूती बलों के बार-बार किए गए हमलों का इजरायल कड़ा जवाब देगा।

श्री नेतन्याहू ने तेल अवीव में एक सार्वजनिक भाषण के दौरान यह धमकी दी, जिसमें उन्होंने हूतियों और उन सभी लोगों को संबोधित किया जिससे इजरायल को नुकसान पहुंचा है, उन्होंने कसम खाई और कहा कि इजरायल के खिलाफ कोई भी हमला बेकार नहीं जाएगा। इसका जोरदार जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि जवाब किस रूप में दिया जाएगा, लेकिन कहा कि इजरायल अपने क्षेत्र पर लगातार हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यमन झमें हूती, जो इजरायल पर गोलीबारी करते रहते हैं, पहले ही इजरायल और अमेरिकी सहयोगियों से भारी हमले झेल चुके हैं।



**इजरायल के खिलाफ कोई भी हमला बेकार नहीं जाएगा, हम अपने क्षेत्र पर लगातार हमलों को बर्दाश्त नहीं करेंगे : बेंजामिन नेतन्याहू**

उल्लेखनीय है कि यमन स्थित हूती बलों ने इजरायल की ओर दर्जनों लंबी दूरी की मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च किए हैं और अक्टूबर 2023 में गाजा युद्ध की शुरुआत के बाद से लाल सागर में इजरायल से जुड़े शिपिंग को निशाना बनाया है, ताकि इजरायल की बमबारी के तहत फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाई जा सके। इज़रायली सेना और लाल सागर में तैनात अमेरिकी नेतृत्व वाले नौसैनिक गठबंधन ने यमन में कई घातक हवाई हमले किए हैं, जिनमें हूती समूह को रोकने के लिए हूती नियंत्रित क्षेत्रों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया है।

## यूक्रेन के युद्ध विराम प्रस्ताव पर चर्चा करने की कोई ठोस योजना नहीं : क्रेमलिन



**मॉस्को।** रूस ने मंगलवार को कहा कि नागरिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ दोनों पक्षों की ओर से किए जा रहे हमलों को रोकने के यूक्रेन के हालिया प्रस्ताव को लेकर रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता के लिए कोई विशेष योजना नहीं है।

रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पुष्टि की है कि वह इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। इस मामले में हालांकि कोई विशेष विवरण नहीं दिया गया है। श्री पेसकोव ने आतंकवादियों द्वारा बैठक के लिए नागरिक सुविधा का उपयोग करने का उदाहरण देते हुए प्रस्ताव की बारीकियों की ओर इशारा किया, जैसे कि नागरिक बुनियादी ढांचा कब सैन्य लक्ष्य बनाया जा सकता है।

## पीएम मोदी की यात्रा से भारत-सऊदी अरब संबंधों को मिलेगी नई ऊंचाई : डॉ. सुहेल खान

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सऊदी अरब की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के लिए रवाना हुए। इस दौरान पीएम मोदी सऊदी अरब में भारतीय कामगारों से मुलाकात करेंगे और दोनों देशों के बीच आर्थिक व रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। सऊदी अरब में भारत के राजदूत डॉ. सुहेल अजाज खान का कहना है कि भारतीय प्रवासी समुदाय दोनों देशों के बीच सेतु का काम करता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047 और सऊदी अरब के 'विजन 2030' में काफी समानताएं हैं।




**सऊदी अरब का 'विजन 2030' व भारत का 'विकसित भारत 2047' मिशन कई मायनों में समानताएं और तालमेल रखता है : डॉ. सुहेल अजाज खान**

डॉ. सुहेल अजाज खान ने कहा कि प्रधानमंत्री का एक फैक्ट्री में जाकर भारतीय कामगारों से मिलना एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भारतीय समुदाय के योगदान को सम्मान देने का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि सऊदी अरब से भारत को होने वाली रेमिटेंस भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती है। भारतीय समुदाय न केवल सऊदी अरब के विकास में भागीदार है, बल्कि भारत के आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभाता है।

डॉ. खान ने 'विकसित भारत 2047' मिशन में भारतीय प्रवासी समुदाय की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब का 'विजन 2030' और भारत का 'विकसित भारत 2047' मिशन कई मायनों में समानताएं और तालमेल रखता है। दोनों देश एक-दूसरे के अनुभव, विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठा सकते हैं।

## सुडोकू 6891

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | 3 | | |
| | | | | 1 | 3 | | 6 | |
| | | 1 | | | | 4 | 7 | |
| | | 5 | 4 | | | | | 7 |
| 4 | 1 | | 7 | | 6 | | 3 | 5 |
| 3 | | | | | 5 | 6 | | |
| | 9 | 6 | | | | 7 | | |
| | 5 | | 8 | 9 | | | | |
| | | 2 | | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 23 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 11

### राशिफल

मेष - आप का दिन मित्रों और सामाजिक कामों के पीछे भागदौड़ में बीतेगा। धन का खर्च भी करना पड़ेगा। आपके नए मित्र बन सकते हैं, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायी रहेंगे। सरकारी कामों में सफलता प्राप्त होगी।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। विशेषकर व्यवसाय करने वालों के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति का भी योग है। कार्यालय में उच्च अधिकारी का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन - आज आपको थोड़ी प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। तबीयत में थोड़ी कमजोरी रहेगी। इस कारण कोई भी काम करने का उत्साह मंद रहेगा। संतान के विषय में समस्या होगी।

कर्क - आज के दिन आप पर नकारात्मक वृत्ति हावी रहेगी। परिणामस्वरूप मानसिक हताशा से घिरे रहेंगे। क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी।

सिंह - आज के दिन आप मनोरंजन तथा घूमने-फिरने में समय व्यतीत करेंगे। फिर भी सांसारिक मामलों में आपका व्यवहार थोड़ा उदासीन रहेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है।

कन्या - परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहने से आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। बीमार व्यक्ति की तबीयत में सुधार होने से राहत का अनुभव होगा। काम में सफलता और यश मिलेगा।

तुला - आज आप अपनी कल्पना शक्ति और सृजनशक्ति को उत्तम रूप से काम में लगा सकेंगे। बौद्धिक प्रवृत्तियों और चर्चा में भाग लेना आपको पसंद आएगा। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। उनकी प्रगति होगी।

वृश्चिक - आपको आज का दिन शांतिपूर्वक व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है। साथ ही मानसिक रूप से भी अस्वस्थता महसूस होगी। मां के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी।

धनु - आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा। आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। छोटी यात्रा की संभावना है।

मकर - न बोलने में नौ गुण, इस कहावत की सार्थकता को समझकर आप यदि वाणी पर संयम रखेंगे, तो अनर्थ से बच सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव न हो, उसके लिए यह आवश्यक है।

कुंभ - शारीरिक, मानसिक और आर्थिक सभी तरह से आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ सुरुचिपूर्ण भोजन का रसास्वादन करेंगे।

मीन - अल्पकालिक लाभ लेने की लालच छोड़ने और पूंजी निवेश में ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। आज आपके मन की एकाग्रता कम रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य खराब होगा। संतान की समस्या उलझन में डालेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## टैरिफ पर वाशिंगटन-टोक्यो वार्ता के अच्छे नतीजे निकलने की उम्मीद : जॉर्ज ग्लास

**टोक्यो,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। जापान में अमेरिका के राजदूत जॉर्ज ग्लास ने मंगलवार को प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा से मुलाकात की। उन्होंने अमेरिका और जापान के टैरिफ (शुल्क) को लेकर बीच चल रही बातचीत के अच्छे नतीजे निकलने की उम्मीद जताई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, टैरिफ पर दूसरे दौर की बातचीत इस महीने के अंत में होगी। प्रधानमंत्री इशिबा से मुलाकात के बाद राजदूत ग्लास ने पत्रकारों से कहा कि अमेरिका और जापान इस समय आर्थिक और दोस्ती के मामले में स्वर्ण युग में हैं।

क्योडो न्यूज के मुताबिक, ग्लास ने आगे कहा कि अमेरिका और जापान, अपनी अर्थव्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और आपसी सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि नतीजे अच्छे निकलेंगे।

जापानी विदेश मंत्रालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री इशिबा और राजदूत ग्लास ने अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ और जापान-अमेरिका के मौजूदा रिश्तों को लेकर बातचीत की। मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के लिए फायदेमंद तरीके से अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की इच्छा जताई और राजदूत ग्लास ने इस पर सहमति जताई। मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री इशिबा ने कहा कि जापान-



■ **टैरिफ पर दूसरे दौर की बातचीत इस महीने के अंत में होगी**

अमेरिका की साझेदारी जापान की विदेश नीति और सुरक्षा की मजबूत नींव है। उन्होंने आपसी लाभकारी सहयोग को बढ़ाने और इस साझेदारी को और मजबूत करने की इच्छा जताई। अपने विचार साझा करते हुए राजदूत ग्लास ने कहा कि जापान-अमेरिका की साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण है। वे इसे और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना चाहते हैं। बयान में आगे कहा गया कि दोनों पक्षों ने चीन और उत्तर कोरिया से जुड़े क्षेत्रीय हालात पर भी बातचीत की। जापानी विदेश मंत्रालय के मुताबिक, सोमवार को जापानी विदेश मंत्री इवाया ताकेशी ने राजदूत ग्लास का स्वागत किया और जापान-अमेरिका गठबंधन को बढ़ावा देने के लिए स्पष्ट चर्चा करने की अपनी मंशा व्यक्त की।

## इंडोनेशिया में भूकंप के जोरदार झटके

**जकार्ता,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए।




**भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 आंकी गई**

मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 आंकी गई, लेकिन इससे बड़ी लहरें नहीं उठीं। भूकंप के झटके जकार्ता समयानुसार 17:17 बजे महसूस किए गए। इसका केंद्र केपुलांग तलौद रीजेंसी से 67 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में समुद्र तल से 107 किमी की गहराई पर स्थित था। एजेंसी ने सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की, क्योंकि भूकंप से विनाशकारी लहरों के उत्पन्न होने की आशंका नहीं हैं। गौरतलब है कि भूकंपीय रूप से सक्रिय प्रशांत रिंग ऑफ फायर पर स्थित इंडोनेशिया में अक्सर भूकंप आते रहते हैं और तीव्र टेक्टोनिक गतिविधि के कारण यहां 127 सक्रिय ज्वालामुखी हैं।

## वर्ग पहेली 6891



**दायें से बायें:-**

१. चुना हुआ, निर्वाचित
३. सबसे नीचे
५. नामुकम्मल
६. पद, पैर
७. मोर्चाबंदी, रणनीति
८. गरमी के प्रभाव में रुकावट
१३. दूसरे की निंदा
१५. सागर
१६. सूर्य किरण, सूर्य
१७. वधिक
१८. जंगल, वन
२०. कर्ण
२२. जिसे फायदा हुआ हो
२३. आकाशचारी

**ऊपर से नीचे:-**

१. अस्थिर और स्थिर
२. महारत,दक्षता
३. नि:शस्त्र
४. 'टेक्नीक'
५. कमी, किल्लत
९. सुदृढ़. मजबूत (उर्दू)
१०. खुदा का बनाया हुआ
११. गुलाम, सेवक
१२. भला आदमी
१४. एक वाद्य यंत्र
१७. आक्रमण (उर्दू)
१९. भूत, प्रेत
२०. आखिर नाश
२१. लोग

### वर्ग पहेली-6890



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### प्रथम पृष्ठ का शेष

#### पर्यटकों पर अंधाधुंध ...

सेना की वर्दी में आए थे आतंकी-जहां हमला हुआ, वहां पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। आतंकियों ने इसी का फायदा उठाया। वे सैन्य वर्दी में आए और पर्यटकों से परिचय-पत्र मांगना शुरू कर दिया। इसके बाद जो भी पर्यटक हिंदू थे, उन्हें आतंकियों ने गोलियां मारनी शुरू कर दीं। हमले की सूचना मिलने और मौके पर पहुंचने में सुरक्षा बलों को 30 मिनट का समय लगा। आतंकी इस दौरान पहाड़ियों की तरफ भाग गए। उनके मारे जाने या पकड़े जाने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। बताया जा रहा है पहलगाम से 10 किलोमीटर दूर बायसरन घाटी में दोपहर को दहशत फैल गई। हरेभरे घास के मैदान गोलियों की तड़तड़ाहट से गूज उठे। घास के मैदानों की साइट पर बनी चाय की दुकानों के पीछे से अचानक आए आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इससे अफरातफरी मच गई। घटनास्थल के कुछ वीडियो सामने आए हैं। चार लोग जमीन पर पड़े दिखाई दे रहे हैं, जिनमें एक बच्चा भी है, जबकि कुर्सी पर बैठा एक व्यक्ति खून से लथपथ है। वीडियो में दो महिलाएं मदद की गुहार लगाती नजर आ रही हैं। एक स्थानीय उन्हें दिलासा दे रहा है। हमले के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पहलगाम में आतंकी हमले से माहौल तनावपूर्ण हो गया है। सुरक्षाबलों की अतिरिक्त टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। ऊंचाई वाला इलाका होने के कारण घायलों को घोड़े वालों की मदद से सड़क तक लाया गया, जहां से उन्हें नौ एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया है।

#### रायपुर के कारोबारी की...

पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक कारोबारी दिनेश मिरानिया अपनी पत्नी और 2 बच्चों के साथ मिनी स्विट्जरलैंड गर्मी की छुट्टियां मनाने गए थे। उनके रायपुर स्थित निवास में कोई नहीं है। परिजन जम्मू कश्मीर के लिए रवाना हो गए हैं। कारोबारी दिनेश मिरानिया के घर के बाहर रिश्तेदार जुट रहे हैं। पुलिस भी तैनात है।

#### आतंकियों को सुरक्षाबल ...

स्वस्थ होने की कामना करता हूं। खबर है कि घायलों में रायपुर का भी एक व्यक्ति शामिल है। साय ने लिखा कि उनके बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### कायराना हमले का ...

में अब तक 30 से अधिक लोगों के हताहत होने की खबर मीडिया के माध्यम से आ रही है। बघेल ने लिखा. रायपुर से घूमने गए मिरानिया परिवार के सदस्य को भी गोली लगी है। हम सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। दिवंगतों की आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें। इस कायराना हमले के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। हमारे जवान करारा जवाब देंगे।कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला दुखद है कायराना है इस हमले में अब तक 30 से अधिक लोगों के हताहत होने की खबर मीडिया के माध्यम से आ रही है रायपुर से घूमने गए मिरानिया परिवार के सदस्य को भी गोली लगी ह हम सब घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते ह दिवंगतों की आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें इस कायराना हमले के खिलाफ पूरा देश एकजुट है हमारे जवान करारा जवाब देंगे

#### संविधान का जितना मजाक ...

उसमें है क्या?

उन्होंने कहा कि संविधान की धज्जियां कांग्रेस ने उड़ाई है, आपातकाल लगाया, और जब यूपीए की सरकार थी तब उनके नेता ने बिल की कॉपी फाड़ी थी। अब वहीं नेता देश के संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ विदेश में बयान दे रहे हैं. इससे क्या देश का सम्मान बढ़ेगा।

चुनाव पर कांग्रेस का दोहरा चरित्र

चुनाव प्रणाली पर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के सवाल उठाए जाने पर कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जहां जीत होती है, वहां सवाल नहीं है। जहां हारे वहां सवाल उठाना है।कांग्रेस का दोहरा चरित्र है, जनता इसे समझ रही है। इसलिए कांग्रेस को हर जगह नकार रही है। वहीं एक देश, एक चुनाव पर जेपीसी की बैठक को लेकर कहा कि यह सिस्टम बहुत जरूरी है।इससे देश का पैसा बचेगा, समय बचेगा।देश का विकास होगा, हम सभी चाहते है एक साथ चुनाव हो।

#### किस गांधी की बात कर रहे : बैज

वहीं 'प्रदेश में चल रही गांधी की आंधी' बयान पर वाले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को घेरते हुए विजय वर्गीय ने कहा कि कौन से गांधी की बात कर रहे हैं? जो ठीक तरीके से हिंदी में गांधी भी नहीं लिख पाते, या उस गांधी की, जिन्होंने देश के गरीबों की व्यथा को समझा। उस गांधी की, जो छुट्टी मनाने थाईलैंड जाते हैं, या उस गांधी की, जो गाय की सेवा करते थे।यह गांधी तो बीफ खाते हैं।

बाबा साहब के साथ कांग्रेस ने धोखा किया

वहीं भाजपा के अंबेडकर के सम्मान में 10 दिवसीय कार्यक्रम को लेकर कहा कि मैं राजनांदगांव जा रहा हूं।देश में सभी नेता अलग-अलग स्थान पर जा रहे हैं। वहां पर लोगों के सामने ये सच लाएंगे कि कैसे कांग्रेस ने बाबा साहब के साथ धोखा किया है।

#### बिलासपुर की पूर्वा को...

सीएसई 2023 में वे आईपीएस चयनित हुई थी, उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर मिला था। तब उन्हें 2023 में 189वीं रैंक मिली थी। लगातार दो बार सफलता प्राप्त करना पूर्वा की मेहनत और समर्पण को दर्शाता है।

कांग्रेस पार्षद का
भाई है अर्पण चोपड़ा

मुंगेली के अर्पण चोपड़ा ने पीएससी 2024 के फाइनल रिजल्ट में 313वां रैंक हासिल किया है। अर्पण चोपड़ा मुंगेली नगर पालिका के कांग्रेस पार्षद अभय चोपड़ा के भाई हैं। फिलहाल वो दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं।

दूसरी बार में मानसी जैन
को मिली सफलता

जगदलपुर के निर्मल विद्यालय से पढ़ी मानसी जैन ने यूपीएससी क्रैक की है। उन्होंने 444वीं रैंक हासिल कर अपने जिले और पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। 2014 में वे एमटेक आईआईटी धनबाद से की, जिसके बाद वे दिल्ली के जीतो संस्था में यूपीएससी की कोचिंग ली। मानसी पिछले साल भी यूपीएससी क्रैक कर चुकी थी, लेकिन यूपीएससी के इंटरव्यू में वे सफल नहीं हुई थी। दूसरे अटेम्ट में वे सफलता हासिल की है। उनके पिता मुकेश कुमार जैन, माता कीर्ति जैन समेत पूरे परिवार ने मानसी की सफलता पर खुशी जाहिर की है। बता दें कि मानसी बचपन से ही जगदलपुर के विजय वार्ड में रही है। उनके पिता मुकेश जैन शिक्षक हैं। वे प्रधान अध्यापक के पद पर जगदलपुर विकासखंड में पदस्थ हैं।

सीमित संसाधनों में भी पा
सकते हैं सफलता : केशव गर्ग

सरगुजा संभाग के अंबिकापुर में पढ़ाई कर चुके नालंदा के छात्र केशव गर्ग ने 496वीं रैंक हासिल किया है। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों में रहकर भी मजबूत रणनीति से पीएससी जैसी कठिन परीक्षा को पास किया जा सकता है।

#### नहीं रहा कानन पेंडारी...

तीन पर पहुंच गई है। कानन पेंडारी चिड़ियाघर लगभग 114।636 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहाँ लगभग 70 प्रजातियों के वन्यजीव हैं, जिनमें सफेद बाघ, रॉयल बंगाल टाइगर, शेर, तेंदुआ, दरियाई घोड़ा, गैंडा, भालू, हिरण, इमू, शाही, विभिन्न पक्षी, मछलियाँ और सर्प शामिल हैं।

## आज का इतिहास

1504- सिखों के दूसरे धर्मगुरू अंगद का जन्म।
1564- कवि और नाटककार विलियम शेक्सपियर का जन्म।
1660- स्वीडन और पोलैंड ने ओलिवा संधि पर सहमति जतायी।
1908- डेनमार्क, जर्मनी,ब्रिटेन, फ्रांस, हालैंड और स्वीडन ने उत्तरी अटलांटिक संगठन संधि(नाटो) पर हस्ताक्षर किये।
1935- यूरोपीय देश पोलैंड ने संविधन अपनाया।
1968- मशहूर गजल गायक बड़े गुलाम अली खान का निधन।
1992- प्रसिद्ध फिल्म निर्माता-निर्देशक एवं भारत रत्न से सम्मानित सत्यजीत राय का निधन।
1992- मैकडॉनल्ड्स ने चीन में अपना पहला फास्ट-फूड रेस्तरां खोला।
2000- बहमिन की खाड़ी में वायुसेना के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 124 लोगों की मौत हुई।
2005- यूट्यूब पर पहली बार वीडियो अपलोड किया गया।
2007- रूस के पूर्व राष्टपति बोरिस निकोलाइएविच ऐल्तसिन का निधन।
2013- वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रिस गेल ने क्रिकेट इतिहास का सबसे तेज शतक मात्र 30 गेंदों में जड़ा।
2013- फ्रांस ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी दी।
2014- अफ्रीकी देश लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में भीषण ट्रेन दुर्घटना में 60 लोगों की मौत हुई और 80 से अधिक लोग घायल हुए।

## दुनिया को जानें

### दक्षिण कोरिया ने चौथे जासूसी उपग्रह कक्षा में किया प्रक्षेपित

**सोल,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया ने फ्लोरिडा स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष अड्डे से अपने पांच सैन्य टोही उपग्रहों में से चौथे को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है। देश के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस उपग्रह को सोमवार को केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से स्पेसएक्स फाल्कन 09 रॉकेट पर प्रक्षेपित किया गया। रॉकेट ने उड़ान भरने के 15 मिनट बाद उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया। बाद में उपग्रह ने एक ग्राउंड स्टेशन से संपर्क स्थापित किया।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चौथे सैन्य टोही उपग्रह के सफल प्रक्षेपण ने हमारे सशस्त्र बलों की स्वतंत्र निगरानी और टोही क्षमताओं को और मजबूत किया है। तीन उपग्रहों के पिछले सफल प्रक्षेपणों के साथ दक्षिण कोरियाई सेना अब उन्हें एक समूह के रूप में संचालित कर सकती है, जिससे टोही पुनरीक्षण समय में काफी कमी आएगी। इससे उत्तर कोरिया द्वारा संभावित उकसावे का अधिक सटीक और समय पर पता लगाने में मदद मिलती है। दक्षिण कोरिया ने दिसंबर 2023 में पहला टोही उपग्रह प्रक्षेपित किया था, जो उच्च-रिज़ॉल्यूशन इमेजरी के लिए इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और इन्फ्रारेड सेंसर से लैस है।

# खेल जगत

## केकेआर जीतने के लिए नहीं खेल रहा था : फिंच

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच ने गुजरात टाइटन्स से 39 रन की हार में कोलकाता नाइट राइडर्स की तत्परता की कमी की आलोचना की, इसे रणनीतिक गलत निर्णय और डरपोक बल्लेबाजी का मामला बताया। उनके सबसे कड़े शब्द वेंकटेश अय्यर के लिए आरक्षित थे, जिन्होंने 19 गेंदों पर धीमी गति से 14 रन बनाकर केकेआर के लक्ष्य का पीछा करने में बाधा डाली। फिंच ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के टाइम आउट पर कहा कि अगर आप बाउंड्री लगाने के बारे में नहीं सोच रहे हैं तो आप स्कोर नहीं कर सकते। वेंकटेश की पहली प्रवृत्ति बस लेग साइड में टैप करना और एक रन लेना था। इस तरह से आप 200 रन का पीछा नहीं करते हैं। वेंकटेश पावरप्ले के अंदर केकेआर के 2 विकेट पर 43 रन पर चौथे नंबर पर आए।



# मुंबई अब हैदराबाद को हराकर फिर श्रेष्ठता साबित करने उतरेगी

■ हैदराबाद के लिए मुंबई से हिसाब चुकता करना आसान नहीं

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। अपने धुरंधर बल्लेबाज रोहित शर्मा के सूर्य कुमार यादव के साथ आतिशी अविजित अर्द्धशतक और दूसरे विकेट की 114 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को रिटर्न मैच में नौ विकेट से हरा उससे आईपीएल 2025 में अपने मैच में मिली चार विकेट से हार का हिसाब चुकता कर लगातार तीसरी और मौजूदा सीजन में आठ मैचों में कुल चौथी जीत दर्ज की। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद से पिछले पांच में चार मैच जीते हैं। अब पूरे रंग में लौट चुकी हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस अब रिटर्न मैच में भी सनराइजर्स हैदराबाद को बुधवार को उसके घर हैदराबाद में हरा एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करने के साथ अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने के लिए इरादे से उतरेगी। अपने कप्तान हार्दिक पांड्या और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भारत के जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट व दीपक चाहर जैसे तेज गेंदबाज की चतुर चौकड़ी की बदौलत ट्रेविस (अभिषेक शर्मा व ट्रेविज हेड)की सलामी जोड़ी को बांध कर उसकी आतिशी आगाज की मंशा पर पानी फेर उसे अभिषेक की 40 रन की तेज पारी के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद को 20 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन पर रोकने के बाद शीर्ष क्रम में विल जैक की 26 गेंदों में 36 रन की तेज पारियों की बदौलत 11 गेंदों के बाकी रहते छह विकेट पर 166 रन पर बनाकर मैच जीता था। बेशक सनराइजर्स हैदराबाद की कोशिश मुंबई इंडियंस से हिसाब चुकता करने की होगी लेकिन मेहमान टीम के मौजूदा फॉर्म और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की चोट के बाद कामयाब वापसी और कामचलाउ ऑफ स्पिनर विल जैक के गेंद से अहम योगदान के चलते यह कतई आसान नहीं होगा। मुंबई इंडियंस आठ मैचों में चार जीत के साथ छठे और सनराइजर्स सात मैचों में मात्र दो जीत के साथ दस टीमो में नौवें स्थान पर है। बेशक अभिषेक शर्मा व ट्रेविज हेड की सलामी जोड़ी और इशान किशन जैसे अपने विस्फोटक बल्लेबाजों पर और कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस व ईशान मलिंगा पर ही सनराइजर्स हैदराबाद की जीत का दारोमदार है। दिलचस्प बात यह है कि मौजूदा आईपीएल में अब तक जड़े कुल तीन में से दो सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान किशन और अभिषेक शर्मा ने जड़े हैं जबकि इन दोनों के अलावा इकलौता शतक पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्य ने जड़ा है। दरअसल सनराइजर्स हैदराबाद मैच और पिच के मिजाज को जेहन में रखे बिना केवल और केवल अकेले पहली ही गेंद से दे दनादन और टॉप गियर में बल्लेबाजी करने की कोशिश में बराबर गच्चा खा रही है और इसलिए वह शुरू के सात में मात्र दो ही जीत पाई जबकि पांच में उसे हार झेलनी पड़ी है। मुंबई इंडियंस ने जिस रणनीति से वानखेड़े में गेंदबाजी कर हैदराबाद के अभिषेक और हेड को रोका था उसकी काट खोजना मुंबई के बुमराह , हार्दिक व दीपक चाहर जैसे चतुर तेज गेंदबाजों की मौजूदगी में कतई आसान नहीं होगा। मुंबई इंडियंस के लिए अच्छी बात है कि उसके 360 डिग्री सूर्य कुमार यादव आठ मैचों में दो अर्धशतक सहित दो बार अविजित राह 333 रन बना रन बनाने में चौथे , तिलक वर्मा आठ मैचों में दो अर्धशतक सहित 230 रन सलामी बल्लेबाज रेयन रिकल्टन एक अर्धशतक सहित कुल 204 रन, रोहित शर्मा 8 मैचों में एक अर्धशतक सहित कुल 158, हार्दिक पांड्या सात मचो में 104 रन बनाए हैं। मुंबई की चिंता सात मैचों विल जैक का मातर 91 रन बनाना है। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए हर्षल पटेल ने छह मैचों में 9 विकेट, कप्तान पैट कमिंस ने सात मैचों मे सात,मोहम्मद शमी ने सात मैचों में पांच, बाएं हाथ के स्पिनर जीशान अंसारी ने पांच मैचों में चार विकेट चटकाए हैं।पिछले मैच में खासतौर पर मुंबई के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, कप्तान हार्दिक पांड्या, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर जैसे तेज गेंदबाजों ने जिस तरह रफ्तार व चतुराई से गेंदबाजी की उसके सामने अकेले अभिषेक शर्मा ने 40 रन की सबसे बड़ी पारी जरूर खेली लेकिन खुल कर बल्लेबाजी नहीं कर पाए थे। अब मौजूदा आईपीएल अपना पहला पड़ाव पार कर दूसरे और आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ चुका है। ऐसे में बराबर मैचों के बाद पिच पर अब स्पिनरों का रोल अहम होता जाएगा। मुंबई के पास पर बाएं हाथ के मिचेल सेंटनर, विगनेश पुतुर के साथ कर्ण शर्मा जैसे सदाबहार स्पिनर तथा विल जैक जैसा कामचलाऊ तेज गेंदबाजों की चौकड़ी के साथ उसके गेंदबाजी आक्रमण को और धारदार बना सकता है। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए ट्रेविज हेड सात मैचों में दो अर्धशतक सहित 242 रन, अभिषेक शर्मा एक शतक सहित 232 रन बना , अपने अर्धशतक तक को तरस रहे विस्फोटक हेनरिक क्लासेन सात मैचों में मात्र 210 रन, अनिकेत वर्मा 7 मैचों में एक अर्धशतक सहित 159, नीतिश रेड्डी सात मैचों केरु कुल 131 रन बनाए है। मुंबई के लिए कप्तान हार्दिक पांड्या ने सात मैचों में 11 विकेट, विगनेश पुतुर 4 मैच 6 विकेट, अश्विन कुमार 3 मैच 6 विकेट, दीपक चाहर 8 मैच 6 विकेट , ट्रेंट बोल्ट 8 मैच 6 विकेट, कर्ण शर्मा 2 मैच में 4 विकेट, जसप्रीत बुमराह ने चार मैचों में चार विकेट चटकाए हैं।खासतौर पर बुमराह की चतुराई के सामने शुरू और आखिरी के मारधाड़ वाले ओवर में भी रन बनाना हेड व अभिषेक ही नहीं दुनिया के किसी भी गेंदबाज के लिए बड़ी चुनौती है।

आईपीएल 2025

## रोहित जब रंग में आते तो प्रतिद्ंदी पस्त हो जाते हैं : पांड्या



हम जिस तरह से क्रिकेट खेल रहे हैं मुझे मालूम था कि यह बड़े स्कोर वाला मैच होने वाला है।रोहित और सूर्य कुमार यादव ने जिस अंदाज में बल्लेबाजी बाहर बैठ कर इसे देखना राहत देने वाला था। आपको रोहित की फॉर्म को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। रोहित इसी अंदाज में लय में आते हैं। हमें मालूम है रोहित जब रंग में आते हैं तो प्रतिद्वंद्वी टीम पूरी तरह पस्त हो जाती है। सूर्य कुमार यादव ने उनके साथ बढ़िया कदमताल की। अब टीम में सभी रंगत पा योगदान कर रहे हैं। अब बेसिक्स पर काबिज हैं। हम कुछ चमत्कारिक करने की कोशिश की बजाय सामान्य औसत क्रिकेट खेल रहे हैं। हमने गेंदबाजों ने रन दिए और हम जानते थे कि सीएसके का 175 रन सामान्य से कम है। हम बहुत अच्छे से बहुत दूर नहीं है। हम यह जानना था कि उन गेंदों को देखना होगा जिन पर हम विकेट गंवा रहे थे। हमने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गति में बदलाव का चतुराई से इस्तेमाल किया। यॉर्कर का भी चतुराई से इस्तेमाल किया।

## मंधाना और बुमराह को विज्डन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का सम्मान

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया है। वर्ष 2024 के लिए विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना और पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विश्व का सर्वश्रेष्ठ



क्रिकेटर चुना है। जसप्रीत बुमराह को 2024 मे औसत 14.92 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्ड तोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए और टी-20 विश्वकप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने अकेले 13.06 की औसत से 32 विकेट झटके। महिला वर्ग में स्मृति मंधाना ने पिछले वर्ष तीनों प्रारुपों टी-20, एकदिवसीय और टेस्ट मैच में 1659 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। मधाना ने यह उपलब्धि दो बार पाने वाले पहली भारतीय महिला खिलाड़ी है। बीते वर्ष उन्होंने चार एकदिवसीय शतक और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट शतक (149 रन) बनाया था।

## पुजारा ने केकेआर की बल्लेबाजी को जिम्मेदार ठहराया

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने गुजरात टाइटन्स से 39 रन से हारने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स की खतरनाक बल्लेबाजी पर सवाल उठाया है। उन्होंने न केवल वेंकटेश अय्यर की मंशा की कमी बल्कि टीम की योजना और डगआउट से संचार पर भी सवाल उठाए हैं। वेंकटेश को गुजरात के बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर और लेग स्पिनर राशिद खान का मुकाबला करने के लिए नंबर 4 पर पदोन्नत किया गया था। हालांकि, बाएं हाथ का यह बल्लेबाज इस कदम को सही साबित करने में विफल रहा और 19 गेंदों पर बिना कोई बाउंड्री लगाए 14 रन बनाए। पुजारा ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट पर कहा कि मैं इस बात से सहमत हूं कि वेंकटेश ने वह भूमिका नहीं निभाई जो उसे निभानी चाहिए थी। लेकिन क्या उसे सिर्फ टिके रहने के लिए कहा गया था? क्या डगआउट से यह संदेश था कि जब राशिद गेंदबाजी कर रहे हों तो बस इधर-उधर घूमें? पुजारा के लिए, यह सिर्फ व्यक्तिगत निर्णय लेने की बात नहीं थी, बल्कि सामरिक स्पष्टता का एक



बड़ा सवाल था। टाइमआउट किसी कारण से होते हैं। जब आपको लगता है कि चीजें काम नहीं कर रही हैं, तो सपोर्ट स्टाफ को हस्तक्षेप करना चाहिए और स्पष्ट निर्देश देना चाहिए। ऐसा लगता है कि यह गायब था। पुजारा ने केकेआर की गेंदबाजी पर भी ध्यान केंद्रित किया, जिसके बारे में उनका मानना है कि जीटी ने ऐसी सतह पर 198 रन बनाए जो स्कोर के हिसाब से उतनी सपाट नहीं थी। पिच में पर्याप्त टर्न था। अगर आप ऐसी सतह पर आखिरी पांच ओवरों में 60 से ज्यादा रन दे रहे हैं, तो आपका निष्पादन कमजोर है। उन्हें उनको 180 के आसपास सीमित रखना चाहिए था। केकेआर 10 ओवर के बाद 2 विकेट पर 68 रन बना चुका था, उसे 13 रन प्रति ओवर की दर से 131 रन और चाहिए थे। पिच को ठीक से पढ़ न पाने और तत्परता की कमी के कारण उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा - ठीक वैसे ही जैसे पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में हुआ था, जहां वे 112 रन का पीछा नहीं कर पाए थे। पुजारा ने कहा कि यह सिर्फ बल्लेबाजी के ढहने की बात नहीं है; यह इस बात को समझने में विफल होने की बात है कि इस समय क्या जरूरी है। वे सभी विभागों में पीछे थे - रणनीति, स्पष्टता और क्रियान्वयन।

■ मैं इस बात से सहमत हूं कि वेंकटेश ने वह भूमिका नहीं निभाई जो उसे निभानी चाहिए थी : पुजारा

## केकेआर के बल्लेबाज खो चुके हैं आत्मविश्वास : ब्रावो



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे का कहना है कि उन्हें गेंदबाजों से 'कोई शिकायत नहीं' है और उनकी लड़खड़ाती बल्लेबाजी ही आठ में पांचवीं हार की मुख्य वजह है। केकेआर के मेंटर ड्वेन ब्रावो ने एक कदम आगे बढ़ते हुए कहा कि मौजूदा चैंपियन आत्मविश्वास खो चुके हैं। केकेआर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी, जिसके बाद गुजरात टाइटंस ने 198/3 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में केकेआर की टीम 159/8 पर सिमट गई और उन्हें 39 रनों से हार का सामना करना पड़ा। रहाणे ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगा कि 199 का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था, और हमने गेंद से वापसी भी अच्छी की। जब आप 199 का पीछा कर रहे हों, तो आपको अच्छी शुरुआत की जरूरत होती है, जो हमारे लिए पूरे टूर्नामेंट में समस्या रही है। हमने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन बल्लेबाजी में चूक हुई। अब हमें जल्दी से सीखना होगा और आगे बढ़ते रहना होगा। ब्रावो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आंद्रे रसेल के प्रदर्शन (छह पारियों में 55 रन, स्ट्राइक रेट 119.56) पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि हमने एक टीम के रूप में अच्छी बल्लेबाजी नहीं की, यही सच्चाई है।

## सार संक्षेप

### शास्त्री ने सिटी को रौंदा, जुबा संघा की आसान जीत

**नई दिल्ली।** डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में मंगलवार को शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को तथा महिला वर्ग की वूमेंस प्रीमियर लीग में जुबासंघा ने ईव्स स्पोर्ट्स क्लब को हराया। आज यहां अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के मुकाबले में शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को 7-1 से रौंदकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। शास्त्री क्लब के लिए एंडी, होकिप और वंशनगलांग ने दो दो गोल किये। सेमन ने एक गोल दागा। पराजित टीम सिटी एफसी के लिए अक्षय राज ने एक गोल किया। दिन के पहले मुकाबले में अजमल एफसी ने गढ़वाल डायमंड को 2-1 से हराया। अजमल के लिए राकेश और पैसोउ ने गोल किए जबकि गढ़वाल के लिए आलतू ने गोल किया।

### पंजाब कलिंगा सुपरकप के क्वार्टर फाइनल में

**भुवनेश्वर।** पंजाब एफसी ने राउंड ऑफ 16 के एकतरफा मुकाबले में ओडिशा एफसी को 3-0 से हराकर कलिंगा सुपर कप 2025 के क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली हैं कलिंगा स्टेडियम में सोमवार रात खेले गये मैच में पंजाब एफसी के खिलाड़ियों ने तेज आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए ओडिशा एफसी की खराब रक्षापंक्ति का फायदा उठाया। ओडिशा एफसी के कई बार गोल करने के मौके आये लेकिन वे उसे भुनाने में विफल रहे। असमीर सुलजिक ने (14वें) मिनट में गोलकर पंजाब एफसी को बढ़त दिलाई।

## प्रसिद्ध कृष्णा को एक खिलाड़ी के रूप में बढ़ते देखना शानदार है : इयोन मोर्गन

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को आईपीएल 2025 सीजन में अब तक सबसे ज्यादा विकेट लेने के लिए पर्पल कैप हासिल करते देख खुश हैं। 198 रनों का बचाव करते हुए, कृष्णा ने अपने चार ओवरों में 2-25 के आंकड़े दिए, जबकि राशिद खान ने भी इसी तरह के आंकड़े दिए और कोलकाता नाइट राइडर्स को 20 ओवरों में 159/8 पर रोक दिया, जिससे जीटी को ईडन गार्डन्स में 39 रनों से जीत मिली। इस जीत ने उन्हें आठ मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर भी पहुंचा दिया। आठ मैचों में 16 विकेट के साथ, 29 वर्षीय खिलाड़ी टूर्नामेंट में अग्रणी विकेटटेकर है और दूसरे स्थान पर मौजूद कुलदीप यादव के साथ अच्छा अंतर रखते हैं , जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के लिए सात मैचों में 12 विकेट लिए हैं।

वह इस समय पर्पल कैप होल्डर है, और उसकी लय लगातार बेहतर होती जा रही है। हम जानते हैं कि उसके पास काम करने के लिए अतिरिक्त गति है, लेकिन आपको खेल के मध्य चरण के दौरान उसके द्वारा लाई गई ताकत की प्रशंसा करनी होगी। एक कप्तान के रूप में, एक ऐसा तेज गेंदबाज होना जो बीच के ओवरों में इस तरह का प्रभाव डाल सके, बिल्कुल अमूल्य है। मोर्गन ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि अब वह खुद को इस साल के टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाला पाता है - वास्तव में, कुछ अंतर से, चार से। एक खिलाड़ी के तौर पर उसे बढ़ते हुए, विभिन्न प्रारूपों में विकसित होते हुए और अब राष्ट्रीय सम्मान से भी पुरस्कृत होते हुए देखना शानदार है। यह दूसरी बार भी था जब केकेआर की बल्लेबाजी पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ मात्र 112 रनों का पीछा करते हुए 16 रनों की शर्मनाक हार में ढह गई। मोर्गन ने केकेआर के प्रदर्शन और मैच में वापसी करने में उनकी असमर्थता का विश्लेषण किया, जिसके कारण गत चैंपियन को इस सीजन में लगातार दूसरी बार घरेलू हार का सामना करना पड़ा। मोर्गन ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स ने उतनी अच्छी वापसी नहीं की जितनी हम उम्मीद करते थे। यह हमेशा एक मजबूत टीम के लिए एक अच्छा संकेत होता है, जिसमें बहुत सारे चरित्र होते हैं, लेकिन वे वही विफलताएं दिखाते हैं जो उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में दिखाई हैं।





■ गुजरात की इस जीत ने उन्हें आठ मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर भी पहुंचा दिया

## शिवम दुबे ने तमिलनाडु के युवा एथलीटों को 7 लाख रुपए दान किए

**चेन्नई,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स के ऑलराउंडर शिवम दुबे ने मंगलवार को आयोजित तमिलनाडु खेल पत्रकार संघ (टीएनएसजेए) पुरस्कार और छात्रवृत्ति समारोह में 7 लाख रुपये दान करके तमिलनाडु के उभरते एथलीटों की मदद की है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल दुबे ने विभिन्न खेलों के 10 होनहार एथलीटों में से प्रत्येक को दिल को छू लेने वाली सरप्राइज पहल में 70,000 रुपये दिए। टीएनएसजेए ने शुरुआत में 10 एथलीटों में से प्रत्येक को उनकी उपलब्धियों और क्षमता को पहचानते हुए 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की थी। एथलीटों में पीबी अभिनंद (टेबल टेनिस), के.एस. वेनिसा श्री (तीरंदाजी), मुथुमीना वेल्लासामी (पैरा एथलेटिक्स), शमीना रियाज (स्क्वैश), एस. नंदना और जयंत आर.के. (क्रिकेट), कमली पी. (सर्फिंग), आर. अबिनया और आर.सी. जितिन अर्जुनन (एथलेटिक्स), और ए. तक्क्षंत (शतरंज) शामिल हैं। इस पहल से प्रभावित होकर दुबे ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और कहा कि यह आयोजन युवा एथलीटों के लिए वाकई उत्साहवर्धक है। ये शुरुआती उपलब्धियां उन्हें और अधिक मेहनत करने और देश को गौरवान्वित करने की प्रेरणा देती हैं।

## आईपीएल 2025 : अंबाती रायडू ने शुभमन गिल की 90 रनों की शानदार पारी को सराहा

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायडू ने गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल की कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 90 रनों की शानदार पारी की तारीफ की। सोमवार को ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में गिल ने 55 गेंदों में 10 चौके और 3 छक्के लगाकर 198/3 का स्कोर बनाने में अहम भूमिका निभाई। रायडू ने इसे 'शानदार बल्लेबाजी' करार दिया। इस पारी की बदौलत जीटी ने 39 रनों से जीत हासिल की। गिल ने साई सुदर्शन के साथ मिलकर 114 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। सुदर्शन ने 36 गेंदों में 52 रन बनाए, जिसने जोस बटलर के लिए मंच तैयार किया। बटलर ने 23 गेंदों में 8 चौकों के साथ 41 रन बनाए। गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान ने दो-दो विकेट लिए, जिससे गुजरात टाइटंस की जीत पक्की हुई। रायडू ने हॉटस्टार पर गिल की पारी का विश्लेषण करते हुए कहा कि गिल ने मुश्किल पिच पर बेहतरीन अनुकूलन दिखाया। उन्होंने बताया कि हर्षित राणा की दो वाइड गेंदों के बाद गिल ने लय पकड़ी। रायडू ने गिल के शॉट्स की तारीफ की, खासकर सुनील नरेन के खिलाफ उनके स्लॉग स्वीप को। उन्होंने कहा कि यह आसान शॉट नहीं था। गिल ने पूरे मैदान में रन बनाए, जमीन के साथ शॉट खेले और समझदारी दिखाई। यह उनकी काबिलियत और मजबूत साझेदारी को दर्शाता है। धीमी पिच पर ऐसी बल्लेबाजी कमाल की है। रायडू ने साई सुदर्शन की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि सुदर्शन का पारंपरिक अंदाज देखने में मजा आता है।



■ गिल ने पूरे मैदान में रन बनाए, जमीन के साथ शॉट खेले और समझदारी दिखाई

### सुडोकू 6891 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 2 | 1 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 3 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 1 | 7 |
| 4 | 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 9 |
| 1 | 9 | 6 | 3 | 5 | 2 | 7 | 8 | 4 |
| 7 | 5 | 3 | 8 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 |
| 8 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 5 | 9 | 3 |

## भारत एशियन योगासन चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा, 20 देशों के 170 एथलीट लेंगे हिस्सा

■ भारत सरकार योगासन को एक वैश्विक खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से तैयार



**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में योग को खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। भारत सरकार का युवा मामले और खेल मंत्रालय, साई और योगासन भारत मिलकर 25 से 27 अप्रैल 2025 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन करेंगे। इस चैंपियनशिप में 20 से अधिक एशियाई देशों के 170 एथलीट, 40 तकनीकी अधिकारी और 30 टीम मैनेजर और कोच भाग लेंगे। यह आयोजन योगासन को वैश्विक खेल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत सरकार योगासन को एक वैश्विक खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। युवा मामले और खेल मंत्रालय इस दिशा में लगातार काम कर रहा है। इसी के तहत, भारत 25 से 27 अप्रैल 2025 तक दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। यह चैंपियनशिप नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इस बारे में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में योगासन मूवमेंट के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उदित शेठ (अध्यक्ष, योगासन भारत), डॉ. संजय मालपानी (अध्यक्ष, एशियाई योगासन) और डॉ. जयदीप आर्य (महासचिव, विश्व योगासन) शामिल थे। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 25 अप्रैल 2025 को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यह भारत की योगासन को एक प्रतिस्पर्धी वैश्विक खेल के रूप में बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उदित शेठ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि योगासन खेल के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हम भारत में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहे हैं और अपने खेल के लिए एक वैश्विक मंच स्थापित कर रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय टीम को मेरी शुभकामनाएं, क्योंकि यह ऐतिहासिक क्षण प्रतिस्पर्धी खेलों में जीवन भर गूंजेगा। डॉ. संजय मालपानी ने कहा कि एथलीटों और संघों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया दिखाती है कि योगासन वैश्विक स्तर पर पहचान पाने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार का आयोजन और भी भव्य होगा।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 21/04/2025**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम... प.ह.नं. 76, रा.नि.म. सेरीखेड़ी-20. तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक/आवेदिका मीनाक्षी जग्गी पति अजीत कुमार जग्गी निवासी कटोरातालाब रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 468/35 रकबा 0.0910 हे. के सीमांकन/बटाकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र/वाचक/अति. तहसीलदार वर्ष 2025 आदेश दिनांक 21.04.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 24.04.2025 को समय 12.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटाकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के सबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन /बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन बटाकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

सील

रा.नि.नं. रायपुर 20
तहसील - रायपुर



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NEELAM SAHU D/O SANTOSH KUMAR SAHU resident of HNO.G-120, GULMOHAR PARK KOTA ROAD, RAM NAGAR, RAIPUR, 492001 (C.G.) have changed my old name NEELAM SAHU D/O SANTOSH KUMAR SAHU so in future I should be recognized by my new name that is RIMJHIM AGRAWAL W/O NITESH AGRAWAL in all Government and other documents.

**RIMJHIM AGRAWAL**
HNO.G-120,GULMOHAR PARK
KOTA ROAD, RAM NAGAR,
RAIPUR, 492001 (C.G.)

देशबन्धु



# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईटीसी | 2.58 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.89 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.78 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.41 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 4.88 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.30 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.93 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.68 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.25 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| दिल्ली | |
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,01,350 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,11,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.40 | 89.74 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.52 | 120.08 |
| यूरो | 89.12 | 103.36 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.39 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5750-5850 |
| दाल चना | 6750-6850 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## विकसित भारत की यात्रा एक साझा राष्ट्रीय मिशन : सीतारमण

**■ अभी शुरुआती दौर में है भारत की स्टार्ट-अप यात्रा**

**सैन फ्रांसिस्को,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' बनने की भारत की यात्रा केवल एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि समावेशी, टिकाऊ और नवाचार-आधारित विकास के लिए एक साझा राष्ट्रीय मिशन है।

श्रीमती सीतारमण ने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया के हूवर इंस्टीट्यूशन में एक कार्यक्रम में कहा कि महामारी के झटके और बैंकिंग संकट के बावजूद, पिछले दशक में हमारी प्रगति, मजबूत मैक्रोइकॉनोमिक बुनियादी बातों तथा स्थिर सुधारों पर आधारित है, जो हमें आगे की राह के लिए आत्मविश्वास और दिशा देती है। नतीजतन, भारत दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जो हमारी बढ़ती ताकत एवं वैश्विक प्रासंगिकता का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि अगले दो दशकों में, भारत की विकास गति को बनाए रखने के लिए साहसिक सुधारों, मजबूत घरेलू क्षमताओं, नए संस्थागत साझेदारियों और उभरते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल अनुकूली रणनीतियों पर आधारित एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पिछले दो केंद्रीय बजटों ने एक स्पष्ट बहुक्षेत्रीय नीति एजेंडे के साथ इस परिवर्तन की नींव रखी है। पिछले दशक में, बुनियादी ढांचे के विकास पर महत्वपूर्ण जोर ने निवेशकों के विश्वास को मजबूत करके विनिर्माण-आधारित विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है।



**भारत दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जो हमारी बढ़ती ताकत एवं वैश्विक प्रासंगिकता का स्पष्ट संकेत है : निर्मला सीतारमण**

उन्होंने कहा कि भारत में 65 प्रतिशत से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) का मुख्यालय अमेरिका में है। ये जीसीसी अनुसंधान एवं विकास, प्रबंधन परामर्श और लेखा परीक्षा जैसे क्षेत्रों में उच्च-मूल्य-वर्धित, कस्टम सेवाएं प्रदान करते हैं। वहीं अमेरिका एक परिपक्व स्टार्ट-अप हब है जो 50-60 वर्षों में विकसित हुआ है, भारत की स्टार्ट-अप यात्रा अभी शुरुआती दौर में है।

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि पिछले दशक के दौरान, सरकार का ध्यान विनियामक और अवसंरचनात्मक बाधाओं को दूर करके उद्यमशीलता के जोखिम उठाने की लागत को कम करने पर था।

### बदलते भारत के साथ बदल रही भारतीय महिलाएं : वित्त मंत्री

**सैन फ्रांसिस्को।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि भारत बदल रहा है और भारतीय महिलाएं भी बदल रहीं हैं। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आग्रह पर कामकाजी महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश को छह महीने तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि दो साल पहले, हम एक योजना लेकर आए थे, जिसके तहत हमने महिलाओं द्वारा जमा की गई जमाराशियों पर ब्याज दरों को बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया था, ताकि महिलाओं को अपनी बचत को घर पर नकदी के रूप में रखने के बजाय बैंकों में रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के नाम पर संपत्ति पंजीकरण में कर रियायतें हैं। पोषण योजना के तहत, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण संबंधी ज़रूरतों को पूरा किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत, पक्के घरों का पंजीकरण या तो महिला के नाम पर या पुरुष सदस्य के साथ संयुक्त रूप से किया जाता है। इस तरह भारत बदल रहा है और भारतीय महिलाएं भी बदल रही हैं।

## आरबीआई ने की बैंकों के लिए नई एलसीआर गाइडलाइंस जारी



**मुंबई,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नई लिक्विडिटी कवरेज रेशियो (एलसीआर) गाइडलाइंस जारी की हैं, जिसके तहत बैंकों को 1 अप्रैल, 2026 से इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग-इनेबल्ड रिटेल और स्मॉल बिजनेस कस्टमर डिपॉजिट पर 2.5 प्रतिशत का अतिरिक्त रन-ऑफ रेट आवंटित करना होगा।

बैंकों को लिक्विडिटी एडजस्टमेंट फैसिलिटी (एलएएफ) और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) के तहत मार्जिन आवश्यकताओं के अनुरूप सरकारी प्रतिभूतियों (स्तर 1 एचक्यूएलए) के बाजार मूल्य को भी एडजस्ट करना होगा।

इसके अलावा, नई गाइडलाइंस में अन्य कानूनी संस्थाओं से होलसेल फंडिंग की संरचना को भी तर्कसंगत बनाया गया है। नतीजतन, ट्रस्ट (शैक्षणिक, धर्मार्थ और धार्मिक), पार्टनरशिप, एलएलपी आदि जैसी गैर-वित्तीय संस्थाओं से फंडिंग पर वर्तमान में 100 प्रतिशत की तुलना में 40 प्रतिशत की कम रन-ऑफ रेट लागू होगी। आरबीआई ने बयान में कहा कि संशोधित गाइडलाइंस 1 अप्रैल, 2026 से लागू होंगी। इससे बैंकों को एलसीआर कैलकुलेशन के लिए अपने सिस्टम को नए मानकों में परिवर्तित करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

रिजर्व बैंक ने 31 दिसंबर, 2024 तक बैंकों द्वारा दिए गए आंकड़ों के आधार पर उपरोक्त उपायों का प्रभावी विश्लेषण किया है। यह अनुमान लगाया गया है कि इन उपायों के प्रभाव से उस तिथि तक बैंकों के एलसीआर में समग्र स्तर पर लगभग 6 प्रतिशत अंकों का सुधार होगा। इसके अलावा, सभी बैंक न्यूनतम एलसीआर आवश्यकताओं को आराम से पूरा करना जारी रखेंगे।

## प्रदूषण व सड़क हादसे कम करने में बच्चे निभाएं जिम्मेदारी : गडकरी

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। देश की सड़कों को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने कई पहल शुरू की हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स और केंद्रीय विद्यालय संगठन ने मिलकर एसआईएम-केवीएस रोड सेफ्टी ऑनलाइन एजुकेशन प्रोग्राम आयोजित किया।

राष्ट्रीय राजधानी के नई दिल्ली कैंट स्थित केंद्रीय विद्यालय 2 में मंगलवार को आयोजित हुए इस विशेष प्रोग्राम के तहत रोड सेफ्टी लर्निंग मॉड्यूल सुरक्षित सफर को लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम का हिस्सा केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी रहे। यहां बच्चों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि आने वाला समय हाइड्रोजन का है। हमें ऊर्जा को आयात करने वाला नहीं, निर्यात करने वाला देश बनना है।



**हमें ऊर्जा को आयात करने वाला नहीं, निर्यात करने वाला देश बनना है : नितिन गडकरी**

## टैरिफ वॉर के बावजूद 6.2 प्रतिशत रहेगी भारत की विकास दर : आईएमएफ

**■ आईएमएफ ने अप्रैल 2025 का विश्व आर्थिक परिदृश्य किया जारी**

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने ट्रंप-टैरिफ से उत्पन्न व्यापार तनाव और अनिश्चितताओं का हवाला देते हुए इस साल के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था का विकास पूर्वानुमान 0.5 प्रतिशत घटाकर 2.8 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि, उसने उम्मीद जताई है कि तमाम बाधाओं के बावजूद भारत की जीडीपी वृद्धि दर छह प्रतिशत से ऊपर रहेगी।

आईएमएफ ने मंगलवार को वाशिंगटन में अप्रैल 2025 का विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) जारी किया। इसमें कहा गया है कि जनवरी 2025 के डब्ल्यूईओ अपडेट के तुरंत बाद, अमेरिका ने प्रमुख व्यापारिक भागीदारों और महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर टैरिफ की कई घोषणाएं कीं। इस कारण से, हम उम्मीद करते हैं कि 2 अप्रैल को टैरिफ और अनिश्चितता दोनों में तेज वृद्धि से निकट भविष्य में वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण कमी आएगी।




उसने वैश्विक विकास दर 2025 में 2.8 प्रतिशत और 2026 में तीन प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, दोनों जनवरी अपडेट के 3.3 प्रतिशत से कम हैं। आउटलुक में भारतीय अर्थव्यवस्था के 2025 में 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया गया है। ट्रंप प्रशासन द्वारा टैरिफ की घोषणाओं से पहले जनवरी 2025 में आईएमएफ ने दोनों वर्षों के लिए भारत का विकास अनुमान 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के लिए 2025 में विकास का पूर्वानुमान 6.2 प्रतिशत पर अपेक्षाकृत अधिक स्थिर है, जिसे निजी खपत, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में समर्थन प्राप्त है। चीन के विकास अनुमान को घटाकर 2025 के लिए 4.0 प्रतिशत और अगले वर्ष के लिए 4.6 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, इस साल 1.8 प्रतिशत और 2026 में 1.7 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि पूर्वानुमान के साथ अमेरिका पर अधिक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

## आरबीआई के तरलता बढ़ाने के उपाय से चढ़ा बाजार

**■ सेंसेक्स 187.09 अंक की मजबूती के साथ 79,595.59 पर**

**■ निफ्टी 41.70 अंक की तेजी के साथ 24167.25 पर बंद**

**मुंबई,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की जारी आलोचना से विश्व बाजार के कमजोर संकेत के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तंत्र में तरलता बढ़ाने के उपाय से स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर और रियल्टी समेत ग्यारह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार में लगातार छठे दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 187.09 अंक की मजबूती के साथ 79,595.59 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 41.70 अंक की तेजी के साथ 24167.25 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,252.46 अंक और स्मॉलकैप 0.82 प्रतिशत उछलकर 49,143.12 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 4130 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2476 में लिवाली जबकि 1504 में बिकवाली हुई वहीं 150 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2986 कंपनियों के शेयरों में से 1834 में तेजी जबकि 1059 में गिरावट रही वहीं 93 में टिकाव रहा।

आरबीआई ने तरलता मानकों को और मजबूती देने तथा तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) ढांचे में संशोधन संबंधी अंतिम दिशा-निर्देश सोमवार को जारी किए हैं। केंद्रीय बैंक के इस उपाय से बीएसई के 11 समूहों में तेजी रही।




इस दौरान रियल्टी 2.40, एफएमसीजी 1.87, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.43, वित्तीय सेवाएं 0.66, हेल्थकेयर 0.75, कमोडिटीज 0.17, सीडी 0.72, इंडस्ट्रियल्स 0.27, ऑटो 0.30, बैंकिंग 0.61 और धातु समूह के शेयर 0.01 प्रतिशत मजबूत रहे।

वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.43, हांगकांग का हैंगसेंग 0.78 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.16 और जापान के निक्केई में 0.17 प्रतिशत में गिरावट रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 320 अंक की तेजी के साथ 79,728.39 अंक पर खुला लेकिन ऊंचे भाव पर मुनाफावसूली होने से थोड़ी देर बाद ही 79,253.44 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 79,824.30 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 79,408.50 अंक के मुकाबले 0.24 प्रतिशत चढ़कर 79,595.59 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें आईटीसी 2.58, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.09, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.89, एचडीएफसी बैंक 1.78, इटरनल 1.41, कोटक बैंक 1.11, एसबीआई 0.72, सन फार्मा 0.54, आईसीआईसीआई बैंक 0.47, नेस्ले इंडिया 0.30, टाटा मोटर्स 0.16, टेक महिंद्रा 0.13, टाइटन 0.01 और अल्ट्रासिम्को 0.01 प्रतिशत शामिल रहीं।

वहीं, इंडसइंड बैंक 4.88, पावरग्रिड 2.30, इंफोसिस 1.93, भारती एयरटेल 1.68, बजाज फिनसर्व 1.25, एनटीपीसी 1.10, अडानी पोर्ट्स 0.85, टाटा स्टील 0.79, एलटी 0.59, एशियन पेंट 0.47, एक्सिस बैंक 0.39, रिलायंस 0.38, बजाज फाइनेंस 0.26, टीसीएस 0.11 और मारुति के शेयरों ने 0.05 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## निफ्टी ने पूरे किए 29 साल




**■ एक हजार से 26 हजार तक के सफर में बनाए कई रिकॉर्ड**

**मुंबई,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य सूचकांक निफ्टी को करीब तीन दशक पूरे हो गए हैं और इस दौरान यह 1,000 से बढ़कर 26,000 के स्तर पर पहुंच गया है।

अपने 29 साल के सफर में निफ्टी ने कई मुकाम हासिल किए हैं और निवेशकों का विश्वास हासिल किया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की ओर से निफ्टी को अपने ऑपरेशन शुरू करने के दो साल के बाद 22 अप्रैल, 1996 को लॉन्च किया गया था।

निफ्टी इंडेक्स को 3 नवंबर, 1995 की बेस डेट और 1,000 अंक की बेस वैल्यू के साथ लॉन्च किया गया था। वर्तमान में यह 15 सेक्टरों में भारत की 50 सबसे बड़ी कंपनियों के प्रदर्शन को ट्रैक करने के साथ, एनएसई के कुल फ्री-फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन के लगभग 55.48 प्रतिशत (28 मार्च, 2025 तक) का प्रतिनिधित्व करता है। निफ्टी का अब तक का सफर शानदार रहा है। 1999 में इसने 1,000 अंक, 2007 में 5,000 अंक और 2017 में 10,000 अंक का लेवल क्रॉस किया।

बड़ी संख्या में नए निवेशकों के जुड़ने से कोरोना के बाद आई गिरावट के बाद इसके बढ़ने की रफ्तार में तेजी आई और फरवरी 2021 में 15,000 और सितंबर 2024 में 26,000 का आंकड़ा पार किया।

### सार संक्षेप

#### रियल एस्टेट सेक्टर में जनवरी-मार्च में निवेश 47 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट सेक्टर में संस्थागत निवेश इस साल जनवरी-मार्च अवधि में बढ़कर 0.81 अरब डॉलर हो गया है। इसमें सालाना आधार पर 47 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, जो इस सेक्टर पर निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दिखाता है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्म वेस्टियन की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की पहली तिमाही में रियल एस्टेट सेक्टर में आए निवेश में रेजिडेंशियल 62 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर रहा है। बीते वर्ष समान अवधि में कुल निवेश में इस सेगमेंट की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च तिमाही में रेजिडेंशियल में 506.1 मिलियन डॉलर का निवेश हुआ है। इसमें सालाना आधार पर 125 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। जनवरी-मार्च अवधि में कमर्शियल एसेट्स में 307.2 अरब डॉलर का निवेश हुआ है।

#### भारतनेट परियोजना में 6.19 लाख गांवों तक पहुंचा 4जी मोबाइल कवरेज

**नई दिल्ली।** संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार भारतनेट के साथ-साथ, मोबाइल सम्पर्क के विस्तार के अन्य कार्यक्रमों के अंतर्गत दिसंबर 2024 तक देश भर में लगभग 6,25,853 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध करा दी गयी थी जिसमें 6,18,968 गांवों में 4जी मोबाइल कवरेज पहुंच गया था। मंत्रालय ने भारत नेट के बारे में प्रश्नोत्तर के रूप में सोमवार को बताया कि इस कार्यक्रम से औसत मोबाइल ब्रॉडबैंड स्पीड में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और ये प्रयास डिजिटल अंतर पूरा करने में भारतनेट के पूरक हैं। डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) और राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने भारतनेट कार्यक्रम के तहत डिजिटल सेवाओं, डिजिटल गवर्नेंस तक पहुंच प्रदान कर हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के माध्यम से डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देकर ग्रामीण विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

#### जेफरीन ने हीरो मोटोकॉर्प व बजाज ऑटो के टारगेट प्राइस में की कटौती

**नई दिल्ली।** वैश्विक ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने आगामी वर्षों में दोपहिया वाहन इंडस्ट्री के कमजोर आउटलुक का हवाला देते हुए मंगलवार को हीरो मोटोकॉर्प और बजाज ऑटो की रेटिंग घटा दी। जेफरीज की ओर से हीरो मोटोकॉर्प को अंडरपरफॉर्म की रेटिंग दी गई है, जबकि बजाज ऑटो को होल्ड की रेटिंग दी गई है। जेफरीज ने हीरो और बजाज ऑटो के टारगेट प्राइस में भी बड़ी कटौती की है। हीरो मोटोकॉर्प के लिए टारगेट प्राइस को 37 प्रतिशत घटाकर 3,200 रुपए कर दिया गया है, जो पहले 5,075 रुपए था। बजाज ऑटो के लिए टारगेट प्राइस को 28 प्रतिशत घटाकर 10,550 रुपए से 7,500 रुपए कर दिया गया है।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 36 रिंगिट बढ़कर 4106 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.41 सेंट की बढ़त लेकर 48.73 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3450-3550 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## खुदरा दुकानदार करेंगे 'क्विक कामर्स, ई-कॉमर्स' प्लेटफार्मों के विरुद्ध आंदोलन

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन (एमरा), ऑल इंडिया कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन (आईसीपीडीएफ) और ऑर्गनाइज़्ड रिटेलर्स एसोसिएशन (ओरा) जैसे व्यापारिक संगठनों ने देश में 'क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स' मंचों के काम के तौर तरीकों से खुदरा दुकानदारों को हो रहे नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध देशव्यापी आंदोलन चलाने का संकल्प किया है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के दुरुपयोग और उपभोक्ताओं की गणित आधारित मानसिकता से हो रही छेड़छाड़ पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ये कंपनियां (प्लेटफार्म) भारत को बनाना रिपब्लिक ( कमजोर) समझती हैं, और मानती है कि यहां कानूनों की कोई अहमियत नहीं है। खुदरा व्यापारियों के इन संगठनों ने ने मंगलवार को यहां 'क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स का क्रूर चेहरा' विषय पर एक चर्चा आयोजित की थी जिसमें विदेशी विधि से संचालित ई-कॉमर्स कंपनियों और तथाकथित भारतीय क्विक कॉमर्स मंचों के बेलगाम, अनैतिक और कानून-विरोधी कार्यप्रणालियों पर चिंता व्यक्त की गई।




इस दौरान व्यापारिस संगठनों ने कहा कि भारत का दूसरा सबसे बड़ा रोज़गार प्रदाता पारंपरिक खुदरा व्यापार मौजूदा समय में ई-कामर्स कंपनियों के निशाने पर है, जो खुलेआम कानूनों का उल्लंघन कर रही हैं, बाजार को विकृत कर रही हैं और छोटे व्यापारियों को योजनाबद्ध तरीके से बर्बाद कर रही हैं। श्री खंडेलवाल ने कहा कि 'क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स' कंपनियों के द्वारा बुनियादी ढांचा खड़ा करने की बजाय प्रत्यक्ष विदेशी इक्विटी पूंजी (एफडीआई) का इस्तेमाल करोबार में घाटा भरने, पैसे के बल पर छोटे दुकानदारों को खत्म करने और पूरी आपूर्ति श्रृंखला पर कब्ज़ा करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अब व्यापार नहीं रहा, यह मूल्यांकन की दौड़ है, जिसमें भारतीय खुदरा व्यापारी कुचले जा रहे हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया ने कहा कि एक मई से राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया जाएगा।

**ये कंपनियां भारत को कमजोर समझती हैं, और मानती है कि यहां कानूनों की कोई अहमियत नहीं है : प्रवीन खंडेलवाल, कैट के राष्ट्रीय महामंत्री**

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.मा.क्र./202504110800074/अ-6/2024-25
ग्राम–तेलीबांधा प.ह.नं. 64
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 21.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती कुमारी साई महतो पति स्व. कैलाश प्रसाद महतो निवासी मातृ छाया, बालाजी मंदिर के पास आनंदनगर तेलीबांधा रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि का खसरा नंबर 290/2 रकबा 300 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता श्रीमती जगजीत कौर जौजे सरदार दिलीप सिंग सिख निवासी केलकर बाड़ी स्टेशन रोड रायपुर, तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20.09.1980 के माध्यम से क्रय किया गया है। अत: उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है।

अत: आवेदिका का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 06.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2025 की मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त अधिकारी रायपुर**

## न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक/बी-121/2024-2025
ग्राम दतरेंगा, प.ह.नं. 84
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 15.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ओमप्रकाश साहू पिता टेमनलाल साहू निवासी बोरझरा, कोरों, कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र अंतर्गत ऋण पुस्तिका प्रदाय करने बावत् आवेदन पत्र पेश कर आवेदन पत्र में लेख किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम दतरेंगा, प.ह.नं. 84, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 240/91 रकबा 0.0210 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका आवेदक द्वारा नहीं बनवाया गया था। वर्तमान में आवेदक को ऋण पुस्तिका की आवश्यकता है। अत: उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 20.05.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 30.04.2025 को इस न्यायालय में पेश करें । नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार रायपुर**

## न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक/बी-120/2024-2025
ग्राम दतरेंगा, प.ह.नं. 84
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 15.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मुकेश कुमार साहू पिता टेमनलाल साहू निवासी ग्राम कुरूद टिकरापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र अंतर्गत ऋण पुस्तिका प्रदाय करने बाबत आवेदन पत्र पेश कर आवेदन पत्र में लेख किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम दतरेंगा, प.ह.नं. 84 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 240/63 रकबा 0.0150 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका आवेदक द्वारा नहीं बनवाया गया था। वर्तमान में आवेदक को ऋण पुस्तिका की आवश्यकता है। अत: उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 30.04.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 30.04.2025 को इस न्यायालय में पेश करें । नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार रायपुर**

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर
### आम सूचना

जारी दिनांक 22.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजीत कुकरेजा पिता श्री आनंदमल कुकरेजा निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम कोलर प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर, जिसका खसरा नंबर 55/6 रकबा 0.194 हे. भूमि का सीमांकन /नक्शा बटांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार खोरपा के आदेश के परिपालन में दिनांक 01.05.2025 को समय 11 बजे पश्चात् मेरे द्वारा रखा गया है।

उक्त सीमांकन/बटांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथि को ग्राम कोलर स्थित पटवारी कार्यालय में मय दस्तावेज नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**राजस्व निरीक्षक खोरपा**

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर
### आम सूचना

जारी दिनांक 22.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजीत कुकरेजा पिता श्री आनंदमल कुकरेजा निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम कोलर प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर, जिसका खसरा नंबर 55/7 रकबा 0.166 हे. भूमि का सीमांकन /नक्शा बटांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार खोरपा के आदेश के परिपालन में दिनांक 01.05.2025 को समय 11 बजे पश्चात् मेरे द्वारा रखा गया है।

उक्त सीमांकन/बटांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथि को ग्राम कोलर स्थित पटवारी कार्यालय में मय दस्तावेज नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**राजस्व निरीक्षक खोरपा**

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी ) तहसील व जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना

जारी दिनांक 22.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका घनश्याम बंजारे, कृष्णा बंजारे, हिरालाल बंजारे पिता स्व. गोवर्धन बंजारे सभी निवासी गोंदवारा रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम गोंदवारा प.ह.नं. 37 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-05 (भनपुरी) स्थित भूमि खसरा नंबर 90/18 रकबा 0.1300 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र.-क/वाचक/अति. तह./वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 28.03.2025 के परिपालन में दिनांक 06.05.2025 को समय 12.00 बजे पश्चात् किया जाना है।

अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/ समय तक पटवारी हल्का नंबर 37 के गोंदवारा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी )**

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18 तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )
### आम सूचना

जारी दिनांक 21.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम माना प.ह.नं. 80 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में निवासी उमेश कुमार पिता ए.वेंकट राजू निवासी खमतराई रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा 552/16 रकबा 0.405 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. अ-12 वर्ष 2024-2025 आदेश दिनांक 03.03.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 03.05.2025 को समय 3 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-18**

## न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव मामले की श्रेणी-राजस्व

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00010 निलजा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440714500011

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00010 के अंतर्गत ग्राम निलजा के वर्तमान भूमिस्वामी शिव कुमार पिता/पति पी जगमोहन पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 565/3 0.4650 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राधेश्याम वर्मा पिता/पति स्व. शिवकुमार पता सा. देह, पवन कुमार पिता/पति स्व. शिव कुमार पता सा. देह, राधा बाई बेवा पिता/पति स्व. शिवकुमार पता सा. देह, प्रतिमा पिता/पति स्व. शिवकुमार पता सा. देह के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थात न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**

## न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00009 पवनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440714400010

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00009 के अंतर्गत ग्राम पवनी के वर्तमान भूमिस्वामी कुंवर सिंग वल्द बुधराम पिता/पति पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15/6 0.4050 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गणेश राम निषाद पिता/पति स्व. कुंवर सिंग निषाद पता सा. देह, गणेशु राम निषाद पिता/पति स्व. कुंवर सिंग निषाद पता सा. देह, अमरीका पिता/पति स्व. कुंवर सिंग निषाद पता सा. देह, अमृत पिता/पति स्व. कुंवर सिंग निषद पता सा. देह, सातोबाई पिता/पति स्व. कुंवर सिंग निषाद पता सा. देह के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थात न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**

## न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

क्रमांक / अ-6अ/2024-2025
रायपुर, दिनांक 17.04.2025
ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 58
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रानू मिश्रा पति पारस मिश्रा निवासी कंचन गंगा फेस 11 तहसील व जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदिका हक एवं स्वामित्व की भूमि वाके मौजा ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 00058, रा.नि.मं. रायपुर-1, जिला-रायपुर छ.ग में स्थित है, जिसका खसरा नं. 35/29 का भाग रकबा 1400 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। यह कि, आवेदक ने उपरोक्त वर्णित भूमि को विक्रेता श्री आर.के. शर्मा, पिता-श्री जे. एल. शर्मा, निवासी सुंदर नगर रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विलेख दिनांक 14.10.2007 से क्रय कर अभिलेख में अपने नाम से नामांतरण कराकर उपरोक्त वर्णित भूमि पर दाखिल काबिज होकर उपभोग कर रहा है। यह कि, उपरोक्त वर्णित भूमि राजस्व अभिलेख परिवर्तित भूमि में आवेदक का नाम बतौर भूमिस्वामी के दर्ज है। परंतु राजस्व अभिलेख भुईया ऑनलाईन में दर्ज नहीं है का लेख करते हुए उक्त वर्णित भूमि को आवेदिका के नाम पर ऑनलाईन किये जाने हेतु आवेदिका का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 07.05.2025 को होगी।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 07.05.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

## न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 20241110200029/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम-पंडरीतराई, प.ह.नं. 109/47
रायपुर, दिनांक 09.12.2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती सुनीता थॉमस पिता स्व. मार्टिन थॉमस निवासी ई. 404, ठर्वानी हैरिटेज, किंग इलेक्ट्रानिक्स, सेक्टर 7, खारगर, रायगढ़, महाराष्ट्र द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्ते छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के अतर्गत पेश कर लेख किया है कि ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 109/47, तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 21 भूखण्ड क्रमांक 3/92/1 रकबा 1728 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेख में एडवर्ड थॉमस पिता मार्टिन थॉमस, आवेदिका एवं उनकी अन्य बहनों के संयुक्त नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के सहखातेदार एडवर्ड थॉमस पिता मार्टिन थॉमस की मृत्यु दिनांक 25.02.2021 को हो चुकी है। एडवर्ड थॉमस पिता मार्टिन थॉमस द्वारा उक्त आवेदित भूमि में को अपने जीवनकाल में निष्पादित वसीयतनामा दिनांक 14.09.2018 के माध्यम से आवेदिका के पक्ष में वसीयत प्रदान किया गया है। अतएव उक्त वसीयतनामा के आधार पर आवेदित भूमि को आवेदिका अपने नाम दर्ज किए जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 27.12.2024 को इस न्यायालय में पेश करे। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार रायपुर**

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.मा.क्र./202504110800075/अ-6/2024-25
ग्राम-तेलीबांधा प.ह.नं. 64
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 21.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ऋतेश शर्मा पिता रूद्रनारायण शर्मा निवासी अवंति विहार कालोनी तेलीबांधा रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि भूखंड क्रमांक ए-2/5 खसरा नंबर 468/4 का भाग संविलियन पश्चात नया खसरा नंबर 15014/1 का भाग रकबा 3000 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता अवंति को आपरेटिव्ह हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड रायपुर तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 25.02.2004 के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त भूमि वर्तमान में विक्रेता अवंति को-आपरेटिव्ह हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड रायपुर के नाम पर दर्ज है। अत: उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है।

अत: आवेदक का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 06.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.मा.क्र./202504110800076/अ-6/2024-25
ग्राम-तेलीबांधा प.ह.नं. 64
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 21.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अष्मिका अग्रवाल पिता नरेश कुमार अग्रवाल निवासी मिश्रा कुंज एफ-4, सेक्टर-2, अवंति विहार रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि भूखंड क्रमांक जी-2/1 खसरा नंबर 15014/188 संविलियन पूर्व खसरा नंबर 487/1 का भाग रकबा 0.0232 हे. अर्थात 2500 वर्गफुट भूमि को आावेदिका द्वारा दानदाता अभिषेक अग्रवाल पिता नरेश कुमार अग्रवाल निवासी मिश्रा कुंज एफ-4, सेक्टर-2, अवंति विहार रायपुर छ.ग. से पंजीकृत दान पत्र विलेख दिनांक 12.02.2025 के माध्यम से प्राप्त किया गया है। अत: उक्त भूमि को पंजीकृत दान पत्र विलेख के आधार पर दानदाता का नाम विलोपित कर आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अत: आवेदिका का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 06.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

## न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.मा.क्र./202504115600045/अ-6/2024-25
ग्राम भाठागांव प.ह.नं.-60
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 17.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरोज मिश्रा पति स्व. रामदीन मिश्रा निवासी वायरलेस पुलिस कालोनी तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि उनके द्वारा ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 748/2 का भाग रकबा 1500 वर्गफुट भूमि को विक्रेता राहुल अग्रवाल पिता विनोद कुमार अग्रवाल निवासी कुशल गृह निर्माण सहकारी समिति रायपुरा तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 12.02.2024 के माध्यम से क्रय किया गया है का लेख करते हुए उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 08.05.2025 को होगी।

अत: उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपतित हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 08.05.2025 को इस न्यायालय में पेश कर सकते है। बाद मियॉद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

## न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.मा.क्र./202504115600045/अ-6/2024-25
ग्राम भाठागांव प.ह.नं.-60
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 17.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं मौजा रायपुर खास कुशालपुर रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकुंद शर्मा पिता स्व. श्री रामकृष्ण शर्मा आर.के. शर्मा पिता निवासी कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति कुशालपुर रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् फौती नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा रायपुरखास कुशालपुर स्थित खसरा नंबर 1307/1 रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को आवेदक के पिता रामकृष्ण शर्मा, आर.के. शर्मा ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 02.09.1985 के माध्यम से क्रय किया है। आवेदक के पिता की मृत्यु दिनांक 25.08.2010 को हो गया है। आवेदक के पिता की मृत्यु के पश्चात आवेदक एवं उनके अनय भाईयों एवं बहनों के मध्य आपसी बंटवारा वर्ष 2018 में हो गया है। अतएव आवेदक द्वारा अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ बंटवारानामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 30.04.2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नजूल अधिकारी रायपुर**

## न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक/अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम सड्डू, प.ह.नं. 109/44
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 11.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल पिता श्री बिष्णु प्रसाद अग्रवाल निवासी खरियार रोड नुवापाड़ा उड़ीसा द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के पिता बिष्णु अग्रवाल पिता इन्द्रसेन अग्रवाल के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम सड्डू प.ह.नं. 109/44 स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 15008/121 रकबा 0.223 हे. याने 2400 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेख में धारित की जाती है। उक्त भूमि के संबंध में आवेदक के पिता वसीयतकर्ता बिष्णु प्रसाद अग्रवाल पिता इन्द्रसेन अग्रवाल ने अपने जीवन काल में पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 11.05.2020 को निष्पादित कर अपने पुत्र गोपाल प्रसाद अग्रवाल को वसीयत किया है। बिष्णु प्रसाद अग्रवाल पिता इन्द्रसेन अग्रवाल की मृत्यु हो गयी है। अत: आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेखों में वसीयत के आधार पर मृतक खाताधारक का नाम विलोपित कर आवेदक अपना नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। अत: पंजीकृत बैनामा के आधार पर नाामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.04.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 28.04.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार रायपुर**

## शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ता किफायत अली पिता श्री हिदायत अली निवासी सुभाष नगर मौदहापारा रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. जो कि निम्नानुसार शपथ पूर्वक कथन प्रस्तुत करता हूं।

01. यह कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड मेरियाफत अली दर्ज होकर आधार कार्ड बनकर प्राप्त है जिसका आधार कार्ड क्रमांक 76072823310 है।
02. यह कि मेरे पुत्र का नाम रिफायत अली है। जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। और मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 14.02.2012 है। जिसकी वर्तमान आयु 13 वर्ष है।
| 1. श्री दिलीप कुमार चौधरी 2. श्री राजेन्द्र चौधरी, 3. श्रीमती शोभा देवी (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10262103) | 12-सितम्बर-2024 रू. 6,32,921/- (रूपये छह लाख बत्तीस हजार नौ सौ इक्कीस मात्र) — बोली वृद्धि राशि रू. 20,000/- (रूपए बीस हजार मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर एच-310, द्वितीय तल, पी.एच.एन. 103, खसरा नंबर 238/10, मौजा आर.डी.ए. कॉलोनी, हीरापुर, वीर सावरकर नगर, वार्ड 1, ग्राम-हीरापुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001, क्षेत्रफल परिमाप (वर्ग फीट में): सम्पत्ति का प्रकार: सुपर-बिल्ट-अप-एरिया, बिल्ट-अप-एरिया, कारपेट-एरिया सम्पत्ति क्षेत्रफल : 290.00, 290.00, 217.50 | 21-02-2025 — 17-04-2025 तक बकाया कुल राशि रू. 6,65,014 /- (रूपये छह लाख पैंसठ हजार चौदह मात्र) | रू. 3,66,000/- (रूपए तीन लाख छयासठ हजार मात्र) — धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रू. 36,600/- (रूपए छत्तीस हजार छह सौ मात्र) |
| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि 23-05-2025 1100 बजे-1400 बजे | ईएमडी अंतिम तिथि 26-05-2025 अप. 5 बजे तक | ई-नीलामी की तिथि / समय 28-05-2025 1100 बजे-1300 बजे | | |

भुगतान की विधि : ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन विधि से करने होंगे। भुगतान करने के लिए आप https://www.iiflonehome.com पर जाएं और केवल सम्पत्ति / प्रतिभूत आस्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करें। नोट : हर सम्पत्ति / प्रतिभूत आस्ति के लिए एक अलग भुगतान लिंक है। आप सुनिश्चित करें कि आप उस सम्पत्ति / प्रतिभूत आस्ति का लिंक उपयोग कर रहे हैं, जिसको आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष भुगतान के लिए - लॉगइन https://www.iiflonehome.com>My Bid>Pay Balance Amount महत्वपूर्ण सूचना : यह नीलामी सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के माध्यम से कब्जा के आधार पर प्रकाशित की जा रही है। भौतिक कब्जा सरफासी ऐक्ट के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार धारा 14 के तहत प्राप्त करने के बाद तथा जब और जैसे ही भौतिक कब्जा लिया जाएगा, सौंपा जाएगा। बोलीदाता को नीलामी कार्यवाही में भाग लेने से पहले दस्तावेजों और कानूनी तथ्यों की आवश्यक सतर्कता-जांच कर लेनी चाहिए।

नियम और शर्तें :-
1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना विवरण सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास पर्याप्त अग्रिम में पंजीकृत करवाना होगा तथा लॉगइन खाता, लॉगइन आईडी और पासवर्ड सृजित करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना "निविदा फार्म" ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी तथा पैन कार्ड की प्रति के साथ उपरिवर्णित शाखा कार्यालय में जमा / प्रेषित करना होगा।
2. बोलीदाता अपनी ऑफर कालम "बोली वृद्धि राशि" में वर्णित राशि के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले कोई बिड आने पर समाप्ति का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी समायोजन के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार करने के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि प्रतिभूत लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। सभी जमा और भुगतान निर्धारित विधि से करने होंगे।
4. खरीदार को सम्पत्ति के साथ संबंधित उपकर, लागू स्टाम्प ड्यूटी, फीस तथा अन्य कानूनी बकाया अथवा अन्य बकाया जैसेकि म्युनिसिपल कर, बिजली प्रभार, भूमि तथा अन्य सभी अनुषंगी लागतें, प्रभार सभी करों तथा उपकरों सहित वहन करने होंगे।
5. खरीदार को बिक्री राशि के भुगतान / सौदे हेतु लागू टीडीएस अदा करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट आईआईएफएल एचएफएल में प्रस्तुत करना होगा।
6. बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोलियां प्रस्तुत करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों और नीलामी आवेदन प्रपत्र के लिए https://www.iiflonehome.com तथा https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction को आद्यंत पढ़ने की सलाह दी जाती है।
7. विस्तृत विवरण, सहायता प्रक्रिया तथा ई-नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ई-मेल आईडी : care@iiflonehome.com सपोर्ट हेल्प लाइन नंबर : 1800 2672 499 पर सम्पर्क करें।
8. किसी सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति निरीक्षण और ऑनलाइन बिड इत्यादि के संबंध में पूछताछ के लिए आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर सोमवार से शुक्रवार के बीच 09.30 बजे से 18.00 बजे तक कॉल करें अथवा ई-मेल : care@iiflonehome.com को मेल लिखें।
9. एतद्द्वारा उपरोक्त कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि भौतिक कब्जा लेते समय प्रतिभूत आस्ति में रखी घरेलू वस्तुएं 7 दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के अधीन सम्पत्ति की किसी क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
10. एतद्द्वारा कर्जदारों को आगे सूचना दी जाती है कि उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त करने में चूक की स्थिति में उनको विधि सम्मत ढंग से बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता / नीलामी खरीदार द्वारा किसी भी चरण में निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी।
12. एओ का बिना कोई कारण बताए निविदा / नीलामी स्थगित / निरस्त करने या नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा / नीलामी में किसी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम मान्य होगा।

**सरफासी ऐक्ट, 2002 के नियम 8 (6) के तहत बिक्री हेतु 30 दिन का कानूनी नोटिस**

कर्जदार को अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों के साथ निविदा / नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति नीलाम की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

स्थान : रायपुर, तिथि : 23-04-2025 — हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाईनेंस लिमिटेड

# तेजी से अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सड़कों, पुल पुलियों व भवनों के निर्माण कार्य करें पूर्ण : विष्णु देव साय

- प्रमुख सड़कों पर तेज और सुरक्षित यातायात पर जोर
- मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की
- नए विधानसभा भवन में सिविल एवं विद्युत यांत्रिकी का 95 फीसदी काम पूरा



**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को तेजी से कार्य करते हुए अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सड़कों, पुल-पुलियों एवं भवनों के काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर तेज और सुरक्षित यातायात पर जोर दिया। उन्होंने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों के त्वरित चिन्हांकन व मरम्मत के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरूण साव और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बैठक में सड़कों और पुल-पुलियों के काम आगामी पांच साल की कार्ययोजना को ध्यान में रखते हुए त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों और वृहद पुलों के कार्यों को भू-अर्जन के बाद डेढ़-दो वर्षों में अनिवार्यतः पूर्ण करने को कहा। उन्होंने शहरों के नजदीक बनने वाले बाइपास और रिंगरोड में पर्याप्त संख्या में ओव्हरब्रिजों और अण्डरब्रिजों का निर्माण करते हुए इन्हें एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर विकसित करने के निर्देश दिए। इससे यातायात तेज और सुरक्षित होगा। मुख्यमंत्री साय ने भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर को विशाखापट्नम से जोड़ने बन रहे एक्सप्रेस-वे से रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने अच्छी गुणवत्ता के कनेक्टिंग-रोड्स बनाने के निर्देश दिए, ताकि इस एक्सप्रेस-वे का अधिक से अधिक लाभ राज्य के लोगों को मिल सके।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बड़ी एवं महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए एक-एक डेडीकेटेड वरिष्ठ अधिकारी नामांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने एनएचएआई के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करने को कहा। उन्होंने आगामी तीन वर्षों में 30 हजार करोड़ रूपए के सड़क विकास के कार्यों को पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ काम करने को कहा। उन्होंने नए बजट में प्रावधानित कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए शीघ्र ही उनके इस्टीमेट, डीपीआर और टेण्डर की कार्यवाही पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साय ने पुल-पुलियों के रखरखाव एवं मरम्मत की प्रभावी व्यवस्था बनाने को भी कहा। उन्होंने इसके लिए आवश्यक प्रोटोकाल तैयार कर कड़ाई से अमल करने को कहा। उन्होंने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों की तुरंत पहचान के लिए सिस्टम तैयार करने को कहा। इससे सड़कों के संधारण एवं त्वरित मरम्मत में मदद मिलेगी। उन्होंने खदान क्षेत्रों में सड़कों के मजबूतीकरण पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री साय ने बस्तर में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने वहां निर्माणाधीन सड़कों और पुल-पुलियों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। नई सड़कों और पुलों के निर्माण से सुदूर वनांचलों के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को वर्तमान समय की जरूरतों और लाइफस्टाइल के अनुरूप सर्किट हाउसों और विश्राम गृहों को अपग्रेड करने के निर्देश दिए। उन्होंने इनके अच्छे रखरखाव के साथ ही साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने को कहा।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि नया रायपुर में निर्माणाधीन विधानसभा के नए भवन का 95 प्रतिशत सिविल एवं विद्युत यांत्रिकी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नए राजभवन का भी 60 प्रतिशत काम पूर्ण हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में सड़क सुरक्षा के कार्यों के लिए 106 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने आगामी पांच-छह महीनों में ब्लैक-स्पॉट और जंक्शन सुधार के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत और मुकेश बंसल, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी और संयुक्त सचिव एस.एन. श्रीवास्तव सहित सभी मुख्य अभियंता भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

# बस्तर संभाग में 201 करोड़ का बिजली बिल बकाया

- सीएसईबी ने शुरू की कनेक्शन काटने की कार्रवाई, इनमें शासकीय विभागों के सबसे ज्यादा 140 करोड़ के बिल लंबित

**जगदलपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। बस्तर संभाग में बिजली विभाग (सीएसईबी) के सामने भारी बकाया राशि एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। संभाग के शासकीय और निजी संस्थानों पर कुल 201 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया है, जिसे अब तक जमा नहीं किया गया है। इसको लेकर बिजली विभाग ने अब सख्त रुख अपनाते हुए चरणबद्ध तरीके से डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू कर दी है।



सीएसईबी के अधिकारी सहदेव ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि बकायादारों को समय-समय पर नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन भुगतान की प्रक्रिया बेहद धीमी रही। आंकड़ों के मुताबिक, शासकीय विभागों पर सबसे ज्यादा 140 करोड़ रुपये, जबकि निजी संस्थानों पर 61 करोड़ रुपये का बिल बाकी है।

शासकीय विभागों की ओर से यह दलील दी जा रही है कि उन्हें बजट की स्वीकृति मार्च के बाद ही मिलती है, इसलिए समय पर भुगतान नहीं हो पा रहा। हालांकि, शासन स्तर से सभी विभागों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे तत्काल बिजली बिलों का भुगतान सुनिश्चित करें। कई विभागों को अंतिम चेतावनी भी दी जा चुकी है।

दूसरी ओर, निजी संस्थानों की बात करें तो इनमें प्राइवेट स्कूल, अस्पताल, फैक्ट्रियां और अन्य व्यावसायिक इकाइयां शामिल हैं, जिन पर भी बड़ी मात्रा में बिजली बिल बकाया है। विभाग का स्पष्ट कहना है कि अब किसी को भी ढील नहीं दी जाएगी, चाहे सरकारी संस्था हो या निजी, यदि समय पर भुगतान नहीं किया गया तो बिजली आपूर्ति काट दी जाएगी।

विभाग की इस सख्त कार्रवाई का असर आने वाले दिनों में बस्तर संभाग की सरकारी और निजी सेवाओं पर साफ नजर आ सकता है।

# ई-गवर्नेंस: पीएम अवार्ड के लिए दंतेवाड़ा का चयन

**दंतेवाड़ा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन की मंशा अनुसार आमजनों की सुविधा की दृष्टि से सभी विभागों को ई-गवर्नेंस प्रणाली के तहत बहुउद्देश्यीय बनाने के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है।

इस परिप्रेक्ष्य में ई-गवर्नेंस के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जिले में किए गए भू-डिजिटलाइजेशन के उत्कृष्ट कार्य के चलते पीएम अवार्ड हेतु जिले का चयन किया गया है। इस संदर्भ में नई दिल्ली से इन कार्यों का निरीक्षण करने हेतु टीम का आगमन हुआ था। इस दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा टीम को जिले में किए जा रहे भू-अभिलेख की डिजिटलाइजेशन करने की विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा, दिल्ली से आए अंडर सेक्रेटरी सन्तोष कुमार गोड, रोहतास मीना, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, तहसीलदार विनीत सिहं, भू-अभिलेख अधीक्षक गोवर्धन साहू उपस्थित थे।



- भू-अभिलेख रिकॉर्ड का हो रहा डिजिटलाइजेशन
- एक क्लिक में उपलब्ध होंगी भू-दस्तावेजों की प्रतियां
- 1920 से 1991 तक के भू-अभिलेखों डिजिटलाइजेशन
- दंतेवाड़ा की एक और शानदार उपलब्धि

जिले में भी भू-दस्तावेजों के डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया हेतु विशेष पहल की जा रही है। पूर्व समय में लोगों को अपने भू-अभिलेख की प्रतियां जैसे स्वामित्व अभिलेख, पंजीकरण, कैडस्ट्रल मानचित्र, बी-1, फॉर्म ए, प्लॉट रजिस्टर, फॉर्म सी (अधिकारों का अभिलेख), संशोधन, नामांकन, मानचित्र अभिलेख, मानचित्र स्वामित्व अभिलेख, मानचित्र स्केच, मानचित्र पूर्णता प्रमाणपत्र, मानचित्र पुनः क्रमांक दस्तावेज, मानचित्र स्वामित्व प्रमाणपत्र, मानचित्र अंतिम सत्यापन दस्तावेज आदि प्राप्त करने में बहुत सारा वक्त, संसाधन, और ऊर्जा खपानी पड़ती थी। परन्तु अब कुछ ही क्षणों में भू अभिलेख कार्यालय अथवा किओस्क सेंटरों से लोगों को अपने भू-दस्तावेज की नकल या प्रति प्राप्त हो सकेगी। यह दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों के लिए बेहद राहत का सबब होगा। इसके लिए सिर्फ उन्हें अपना नाम और खसरा नम्बर, देना होगा। और उनके भू-अभिलेख से संबंधित सभी डाटा, नक्शा, स्वामित्व प्रमाण पत्र, इत्यादि सिस्टम में उल्लेखित हो जाएगें।

भू-दस्तावेजों को डिजिटल प्लेटफार्म में उपलब्ध कराना राजस्व विभाग को सशक्त एवं सुव्यस्थित बनाने वाला क्रांतिकारी कदम है। इससे न केवल लोगों के समय और संसाधनों की बचत होगी, अपितु प्रशासनिक दृष्टिकोण से विकास के लक्ष्यों को गति देने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इसके पूर्व भूमि रिकार्ड को सुरक्षित रखना और उन्हें विनष्टीकरण से बचाना राजस्व विभाग के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। साथ ही लोगों को अपने भू-अभिलेख प्राप्त करने हेतु आवेदन देने, उन्हें स्थापित करने जैसे विभिन्न प्रशासनिक औपचारिकताओं, नियमों के चलते कम से कम सप्ताह भर का समय लगता था। परन्तु अब इस पारदर्शी, सुरक्षित और सुविधाजनक डिजिटलाइजेशन के चलते लोग परेशानी से बचेगें। इसके अलावा भू-दस्तावेजों में अनाधिकृत फेरबदल जैसी घटनाओं की भी कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।

# आँगन में खेल रहे बच्चे को उठा ले गया तेंदुआ

- दादा बने सुपरहीरो, तेंदुए के मुंह से छीन लाए बच्चे की जिंदगी

**राजिम,** 22 अप्रेल (देशबंधु)। राजिम विधानसभा के छुरा के समीप कोठी गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। दरअसल, एक खूंखार तेंदुआ 4 साल के बच्चे को घर के आंगन से उठाकर जंगल की ओर भाग रहा था। बच्चे की चीख सुनकर दादा भी तेंदुए के पीछे दौड़ा और अपनी जान की परवाह किए बिना बच्चे को बचा लिया। जानकारी के मुताबिक, ग्राम कोठीगांव निवासी प्रदीप नेताम (4 साल) सोमवार की शाम घर के आंगन में खेल रहा था। उसके दादा दर्शन नेताम घर के अंदर कुछ काम कर रहे थे। घटना के वक्त घर में केवल बच्चा और दादा मौजूद थे, माता-पिता काम से बाहर थे। तभी अचानक एक तेंदुआ आया और बच्चे को मुंह में दबाकर जंगल की ओर भागने लगा। बच्चा जोर-जोर से चीखने लगा। बच्चे की चीख सुनकर दादा दर्शन नेताम बाहर आए। उन्होंने देखा कि तेंदुआ उनके पोते को लेकर जंगल की ओर भाग रहा था।



दादा ने अपनी जान की परवाह किए बिना तेंदुए का पीछा किया। कुछ मीटर आगे जाकर दादा ने तेंदुए का रास्ता रोका और अपनी जान जोखिम में डालकर तेंदुए से भीड़ गए और पोते को बचा लिया। हमले में बच्चे की गर्दन पर तेंदुए के जबड़े के निशान थे जहां से खून निकल रहा था। उसे तुरंत छुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। फ़िलहाल बच्चे की हालत सामान्य है। अब दादा दर्शन नेताम की बहादुरी की चर्चा गांव और पूरे इलाके में हो रही है। उनकी हिम्मत की वजह से मासूम बच्चे की जान बच गई।

# दो एसडीएम सहित 6 अधिकारियो को नोटिस जारी करने के निर्देश

- कलेक्टर ने की आवेदनों के निराकरण की समीक्षा



**बलौदाबाजार,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो एवं सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने आवेदनों का गंभीरतापूर्वक एवं गुणवत्ता में किसी प्रकार की समझौता न करने के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम भाटापारा एवं सिमगा के द्वारा आवेदनों के निराकरण की उचित मॉनिटरिंग नहीं करने, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास व लेखा अधिकारी एवं जल संसाधन विभाग तिल्दा डिवीजन के कार्यपालन अभियंता द्वारा आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण नहीं करने साथ ही जनपद सीईओ भाटापारा द्वारा आवेदनों को ऑनलाइन पोर्टल में अपलोड नहीं कराने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप सुशासन तिहार के आवेदनों का बहुत ही संजीदगी के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। निराकरण इतनी स्पष्ट हो कि आवेदक के साथ ही स्वयं भी संतुष्ट हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देशित किया कि किसी विभाग द्वारा आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निराकरण नहीं करने पर संबंधित अधिकारी पर जिम्मेदारी तय होगी। उन्होंने कहा कि आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण की मॉनिटरिंग के लिए एसडीएम स्तर पर कंट्रोल रूम बनाएं।जिला स्तर से भी मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने ऑनलाइन पोर्टल में अपलोड हेतु शेष आवेदनों को अपलोड करने पर जोर देते हुए कहा कि शतप्रतिशत आवेदनों को अपलोड कराया जाए। इसके लिये पंचायतों में सचिव, रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायक की टीम बनाकर अतिशीघ्र अपलोड कराएं। उन्होंने राजस्व विभाग से सम्बधित आवेदनों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि आवेदन के सम्बन्ध में सबंधित पटवारी से लिखित प्रतिवेदन लेकर ही गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।

कलेक्टर ने समाधान शिविर आयोजित होने वाले 50 ग्राम पंचायतों में विभागीय योजनाओं का संतृप्तिकरण एवं समस्याओं का समाधान के लिए सभी विभागीय अधिकारियो को उन ग्राम पंचायतों का अगले एक सप्ताह में दौरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल की व्यस्था दुरुस्त करने के निर्देश पीएचई के कार्यपालन अभियंता एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिये। इस दौरान कलेक्टर ने समय-सीमा एवं मुख्यमंत्री जनदर्शन, ई समाधान, पीजी पोर्टल के लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, मिथलेश डोंडे सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# अस्पताल के डिलीवरी वार्ड में निकल रहे सांप

**रायगढ़,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर के मातृ शिशु अस्पताल में इन दिनों डिलीवरी वार्ड में सांप निकलने की घटनाएं सामने आने से स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो गई हैं। बीते तीन दिनों से लगातार डिलीवरी वार्ड में सांप देखे जाने के कारण अस्पताल में डिलीवरी पूरी तरह से रोक दी गई है और आपरेशन के लिए गर्भवती महिलाओं को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, एमसीएच के ऑपरेशन थिएटर और डिलीवरी वार्ड में पिछले कुछ दिनों से लगातार सांप दिखाई दे रहे हैं, जिससे स्टाफ में भारी भय और दहशत का माहौल बन गया है। जिससे डिलीवरी सेवाएं बाधित हो गई हैं। दवा छिड़काव के कारण डिलीवरी वार्ड समेत ओटी और स्टाफ रुम में दुर्गंध फैल गया है जिससे काम करने में काफी तकलीफ हो रही है।



**NECC**

| 23.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 400 | 75 | 155 |
| चिल्हर | 6 | 95 | 180 |

डिलीवरी 415 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

मास्टर जी- बताओ, ताजमहल किसने बनाया था?
मिन्टू- मिस्त्री ने।
मास्टर जी- अरे बेवकूफ किसने बनवाया था?
मिंटू- तो फिर ठेकेदार ने बनवाया होगा।

संपादकीय

## शादी समारोहों के हादसे

देश भर की ही तरह छत्तीसगढ़ में भी शादी-ब्याह का मौसम जारी है। लगभग हर रोज हर कस्बे-शहर से लेकर गांवों में विवाह समारोह हो रहे हैं। इन आयोजनों में आने-जाने वाले मेहमानों या विवाह पक्ष के वाहनों के होते हादसे अपनी जगह पर चिंता व दुख के कारण बन रहे हैं। लगभग प्रति दिन कहीं न कहीं इन वाहनों से दुर्घटनाग्रस्त होने से लोग या तो जख़्मी हो रहे हैं अथवा मारे जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण है वाहनों को क्षमता से ज्यादा सवारियों से भरना या तेज गति चलाना। कई बार शादी में काम की अधिकता से थके हुए ड्राइवरों के कारण भी हादसे हो रहे हैं। इसलिये हर तरह की सावधानियां आवश्यक हैं ताकि खुशियां मातम में न बदलें।

अंबिकापुर-वाराणसी मार्ग में सोनगरा के पास सोमवार की सुबह एक कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी। इसमें एक महिला की मृत्यु हो गयी जो सपरिवार अपने भाई की शादी में गयी थी जो भटगांव निवासी है। ब्याह अंबिकापुर में हुआ था। पति व तीन बच्चे भी घायल हो गये। बताया गया है कि ड्राइवर को झपकी आ गयी थी। ऐसे ही सरगुजा में शादी कार्यक्रम से लौटते हुए सलका-उदयपुर मार्ग पर एक ऑटो पलट गयी जो तेज रफ्तार थी। इनमें सारी महिलाएं बैठी थीं। एक महिला की मौत हो गयी। अभी इसी माह की 11 तारीख को रायगढ़ से कोरबा लौट रही बारात की एक कार खम्भे से जा टकराई जिसमें 6 लोग बैठे थे। दूल्हे की बहन गम्भीर रूप से घायल हो गयी। बताया जाता है कि ड्राइवर ने शराब पी रखी थी और वह बहुत तेज गति से कार चला रहा था।

कोरबा में ही दीपका थाने के तहत 7 अप्रैल को हुई एक कार दुर्घटना में सेंट जेवियर स्कूल के 2 शिक्षकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी तथा 2 स्टाफ सदस्य घायल हो गये। शादी से लौटती यह कार भी एक पेड़ से जा टकराई थी। उसके पहले 19 मार्च को महासमुन्द में बागबहरा के एक वैवाहिक समारोह में जाती कार की कंटेनर से भिड़ंत हो गयी जिससे 3 की तत्काल मृत्यु हो गयी और 6 गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। पिछले वर्ष 6 दिसम्बर को सूरजपुर में ही टायर फटने से एक एसयूवी पलट गयी जिससे 3 लोगों की मौत हो गयी और कई घायल हुए थे। ये सारे लोग अंबिकापुर में आयोजित एक विवाह कार्यक्रम खत्म होने पर मनेन्द्रगढ़ लौट रहे थे।

विवाह समारोहों के बाद लौटते वक्त होने वाली दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण ड्राइवरों की थकान या नशाखोरी भी होती है। साथ ही, शादी का उत्साह कुछ यूं रहता है कि वाहनों को तेज गति से चलाया जाता है। अक्सर नींद पूरी न होने या शराब के नशे में हादसे होते हैं।

# आंधी-तूफान से हुआ भारी नुकसान, घंटों गुल रही बिजली




**सुकमा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। रविवार की शाम आंधी तूफान और बारिश से सुकमा जिले के विभिन्न विभिन्न जगहों पर भारी नुकसान पहुंचा है। देर शाम में भी अंधेरा छा गया। काले बादलों ने आसमान को पूरी तरह से ढंक लिया। लगभग 01 घंटा तक झमाझम बारिश हुई। लोग दहशत में रहे। हर कोई आंधी-तूफान थमने की कामना कर रहा था। आंधी के गुजरने के बाद जगह-जगह बरबादी के निशान दिख रहे थे। आंधी से कहीं पेड़ गिर गए, तो कहीं घरों के छप्पर उड़ गए। जगह-जगह विद्युत तार टूटने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। 01 घंटे तक चली आंधी से लोगों की सांसें थमी रहीं। चारों ओर अंधेरा छा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका असर ज्यादा रहा। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कई जगह तार टूट गया था, इस कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित है। जिसे समय रहते दुरस्त कर लिया गया।

**वाहनों के पहिए थमे, कई लोगों के घर गिरे:** रविवार की शाम आयी आंधी से एसएच 05 पर पेड़ गिर गए। इस कारण वाहनों के पहिए थमे रहे। नगर पालिका अध्यक्ष हूंगाराम मरकाम ने मौके पर पहुंच कर हाल जाना। वहीं प्रशासन और स्थानीय लोगों ने पेड़ को काटकर रास्ते से हटाया। इसके बाद एसएच पर आवागमन शुरू हुआ। नपा सुकमा अंतर्गत कॉलेज के पास हड़मा स्टेडियम का छप्पर उड़ कर क्षतिग्रस्त हो गया। इसके साथ ही प्राथमिक शाला गोंगला में भी स्कूल छप्पर उड़ कर क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं विभिन्न गांव में भी नुकसान की सूचना मिली है।

**बारिश के समय छाया अंधेरा:** रविवार को शाम के बाद हुई बारिश से जिला मुख्यालय में करीब 06 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। सुकमा में करीब पांच बजे से बादल गरजने एवं बिजली कड़कने के साथ बारिश शुरू हुई। बाजार क्षेत्र में तो काफी हल्की बारिश हुई, लेकिन सुकमा के ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं-कहीं झमाझम बारिश हुई। हालांकि बारिश से किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है, लेकिन बारिश एवं बिजली कड़कने से जिला मुख्यालय में करीब तीन बजे से पांच बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**जगदलपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव ने सोमवार को जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में ज्योति नर्सरी से करकापाल जंक्शन एवं बोधधाट थाना तक निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ समय सीमा में काम करने के आवश्यक निर्देश दिये। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने जगदलपुर के जनमानस की बहुप्रतीक्षित मांग ज्योति नर्सरी से करकापाल एवं बोधघाट थाना तक 4.50 किलोमीटर सड़क,जिसकी लागत 9 करोड़ 36 लाख रुपए की राशि से सड़क मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण निर्माण कार्य हो रहा है जिसके निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। श्री देव ने बताया इस मार्ग की मांग वर्षों से क्षेत्रवासियों ने किया था। हमारी सरकार बनने के पश्चात इस मार्ग की मांग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव से मांग रखा गया था जिस पर हमारी डबल इंजन की सरकार ने स्वीकृति के पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। निर्माण कार्य तेरी गति से चल रहा है जिसका 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा और जनता को जल्द सड़क निर्माण का सौगात प्राप्त होगा। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों एवं शहर वासियों को आवागमन की काफी सुविधा होगी। श्री देव ने कहा कि जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्र में लगातार चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जनमानस को मूलभूत सुविधा देना हमारा दायित्व एवं कर्तव्य है जिसको हमारी सरकार में लगातार पूरा किया जा रहा है। प्रदेश के हर क्षेत्र में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**गुणवत्ता एवं समय सीमा में कार्य करने दिये निर्देश**

# अयोध्या में महापौर संजय पांडे ने किए राम लला और हनुमानगड़ी के दर्शन



**जगदलपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। महापौर संजय पांडे मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले सरयू घाट पहुँच कर दर्शन कर स्नान किए उसके बाद रामलाल एवं संकट मोचन हनुमानगड़ी के दर्शन व पूजन किए। महापौर ने नगर वासियो के सुख शांति और समृद्धि की कामना की। महापौर संजय पांडे ने नगर निगम अयोध्या के विकास कार्यों को देखा। राम मंदिर ट्रस्टी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी मुलाकात की। यहां सेवा दे रहे कारीगरो का भी हाल-चाल जाना। मंदिर ट्रस्ट के सदस्य रमेश मिश्रा एवं सेवादार राम शंकर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पृथ्वी का संरक्षण करना हम सबका दायित्व : डॉ. मनोज




**जगदलपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबल लिविंग प्रेक्टिसेस के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शहीद महेंद कर्मा विश्वविद्यालय में विचार उद्बोधन, चिज, स्किट और पोस्टर मेंकिंग जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मंगलवार को विज्ञान अध्ययनशाला द्वारा आयोजित लघु नाट्य में विद्यार्थियों ने प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या को उजागर किया साथ ही पेड़ लगाए और पृथ्वी बचाएं जैसे संदेश दिए। भूगर्भ अध्ययनशाला के विद्यार्थियों ने बस्तर क्षेत्र के खनिज पदार्थों की प्रदर्शनी लगाई। लघु नाट्य एवं चिज स्पर्धा में एमएससी बॉटनी द्वितीय सेमेस्टर और पोस्टर मेकिंग में एमएससी केमेस्ट्री द्वितीय सेमेस्टर के स्टूडेंट्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस के इस बार के थीम आवर पावर और आवर प्लानेट के अनुसार रचनानात्मक संदेश दिए। विचार उद्बोधन कार्यक्रम में रसायन विज्ञान के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि पृथ्वी हमारा घर है। इसका संरक्षण करना हमारा दायित्व है। पृथ्वी की समस्या बनी है। हम इस दिवस पर पृथ्वी और पर्यावरण की समस्या के प्रति जागरूकता लाने का कार्य करते हैं। प्राणीशास्त्र के प्रभारी विभागाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने ग्लोबल वार्मिंग एवं सौर उर्जा के संबंध में अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण समस्या के निराकरण के लिए ग्रीन एनर्जी और सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। आईआईसी चार्टर तीन और पीएम उषा मेरू कम्पोनेंट के तहत आयोजित इस आयोजन में डॉ. सुषमा सिंह, डॉ. सोहन लाल, डॉ. प्रिंस जैन, सेमंत बघेल, खिरेंद्र ठाकुर, अनुभा डे विश्वास, भूमिका साहू, दुर्गा साहू, कीर्ति सिंह, यामिनी जोशी, संजय पांडेय, रूचि तिवारी एवं लाईफ साइंस, माईक्रोबॉयोलॉजी, गणित, भौतिकी, रसायन अध्ययनशाला के विद्यार्थी उपस्थित थे।

**विवि में विविध कार्यक्रम आयोजित**

# जमावाड़ा के बाली मेला में शामिल हुए किरण देव



**जगदलपुर**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में ग्राम जमावाड़ा में बाली मेला में शामिल हुये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, ग्राम जमावाड़ा में बारह वर्ष में एक बार भव्य रूप से बाली मेला का आयोजन किया जाता है। बाली मेला में पहुंचे श्री देव का ग्रामवासियों ने पारम्परिक रूप से स्वागत व अभिनंदन किया। क्षेत्रीय विधायक श्री देव ने बाली मेला में पहुंचकर भगवान की पूजा अर्चना कर प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की कामना किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा बाली मेला का आयोजन बारह वर्ष में एक बार होता है। बाली मेला का विशेष व ऐतिहासिक महत्व है। मेला आयोजन समिति को बधाई व शुभकामनाएं।

# बिजनेस की सफलता के लिए को-फाउंडर का सपोर्ट जरूरी : डॉ. पिल्लई



**जगदलपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में मंगलवार को 'द एन्टरप्रयोनरियल एज-रीयल स्टोरी रीयल सक्सेस नाम से मोटिवेशनल सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान एके फूड्स की संस्थापक डॉ. अरूणा पिल्लई ने अपने बिजनेस जीवन की चुनौतियों और सफलता की कहानियों से विद्यार्थियों को रूबरू कराया और उन्हें व्यवसाय क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता डॉ. पिल्लई ने कहा कि स्टार्टअप या बिजनेस प्रारंभ करने के लिए एक को-फाउंडर का सहयोग लेना महत्वपूर्ण होता है जो आपके बिजनेस आईडिया को समझे और आपको सपोर्ट करे। डॉ. पिल्लई ने कहा कि आपको अपनी आईडिया पर विश्वास होना चाहिए। लोग आपके आईडिया पर क्या कह रहे हैं उस पर ध्यान न दें। आप अपने काम के प्रति ईमानदार रहें। जब आप कुछ नई शुरूआत कर रहे हैं तो हमेशा छोटे पैमाने पर सोचें। बिजनेस में हर चीज का ज्ञान शुरू में होना संभव नहीं है। सबकुछ धीरे-धीरे पता चलता है। बिजनेस में सीखने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। सफलता एक दिन का काम नहीं है। जैसे एक के बाद एक ईंट लगाने के बाद दीवार बनती है उसी तरह उद्यमिता के क्षेत्र में छोटी शुरूआत से कार्य प्रारंभ करनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की जितनी जनसंख्या है उसके अनुपात में नौकरी नहीं है। इसके लिए स्टार्टअप और बिजने के क्षेत्र में कदम बढ़ाना जरूरी है। बिज़नेस डाटा ड्रिवेन है और हमारे पास अनस्ट्रक्र्ड फॉर्म में लाखो करोड़ो डाटा मौजूद है। इस डाटा का सही तरीके से उपयोग कर किस तरह से बिज़नेस डिसिशन लिया जाए इसके लिए बहुत से डाटा ऐनालिटिक्स टूल्स मौजूद है जैसे की पॉवर बी.आई.। विश्वविद्यालय इस पर भी ध्यान दे रहा है। विद्यार्थियों को बिजनेस और स्टार्टअप में भी एआई के प्रयोग सीखना चाहिए। प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे आयोजन के माध्यम से जब आप बिजनेस क्षेत्र के रीयल स्टोरी सुनेंगे तो आप उनके अनुसार सोचने और करने को प्रेरित होंगे। बस्तर के युवाओं में एकाग्रता अद्वितीय है जो एक स्टार्टअप और बिजनेस मैन बनने की जरूरी योग्यता है। आईआईसी के संयोजक डॉ. सजीवन कुमार ने अपने स्वागत स्वागत उद्बोधन में कहा कि बिजनेस से जुड़े लोगों का रीयल लाईफ जानना जरूरी है। हम उनके संघर्षों से प्रेरणा ले सकेंगे। प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि देवांगन ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विवि के विद्यार्थियों को क्लासरूम लर्निंग रीयल वर्ड में प्रैक्टिकल एप्लीकेशन सिखाना है। उनमें नई सोच और क्षमता का विकास करना है ताकि वे स्वरोजगार के नए आयाम को छू सकें। इस अवसर पर डॉ. तुलिका शर्मा, ऐश्वर्या साव, कोमल श्रद्धा बेंजमिन सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

**एमबीए अध्ययनशाला द्वारा मोटिवेशनल सत्र आयोजित**

# भाजपा का भारतरत्न डॉ. अंबेडकर सम्मान अभियान

## संविधान का दुरूपयोग करके कांग्रेस ने किया बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर का अपमान : किरण देव



**जगदलपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाये जा रहे डा. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत आज मंगलवार को स्थानीय पं.श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाउन हॉल में बाबासाहेब डा.अंबेडकर सम्मान सभा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि भारत रत्न, संविधान निर्माता डा. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का काम भाजपा कर रही है। बाबा साहेब ने देश को नई दिशा देने का काम किया है और वहीं कांग्रेस अपने राजनीतिक फायदे के लिये लगातार डा. अंबेडकर के बनाये संविधान का बार-बार दुरूपयोग कर रही है, जो बाबा साहेब के सिद्धांतों के विपरीत कार्य है। संगोष्ठी में अपने संबोधन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि भारत में संविधान सर्वोपरि है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में संविधान का सदैव नमन कर सम्मान किया है। भाजपा द्वारा डा. भीमराव अंबेडकर का सम्मान अभियान सतत मनाया जा रहा है। इसके उलट देश में 57 साल शासन करने वाली कांग्रेस ने अपना राजनीतिक हित साधने के लिये लगातार संविधान में संशोधन किया। यहाँ तक कि आरक्षण को समाप्त करने की साजिश की। सन् 1952 व 1954 में हुये लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने डा. बाबा साहेब डा. अम्बेडकर को खुले रूप में हरा कर उनका अपमान किया और वहीं कांग्रेस संविधान की झूठी हितैषी बन कर भ्रमजाल फैलाने की कोशिश कर रही है। इन सब बातों को हम सभी को समझना होगा।

श्री देव ने कहा कि बाबा साहेब के बनाये संविधान ने देश की जनता को अधिकार प्रदान किये हैं और कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने देश में आपातकाल थोपने का पाप किया, संविधान की हत्या की, बाबा साहेब के विचारों का खून किया। देश के संपूर्ण नागरिकों के अधिकार आपातकाल में छिन लिये गये थे। भाजपा संविधान पर चलते हुये भारत का गौरव बढ़ाने, देशवासियों की सुरक्षा, उनके विकास के लिये काम कर रही है। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि डा. अंबेडकर का संपूर्ण जीवन देश व समाज के उत्थान के लिये समर्पित था जिससे हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिये। भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलते हुये संविधान का पालन कर रही है। दूसरी ओर कांग्रेस ने बाबा साहेब के बनाये संविधान में महज अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिये कई बार संशोधन करने का दुस्साहस किया है। कांग्रेस ने सदा बाबा साहेब का विरोध किया, उनके बनाये संविधान में हस्तक्षेप करने में भी बाज नही आयी और आज भी संविधान की प्रति को जेब में डालकर झूठा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन देश व समाज के उत्थान के लिये समर्पित, राजनीतिक स्वार्थ साधने कांग्रेस ने संविधान में हस्तक्षेप करने का दुस्साहस किया - सांसद महेश**

# नक्सलियों के शहरी नेटवर्क के चार आरोपियों में से तीन को 7 व 5 वर्ष की कठोर कारावास और जुर्माना, एक आरोपी दोषमुक्त

**जगदलपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला एवं सत्र न्यायालय के विशेष न्यायालय ने नक्सलियों के शहरी नेटवर्क के चार आरोपियों में से तीनउ आरोपियों को विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4 के तहत 7 वर्ष की कठोर कारावास, विधि विरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम की धारा 23(1), 38 (2) और 39 (2) के तहत 5 वर्ष का कठोर कारावास और ?500 जुर्माना की सजा सुनाए जाने के साथ ही एक आरोपी को दोष मुक्त किया गया है। विदित हो कि कोंटा के बेल पेच्चा क्षेत्र से दिनांक 8 मार्च 2023 को नक्सलियों को विस्फोटक पहचाने के आरोप में पुलिस ने सेमल दीपक ,नारा भास्कर और तेलामुत्ता इन 3 लोगों को विस्फोटक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4 (ख) और 5 के साथ विधि विरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम की धारा 23(1), 38(2) और 39(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया था। वही एक चौथे आरोपी पापी पुत्ती रेड्डी को भी दिनांक 19 मार्च 2023 को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके विरुद्ध भी धारा 4 (ख) और 5 के साथ विधि विरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम की धारा 23(1),38( और 39(2) के तहत मामला दर्ज किया था। जिला सत्र न्यायालय के विशेष न्यायालय में इस मामले की सुनवाई हुई। लगभग 2 दर्जन गवाहों के बयान हुए। गवाहों के बयानों के आधार पर विशेष न्यायालय के न्यायाधीश ने आरोपी सेमल दीपक, नारा भास्कर और तेला मुक्ता को विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4 के तहत 7 वर्ष का कठोर कारावास तथा विधि विरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम की धारा 23(1),38( 2) और 39(2) के तहत 5 वर्ष के कठोर कारावास और ? 500 जुर्माना की सजा तीनों को सुनाई गई। वही चौथे अभियुक्त पापी पुत्ती रेड्डी को दोष मुक्त किया गया। भारत सरकार के विशेष लोक अभियोजक दिनेश पाणिग्राही ने शासन की ओर से पैरवी की।

## बायोमेट्रिक सिस्टम की स्थिति जस की तस सीटू ने लगाया आरोप

**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। सीटू यूनियन ने लिखित जारी बयान में कहा कि बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को शुरू हुए लगभग 10 महीना बीत चुका है किंतु स्थितियां जस की तस बनी हुई है सीटू के सहायक महासचिव ने बताया कि जब इस सिस्टम को लागू किया जा रहा था उस समय इसकी खामियों को उजागर करते हुए सीटू ने कई मंचों पर अपनी बात रखी थी। आज 10 महीना बीत जाने के बाद भी बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम सामान्य होना तो दूर बल्कि और उल्टा पुल्टा पंचिंग करने लगा है। जिसको दुरुस्त करवाने के लिए हर महीने कर्मियों को समय.समय पर अपनी हाजिरी चेक करना होता है एवं पंचिंग अथवा अन्य होने वाली गड़बड़ियों को रिमार्क में लिखकर अधिकारियों के पीछे घूमना पड़ता है वही संयंत्र के अधिकांश अधिकारी इसी हाजिरी दुरुस्तीकरण के काम में अपने नौकरी का एक बड़ा हिस्सा खपा रहे हैं और जिन्होंने इस व्यवस्था को चालू किया है वे मजे में है। सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि एक कर्मी रात्रि पाली में ड्यूटी आकर रात्रि 9.50 बजे पंचिंग किया एवं सुबह 6.5 बजे पंचिंग करके घर चले गए। उन्हें सामान्य पाली में फिर से ड्यूटी आना था वह सामान्य पाली में ड्यूटी आकर सुबह 8. 55 बजे पंचिंग किए उसके बाद वाले दिन जब ड्यूटी जाकर उन्होंने अपना अटेंडेंस चेक किया तो पाया कि नाइट शिफ्ट वाले दिन सुबह घर जाते समय पंचिंग आउट टाइम सुबह 6.5 बजे के बजाय सुबह 8.55 बजे का समय दर्ज हो गया है जो की सामान्य पाली में ड्यूटी जाकर किए गए पंचिंग का समय है। अब इस पूरा समय के उल्टा पुल्टा होने को सुधारने के लिए रिमार्क लिखकर अधिकारियों का चक्कर काटना पड़ता है। कर्मियों की यह शिकायत लगातार आ रही है कि कई कर्मी एडवांस में छुट्टियां नहीं भर पा रहे हैं। कभी–कभी तो छुट्टी लेने के बाद भी उन छुट्टियों को बायोमेट्रिक सिस्टम में अप्लाई करने के लिए कार्मिक अथवा अन्य अधिकारियों को बार.बार बोलना पड़ता है।

## निर्माणधीन सड़क की गुणवत्ता की हो जांच : मिश्रा



**भिलाईनगर**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। एचएमएस व वरिष्ठ श्रमिक नेता एच.एस. मिश्रा ने जारी लिखित बयान में कहा है कि इन दिनों नगर निगम भिलाई व भिलाई टाउनशिप एरिया में सड़कों का डामरीकरण कार्य किया जा रहा है जो स्वागत योग्य है किंतु उन्होंने प्रश्न खड़ा करते हुए आरोप लगाया है कि इन निर्माण कार्यों की जांच नहीं होने के कारण निर्माण कार्य कुछ स्थानों पर गुणवत्ताविहिन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निगम अथवा संयंत्र प्रबंध ठेका देने के बाद उनकी एजेंसियां किये जा रहे सड़क निर्माण का कार्य की जांच नहीं कर पा रही है जिससे सड़क बनने के दो–तीन दिन बाद ही कई क्षेत्रों में सड़कों की गिट्टी अपने आप उखड़कर बाहर आ रही है। उन्होंने इसका ताजा उद्घारण बताया हुए कहा कि नगर निगम मुख्यालय के पास इलाहाबाद बैंक के सामने लगभग एक माह पहले सीमेंट के कारण कार्य किया गया था किंतु उक्त सीमेन्टीकरण कार्य के कुछ दिनों में ही, सड़क की गिट्टी वाहर आ गई। इसकी शिकायत की गई तब निगम प्रशासन ने सड़क को उखाड़ कर फ्रि से बनाने के कार्य शुरू किया है इसी तरह टाउनशिप में भी जो सड़के बनाई जा रहे हैं उसमें सड़क बनने के साथ.साथ उनका फाइनल काम नहीं किया जा रहा है। जिससे कि डामर अलग व ुगिट्टी अलग हो रही है। ऐसी स्थिति में पैसे की बर्बादी हो रही है। श्री मिश्रा ने आरोप लगाया कि ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करके उनको की जाने वाली राशि पर रोक लगाई जाए तथा एक जांच कमेटी बनाकर जितने भी निर्माण कार्य वर्तमान में हुए हैं उनकी जांच की जाए, व दोषी पाए जाने वाले ठेकेदार अथवा अन्य के खिलाफ कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि इसी तरह टाउनशिप वह निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये खर्च करके उद्यानों का निर्माण किया गया था जिसमें कुछ उद्यानों को छोड़कर दे तो बाकी सब उद्यान देख रेख के आभाव में काफी जर्जर हो चुके हैं तथा उसमें जंगली झाड़ियां चारों तरफ फैल गई है उन्होंने निगम प्रशासन व बीएससी प्रबंधन से इस दिशा में तत्काल कार्रवाई करते हुए इसमें सुधार करने की मांग की है, तथा संबंधित ठेकेदारों को काली सूची में डालने की मांग की है। उन्होनें संयंत्र प्रबंधन से टाउनशिव की अंदर की सड़कों का भी डामरीकरण कार्य करने की मांग की है। उन्होनें कहा कि सेक्टर–8 में सड़कों की स्थिति काफी खराब है, तथा उद्ययानों की स्थिति काफी जर्जर है, उसे ठीक करने की मांग श्री मिश्रा ने ने की है।

## विजयवर्गीय का भव्य स्वागत कुछ देर रूक राजनांदगांव हुए रवाना



**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन और भिलाई भाजपाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय के भिलाई आगमन पर आज चंद्रा मौर्या चौक पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान महामंत्री विजयवर्गीय कुछ देर सुपेला के एक निजी होटल में रूके और विधायक रिकेश सेन से चर्चा करते हुए भिलाई और कार्यकर्ताओं का हाल जाना। श्री विजयवर्गीय आज राजनांदगांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर से निकले और सुपेला चौक पर उन्होंने रूक कर भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। उनके भिलाई आगमन पर विधायक रिकेश सेन, जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक सहित वैशाली नगर, सुपेला, कोहका, कैम्प मंडल समेत जिले के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय से उन्होनें चर्चा की।

## राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर सार्थक चर्चा



**भिलाईनगर**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर एक सार्थक चर्चा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयंत्र के जनसंपर्क सभागार में विभागीय अधिकारियो, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं कि उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाप्रबंधक संपर्कए प्रशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशांत तिवारी, सहायक महाप्रबंधक जनसंपर्क श्रीमती अपर्णा चंद्रा, सहायक महाप्रबंधक जनसंपर्क जवाहर बाजपाई, सहायक महाप्रबंधक संपर्कए प्रशासन शरद निगम, सहायक महाप्रबंधक संपर्क, प्रशासन एम. श्रीनिवासस सहायक महाप्रबंधक संपक प्रशासन सुभाष पटेलस उप प्रबंधक संपर्क प्रशासन एवं राजभाषा जितेन्द्र दास माणिकपुरी, कनिष्ठ प्रबंधक विवेक सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। अमूल्य प्रियदर्शी ने कहा कि जनसंपर्क केवल सूचना का आदान प्रदान नहीं बल्कि यह संस्था और समाज के बीच विश्वासए संवाद और पारदर्शिता का सेतु है। उन्होंने कहा कि एक सक्षम जनसंपर्क प्रणाली संस्था की सकारात्मक छवि के निर्माण में अहम योगदान देती है। महाप्रबंधक जनसंपर्क विभाग प्रशांत तिवारी ने संयंत्र के जनसंपर्क विभाग में अपने लगभग 35 वर्षों के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि समय के साथ जनसंपर्क के स्वरूप में उल्लेखनीय बदलाव आए हैं। विशेष रूप से सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ;एआईद्ध की उपस्थिति ने इस क्षेत्र को नई दिशा और धार दी है। हमे बदलते तकनीकों और विकसित सुविधाओं का सदुपयोग करते हुए अपनी कार्यशैली को और भी उन्नत और कुशल बनाना चाहिए। कार्यक्रम के प्रारम्भ में श्रीमती अपर्णा चंद्रा ने राष्ट्रीय और विश्व जनसंपर्क दिवस की पृष्ठभूमि साझा किया। जितेन्द्र दास माणिकपुरी ने विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए जनसंपर्क विभाग को संयंत्र की सफ्लता का एक मजबूत आधारस्तंभ बताया। जनसंपर्क विभाग द्वारा सभी अधिकारियोंए कर्मचारियोंए एवं प्रशिक्षुओं को उनके उत्कृष्ट कार्यशैली के लिये उपहार देकर सम्मानित किया गया व भविष्य में भी इसी उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

## पत्नी पर प्राणघातक हमला करने वाला गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। उतई पुलिस ने अपनी पत्नि पर प्राणाधातक हमला करने वाले पति को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया श्रीमती गुलाब बाई ने थाना उतई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि12 अप्रैल शाम 7.30 बजे इनका पति जागेन्द्र कुर्रे खाना नही बनाने की बात को लेकर झगड़ा विवाद कर आवेश में आकर घर में रखे लोहे के गैंती से प्रार्थिया की हत्या करने की नियत से लगातार तीन बार वार किया जिससे प्रार्थिया सीने एवं बांये पैर में गंभीर चोंट आई। प्रार्थिया ईलाज हेतु श्री शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी भिलाई में भर्ती थी जो डिस्चार्ज होने के बाद 20 अप्रैल को थाना में रिपोर्ट दर्ज करावाई। पुलिस ने धारा 109 बीएनएस के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक झा एव एसडीओपी पाटन अनुप कुमार लकड़ा के द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देशित करने पर प्रकरण की विवेचना दौरान आरोपी का पता हेतु टीम रवाना किया गया जो आरोपी जागेन्द्र कुर्रे 36 वर्ष निवासी ग्राम सेलूद आजाद चौक हाल पता गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन रंगारी, उपनिरीक्षक कमल सिंह सेंगर, सउनि नेमन सिंह साहू, प्र.आर. महेश देवांगन, आरक्षक ध्रुव नारायण चन्द्राकर, सुरेन्द्र सिंह चौहान, छगन साहू की सराहनीय भूमिका रही है।

## एनडीआरएफ का प्रशिक्षण शिविर निगम में



**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह के आदेशानुसार निगम भिलाई के सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। उददेश्य था कि निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अप्रत्याशित रूप से आए आपदा के समय किस प्रकार से प्रारंभिक बचाव किया जाए। सर्तकता एवं जानकारी रहने से बहुत कुछ कंट्रोल किया जा सकता है। समस्याएं बाढ़, भूकंप, सुनामी, बिजली चमकना, आगजनी, दुर्घटना, हार्ट टेक, पानी में डूबना, लू लगना इत्यादि ऐसे समय में क्या बचाव किया जाए। प्रशिक्षण में बताया गया कि अगर किसी को हृदय घात के लक्षण दिखे तो सीपीआर कैसे देना चाहिए उन्हे सर्वप्रथम देखना कि गले के नीचे सांस चल रहा है कि नहीं। यदि नहीं चल रहा तो उसे मुंह से सांस देने की प्रक्रिया, किस प्रकार से इंसान को लेटाकर छाती के नीचे हाथों से 30–30 बार दबाना इस प्रकार कुल 5 बार दबाना चाहिए। जिससे व्यक्ति को होश आने की संभावना बढ़ जाती हैए उसके बाद उसे तुरंत डॉक्टर को बुलाना चाहिए। प्रारंभिक उपचार कर देने से जीवन बचने की संभावना बढ़ जाता है। इसी प्रकार यदि दुर्घटना हो जाए तो कहीं से खून बह रहा है तो उसे साफ कपड़े से डेटाल, साबुन जो भी उपलब्ध हो उससे अंदर से बाहर के तरफ साफकरके कपड़े से दबा देना चाहिए। उससे भी न रूके तो और कपड़ा लगाकर पटटी बांध देना चाहिए। यदि बिजली गिरने की संभावना है तो पानी, पेड़, विघुत उपकरण, मोबाईल, टीवी इत्यादि से दूर रहना चाहिए। पुरा प्रयास हो कि शरीर से जमीन का अर्थिगं न मिले। संयोग से यदि कार में बैठे हो तो उसके अंदर ही रहना चाहिए, बाहर नहीं निकलना चाहिए। घर में यदि एलपीजी सिलेण्डर में आग लगे तो घबराना नहीं चाहिए। घर में कंबल को गीला करके ढक देना चाहिए। बिजली का उपकरण से सार्ट सर्किट हो तो सर्वप्रथम मेन कनेक्शन से कट आउट निकाल देना चाहिए। भूलकर भी पानी नहीं डालना है और हो सके तो उस पर रेत फेंकर बुझा देना चाहिए। अगर कोई पानी में डूब रहा है तो उसे बचाने के लिए रस्सी, लकड़ी या अन्य उपकरण को उसको पकड़ाकर बचाना चाहिए। सांप, कुत्ते के काटने पर घबराना नहीं चाहिएए लगभग 11 प्रकार के सांपो की प्रजाती होती है उसमें 2 प्रजाती के सांप ही जहरीले होते है, घबराहत से इंसान को ज्यादा नुकसान होता है। झाड़ फूक, बैगा आदि से बचना चाहिए। जहां तक हो सके रोगी को सम्बल प्रदान करना चाहिए। घबराहत से ही जहर फैलता है, जितना जल्दी हो सके उस जगह को बलड सर्कुलेशन को बांध देना चाहिए । प्रशिक्षण देने वाले राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के एसआई विकास शर्मा, हेड कांस्टेबल के मधुसुदन, आसदीप त्रिपाठी, दीपक डंगडन, कृष्ण कुमार द्वारा प्रदान किया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा यह शिविर सबके लिए उपयोगी है।

## संस्कृति विभाग के घासीदास संग्रहालय में अंकुश देवांगन का सम्मान




**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। महंत घासीदास संग्रहालय रायपुर के आर्ट गैलरी में सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉण्अंकुश देवांगन का सम्मान किया गया। वक्त खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के 47 कलाकारों की कला प्रदर्शनी में जहां अंकुश देवांगन ललित कला अकादमी नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेम्बर के रूप में शामिल हुए थे। चित्रकार डा. ध्रुव तिवारी, जितेन्द्र साहू, हुकुम वर्मा, अनंत कुमार, सुनीता वर्मा, प्रवीण कालमेघ, खैरागढ़ विश्वविद्यालय के कलाकार तथा बड़ी संख्या में कलाप्रेमी उपस्थित थे। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कलागुरू प्रो. मिश्रा की स्मृति में आयोजित यह कला प्रदर्शनी रायपुर में अपनी अमिट छाप छोड़ गया। जिसमें समीक्षकों के शोध से यह साबित हुआ है कि छत्तीसगढ़ पेन्टिंग की दृष्टि से संभावनाओं का गढ़ है। इस प्रदर्शनी में राज्य के तमाम नामचीन कलाकारों की चित्रकला और मूर्तिकला प्रदर्शित हुई। प्रदर्शनी का उद्घाटन महापौर मीनल चौबे ने किया। वहीं मुख्य वक्ता के रूप मे दिल्ली से आए आर्ट क्रिटिक राम प्रवेश पाल, वसन्त वीर उपाध्याय तथा डा अंकुश देवांगन ने सभा को संबोधित किया। इस विजुअल आर्ट एग्जीबिशन में बडोदरा गुजरात से आई डाण् तरूणा ने कार्यक्रम का सफ्ल संचालन किया। मूर्तिकार डा.अंकुश देवांगन भिलाई इस्पात संयंत्र में सेवारत है।

## सड़क सुरक्षा व नशा मुक्ति जागरुकता पर कार्यशाला

**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन श्रीशंकराचार्य महाविद्यालय जूनवानी भिलाई में किया गया जिसमें नशा मुक्ति एवं सड़क सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर तथा रोड सेफ्टी छत्तीसगढ़ के सहयोग से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया गया । जिसमें प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों सहित 200 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ नीता बाजपेई, उच्च शिक्षा विभाग, रायपुर उपस्थित रही तथा अध्यक्षता हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुल सचिव भूपेंद्र कुलदीप ने की। राज्य एन एस एस अधिकारी डॉ नीता वाजपेई ने सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति की आवश्यकता पर प्रकाश डाला उन्होंने सभी प्राध्यापकों से एवं विद्यार्थियों से आवाहन किया कि वह इस कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान का आगे विस्तार करें और जन जागरूकता लाने में सहयोग करें अध्यक्षता कर रहे कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप ने बताया कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है। विद्यार्थी उनके माध्यम से शिक्षा एवं ज्ञान प्राप्त करते हैं ,आपके माध्यम से समाज में बदलाव आ सकता है, आप सदैव समाज को देना सीखिए क्योंकि जो देता है वही बड़ा होता है महान होता है और देने वाले के प्रति ईश्वर हमेशा कृपा दृष्टि रखते हैं। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में दिनेश टांक, सहायक निदेशक (नियोजन एवं वित्त) राज्य साक्षरता मिशन एवं सड़क सुरक्षा शिक्षा, ने अपने उद्बोधन में प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को बहुत सरल सहज शब्दों में संबोधित किया । सभी श्रोता प्रभावित हुए उन्होंने संकल्प कराया कि कोई जो भी ज्ञान यहां से प्राप्त कर रहे हैं उसको समाज तक जरूर पहुंचाएं। इसके पश्चात द्वितीय वक्ता के रूप में अजय कल्याणी, कल्याणी नशामुक्ति केंद्र सुपेला भिलाई, ने अपना वक्तव्य रखा। उन्होंने नशा मुक्ति से संबंधित बहुत से महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अपने कार्यों को उन्होंने विस्तार से बताया। नशा मुक्ति केंद्र में बहुत से लोग नशे से मुक्त होने के लिए प्रयासरत रहते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ आर पी अग्रवाल पूर्व कार्यक्रम समन्वयक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय एवं विजिटिंग प्रोफेसर ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं नशामुक्ति जागरूकता बहुत आवश्यक है। विशेषकर युवाओं से आवाहन किया कि वे जिम्मेदारी के साथ समाज में इस संदेश को पहुंचाए तभी समाज में परिवर्तन आएगा। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रो जनेंद्र कुमार दीवान कार्यक्रम समन्वयक हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने प्रस्तुत किया। प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने जानकारी दी कि इस कार्यशाला के साथ विद्यार्थियो के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार सप्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ अर्चना झा, डीन डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव, निर्णायक डॉ के एस परिहार, डॉ लीना साह, डॉ मोनिका, डॉ प्रीति श्रीवास्तव, डॉ मालती साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ शिल्पा कुलकर्णी ने व धन्यवाद ज्ञापन डॉ के एस परिहार ने किया।



## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**भिलाईनगर**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। आज मंगलवार को फोरलेन में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर इसकी जांच शुरु कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खुर्सीपार आईटीआई के सामने सड़क पार कर रही महिला को भारी वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। महिला के पैर के ऊपर से वाहन गुजरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल को तत्काल शास्त्री अस्पताल सुपेला ले जाया गया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मामला खुर्सीपार थाना क्षेत्र का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान भानुप्रिया 32 के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि भानुप्रिया साहू राजनांदगांव के तुमड़ीमोड क्षेत्र की रहने वाली थी। भिलाई में उसका मायका है। वह कुछ दिन पहले की अपने बच्चों को लेकर भिलाई पहुंची थी। मंगलवार की दोपहर लगभग 12.30 बजे वह आईटीआई के सामने सड़क क्रास कर रही थी। इस दौरान भारी वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। भारी वाहन का चक्के महिला के पैरे से गुजरे जिससे उसका एक पैर अलग हो गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। आनन फानन में डायल 112 को कॉल किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायल महिला को सुपेला शास्त्री अस्पताल भेजा गया। सुपेला अस्पताल में महिला का इलाज शुरू किया गया। महिला का एक पैर से कुचल गया था। इलाज के दौरान भानुप्रिया की मौत हो गई। इस मामले में खुर्सीपार पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। भारी वाहन की तलाश की जा रही है। अज्ञात वाहन की तालाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष...

विकास की गंगा बह रही है । निरीक्षण के दौरान जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, रिंकू पांडे, कार्यपालन अभियंता राजीव बतरा, उप अभियंता सी बी केसरिया, मोहम्मद परवेज खान एवं अक्षय सिंह साथ उपस्थित थे ।

### अयोध्या में महापौर संजय...

यादव से मुलाकात कर मंदिर संबंधी विषयों पर बातचीत की। इस अवसर पर मुख्य रूप से दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा, दंतेवाड़ा जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम,मनीष सुराणा उपस्थित थे।

### भाजपा का भारतरत्न...

राजनीतिक प्रोपेगेंडा खड़ा करने में आमदा है। संविधान को लेकर भ्रामक दुष्प्रचार करके कांग्रेस बाबा साहेब द्वारा देश के लिये रचित संविधान को अपमानित कर रही है। डा. अंबेडकर के उन्नत राष्ट्र के सपने को साकार करना है और भाजपा संविधान स्वरूप चलते हुये इस दिशा में ही सतत कार्य कर रही है। संगोष्ठी को भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, सतनामी समाज जिला अध्यक्ष देवराज खूंटे व महारा समाज जिला संयोजक विनय सोना ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री नरसिंह राव व आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से छग वित्त आयोग अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी,पूर्व विधायक लच्छू राम कश्यप, बैदूराम कश्यप, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रूप सिंह मण्डावी,जिपं अध्यक्ष वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, श्रीधर ओझा, अश्विन सरडे, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, सफीरा साहू, राजपाल कसेर इत्यादि मौजूद रहे।

## निगम की टीम ने की कार्रवाई लगाया अर्थदंड



**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। ऐसी शिकायत मिल रही थी कि ओयो होटल के विभिन्न शाखाओं में साफ सफाई एवं खादय सामग्री ठीक से उपयोग नहीं किया जा रहा है। निगम भिलाई की टीम आज मौके पर निरीक्षण से पता चला ओयो होटल नेचुरल प्वाइंट द्वारा अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं लिया गया था, दुसरे के नाम पर होटल संचालित किया जा रहा था। जबकि किसी भी व्यवसाय को करने के लिए अनुज्ञप्ति लाईसेंस लेना अनिवार्य होता है। उसके उपर कार्यवाही करते हुए 15000 का अर्थदण्ड लगाया गया और उसे तत्काल नियमानुसार अनुज्ञप्ति लाईसेंस लेने के लिए निर्देशित किया गया। ओयो होटल ब्लू स्काई, कृष होटल में साफ सफाई मानक के अनुसार नहीं पाये जाने पर 6000 रूपये का चालानी कार्यवाही की गई। संबंधित को चेतावनी दी गई की जो भी सामान का उपयोग करे, वह ताजा हो। पहले से कटी हुई बासी सब्जी कई दिनो का बना हुआ पेस्ट, आटा, टमाटर, धनिया, मिर्चा, शिमला मिर्च का उपयोग बंद करें। इससे खाने वाले के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। जो भी बासी सामान मिले उसे जप्ती बनाकर डिस्पोज करवाया गया। उन्हे चेतावनी दी गई की दुबारा इस प्रकार की कमी पायी जायेगी तो निगम अधिनियम 1956 की धाराओ के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। इसी प्रकार सिंगलयूज प्लास्टिक उपयोग एवं गंदगी फैलाने वालो पर भी कार्यवाही की गई। फल ठेला, सिद्वार्थ जनरल स्टोर, कुंज बिहारी जनरल स्टोर, कनिष्का फैंसी स्टोर से 1200 रूपये का अर्थदण्ड वसूल कर रसीद प्रदान किया गया। कार्यवाही के दौरान स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, लिपिक संजय गायकवाड़, क्रिस्टोपर अर्जुन, वार्ड सुपरवाइजर अमित आदि उपस्थित रहे।

## डॉ. आम्बेडकर द्वारा रचित संविधान की अहम भूमिका



**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। कैम्प 1 तीन दर्शन मंदिर के पास मे डा. आम्बेडकर जयंती पर विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम, गायन, नृत्य, रंगोली, भाषण व खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह में पार्षद श्रीमती लक्ष्मी साहू ने कहा कि डा. आम्बेडकर ने संविधान के अनुच्छेद 340 मे पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान कर उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त किया। डा. आम्बेडकर प्रतिमा प्रबंध समिति पावरहाउस के अध्यक्ष सुनील रामटेके ने कहा कि कैम्प क्षेत्र सहित भिलाई दुर्ग व अन्य जिलो मे आम्बेडकर मिशन को आगे बढ़ाने मे सामाजिक नेता दिवंगत हरिश्चन्द्र रामटेके के योगदान को बौद्ध समाज कभी भूला नही सकता। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अनिल मेश्राम ने कहा कि भारत की श्रम नीति, अर्थ नीति, राजस्व नीति, रक्षा नीति, विदेश नीति सहित देश के पिछड़ो, दलितो, आदिवासियो और अल्पसंख्यको के समग्र विकास व वैश्विक स्तर पर भारत को प्रत्येक क्षेत्र मे स्थापित व मजबूती प्रदान कराने मे डा. आम्बेडकर द्वारा रचित संविधान का अहम योगदान है। अनिता मेश्राम ने कहा कि चन्द्रमणि बुद्ध विहार जनकल्याण विकास समिति द्वारा कैम्प क्षेत्र मे बौद्ध धम्म का प्रचार.प्रसार का कार्य किया जा रहा है। विशेष रूप से उपस्थित पटवारी संघ के महासचिव राजेश बंजारी, बालाराम कोलते, अनिल गजभिये, वर्षा बागड़े, तरुण सिंग, अमित शर्मा, सज्जाद हुसैन आदि ने भी डा आम्बेडकर के त्याग समर्पण और देश के प्रति उनके अनमोल योगदान को अतुलनीय बताया। कार्यक्रम के अंत मे विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओ को अतिथियो द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए कार्यक्रम का संचालन गौतम खोब्रागड़े ने और आभार प्रदर्शन संगीता पटेल ने किया। समारोह मे निशा खोब्रागड़े, सुरेखा शेंडे, पूर्णिमा मेश्राम भारी संख्या मे उपस्थित थे।

# विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने हेतु कृषि एवं आनुषांगिक सेक्टरों की अहम भूमिका : शहला

**कोण्डागांव,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने हेतु कृषि क्षेत्र सहित आनुशांगिक सेक्टरों की अहम भूमिका है। यह बस्तर के समग्र विकास की धुरी है। इसे मद्देनजर रखते हुए मक्का एवं मिलेट्स फसलों, दलहन-तिलहन फसल क्षेत्र विस्तार, मसाला फसलों के रकबा विस्तार के लक्ष्य को हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करें। साथ ही बस्तर में जैविक खेती की अपार संभावनाओं को देखते हुए जैविक खेती को ज्यादा प्रोत्साहित करने सहित यहां की अनुकूल वातावरण के मद्देनजर कॉफी एवं ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा दिया जाए। वहीं पशुपालन और मत्स्यपालन एवं झींगापालन के लिए व्यापक स्तर पर पहल किया जाए। उक्त निर्देश कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने कोंडागांव में आयोजित संभाग स्तरीय रबी समीक्षा सहित खरीफ 2025 की तैयारी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। उन्होंने खरीफ 2025 के कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर बल देते हुए नियमित तौर पर समीक्षा किए जाने के निर्देश कलेक्टर्स तथा अन्य अधिकारियों को दिए। कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने बस्तर के किसानों की बीज की मांग को स्थानीय स्तर पर पूर्ति करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर बीज उत्पादन कार्यक्रम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के कृषकों सहित महिला कृषकों को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए कहा कि इन वर्गों के किसानों को बीज प्रमाणीकरण पंजीयन शुल्क से छूट प्राप्त है, इसलिए बीज उत्पादन कार्यक्रम से उक्त वर्ग के किसानों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने पहल करें। इन्हें बीज एवं अन्य आदान सामग्री की उपलब्धता सहित प्रशिक्षण से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने खरीफ फसल सीजन में धान के रकबा में कमी लाने के लिए निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने हेतु कार्ययोजना के अनुसार कोदो-कुटकी एवं रागी मिलेट्स सहित दलहन-तिलहन फसलों की खेती को बढ़ावा देने कहा। इस दिशा में मक्का की खेती को विशेष तौर पर प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए।

**जैविक खेती को प्रोत्साहन देने पर बल**

कृषि उत्पादन आयुक्त ने बस्तर में जैविक खेती की अपार सम्भावनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि यहां की भूमि की उर्वरता और वातावरण जैविक खेती के लिए काफी अनुकूल है। इसलिए अधिकाधिक किसानों को जैविक



खेती करने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें हरसम्भव मदद सुलभ कराया जाए। उन्होंने नेशनल मिशन आन नेचुरल फार्मिंग के लिए भी बस्तर को उपयुक्त निरूपित करते हुए इस दिशा में तैयार कार्ययोजना का कारगर कार्यान्वयन किए जाने के निर्देश दिए। कृषि उत्पादन आयुक्त ने 10 वर्ष के भीतर की विभिन्न किस्मों के रकबा विस्तार के लिए भी प्राथमिकता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

**बस्तर बनेगा पाम ऑयल हब**

कृषि उत्पादन आयुक्त ने नेशनल मिशन आन एडिबले ऑयल की कार्ययोजना को व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन करने पर बल देते हुए कहा कि बस्तर के उच्चहन भूमि तथा अनुकूल जलवायु ऑयल पाम की खेती के लिए काफी मुनासिब है। किसान ऑयल पाम की खेती के साथ पामा रोजा एवं लेमनग्रास की इंटर क्रॉपिंग भी कर सकते हैं। साथ ही साग-सब्जी की खेती को भी प्रोत्साहित किया जा सकता है। अतएव भविष्य में खाद्य तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बस्तर में ऑयल पाम की खेती को प्रोत्साहन दिया जाए। इस दिशा में कलस्टर बनाकर किसानों का चयन करने सहित उन्हें हरेक सहायता सुलभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि बस्तर में ऑयल पाम के पर्याप्त उत्पादन के पश्चात पाम ऑयल तैयार करने के लिए प्रसंस्करण केन्द्र की स्थापना भी प्रस्तावित है।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने खरीफ 2025 के कार्ययोजना के अनुसार किसानों की मांग के अनुरूप बीज-खाद और फसल ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीज-खाद का लक्ष्य के अनुरूप भंडारण एवं वितरण किया जाए। खाद-बीज के गुण नियंत्रण के लिए नियमित तौर पर निरीक्षण करने सहित जांच एवं कार्यवाही अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को खाद-बीज और फसल ऋण सुलभता की नियमित तौर पर समीक्षा करने सहित किसान क्रेडिट कार्ड में अद्यतन प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही पशुपालन, कुक्कुटपालन, सूकरपालन, बकरापालन सहित मत्स्यपालन और उद्यानिकी फसलों की खेती इत्यादि आनुषांगिक सेक्टरों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। बैठक में बस्तर संभाग के अंतर्गत किसानों को लघु सिंचाई साधन की उपलब्धता हेतु प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, किसान समृद्धि योजना, सौर सुजला योजना के क्रियान्वयन तथा सिंचाई पम्पों के विद्युतीकरण की भी समीक्षा की गई।

# हाईवा की टक्कर से कार में सवार ज्वेलर्स की हुई मौत, दूसरा गंभीर



**कोण्डागांव,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मंगलवार की दोपहर में हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं अन्य को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में ईलाज हेतु भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक दुर्घटना के दौरान बलेनो कार में सवार कोंडागांव निवासियों में से कार चला रहे ज्वेलर्स रोशन कोटड़िया 45 वर्ष की मौत हो गई, वहीं शेषमल सुराणा 57 वर्ष गम्भीर रुप से घायल हुए, घायल को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। घायल का उपचार जारी है।

दुर्घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार लौह अयस्क से भरी हाइवा सीजी 04 पीसी 9490 रायपुर की ओर जा रहे होने के दौरान जैसे ही कोण्डागांव से लगभग 13 किलोमीटर दूर ग्राम कोसागांव जाने वाले तिराहे पर पहुंची, वैसे ही ग्राम कोसागांव की ओर से आने वाली सड़क से दुपहिया चालक मुख्य मार्ग रा.रा.30 पर आ निकला, दुपहिया को बचाने के लिए हाईवा चालक ने ब्रेक लगाने की बजाए अपने वाहन को सड़क की दूसरी ओर (रांग साईड) ले गया और कांकेर से कोंडागांव की ओर आ रही बलेनो कार सीजी 27 एन 2733 को टक्कर मार दिया। हाईवा चालक की लापरवाही के कारण कार के साथ हुई जोरदार टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए तथा इस हादसे में कोण्डागांव निवासी ज्वैलर्स रोषन कोटरिया की मौत हो गई और नगर के कपड़ा कारोबारी शेषमल सुराणा 57 वर्ष गम्भीर रुप से घायल हुए। घटना के तुरंत बाद हाईवा चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने हाईवा वाहन को जप्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।

सड़क दुर्घटना में मिलनसार व प्रतिष्ठित ज्वैलर्स रोषन कोटरिया की मौत होने से मृतक के परिजनों सहित नगर में शोक का माहौल है।

# बफना गांव के ग्रामीणों ने चर्च निर्माण के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**कोण्डागांव,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव कार्यालय में 21 अप्रैल को पहुंचकर बफना गांव के ग्रामीणजनों द्वारा चर्च निर्माण के विरोध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया है।

सौंपे गए ज्ञापन में बफना में निर्माणाधीन चर्च निर्माण कार्य पर रोक लगाने के विषय पर लेख किया है कि ग्राम पंचायत बफना मरारपारा में ईसाई धर्म में मतांतरित (फोहडू सोरी पिता झगडू ग्राम बफना जाति मुरिया, लाल पिता मिनराम सोरी ग्राम बफना जाति मुरिया) व्यक्तियों के द्वारा चर्च बनाया जा रहा है। इन व्यक्तियों के द्वारा गांव के रुढ़ीजन्य पारम्परिक व्यवस्था को नहीं माना जाता है, साथ ही विरोध भी करते हैं। उनके घरों में आये दिन कोई ना कोई संदिग्ध लोगों का आना जाना लगा रहता है। ऐसी परिस्थिति में यदि चर्च का निर्माण किया जाता है, तो गांव की सामाजिक सद्भावना बिगड़ सकती है। इसलिए निर्माणाधीन चर्च को तत्काल रोका जाये, शासन-प्रशासन को सूचनार्थ के बावजूद निर्माण कार्य नहीं रोका गया, तो समस्त ग्रामवासी उग्र प्रदर्शन करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। सौंपे गए ज्ञापन में सरपंच ग्राम पंचायत बफना, बैतूराम नेताम, कमलोचन नेताम, फूलचन्द मंडावी, बालसु राम नेताम, लखीराम नेताम, समलुराम नेताम, फाहडू राम, मानकू, नोहरु, रैनुराम, गोविंद आदि के हस्ताक्षर हैं।

# आरती स्पंज कंपनी को गांव में घूसने नहीं दिया

**दंतेवाड़ा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में नक्सल उन्मूलन की दिशा में सरकार की कोशिश लगातार जारी है और इसमें कामयाबी भी मिल रही है। इस बीच यह भी माना जा रहा है कि बैलाडीला की पहाड़ियों में खनन के लायक माहौल बनाने यह पूरी कवायद हो रही है।

सर्वाधिक दिलचस्प तथ्य यह भी है कि बैलाडीला के कुछ डिपोजिट की नीलामी हाल ही हुई है। इसके साथ ही लगभग 11 साल पहले लीज ले चुके आरती स्पंज कंपनी को आलनार की पहाड़ी में खनन की अनुमति नहीं मिल रही है। कथित ग्राम सभा में लीज के लिए औपचारिकता पूरी की गई थी, लेकिन ग्रामीण इसका पूरजोर विरोध कर रहे हैं। दो दिन पहले भी कंपनी के कर्मचारी और मजदूर यहां सर्वे करने पहुंचे तो ग्रामीणों ने उन्हें बैरंग लौटा दिया। उनके वाहनों को काफी देर तक रोके रखा गया। 13 नंबर डिपोजिट की नंदराज पहाड़ी के साथ-साथ आलनार की पहाड़ी की लीज आरती स्पंज कंपनी को मिली हुई है। इसे ग्रामीण तरल पहाड़ के नाम से भी जानते हैं। ग्रामीण इस लीज को निरस्त करने की मांग लगातार कर रहे हैं। पिछले वर्ष 11 नवंबर को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इसी आरती स्पंज कंपनी के विरोध में एक बड़ी रैली जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में निकाली थी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। इसके बावजूद लीज निरस्त नहीं हुई है। दो दिन पहले भी देव माईनिंग द्वारा यहां खनन करने के लिए कोशिश की गई। जनवरी में भी कंपनी के लोग यहां पहुंचे थे, लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें लौटा दिया था। गुमियापाल के आश्रित ग्राम आलनार में आरती स्पंज के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन होने वाला है, इसकी तैयारी ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। नवंबर में हुई रैली में भी 5 हजार से ज्यादा ग्रामीण दंतेवाड़ा में जुटे थे। ग्रामीणों



- लीज निरस्त करने लगातार मांग कर रहे ग्रामीण
- 11 साल पहले मिली थी लीज, अब तक सर्वे भी नहीं हुआ
- ग्राम सभा को ग्रामीण बता रहे फर्जी
- 6 महीने पहले नवंबर में भी रैली के बाद कलेक्टर को सौंपा था ज्ञापन

का कहना है कि आलनार की तरल पहाड़ी को अब से 11 साल पहले 2014 में फर्जी ग्राम सभा के जरिये आरती स्पंज कंपनी को लीज दी गई थी, इसकी जांच होनी चाहिए। बिना ग्राम सभा के यह लीज कैसे मिली, जांच का विषय है। आलनार के अलावा नंदराज की पहाड़ी को भी फर्जी ग्राम सभा के जरिये सौंप दिया गया था। 2019 में ग्रामीणों ने यहां फर्जी ग्राम सभा का आरोप लगाते हुए खनन नहीं होने दिया। आलनार में कंपनी, खनन कार्य शुरू नहीं कर पायी है। यहां पर्यावरण एनओसी एवं ग्राम सभा की गई थी, जिसे ग्रामीण फर्जी बता रहे हैं।

पिटोडमेटा नंदराज पहाड़ के खनन और गुमियापाल के आलनार के तरल पहाड़ के खनन के लिए वर्ष 2014 में ग्राम सभा की बात हो रही है। यहां 160 लोगों के फर्जी हस्ताक्षर हुए थे। इसकी जांच रिपोर्ट राज्य शासन के पास भेजी गई थी। इसके साथ ही तरलमेटा पहाड़ी के खनन के लिए आयोजित ग्राम सभा में केवल 10 लोगों की हस्ताक्षर की बात कही जा रही है। इसे भी ग्रामीण फर्जी ग्राम सभा बता रहे हैं। इसकी जांच तथा आरती स्पंज कंपनी की लीज निरस्त करने की मांग की जा रही है। कंपनी के लोगों और संबंधित ठेकेदारों को गांव में घूसने भी नहीं दिया गया। उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा की बैलाडीला के आस पास की कई खदानों की लीज हाल ही में आर्सेलर मित्तल कंपनी और दूसरी कंपनियों को मिली है। यहां खनन शुरू हो पाएगा यह कहना मुश्किल है। जब 2014 में लीज के बाद 11 साल में आरती स्पंज कंपनी खनन शुरू नहीं कर पायी तो अभी की लीज वाली कंपनी यह चुनौती कैसे दूर कर पाएगी, यह बड़ा सवाल है। नक्सल दहशत को दूर करने एक बड़ा अभियान चल रहा है, इसके बावजूद खनन की राह आसान नहीं लग रही। बैलाडीला में 1960 के दशक से एनएमडीसी माईनिंग का काम कर रही है।

# वाह री सरकार, पुरूष डॉक्टर करा रहें प्रसव : तुलिका

**दंतेवाड़ा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। अपने जिला पंचायत क्षेत्र एवं कटेकल्याण ब्लॉक मुख्यालय में औचक निरीक्षण पर पहुँची पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने जब स्वास्थ्य केंद्र की हालत देखी तो बस यही नजारा समझ आया कि सुशासन के इस कथित दौर में तो स्वास्थ्य विभाग ही वेंटिलेटर पर है। स्वास्थ्य विभाग की ऐसी हालत मानो मरीज डॉक्टर का नही, बल्कि यमराज के इंतजार में बैठा हो। इलाज करवाने की विवशता ऐसी कि प्रसव तक के लिए अस्पताल में महिला डॉक्टर का प्रबंध नही, बल्कि नर्स एवं पुरुष डॉक्टर के भरोसे प्रसव हो रहा है। बीमार पड़े मरीजों को बिस्तर तो दे दिया पर उनमें न चादर स्वच्छ हैं न तकिए, देखने पर मालूम पड़ा कि यहां तो कहीं तकियों से ही मरीजों को संक्रमण न फैल जाए। निरीक्षण के दौरान जब तुलिका कर्मा यह नजारा देख कर अस्पताल कर्मचारियों पर भड़क उठी, तो ब्लॉक मेडिकल अफसर भागते हुए पहुँचे और आश्वासन का पिटारा खोलने लगे, जिस पर जिला पंचायत सदस्य तुलिका ने दो टूक जवाब दिया कि जनता को आश्वासन नहीं बल्कि सुविधाएं चाहिए । तुलिका ने सीधा कहा कि सीएमएचओ को



बताइए कि अपने एसी कमरे में बैठ कर जिले के स्वास्थ्य विभाग का संचालन नहीं करें, बल्कि क्षेत्र में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लें।

अपने निरीक्षण के बाद तुलिका ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि यह जिले में इसी कटेकल्याण ब्लॉक का एनआरसी कक्ष जिसका बखान कर के जिला प्रशासन वाहवाही लूट रहा, पर धरातल में अलग ही नजारा है । यहां धरातल पर अगर देखे तो अस्साल में न तो

- कटेकल्याण में वेंटिलेटर पर स्वास्थ्य सेवा
- जिपं सदस्य ने किया निरीक्षण, दी चेतावनी
- एसी चेंबर में बैठकर सीएमएचओ केवल ड्यूटी बजा रहे
- सुशासन की पोल खोल रही ब्लाक मुख्यालय की व्यवस्था

कोई वार्ड बॉय न ही डॉक्टर्स पूर्णरूप से उपलब्ध हैं। मरीजों को भी एम्बुलेंस से उतर कर खुद ही बिस्तर तक जाना पड़ता है। खिड़कियों की स्थिति ऐसी है कि या तो पूरा बंद है या खुलते ही नही है । तुलिका ने सीधा कहा कि अगर ब्लॉक मुख्यालयों में स्वास्थ्य विभाग का ऐसा हाल है तो सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में क्या हाल होगा। तुलिका ने कहा अगर समय रहते इन सब खामियों को दूर नही किया गया तो वे स्वयं स्वास्थ मंत्री से जाकर सीएमएचओ को हटाने की मांग करेंगी ।

# सेवानिवृत्त संकुल प्राचार्य, प्रधान अध्यापकों को दी गई भावपूर्ण विदाई



**कोण्डागांव,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। समय का पहिया चलता रहा और एक अध्याय ने दूसरे अध्याय को सौंप दी अपनी जगह। ऐसा ही एक यादगार दिन रहा सोमवार, जब संकुल स्रोत केंद्र जामकोटपारा के प्रांगण में सेवा, समर्पण और सम्मान के भावों से सजा एक गरिमामयी विदाई सह सम्मान समारोह संपन्न हुआ। यह अवसर था उन शिक्षकों को भावभीनी विदाई देने का, जिन्होंने अपने संपूर्ण जीवन को शिक्षा के नाम समर्पित किया। संकुल प्राचार्य दिनेश शुक्ला, प्रधान अध्यापक नीलकंठ शार्दुल, श्रीमती अनिता यादव एवं जानसिंग नेताम को उनके कई वर्षों से दी गई सेवाओं के लिए नमन करते हुए संकुल परिवार ने अश्रुपूरित नेत्रों से विदाई दी। साथ ही अपने कर्मपथ पर एक नई ऊंचाई की ओर अग्रसर शिक्षिकाएं श्रीमती विद्या गनवीर, श्रीमती रामेश्वरी बघेल एवं श्रीमती भुनेश्वरी देवांगन को पदोन्नति प्राप्ति पर हार्दिक शुभकामनाओं सहित सम्मानित किया गया। इस प्रेरणादायी आयोजन को सफल बनाने में संकुल प्राचार्य शांतिलाल सलाम एवं सी.ए.सी.महावीर सलाम का कुशल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित शीतल कोर्राम एवं डॉ.सी.के.हिरवानी ने अपने विचारों से सभा को संबोधित किया और शिक्षकों की भूमिका को समाज का आधार स्तंभ बताया। इस समारोह की आत्मियता उस समय और गहराई जब सेवानिवृत्त शिक्षकों के परिजनों ने अपनी उपस्थिति से आयोजन को और भी भावनात्मक बना दिया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी षिक्षक-षिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### हितग्राहियों के खाते में मार्च तक का पेंशन

**दंतेवाड़ा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। कार्यालय समाज कल्याण विभाग से जारी विज्ञप्ति अनुसार सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत समाज कल्याण विभाग से संचालित पेंशन योजना जैसे-सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा योजना, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के तहत लाभान्वित हो रहे हितग्राहियों को माह मार्च 2025 तक की पेंशन राशि का भुगतान डी.बी.टी. के माध्यम से कर दी गई है। इस संबंध में सर्व हितग्राहियों को सूचित किया गया है कि पेंशन भुगतान संबंधी किसी भी प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिए पेंशन शाखा के मोबाईल नम्बर 9165860623 में संपर्क कर सकते हैं।

# पोषण पखवाड़ा में बिहान की महिलाओं ने निभाई सक्रिय भागीदारी



**कोण्डागांव,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। पोषण अभियान के अंतर्गत च्पोषण पखवाड़ा 2025ज्ज का आयोजन पूरे जिले भर में किया गया, जिसमें व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से लोगों को जागरूक किया गया। इस अभियान में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के निर्देशानुसार और एनआरएलएम केडीएमएम विनय सिंह के मार्गदर्शन में जिले भर के बिहान अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। इसी क्रम में केशकाल ब्लॉक अंतर्गत आकांक्षा महिला संकुल संगठन धनोरा के पोषण सखी कैडर अपने अपने ग्राम पंचायत के आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ पोषण पखवाड़ा अभियान में शामिल होकर विभिन्न गतिविधि आयोजित कर लोगों को सुपोषण के महत्व प्रति लोगों को जागरूक किया।

# पहुंच वाले शिक्षक मजे में, भुगत रहें ईमानदार

**दंतेवाड़ा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। पदोन्नति आदेश में संशोधन कराने वाले शिक्षक अपने पसंद के स्कूल में पदस्थ है। इस मनमानी के कारण अंदरूनी गाँव के स्कूलों में शिक्षक की कमी है या एकल शिक्षक के भरोसे है। यही कारण है कि आज युक्तियक्तकरण की नौबत आ गई है। पंचायत संवर्ग के शिक्षकों का 2018 में शिक्षा विभाग में संविलियन उपरांत पहली बार 2022 में शिक्षक एल बी को मीडिल स्कूल प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति दी गई। वही सहायक शिक्षकों का शिक्षक एल बी में प्रमोशन हो गया। इस प्रक्रिया से सरकार गाँव-देहात के स्कूलों में रिक्त पदों की पूर्ति करना चाहती थी। साथ ही अध्यापन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मंशा रही। लेकिन ऐसा हुआ नहीं बल्कि समस्या पहले से अधिक विकराल हो गई। इसका कारण यह रहा कि राजनीतिक पहुँच और पैसे के दम पर तकरीबन 450 शिक्षक पदोन्नति आदेश में संशोधन कराकर अपने पसंद के स्कूल में पोस्टिंग करवा लिया। बड़े पैमाने पर भष्टाचार उजागर होने के बाद तत्कालीन कांग्रेस सरकार की काफी फजीहत हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए संशोधन कराने वाले सभी शिक्षकों को मूल संस्था में भेजने का निर्णय लिया। 4 सितम्बर 2023 को छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर से उक्ताशय का आदेश जारी किया गया। इसके तहत संयुक्त संचालक बस्तर की ओर से समस्त डीईओ को आदेश क्रमांक 1919 दिनांक 5 सितम्बर 2023 को आदेश जारी कर संशोधित कराने वाले सभी शिक्षकों को मूल संस्था के लिए रिलीव करने का निर्देश दिया। बीजापुर जिला शिक्षा अधिकारी ने 56 शिक्षकों को सितम्बर 2023 में ही तत्काल भारमुक्त कर दिया। इसी तरह दंतेवाड़ा से तकरीबन 63 और सुकमा जिले से 61 शिक्षकों को मूल संस्था भेजा गया। नारायणपुर, कोण्डागांव, बस्तर और कांकेर जिले में भी मूल संस्था में भेजा गया। आदेश के बावजूद किसी ने ज्वाइन नहीं किया। दो महीने तक संबंधित शिक्षकों का वेतन अवरूद्ध रहा। इसी बीच विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस की हार हो गई। भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार से पदोन्नति आदेश में संशोधन कराने वाले शिक्षकों को अभयदान मिल गया। आज इसका दुष्परिणाम है कि गाँव गाँव-देहात के स्कूलों में शिक्षकों की कमी है और शहरों में अनुपात से ज्यादा हैं। इसलिए सरकार को शिक्षकों का युक्तियक्तकरण करना पड़ रहा है। संशोधन कराने वाले ज्यादातर शिक्षक आश्रम-छात्रावास में अधीक्षक थे। पदोन्नति के बाद अन्य जगह पोस्टिंग से इस पद को छोड़ने की नौबत आ गई थी। इसलिए अधीक्षक पद को बरकरार रखने और उच्च पद का वेतन पाने आदेश में संशोधन कराया गया। कांग्रेस सरकार ने अपने शासनकाल के अंतिम समय में ही सही संशोधन कराने वाले शिक्षकों को मूल संस्था में भेजने का सही निर्णय लिया था। केवल राजनीति के लिए ही भाजपा सरकार ने इस पर अमल नही किया, जबकि इस पार्टी के नेता हमेशा सुशासन और सुचिता की बात करते हैं। संशोधन कराने वाले शिक्षकों के खिलाफ एक्शन नहीं लेने से उनके हौसले बुलंद है। वहीं ईमानदारी से डयूटी करने वाले शिक्षक निराश हैं। भाजपा सरकार तत्कालीन संयुक्त संचालकों के खिलाफ जांच का दिखावा कर रही है। इनके खिलाफ गवाही के लिए उन्हें बुलाया जा रहा है जो संशोधन आदेश के लाभार्थी हैं।

- पदोन्नति आदेश में संशोधन के बाद बिगड़ी व्यवस्था
- अंदरूनी गांव में शिक्षकों की कमी, शहरों में जरूरत से ज्यादा
- राजनीति का अखाड़ा बना शिक्षा विभाग

# नवपदस्थ कलेक्टर ने बैठक लेकर जिले की विभिन्न गतिविधियों की ली जानकारी



**कोण्डागांव,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। नवपदस्थ कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने 21 अप्रैल को कोण्डागांव जिले में कार्यभार ग्रहण के पश्चात् जिला कार्यालय के सभा कक्ष में अधिकारियों की एक परिचयात्मक बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने जिले के विकास कार्यों तथा विभिन्न गतिविधियों की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त किया। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से उन्होंने व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया और उनके कार्य के बारे में जानकारी ली। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती नुपूर राषि पन्ना ने कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारियों को एक टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

संता ने पूछा बंता से- बंता भईया जिसको सुनाई नहीं देता, उसको क्या कहते हैं ?
बंता बोला- कुछ भी कह लो भईया, जब उसे सुनाई ही नहीं देता।

## संपादकीय

### शादी समारोहों के हादसे

देश भर की ही तरह छत्तीसगढ़ में भी शादी-ब्याह का मौसम जारी है। लगभग हर रोज हर कस्बे-शहर से लेकर गांवों में विवाह समारोह हो रहे हैं। इन आयोजनों में आने-जाने वाले मेहमानों या विवाह पक्ष के वाहनों के होते हादसे अपनी जगह पर चिंता व दुख के कारण बन रहे हैं। लगभग प्रति दिन कहीं न कहीं इन वाहनों से दुर्घटनाग्रस्त होने से लोग या तो जख़्मी हो रहे हैं अथवा मारे जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण है वाहनों को क्षमता से ज्यादा सवारियों से भरना या तेज गति चलाना। कई बार शादी में काम की अधिकता से थके हुए ड्राइवरों के कारण भी हादसे हो रहे हैं। इसलिये हर तरह की सावधानियां आवश्यक हैं ताकि खुशियां मातम में न बदलें।

अंबिकापुर-वाराणसी मार्ग में सोनगरा के पास सोमवार की सुबह एक कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी। इसमें एक महिला की मृत्यु हो गयी जो सपरिवार अपने भाई की शादी में गयी थी जो भटगांव निवासी है। ब्याह अंबिकापुर में हुआ था। पति व तीन बच्चे भी घायल हो गये। बताया गया है कि ड्राइवर को झपकी आ गयी थी। ऐसे ही सरगुजा में शादी कार्यक्रम से लौटते हुए सलका-उदयपुर मार्ग पर एक ऑटो पलट गयी जो तेज रफ्तार थी। इनमें सारी महिलाएं बैठी थीं। एक महिला की मौत हो गयी। अभी इसी माह की 11 तारीख को रायगढ़ से कोरबा लौट रही बारात की एक कार खम्भे से जा टकराई जिसमें 6 लोग बैठे थे। दूल्हे की बहन गम्भीर रूप से घायल हो गयी। बताया जाता है कि ड्राइवर ने शराब पी रखी थी और वह बहुत तेज गति से कार चला रहा था।

कोरबा में ही दीपका थाने के तहत 7 अप्रैल को हुई एक कार दुर्घटना में सेंट जेवियर स्कूल के 2 शिक्षकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी तथा 2 स्टाफ सदस्य घायल हो गये। शादी से लौटती यह कार भी एक पेड़ से जा टकराई थी। उसके पहले 19 मार्च को महासमुन्द में बागबहरा के एक वैवाहिक समारोह में जाती कार की कंटेनर से भिड़ंत हो गयी जिससे 3 की तत्काल मृत्यु हो गयी और 6 गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। पिछले वर्ष 6 दिसम्बर को सूरजपुर में ही टायर फटने से एक एसयूवी पलट गयी जिससे 3 लोगों की मौत हो गयी और कई घायल हुए थे। ये सारे लोग अंबिकापुर में आयोजित एक विवाह कार्यक्रम खत्म होने पर मनेन्द्रगढ़ लौट रहे थे।

विवाह समारोहों के बाद लौटते वक्त होने वाली दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण ड्राइवरों की थकान या नशाखोरी भी होती है। साथ ही, शादी का उत्साह कुछ यूं रहता है कि वाहनों को तेज गति से चलाया जाता है। अक्सर नींद पूरी न होने या शराब के नशे में हादसे होते हैं।

# गर्मी का प्रकोप, राजधानी सबसे गर्म

## कई जिलों में लू की चेतावनी जारी





**रायपुर**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। गर्मी के तेवर लगातार तीखे होते जा रहे हैं और तापमान सारे रिकॉर्ड तोड़ रहा है। प्रदेश की राजधानी रायपुर में तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो अब तक का सर्वाधिक तापमान है। वहीं जगदलपुर में न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में तापमान में 1 से 2 डिग्री की और वृद्धि की संभावना जताई है।

**जिले में कितना दर्ज हुआ तापमान**

छत्तीसगढ़ में 21 अप्रैल 2025 को शाम 5:30 बजे तक विभिन्न जिलों में अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जिसमें सबसे अधिक तापमान रायपुर में 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसके बाद बिलासपुर में 43.4 डिग्री, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 42.7 डिग्री, दुर्ग में 42.6 डिग्री, बेमेतरा में 42.3 डिग्री, और रायगढ़ में 42 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

वहीं, मुंगेली में तापमान 41.9 डिग्री, सूरजपुर और सरगुजा में 40.8 डिग्री, कोरिया में 39.7 डिग्री, कांकेर में 38.5 डिग्री, दंतेवाड़ा में 38 डिग्री और बस्तर में 37.8 डिग्री रहा। बस्तर में तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि रायगढ़ में 1.3 डिग्री की वृद्धि हुई। रायपुर में तापमान में 0.8 डिग्री, बिलासपुर में 0.4 डिग्री, और गौरेला-पेंड्रा में 0.2 डिग्री का इज़ाफा देखा गया।

**लू का अलर्ट जारी**

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अगले चार दिनों तक उत्तरी छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर लू चल सकती है। साथ ही, 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में भीषण गर्म हवाएं चलने की संभावना है।

**इन जिलों में जारी की गई है हीटवेव की चेतावनी**-अगले 24 घंटों के लिए प्रदेश के कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बिलासपुर, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सकती, जांजगीर-चाम्पा, रायपुर, बलौदाबाजार और बेमेतरा जिलों में एक-दो स्थानों पर लू की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। वहीं अगले 48 घंटों के लिए बिलासपुर, कोरबा, रायपुर, बलौदाबाजार, मुंगेली, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और कांकेर जिलों में भी लू चलने की संभावना जताई गई है।

**हल्की बारिश से भी नहीं मिली राहत**

हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई है, लेकिन वह गर्मी से राहत दिलाने में असफल रही। भानपुरी में 2 सेमी और तोकापाल में 1 सेमी बारिश दर्ज की गई।

## लंबी छुट्टी पर जा रही हैं आबकारी सचिव आर संगीता

**रायपुर**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। आबकारी सचिव आर। संगीता चार महीने की लंबी छुट्टी पर जा रही हैं। उनकी अनुपस्थिति में आबकारी सचिव का अतिरिक्त प्रभार आईएएस मुकेश बंसल को



- आईएएस मुकेश बंसल को मिली अतिरिक्त जिम्मेदारी

सौंपा गया है। वहीं श्याम धावड़े आबकारी आयुक्त का कार्यभार संभालेंगे।

लंबी छुट्टी पर जाने से पहले आर। संगीता ने आज दोपहर नया रायपुर स्थित जीएसटी भवन के सभागार में बुलाई, जिसमें सभी शराब कंपनियों के प्रतिनिधि और आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में आबकारी से जुड़ी नीतियों, लंबित मुद्दों और आगे की रणनीतियों पर चर्चा की गई। माना जा रहा है कि संगीता ने अपनी छुट्टी से पहले विभाग को जरूरी दिशा-निर्देश देने के उद्देश्य से यह बैठक बुलाई थी।

## मुंबई में टेक्सटाइल और स्टील उद्योग के राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सीएम विष्णुदेव साय होंगे शामिल

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 23 और 24 अप्रैल को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आयोजित वस्त्र एवं इस्पात उद्योग के दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आयोजनों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय इन अवसरों पर राज्य की नई औद्योगिक नीति, निवेश की संभावनाएँ और अधोसंरचना विकास के विजन को देशभर के उद्योगपतियों एवं नीति निर्माताओं के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। ये आयोजन मुंबई के गोरेगांव स्थित बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर में होंगे।

**पहला दिन- टेक्सटाइल सेक्टर के निवेशकों से संवाद : 23 अप्रैल**

मुख्यमंत्री श्री साय 23 अप्रैल को CMAI Fab Show में भाग लेंगे, जिसे क्लोथिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया है। यह शो देश के वस्त्र उद्योग से जुड़े दिग्गजों का प्रमुख प्लेटफॉर्म है, जहाँ उत्पादन, निर्यात और ब्रांडिंग से जुड़े प्रतिष्ठित प्रतिनिधि शामिल होते हैं। मुख्यमंत्री इस मंच से छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति में वस्त्र उद्योग के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाओं, प्रोत्साहनों और निवेश के अवसरों की जानकारी साझा करेंगे। इस दौरान कुछ प्रमुख कंपनियों के साथ निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर की भी संभावना है।



**दूसरा दिन- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में होगा छत्तीसगढ़ का प्रस्तुतीकरण : 24 अप्रैल**

मुख्यमंत्री श्री साय 24 अप्रैल को इंडिया स्टील 2025 के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति के तहत इस्पात उद्योग के लिए विकसित अधोसंरचना, नवाचार, और दीर्घकालिक योजनाओं पर प्रकाश डालेंगे। इसी दिन छत्तीसगढ़ राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन भी होगा, जिसमें मुख्यमंत्री संभावित निवेशकों के साथ सीधी बातचीत करेंगे। इस बैठक में औद्योगिक क्लस्टर्स, लॉजिस्टिक सपोर्ट, सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम, और अनुकूल श्रमिक नीति जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

**राज्य पवेलियन में झलकेगा नया छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री साय छत्तीसगढ़ स्टेट पवेलियन का भी भ्रमण करेंगे, जहाँ राज्य की औद्योगिक अधोसंरचना, नीतिगत प्रोत्साहन, और निवेश के बहुआयामी अवसरों की जानकारी मिलेगी। यह पवेलियन निवेशकों को छत्तीसगढ़ की ओर आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**मीडिया से संवाद : बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर में**

मुख्यमंत्री श्री साय 23 और 24 अप्रैल को दोपहर 1 बजे बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर में मीडिया से संवाद करेंगे। वे इस दौरे के प्रमुख उद्देश्यों, राज्य की नई औद्योगिक नीति की विशेषताओं और निवेश को आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा करेंगे।

# कांग्रेस चलाएगी 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान

**रायपुर**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आज राजीव भवन में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि एआईसीसी के निर्देशानुसार प्रदेश में भी 25 अप्रैल से 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान शुरू किया जायेगा। 25 अप्रैल को दुर्ग जिले से संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी।



- प्रदेश स्तरीय रैली, जिला स्तरीय, विधानसभा स्तरीय रैली के साथ घर-घर चलेगा अभियान

बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिव जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, शामिल रहे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 25 अप्रैल को दुर्ग जिले में संविधान बचाओ रैली के साथ प्रदेश के सभी जिलों में 3 से 10 मई तक संविधान बचाओ रैलियां निकाली जायेगी। 11 से 17 मई तक प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकलेगी तथा 20 से 30 मई तक कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान को घर-घर लेकर जायेगी। उन्होंने कहा कि संविधान बचाओ अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है। यह अभियान आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा, जमीनी स्तर की चिंताओं को उजागर करेगा और हमारे संविधान में निहित मूल्यों पर फिर से जोर देगा।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अभियान के माध्यम से हम संविधान की रक्षा करने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को बनाये रखने और हम भारतीय के अधिकारों, सम्मान और भविष्य के लिये लड़ने के लिये एकजुट है। हम इस देश के गरीबों को लिये अपनी लड़ाई में अडिग रहेंगे उनके अधिकारों की वकालत करेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करेंगे।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि दुर्ग जिले से संविधान बचाओ रैली प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री, विधायक एवं पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के सभी पदाधिकारी संविधान बचाओ अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह अभियान प्रदेश के एक-एक नागरिक तक ले जाने की जवाबदारी कांग्रेस के हर नेता की है।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एवं आरसी बुक में मोबाईल नंबर अपडेट कराने के नाम पर वसूली

- हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट दिल्ली में 25 रु. से 100 में बन रही, छग में 300 रूपये वसूल रहे
- वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से मिलकर की शिकायत



**रायपुर**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एवं आरसी बुक में मोबाईल नंबर अपडेट के नाम पर छत्तीसगढ़ में आम जनता से मनमाना वसूली कर रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने हमला बोला है। इस नियम-कानून के बारे में चर्चा करने के लिए आज पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू एवं पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पूर्व विधायक कुलदीप जूनेजा, महेन्द्र छाबड़ा, गिरीश दुबे, पंकज शर्मा, प्रमोद चौबे, श्रीकुमार मेनन, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, सलाम रिज़्वी, विधि विभाग के अध्यक्ष देवा देवांगन सहित वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने इन्द्रावती भवन, नया राजधानी रायपुर में ट्रांसपोर्ट कमिश्नर एस प्रकाश से मुलाकात करने पहुँचे।

पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू ने कहा कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बनाने के लिए दिल्ली जैसे राज्य में सिर्फ 25 रू. से 100 रू. के अन्दर ही लोगों से राशि ली जा रही है। जबकि वही नंबर प्लेट के लिए यहाँ 300 रूपये तक राशि वसूल रहे हैं। नंबर प्लेट के लिए निर्धारित शुल्क बाकी राज्यों से अधिक है। पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा का कहना है कि आरसी बुक में मोबाईल नंबर अपडेट नि:शुल्क होना है लेकिन इस पर भी 100 रूपये से 200 रूपये तक की राशि ली जा रही है। नंबर प्लेट बदलने की समय सीमा 15 अप्रैल 2025 अंतिम थी, जिसके पश्चात् समझाईश देना तो दूर धड़ल्ले से मनमाना चालान आम जनता से वसूल रहे हैं। विकास उपाध्याय ने जनसंख्या की दृष्टि से इसमें और दो महिने की वृद्धि करने हेतु ट्रांसपोर्ट कमिश्नर एवं सरकार से अपील की है। सभी कांग्रेसजनों ने इस नियम हेतु शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर विभिन्न स्थानों में जनजागरण शिविर के माध्यम से जागरूकता फैलाने व वहीं समस्या का निदान करने की मांग की ताकि लोगों को सुविधा हो सके और साथ ही चालान की राशि फिक्स करने की मांग की जिससे कहीं भी कोई अतिरिक्त चालान राशि नहीं वसूल सकेगा। सभी के लिए समान चालान की राशि हो सकेगी एवं जब तक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अधिकांश वाहनों में लग नहीं जाते तब तक सिर्फ नंबर प्लेट को लेकर पुलिसिया कार्यवाही नहीं किये जाने की शासन-प्रशासन से अपील की है।

# सड़कों पर 240 ई-बस उतारने तैयारी

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई की सड़कों पर 240 ई-बस उतारने की तैयारियां तेज कर दी हैं। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत राज्य में ये ई-बसें संचालित की जाएंगी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव की पहल पर शहरी आवागमन को बेहतर बनाने ई-बस सेवा के प्रभावी संचालन हेतु नगरीय प्रशासन विभाग एवं सुडा (स्रु) के अधिकारियों के क्षमता विकास के लिए आज एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। श्री साव ने ई-बस सेवा को प्रभावी रूप से लागू कर जल्द ही नागरिकों को प्रदूषणरहित बस सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसे धरातल पर उतारने केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के विशेषज्ञों और अधिकारियों ने नया रायपुर स्थित विश्राम भवन में विभिन्न सत्रों में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में राज्य के अधिकारियों को ई-बस सेवा के बेहतर संचालन के लिए तकनीकी जानकारियां प्रदान कीं।

राज्य शहरी विकास अभिकरण (स्रु) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शशांक पाण्डेय ने प्रशिक्षण में कहा कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना नगरीय यातायात में मील का पत्थर साबित होगी। इससे लोगों को सस्ती और प्रदूषणरहित यात्रा सुलभ होगी। आज के इस प्रशिक्षण में ई-बस सेवा के संचालन के लिए तकनीकी जानकारियां दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में कुल 240 ई-बसें मुहैया कराई जा रही हैं। इनमें रायपुर के लिए 100, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 ई-बसें शामिल हैं। चारों शहरों में बस डिपो, सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए कुल 67 करोड़ 40 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। रायपुर को 27 करोड़ 23 लाख रुपए, दुर्ग-भिलाई को 17 करोड़ 75 लाख रुपए, बिलासपुर को 11 करोड़ 45 लाख रुपए तथा कोरबा को 10 करोड़ 97 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।



शहरी परिवहन संस्थान के डिप्टी टीम लीडर श्री राम पौनीकर ने प्रशिक्षण में कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण विश्व के लिए बड़ी चिंता का विषय है। पर्यावरण के प्रदूषण के लिए वाहनों से उत्सर्जित धुआं एक महत्वपूर्ण कारक है। ऐसे में ई-बस सेवा का संचालन पर्यावरण के प्रदूषण को काफी हद तक नियंत्रित कर सकता है। आईयूटी की सुश्री एकता कपूर ने प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना में छत्तीसगढ़ की भागीदारी की जानकारी दी। डब्ल्यूआरआई इंडिया के कार्यक्रम प्रमुख श्री चिंतन दफ्तरदार ने सिटी बस सेवाओं के लिए संस्थागत ढांचा एवं प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत एकीकृत निविदा और अनुबंध के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ निविदा और अनुबंध से जुड़े विभिन्न तकनीकी विषयों पर चर्चा की।

श्री दफ्तरदार ने ई-बस और सिटी बस सेवाओं की निगरानी पर कहा कि किसी भी योजना के कुशल संचालन में सेवाओं की निगरानी एवं मूल्यांकन महत्वपूर्ण बिंदु होता है। मूल्यांकन के आधार पर ही सेवाओं की गुणवत्ता के स्तर को देखा जाता है। इस सेवा में भी निगरानी एवं मूल्यांकन महत्वपूर्ण पहलू होगा। सीईएसएल के प्रतिनिधि श्री वेंकट श्रीनिवास और श्री भरत गुप्ता ने ई-बस सेवा योजना में ऑपरेटर को भुगतान, भुगतान की शर्तें, भुगतान हेतु देयक, भुगतान प्रक्रिया तथा पीएसएम प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

सुडा के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दुष्यंत कुमार रायस्त, कोरबा नगर निगम के अपर आयुक्त श्री विनय कुमार मिश्रा, अधीक्षण अभियंता श्री सुरेश बरूआ, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी श्री निशिकांत वर्मा, सुडा के उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील अग्रहरि और श्री सचित साहू, रायपुर नगर निगम के कार्यपालन अभियंता श्री प्रदीप यादव और श्री राकेश मसीह, सहायक अभियंता श्री योगेश कडु और श्री सुनील तांडे, विशेषज्ञ श्री बी.एल. चंद्राकर, उप अभियंता श्री पलाश वैद्य, बिलासपुर नगर निगम के कार्यपालन अभियंता श्री अनुपम तिवारी, सहायक अभियंता श्री निलेश पटेल, सुडा के प्रबंधक श्री सुरेन्द्र मृगा और सहायक प्रबंधक श्री देवव्रत सिंह भी प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला में शामिल हुए।

## किसानों को बेचे गए अमानक पावर वीडर की होगी जांच : कृषि मंत्री

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने उद्यानिकी विभाग में कृषि उपकरणों की खरीदी में हुए घोटाले से संबंधित समाचार को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कृषि उत्पादन आयुक्त को जांच समिति गठित कर मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने सभी पहलुओं की गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा है।



कृषि उपकरण खरीदी में घोटाले का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें किसानों को निंदाई गुड़ाई के लिए पावर वीडर उपकरण 1.26 लाख रूपए में बेचे गए जबकि चाइना मेड ऐसी मशीनें 50 हजार रुपये में मिल रही हैं। इस पावर वीडर की दर राज्य बीज निगम द्वारा तय की गई थी। वर्ष 2020-21, 21-22 और 2022-23 में तीन अलग-अलग केन्द्रीय योजनाओं के तहत 4 हजार 500 से अधिक पावर रीडर किसानों के वितरित किए गए है। इनमें 73 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ है, किसानों को वितरित किए गए पावर रीडर को केंद्र सरकार की टेस्टिंग एजेंसी की जांच में इन्हें अमानक पाया गया है।

# भाजपा की आज डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान सभा के तहत विचार गोष्ठी



**पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री प्रमाणिक होंगे मुख्य वक्ता, सांसद बृजमोहन, मंत्री टंकराम वर्मा, विधायकगण, महापौर, निगम-मंडल-आयोग के अध्यक्ष सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी रखेंगे विचार**

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में कल 23 अप्रैल को राजधानी के श्रद्धेय अटलबिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज परिसर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान सभा के तहत एक विचार गोष्ठी का आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री एवं युवा मामले व खेल मंत्री निशीथ प्रमाणिक मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहेंगे। जिसकी तैयारी को लेकर जिला कार्यालय एकात्म परिसर में बैठक आहुत की गई। यह जानकारी रायपुर शहर एवं ग्रामीण अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर एवं श्याम नारंग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

भाजपा जिलाध्यक्ष द्वय ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा, विधायकगण राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा व इंद्रकुमार साहू, महापौर मीनल चौबे, नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद और खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा भी अपने विचार रखेंगे। रायपुर शहर जिला अध्यक्ष श्री ठाकुर, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, शहर जिला महामंत्री सत्यम दुवा, ग्रामीण महामंत्री द्वय अनिल अग्रवाल व छोटेलाल सोनकर, शहर जिला उपाध्यक्ष आशु चन्द्रवंशी और ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर वर्मा ने अपराह्न 3 बजे से शुरू होने वाली सम्मान सभा व विचार गोष्ठी में समस्त पार्टी पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं और सभी प्रबुद्धजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है। उक्त बैठक में जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, महामंत्री सत्यम दुआ, प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई, अकबर अली, हरीश ठाकुर, गोपी साहू, श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती, खेमकुमार सेन, संजय तिवारी, तुषार चौपडा, जितेन्द्र गोलछा, अनिल बाघ , ननिव जैन, भगतराम हरवंश, नवीन शर्मा, संजना हियाल, सतोष हियाल, पंकज जगत, बसंत बाघ, गायत्री नौरंगे, भिमवंत निषाद, उमाशंकर साहू, मनीष कुमार नागौड़े, भोला प्रसाद साहू, मनोज जांगडे, सुधीर कुमार चौबे, आकाश तिवारी, अनिल साहू, ओमप्रकाश साहू, रामलाल साहू, शिवनारायण यादव, मेघुराम साहू, राकेश सिंह, सुनील वांद्रे, ईश्वर सिंह, भागीरथी यादव, विक्रम सिंह राजपूत, जागो दुबे, चैतन्य टावरी, दिनेश शर्मा, गज्जू साहू, नवीन सिंह, कुंवर राजयंत सिंह ध्रुव, वेद शोरी, गोपाल ठाकरे, योगेश साहू, अब्दुल नासिर खान, अर्पित सूर्यवंशी, संदीप जंघेल, विशेष शाह, दीपक शर्मा, तोषण साहू, गोविंदा गुप्ता,. स्वपनिल मिश्रा, सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा के अध्यक्ष एवं पार्षदगण उपस्थित रहे।

## पानी की भारी किल्लत

# अवैध कनेक्शन और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही बनी परेशानी का सबब

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद अभनपुर के 15 वार्डों में इन दिनों पानी की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। स्थिति यह है कि पर्याप्त पाइपलाइन और जल आपूर्ति के बावजूद बड़ी संख्या में नागरिक पानी से वंचित हैं। नगर पालिका क्षेत्र में दो प्रमुख जल आपूर्ति लाइनें ड्ड बिरोदा और दुलना ड्ड के माध्यम से पानी आता है। बिरोदा लाइन से वार्ड 1 से चेतन तक के लिए जल आपूर्ति होती है, जबकि दुलना लाइन से बाकी 9 वार्डों की जरूरतें पूरी की जाती हैं। बावजूद इसके, नागरिकों को रोजाना पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।



सबसे चिंताजनक बात यह है कि टैक्स चुकाने वाले नागरिकों को भी पानी नहीं मिल रहा है, जबकि टैक्स न चुकाने वालों को अवैध कनेक्शनों के जरिए जल आपूर्ति हो रही है। वार्ड 1 से 5 में केवल 33 लोग टैक्स अदा कर रहे हैं, वहीं वार्ड 6 में 57 और वार्ड 7 से 15 तक टैक्स देने वालों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है।

**अवैध कनेक्शन बने समस्या की जड़**

सीएमओ राजेश तिवारी ने खुद माना है कि अभनपुर में पानी की समस्या मुख्यत: अवैध नल कनेक्शन के कारण है, जिनमें कुछ जनप्रतिनिधियों की संलिप्तता भी सामने आ रही है। अवैध कनेक्शन इनपुट लाइन से सीधे जोड़ दिए गए हैं, जिससे टंकी तक पानी ही नहीं पहुंच पा रहा। जब टंकी में पानी नहीं पहुंचेगा तो बाकी क्षेत्र में पानी वितरण संभव नहीं हो पाएगा।

**जनप्रतिनिधियों का आरोप और चेतावनी**

वार्ड 5 और 6 के पार्षदों ने भी इस मुद्दे को गंभीर बताया है। वार्ड 5 के पार्षद ने बताया कि उनके क्षेत्र में एक माह पहले नाली की सफाई तो हुई, लेकिन अब तक कचरा उठा नहीं गया है। वहीं वार्ड 6 के पार्षद ने पानी संकट के लिए सीधे तौर पर सीएमओ को जिम्मेदार ठहराया है।

**कार्रवाई का भरोसा, लेकिन सवाल कायम**

सीएमओ राजेश तिवारी ने कहा कि एक टीम का गठन कर जांच शुरू कर दी गई है। शिकायतों के आधार पर कुछ स्थानों पर कार्रवाई की जा चुकी है और आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि सवाल यह उठता है कि जब तक जनप्रतिनिधि और पालिका कर्मचारी खुद अवैध कनेक्शन में लिप्त रहेंगे, तब तक यह समस्या कैसे सुलझेगी?

# राजधानी में डेंटिस्ट्री में डिजिटलाइजेशन पर सेमिनार

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। इंडियन डेंटल एसोसिएशन (ढ्ढष्ठ) रायपुर शाखा के तत्वावधान में होटल बाबिलोन कैपिटल में डेंटिस्ट्री में डिजिटलाइजेशन विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के ख्यातिप्राप्त दंत चिकित्सक डॉ. मयंक दोशी एवं डॉ. अंशुल बर्डिया ने अपने विशेषज्ञ व्याख्यान दिए और दंत चिकित्सा में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग, उनके लाभ, चुनौतियाँ और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस स्पेशल सेमिनार में रायपुर ही नहीं, बल्कि प्रदेशभर से बड़ी संख्या में दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को डिजिटल डेंटल तकनीकों जैसे 3ष्ठ प्रिंटिंग, डिजिटल स्कैनिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इत्यादि के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई।



**छत्तीसगढ़ राज्य दंत सम्मेलन 2025 का किया गया ऐलान**

सेमीनार के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य दंत सम्मेलन 2025 का औपचारिक ऐलान किया गया, जिसका आगामी सितंबर माह में आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सम्मेलन के ब्रॉशर का विमोचन किया गया और आयोजन समितियों व मुख्य वक्ताओं के नामों की भी घोषणा की गई। इस आयोजन में ढ्ढष्ठ रायपुर शाखा के अध्यक्ष डॉ. आशीष अग्रवाल, सचिव डॉ. अभिनव शितूत, छत्तीसगढ़ शाखा के सचिव डॉ. विवेक लाठ, वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. नवीन बाफना, डॉ. दीपक राठौड़, डॉ. नीरज चंद्राकर, डॉ. शाहिद खान, डॉ. आभाष शुक्ला, डॉ. सोपान सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। गैरतलब है कि इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. सी. किरन, डॉ. लोकेश आडवानी और डॉ. सिराज खान द्वारा किया गया। संचालन डॉ. गणेंद्र ने पूर्ण उत्साह और उत्कृष्टता के साथ किया। सेमिनार ने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों के प्रति नई जागरूकता और ऊर्जा का संचार किया।

# बाल श्रम के विरुद्ध कड़ा एक्शन

**डॉ. वर्णिका शर्मा ने दिए प्रदेशव्यापी छापेमारी अभियान के निर्देश**

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने अपने कार्यभार ग्रहण के दूसरे ही दिन बाल श्रम की रोकथाम को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए प्रदेशभर में व्यापक छापेमारी अभियान के निर्देश जारी किए हैं। डॉ. शर्मा ने श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों को आठ बिंदुओं पर आधारित सुनियोजित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल श्रम का उन्मूलन एक दिवस की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक सतत अभियान है, जिसे निरंतरता से संचालित किया जाना चाहिए।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के बाल अधिकारों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध दृष्टिकोण के अनुरूप, यह पहल राज्य में बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में निर्णायक कदम के रूप में देखी जा रही है। डॉ. शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि अप्रैल 2025 से प्रारंभ होकर प्रत्येक तीन माह में सात दिवसीय प्रदेशव्यापी छापामारी अभियान चलाया जाए। इस कार्यवाही में जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस प्रशासन और संबंधित थाना क्षेत्रों की भागीदारी से विशेष दलों का गठन किया जाएगा। अभियान के दौरान पाए गए बाल श्रमिकों को तत्काल आवश्यकतानुसार बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इन कार्यवाहियों के दौरान राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जारी मानक संचालन प्रक्रियाओं (स्ह्रक्क्र) का पूरी तरह पालन किया जाए। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस (12 जून 2025) को सार्थक बनाते हुए, प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर के समक्ष श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। आम नागरिकों की सहभागिता को बढ़ाने के लिए, डॉ. शर्मा ने श्रम विभाग के अंतर्गत टोल फ्री नंबर की स्थापना और उसके सक्रिय संचालन की अनुशंसा की है, जिससे बाल श्रम संबंधी सूचनाएं त्वरित रूप से प्राप्त की जा सकें।

बाल श्रम के मूल कारणों को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि बचाए गए बालकों के परिवारों को तत्काल रोजगार उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए जिला कलेक्टोरेट स्तर पर 'एकल खिड़की व्यवस्था' स्थापित करने की सिफारिश की गई है, जिससे प्रभावित परिवारों को समुचित और त्वरित सहायता दी जा सके। डॉ. शर्मा के यह निर्देश मुख्यमंत्री साय एवं मंत्री श्रीमती राजवाड़े की मंशा के अनुरूप बाल अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक प्रभावी और दूरदर्शी कदम माने जा रहे हैं।

## आतंकी हमले की आप पार्टी ने निंदा की

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहल गांव में वैष्णो देवी के दर्शनार्थ जाने वाले श्रद्धालुओं पर आतंकवादी हमले में अनेक लोग शहीद हो गए। सैकड़ो लोग गंभीर रूप से घायल है। आम आदमी पार्टी के नेता विजय कुमार झा ने कहा है कि आप पार्टी ने आतंकी हमले की निंदा की है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ संदीप पाठक एवं प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने इस कायरता पूर्ण हमले की निंदा की है। श्री झा ने रायपुर के व्यापारी के गंभीर रूप से घायल होने पर चिंता व्यक्त की है तथा बोली के बजाय गोली का प्रयोग इस देश का संविधान अनुमति नहीं देता है। इस बर्बरता पूर्ण घटना की पुनरावृत्ति न हो यह प्रधानमंत्री व गृहमंत्री से मांग की गई है।

## पत्रिका पेंशनर्स चिंतक का का लोकार्पण 26 को

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के संयोजन में प्रदेश के पेंशनरों की बैठक शनिवार 26 अप्रैल को कलेक्टोरेट परिसर में स्थित पेंशनर सभा कक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने कहा कि इस अवसर पर पेंशनरों की एक मात्र पत्रिका 'पेंशनर्स चिंतक' का रजत जयंती अंक का लोकार्पण सुप्रसिद्ध साहित्यकार, व्यंगकार, डॉ. महेन्द्र ठाकुर के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में यशवंत देवान प्रांताध्यक्ष पेंशनर एसोसियेशन छ.ग. एवं जिला प्रमुख वीरेन्द्र कुमार नाग धमतरी विशेष अतिथि होंगे। श्री भारती ने आगे बताया कि इस बैठक में प्रदेश के सभी इकाईयों के अध्यक्ष / सचिव को उपस्थित रहने के लिए निवेदन किया गया है, ताकि उन्हें 'पेंशनर्स चिंतक' रजत जयंती अंक प्रदान किया जाएगा। राज्य शासन ने अब तक केन्द्र सरकार के अनुरूप 1 जुलाई 2024 से 53 प्रतिशत, 01 जनवरी 2025 से 55 प्रतिशत राहत पेंशन का आदेश जारी नहीं किया गया है जब कि प्रदेश के अधिकांश राज्यों ने आदेश जारी कर दिया है। सुशासन दिवस के अवसर पर, प्रांतीय स्तर एवं सभी इकाईयों के द्वारा पेंशनरों को वाजिब मांगों पर विचार करने के लिए पत्र लिखा जा चुका है।

# डिज़्नीलैंड मेला रावणभाठा ग्राउंड में शुरू

**रायपुर,.** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। रावणभाठा मैदान, अतर्राज्यीय बस स्टैंड के पास, भाटागांव में डॉ राजेश्री महन्त रामसुंदरदास महाराज के मुख्य आतिथ्य में डिज्नीलैंड मेला का शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर फिरोज अख्तर भी उपस्थित थे. मेले को काफी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है.



**कश्मीर सिटी बना नया आकर्षण**

ज्ञात हो कि डिज़्नीलैंड मेले में च्च्कश्मीर सिटीज्ज के नाम से एक नया और अनोखा आकर्षण जोड़ा गया है। यह विशाल डोम, जो 2000 वर्गफीट से भी अधिक क्षेत्रफल में फैला हुआ है, लोगों को कश्मीर की वादियों का जीवंत अनुभव कराता है। डोम के भीतर प्रवेश करते ही पर्यटक खुद को कश्मीर की ठंडी वादियों में महसूस करते हैं। बर्फ से ढके पहाड़, कल-कल बहते झरने, नीली नदियाँ—इन सभी को इतनी खूबसूरती से दर्शाया गया है कि दृश्य सजीव प्रतीत होते हैं। इसके अलावा, यहां पेंगुइन, सील मछली, ध्रुवीय भालू, शार्क, हिरण, भेड़िया जैसे विभिन्न जानवरों की बेहद आकर्षक प्रतिकृतियाँ भी प्रदर्शित की गई हैं, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को मंत्रमुग्ध कर देती हैं।च्च्कश्मीर सिटीज्ज निस्संदेह डिज़्नीलैंड मेले का प्रमुख आकर्षण बन चुका है, जिसे देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं।

इसके अलावा इसमें बच्चों के फन जोन का विशेष ध्यान रखा गया है. मेले में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले - स्क्रीम टॉवर, जाएंट व्हील, ब्रेक डांस झूला, कोलंबस झूला, सिलंबो झूला, डेशिंग कार और ड्रैगन झूला समेत एरो प्लेन, मिनी ट्रेन, कार झूला, मिकी माउस आदि का आनंद ले सकते हैं.

इस आयोजन में क्राफ़्ट बाजार का एक अलग ही सेक्शन है जहां देश भर के बुनकरों के हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, लाईफ स्टाईल, होम डेकोर, फर्नीचर, एसेसरीज कॉस्मेटिक व होम एप्लायंसेस की विशाल रेंज रखी गई है. आयोजन में स्वाद प्रेमियों के लिए फूड जोन भी है जिसमें स्वादिष्ट फूड के अनेक स्टॉल है. ज्ञात हो कि इस बार मेले में ख़ास तैयारी की गई है जो कि मेले के लुक में भी देखने को मिलेगा. मेले का समय रोज़ाना शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक है।

# सफाई देखने सुबह आयुक्त पहुंचे इंदिरा नगर

**हाजरी रजिस्टर की जांचकर कम उपस्थिति पर जताई नराजगी**

**राजनांदगांव,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। साफ-सफाई में गुणात्मक सुधार लाने नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन वार्डो में जाकर सफाई देख वार्ड प्रभारी, दरोगा एवं सफाई कर्मियों को सफाई में और सुधार लाने निर्देशित कर रहे है। आज उनके द्वारा कौरिनभाठा रोड़, इंदिरा नगर, नंदई क्षेत्र में साफ-सफाई का जायजा लेकर निर्धारित समय तक सभी कर्मचारियों को उपस्थित रहकर कार्य करने कहा।



इंदिरा नगर के हर गलियों की नाली की समुचित सफाई कराकर कचरा उठाने आयुक्त ने कहा। हाजरी रजिस्टर की जॉचकर उन्होने कर्मचारियों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि, कोई भी कर्मचारी बिना कारण अनुपस्थित नही रहेगें, और न ही सक्षम अधिकारी के बिना अनुमति अवकाश पर रहेगें। उन्होने कहा कि, सफाई जैसे अति आवश्यक सेवा के कार्य में कोताही बर्दास्त नही की जायेगी। नंदई में साफ-सफाई देख कर्मचारियों से चर्चा कर कहा कि, चौक-चौराहों एवं डिवाईडर के आस-पास पर्याप्त सफाई करना सुनिश्चित करें। कचरा संग्रहण स्थल से प्रतिदिन कचरा उठाकर पुरी तरह से साफकरें, जिससे आवागमन में परेशानी न हो। उन्होने नंदई एवं इंदिरा नगर नाला की भी जेसीबी के माध्यम से सफाई कराने कहा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आरोग्य अस्पताल के बाजू खाली भूमि में मेडिकल वेस्ट बिखरे देख आस-पास के सभी अस्पतालों को नोटिस जारी करने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किए। उन्होने कहा कि, सभी अस्पतालों में मेडिकल वेस्ट देने की अलग व्यवस्था है, उसके बावजूद खुले में वेस्ट फैलाना गंभीर बात है। उक्त निर्देश का कडाई से पालन किया जाये। उन्होने सी-मार्ट का निरीक्षण कर संचालक से व्यवस्था संबंधी जानकारी लेकर समान व्यवस्थित रखने के साथ-साथ पर्याप्त साफ-सफाई रखने कहा।

# गर्मी तेज स्कूल तो बंद हो गए कार्यालय में सुविधा मिले : विजय झा

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में तेज धूप के कारण सड़कों पर लू की लहरें चल रही है, सड़के सूनी हो गई है। दो दिन पूर्व बूंदाबांदी बदली के कारण तापमान कम था। अब रायपुर का तापमान 42-43 डिग्री पहुंच गया है। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने कहा है ऐसे स्थिति में सरकारी स्कूलों में तत्काल ग्रीष्म अवकाश घोषित करने का मांग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से किया था। स्कूल बंद करने का निर्णय शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री लें लिया। जो स्वागतेय है। श्री झा ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन से मांग की है कि सरकारी कार्यालय में बढ़ते गर्मी लू को देखते हुए कार्यालय में कूलर, पंखे, पानी, पेयजल की व्यवस्था युद्ध स्तर पर करनी चाहिए। अन्यथा शासकीय सेवक लू से ग्रस्त हो जाएंगे। इस प्रदेश में बड़े अधिकारी एसी में बैठते हैं अधिकारियों को ऐसी युक्त बैठक कक्ष मिलती है और कर्मचारी पंखों पर जीने के लिए मजबूर होते हैं। अनेक कार्यालय में कूलर बंद है, उनको बनाने में हजार रुपए का खर्च बताया जाता है। स्कूलों कॉलेजों कार्यालयों में ठंडा पीने, पीने की पानी का अभाव है। छोटे बच्चे लू के कारण दस्त व उल्टी से ग्रसित हो रहे थे। ऐसी स्थिति में तत्काल स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया गया है।अब कार्यालय भी कम समय के लिए संचालित किया जाना छत्तीसगढ़ के आम नागरिक अधिकारी व कर्मचारियों के लिए लाभदायक होगा?। श्री झा ने ऐसी ही स्थिति मंत्रालय संचनालय की होने की बात कहते हुए मंत्रालय संचनालय के कर्मचारियों का जीवन चिंताजनक व संकट में है। इतनी गर्मी में बसों में आना जाना व दिन भर घर से दूर मंत्रालय में रहना अनुचित प्रतीत होता है। इस विषम परिस्थिति में महिला कर्मचारी एवं बुजुर्गों की सेवा, घर परिवार की देखभाल व्यवस्था व शासकीय सेवा इस भीषण गर्मी में परेशान कर रही है।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समितिकी बैठक में बृजमोहन अग्रवाल ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर की समीक्षा

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (ष्ठढ्ढस्रू॥) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, पेयजल संकट, अधूरे निर्माण कार्य, मनरेगा, पीएम आवास, ग्रामीण कौशल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, और स्मार्ट सिटी जैसे विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।



**पेयजल संकट और जल संरक्षण पर विशेष बल**

गर्मी के मौसम को देखते हुए सांसद श्री अग्रवाल ने तालाबों के संरक्षण, नए तालाब निर्माण और वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों को 15 दिन के भीतर प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। अभनपुर, तिल्दा और आरंग समेत सभी क्षेत्रों में नए तालाबों की स्वीकृति नहीं होने पर नाराजगी जताई गई। सांसद ने हर गांव में एक कुआँ और जिले भर में 100 ट्यूबवेल खोदने का भी निर्देश दिया।

**मनरेगा में मजदूरी बकाया व काम ठप पर जताई चिंता**

धरसीवां और अन्य क्षेत्रों में मनरेगा कार्यों के ठप होने और मजदूरी बकाया की शिकायत पर सांसद ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**पीएम आवास योजना पर विशेष जोर**

पीएम आवास के अंतर्गत निर्माणाधीन मकानों में से 30 सितंबर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सांसद ने ज़मीनविहीन गरीबों को पट्टा देकर आवास उपलब्ध कराने की योजना बनाने को कहा। बीएसयूपी कॉलोनियों की बदहाली, आवासों का किराया, और पुनर्वास की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

**स्वच्छ भारत मिशन, रायपुर को टॉप 3 में लाने का लक्ष्य**

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु वार्डवार कार्य योजना, कर्मचारियों की तैनाती, ज़ोन अधिकारियों की बैठक लेकर कार्य करने के निर्देश दिए। विज्ञापनों के कारण राजधानी की बिगड़ती खूबसूरती और गैर-जरूरी पोस्टरों को रोकने की रणनीति पर चर्चा हुई। जिसमें शहर में हर जगह पोस्टर पर बैन लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है जल्द ही इसके लिए संबंधित विभाग नोटिस लाने की तैयारी में है।

**कौशल विकास और एसएचजी पर निर्णय**

महिलाओं को सशक्त करने के लिए गांव-गांव जाकर स्व-सहायता समूह एसएचजी गठन को प्रेरित करने और लंबित पंजीकरणों को तुरंत स्वीकृति देने के निर्देश दिए। 10 गांवों में एक सिलाई और कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसे कौशल उन्नयन केंद्र खोलने पर जोर दिया गया।

**पर्यावरण और सौंदर्यकरण**

रायपुर का कचरा सकरी और गंदा पानी निमोरा में जाता है जिसपर स्थानीय विधायक अनुज शर्मा ने नाराजगी जताई और स्ञ्जक्क लगाने की मांग की। जिसपर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने डंपयार्ड में पौधारोपण और सौंदर्यीकरण की योजना, गंदे पानी के प्रवाह को रोकने हेतु स्ञ्जक्क लगाने के निर्देश दिए गए।

# रेल यात्रियों की समस्याओं को लेकर डीआरएम को ज्ञापन

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। 21 अप्रैल को हमारी ट्रेड यूनियन ए आई यू टी यू सी की ओर से रेल यात्रियों की समस्याओं के समाधान के लिए डी आर एम रायपुर को संबोधित ज्ञापन सीनियर डीसीएम श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी को सौंपा गया और चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल में एआईयूटीयूसी के राज्य प्रभारी कॉ विश्वजीत हारोडे एवं यूवा संगठन ए आई डी वाई ओ की रायपुर प्रभारी कॉ पूजा शर्मा उपस्थित थीं। चर्चा के पश्चात उन्होंने निम्नलिखित बातों का आश्वासन दिया। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली बहुत सारी रद्द ट्रेनों को जल्द शुरू करने का प्रयास किया जाएगा। डोंगरगढ़ से दुर्ग रायपुर रूट पर जो लोकल ट्रेन कैंसिल चल रही है उसे भी जल्द शुरू किया जाएगा। रायपुर से अभनपुर ट्रेन को राजिम व धमतरी तक बढ़ाया जाएगा। रायपुर अंतागढ़ ट्रेन लाइन को आगे बढ़ाते हुए जगदलपुर तक ले जाई जाएगी। पखांजूर क्षेत्र में रेलवे के विस्तार के लिए विचार किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के हजारों लाखों मजदूर अपनी जीविकोपार्जन के लिए देश के तमाम भागों में जाकर मजदूरी करते हैं अत: रायपुर से दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद और दक्षिण भारत जाने के लिए अधिक से अधिक जनरल कोच वाली गाड़ियां जनता एक्सप्रेस चालू किए जाने के बारे में अवश्य योजना बनाई जाएगी। ट्रेनों में जनरल कोच कम नहीं किए जाएंगे। रायपुर से अंतागढ़ मेमू को रायपुर एवं अंतागढ़ दोनों ओर से यात्रियों के लिए सुविधाजनक समय पर सुबह और शाम शुरू करने के बारे में विचार किया जाएगा। इस रूट में चलने वाली ट्रेन की नई रैक लगाई जाएगी व कोच की संख्या बढ़ाई जाएगी। सभी लोकल व पैसेंजर ट्रेनों को समय पर चलाने का प्रयास किया जाएगा। दुर्ग से इतवारी तक जाने वाली तारसा लोकल को रायपुर से भविष्य में शुरू किया जा सकता है।

# यातायात सुधार के लिए प्रशासन-जनप्रतिनिधि मिलकर करें प्रयास : बृजमोहन अग्रवाल




**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में रायपुर महापौर मीनल चौबे, विधायक सुनील सोनी, विधायक राजेश मूणत, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक इंद्र कुमार साहू, विधायक अनुज शर्मा, विधायक गुरू खुशवंत साहेब, रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, रायपुर नगर निगर आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन उपस्थित रहे।

बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यातायात रायपुर शहर की प्रमुख समस्या है। इसे सुधारने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। गत वर्षों में रायपुर शहर में वाहनों की संख्या और फ्लोटिंग पॉपुलेशन बढ़ने के कारण यातायात का दबाव बढ़ा है। इस ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए तकनीकी सुधार के साथ आमजनों को जागरूक करना होगा। सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग मिलकर कार्ययोजना बनाएं। यातायात में सुधार के लिए राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर की एजेंसी से सुझाव लेकर उसे लागू किया जाए। सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि शहर में चौक-चौराहों पर लगाए जा रहे रोटेट्री में सुधार करते हुए उनकी ऊंचाई को कम किया जाएं। उन्होंने कहा कि सीट-बेल्ट और हेलमेट पहनने के लिए वाहन चालकों को जागरूक किया जाएं।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शहर की चार प्रमुख सड़क- जीई रोड, एमजी रोड, मालवीय रोड और बलौदाबाजार रोड पर यातायात के सुधार के लिए प्रभावी रूप से काम किया जाएं। प्रमुख सड़कों के व्यापारियों के साथ बैठक करें और उन्हें दुकानों के बाहर सामान नहीं रखने की हिदायत दी जाए। साथ ही व्यापारियों को प्रत्येक 10 दुकानों पर उनके द्वारा एक निजी गार्ड की तैनाती करने का सुझाव दिया गया, जो यातायात नियंत्रण में सहयोग करें। उसके बाद जिन दुकानों के बाहर सामान रखा पाया जाता है, उसपर कड़ी कार्रवाई की जाएं।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि किसी भी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के पार्किंग स्थल पर यदि किसी ने दुकान बनाई हो तो उसे कड़ी कार्रवाई करते हुए हटाया और पार्किंग के लिए उपयोग किया जाएं। प्रमुख सड़कों पर यातायात में बाधक बनने वाले होर्डिंग, लटकने वाले पोस्टरों को हटाया जाए। शहर में मल्टीलेवल पार्किंग का उपयोग करते हुए वाहनों को रखना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या में नियंत्रण रखने के लिए उनका पंजीयन किया जाए और शुल्क लिया जाए। इसी तरह शहर के चारों ओर ट्रांसपोर्ट जोन और वेंडिंग जोन बनाने का सुझाव दिया गया। बैठक में जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के खिलाफ रायपुर में एफआईआर दर्ज

**ब्राह्मण समाज पर की थी अभद्र टिप्पणी**

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। ब्राह्मण समाज के खिलाफविवादित बयान के चलते फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप अब कानूनी मुश्किलों में घिरते नजर आ रहे हैं छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सिटी कोतवाली थाना में निर्देशक कश्यप के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है यह कार्रवाई पंडित नीलकंठ त्रिपाठी की शिकायत पर की गई है सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज को लेकर फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी इसके बाद कल हिंदू समाज से जुड़े लोगों ने कोतवाली थाना में ज्ञापन सौंपा था शिकायत के आधार पर पुलिस ने उनके खिलाफभारतीय न्याय संहिता ;बीएनएस की धारा 196 और 302 के तहत मामला दर्ज किया है

**फिल्म फुले को लेकर शुरू हुआ विवाद:** फिल्मकार अनुराग कश्यप एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं उनकी अपकमिंग फिल्म फुले जो समाज सुधारकों ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित है रिलीज से पहले ही चर्चा में आ गई है फिल्म पर जातिवाद को बढ़ावा देने के आरोप लगे हैं जिससे इसे लेकर विरोध शुरू हो गया है विवाद को और हवा तब मिली जब अनुराग कश्यप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए अपनी नाराजगी जताई इस पोस्ट में ब्राह्मण समाज को लेकर की गई उनकी टिप्पणी पर लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया दी और उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है ट्रोलिंग के बाद अनुराग कश्यप ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर माफी मांगी उन्होंने लिखाए मैं माफी मांगता हूं लेकिन अपनी पूरी पोस्ट के लिए नहीं बल्कि उस एक लाइन के लिए जो गलत तरीके से ली गई और नफरत फैलाई गई उन्होंने आगे कहा कोई भी बयान इतना अहम नहीं होता जितना आपकी बेटी परिवार दोस्त और अपने लोग होते हैं उन्हें रेप और जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं और यह सब वे लोग कर रहे हैं जो खुद को संस्कारी कहते हैं

# जम्मू आतंकी हमले में छग के लोग भी फंसे

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व पार्षद अमर बंसल ने जानकारी शेयर करते हुए बताया कि स्थिति के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है। दिनेश परिवार के साथ घूमने गए थे। वहीं बता रहे हैं कि चिरमिरी के शिवांश जैन के बेटे बहु समेत परिवार के 4 लोग आंतकवादी हमले में फंसे हैं। इसकी जानकारी खुद उनकी बहु ने फोन करके दी है। हालाकि उन्होंने खुद को सुरक्षित बताया है। बताया जा रहा है कि 4 दोस्त परिवार सहित घूमने गए हैं। फिलहाल सभी लोग पुलगांव इलाके में रुके हैं।

# मुख्यमंत्री साय ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफल छत्तीसगढ़ के सभी अभ्यर्थियों को दी बधाई



**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संघ लोक सेवा आयोग (क्कस्ष्ट) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा-2024 में सफलता प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ के सभी अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी चयनित युवाओं ने न केवल अपने परिजनों, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का गौरव बढ़ाया है। यह सफलता आपकी मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास का प्रतीक है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी युवा साथी पूरी ईमानदारी एवं तन्मयता से कार्य करते हुए जनता की सेवा करेंगे और देश-प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आज विशेष रूप से पूर्वा अग्रवाल जिन्होंने 65वां रैंक प्राप्त किया है,से दूरभाष पर संवाद कर उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने उनके दृढ़ निश्चय, कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपने राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। यह पूरे राज्य के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर समस्त युवाओं से आग्रह किया कि वे इन सफल प्रतिभाओं से प्रेरणा लें और सतत प्रयासों से अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

# साढ़े आठ लाख का फूटा चना लेकर चालक फरार



**एफआईआर दर्ज**

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में एक व्यापारी के साथ फूटा चना फ्रॉड हो गया अब इस व्यापारी ने एफआईआर दर्ज कराई है और पूरे मामले की जांच रायपुर की विधानसभा थाना पुलिस कर रही है ग्राम जरौदा थाना विधानसभा क्षेत्र में स्थित एचएंड एस फूड्स फर्म के मालिक संतोष राजपाल ने ट्रक ड्राइवर और ट्रांसपोर्टर पर 8.54 लाख रुपये मूल्य के 383 बैग फूटा चने 114.90 चिंटल लेकर फरार होने का आरोप लगाया है इस मामले में विधानसभा थाने में शिकायत दर्ज की गई है और प्रथम दृष्टया अपराध पाए जाने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है शिकायतकर्ता संतोष राजपाल ने पुलिस को बताया कि उनकी फर्म एच.एंड एस फूड्स ने 1 अप्रैल 2025 को दोपहर 4.05 बजे 383 बैग फूटा चना, जिसकी कीमत 8,54,240 रुपये थी ट्रक नंबर एचपी 63 एफ 3638 में लोडकर ओजस्व ट्रेडर्स प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश भेजा था ट्रक को ट्रांसपोर्टर एम पी रायपुर रोड कैरियर कबीर नगर गेट नंबर.2 हीरापुर रायपुर माध्यम से भेजा गया और इसका ड्राइवर सैयद फरहात हुसैन रिजवी था ट्रक को प्रतापगढ़ पहुंचने में देरी होने पर संतोष राजपाल ने 4 अप्रैल को ओजस्व ट्रेडर्स से संपर्क किया जिन्होंने बताया कि ट्रक अभी तक नहीं पहुंचा इसके बाद प्रार्थी ने ट्रांसपोर्टर और ड्राइवर से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन दोनों के फोन बंद थे जांच में पता चला कि ट्रांसपोर्टर के दिए गए पते पर कोई ऑफिस मौजूद नहीं है और ड्राइवर ने भी अपना फोन बंद कर लिया है

**ट्रांसपोर्टर और ड्राइवर ने मिलकर की साजिश!** प्रार्थी का आरोप है कि ट्रांसपोर्टर और ड्राइवर ने एक साजिश के तहत 383 बैग चन जिसका कुल वजन 114.90 चिंटल और कीमत 8,54,240 रुपये है को गबन कर लिया और फरार हो गए शिकायत में कहा गया कि दोनों ने जानबूझकर संपर्क तोड़ लिया और माल को गंतव्य तक नहीं पहुंचाया संतोष राजपाल ने 21 अप्रैल 2025 को विधानसभा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई जिसमें ट्रांसपोर्टर और ड्राइवर के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की गई पुलिस ने प्रथम दृष्टया अपराध पाए जाने पर मामला पंजीबद्ध कर लिया और विवेचना शुरू कर दी है पुलिस अब ट्रक ड्राइवर और ट्रांसपोर्टर की तलाश में जुट गई है साथ ही दिए गए पते और मोबाइल नंबरों की जांच की जा रही है ताकि आरोपियों का पता लगाया जा सके

**CGPSC घोटाला**

# पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी को बड़ा झटका




**हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका**

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित छ्वक्कस्ष्ट घोटाला मामले में फंसे पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी को हाइकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने टामन सिंह सोनवानी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच ने 17 अप्रैल को जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला रिजर्व रखा था, जिसे आज जारी किया गया है।

CGPSC 2021 घोटाला मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई की टीम ने पिछले साल नवंबर में छ्वक्कस्ष्ट के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के वक्त सोनवानी सरगुजा में अपने गांव से मैनपाट जा रहा था, जहां उसका आलीशान फॉर्म हाउस है।

सीबीआई को जांच में पता चला था कि टामन सोनवानी ने भतीजे नीतेश सोनवानी, बड़े भाई के बेटे साहिल, बहू निशा कोसले, भाई की बहू दीपा अजगले, बहन की बेटी सुनीता जोशी समेत 5 रिश्तेदारों का चयन कराया था। इसके अलावा पीएससी सचिव जीवन किशोर के बेटे सुमित ध्रुव, भूपेश सरकार में राज्यपाल के सचिव रहे अमृत खलखो की बेटी नेहा खलखो, बेटा निखिल, डीआईजी ध्रुव की बेटी साक्षी ध्रुव, कांग्रेस नेता की बेटी अनन्या अग्रवाल, एक उद्योगपति के बेटे और बहू, मंत्री के ओएसडी के साढ़ू की बेटी खुशबू बिजौरा, कांग्रेस नेता के बेटे राजेंद्र कौशिक, कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला के बेटे स्वर्णिम, मीनाक्षी गनवीर समेत अन्य का भी चयन हुआ था, जिसकी जांच जारी है।

पीएससी घोटाले की जांच के दौरान सीबीआई ने चयनित अभ्यर्थियों के यहां से प्रश्नपत्र से जुड़े दस्तावेज बरामद किए। उनके परिजनों के बैंक खातों से ट्रांजेक्शन की भी जानकारी ली, जिसके आधार पर सोनवानी को समन जारी कर बुलाया गया, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए तब उनकी गिरफ्तारी की गई।

**एक चयनित अभ्यर्थी के यहां डायरी में लेनदेन का मिला था हिसाब-** CGPSC 2021 में चयनित 18 अभ्यर्थियों के घरों में इस घोटाले को लेकर छापेमारी भी की गई थी। अभ्यर्थियों के यहां 300 से ज्यादा किताबों-नोटबुक और मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप की जांच की गई। इस दौरान एक चयनित अभ्यर्थी के यहां डायरी में लेनदेन का हिसाब भी मिला था। अभ्यर्थियों, उनके परिजन के बैंक खातों की जांच के अलावा सीबीआई ने पीएससी के अफसरों से बातचीत की। 5 साल की कॉल डिटेल और लोकेशन भी खंगाली, जिसके आधार पर सीबीआई ने पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी को गिरफ्तार किया।

**CBI ने 7 लोगों को बनाया है आरोपी-** बता दें कि इस घोटाले में आरोपी बनाए गए बजरंग इस्पात के डायरेक्टर श्रवण गोयल के बेटे शशांक गोयल और उनकी बहू भूमिका की पहले ही जमानत याचिका खारिज हो चुकी है।

सीबीआई ने इस घोटाले में मुख्यत: श्रवण गोयल, शशांक गोयल, भूमिका कटियार, नितेश सोनवानी, साहिल सोनवानी, ललित गणवीर समेत 7 लोगों को आरोपी बनाया है।

# ड्यूटी जा रहे युवक की दुर्घटना में मौत



- सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराया
- सिर और शरीर पर आई गंभीर चोटें

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर में ड्यूटी पर जा रहे एक युवक की एक्सीडेंट में मौत हो गई। युवक सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराया। जिससे उसके सिर और शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आईं। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मामला गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार सोनेसिल्ली गांव का निवासी महेश्वर साहू ;24वर्ष अभनपुर उरला स्थित एक कंपनी में काम करता था। महेश्वर सोमवार रात करीब 9 बजे काम पर जाने के लिए घर से बाइक से निकला था। वह कुर्रा.पिपरौद गांव के पास पहुंचा था तभी सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे उसकी बाइक टकरा गई। जिससे वह बुरी तरह में लहूलुहान हो गया।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल:** इस घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी। एम्बुलेंस के जरिए युवक को नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ट्रक ड्राइवर के खिलाफमामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही हैं। पुलिस ट्रक ड्राइवर के खिलाफमामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि महेश्वर परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी मौत से परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल हो गया है।

**नो पार्किंग में खड़ी रहती है गाड़ी** - आसपास के रहवासियों का कहना है किए ट्रक ड्राइवर सड़क किनारे गलत तरीके से वाहन पार्क कर देते हैं जो जानलेवा साबित हो रहा है। नवापारा.अभनपुर मार्ग पर ढाबों के सामने देर रात तक वाहनों की लंबी लाइन लगी रहती है। वाहनों में न तो इंडिकेटर ऑन रहता है और न ही कोई रिफ्लेक्टर लगा होता है। इस कारण दूर से वाहन दिखाई नहीं देते। अंधेरे में दुर्घटना हो जाती है।

# चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या



- चाकू से सीने और पीठ पर हमला
- घर पर मिली खून से सनी लाश
- पति गिरफ्तार

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर में चरित्र के शक में पति ने चाकू से पीठ और सीने पर हमला कर पत्नी की हत्या कर दी। महिला लहूलुहान हालात पर जमीन पर पड़ी रही। पड़ोसियों ने जब झगड़े की आवाज सुनी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह का है। मिली जानकारी के मुताबिकए भुनेश्वर साहू 35 वर्ष अपनी पत्नी मथुरा भाई साहू 32वर्ष के साथ रहता था। दोनों के तीन बच्चे भी हैं।

बताया जा रहा है कि भुवनेश्वर को शक था कि उसकी पत्नी का किसी के साथ अवैध संबंध है। वह चरित्र को लेकर लगातार उस पर शक करता था। इस बात को लेकर दोनों के बीच कई बार झगड़ा भी हो जाता था।

**चाकू से सीने और पीठ पर किए वार:** पति का सोमवार को भी पत्नी के साथ झगड़ा हो गया। दोनों के बीच विवाद बढ़ने के बाद गाली गलौच होने लगी। इस दौरान भुनेश्वर ने घर में रखे चाकू से अपनी पत्नी पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि चाकू महिला के पीठ और सीने पर लगा। जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# अवैध शराब बिक्री और नकली होलोग्राम रैकेट का भंडाफोड़

**ढाबा संचालक और प्रिंटर्स मालिक गिरफ्तार**

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में आबकारी विभाग ने अवैध शराब बिक्री और नकली होलोग्राम के बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है टाटीबंध वृत्त की सहायक जिला आबकारी अधिकारी जेबा खान के नेतृत्व में बी एच ढाबा ग्राम तेंदुआ और बीरगांव के लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में छापेमारी की गई जिसमें ढाबा संचालक सकंटमोचन सिंह उर्फशंकर सिंह और श्री गणेश प्रिंटर्स के मालिक गणेश चौरसिया को गिरफ्तार किया गया दोनों के खिलाफधारा 318 और 336;3 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है 20 अप्रैल 2025 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने बी एच ढाबा, टाटीबंध बायपास रोड, तेंदुआ में छापा मारा, छापेमारी में ढाबा संचालक सकंटमोचन सिंह के कब्जे से 105 ढक्कन वेलकम डिस्टलरीज प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर अंकित 3 ढक्कन ;छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज लिमिटेड कुम्हारी अंकित 165 स्पंज वाइजर 1150 शोले मसाला देशी मंदिरा स्टीकर और 35 होलोग्राम शीट्स में 1460 नकली होलोग्राम बरामद किए गए सकंटमोचन सिंह इन सामग्रियों के लिए कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका

**बीरगांव में मिले नकली होलोग्राम:** पूछताछ में सकंटमोचन सिंह ने बताया कि नकली होलोग्राम और लेबल बीरगांव के लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में स्थित श्री गणेश प्रिंटर्स से प्राप्त किए गए इसके बाद आबकारी टीम ने गणेश चौरसिया की दुकान पर छापा मारा जहां 371 शीट्स में 40,068 नकली होलोग्राम हल्का नीला रंग होलोग्राम बनाने में प्रयुक्त पेन ड्राइव और लेन.देन से संबंधित मोबाइल फोन बरामद किया गया गणेश चौरसिया भी कोई वैध कागजात पेश नहीं कर सका आबकारी विभाग के अनुसार बरामद नकली होलोग्राम शासकीय मुद्रणालय द्वारा निर्मित सुरक्षा होलोग्राम की प्रतिकृति थे जो देशी मंदिरा की बोतलों पर लगाए जाते है दोनों आरोपियों ने इन नकली होलोग्राम लेबल और ढक्कनों का उपयोग कर शराब की अवैध बिक्री और शासन के साथ धोखाधड़ी की।

# 11 हजार से अधिक हैंडपंपों की मरम्मत



**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कामकाज की समीक्षा**

**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से निपटने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है और इसकी गहन निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में हैंडपंपों की मरम्मत के लिए पूर्व में दिए गए निर्देशों के तहत तेजी से कार्य हुए हैं और अब तक 86 मोबाइल यूनिट्स के माध्यम से 11,238 हैंडपंपों की मरम्मत पूरी की जा चुकी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहाँ भी पेयजल से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहाँ तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की गहन समीक्षा बैठक ली और प्रदेश में पेयजल की उपलब्धता, भूजल स्तर, जल जीवन मिशन की प्रगति और जल संरक्षण जैसे अहम मुद्दों पर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने सरगुजा में पीएचई विभाग का मुख्य अभियंता परिक्षेत्रीय कार्यालय खोलने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने 卐सुशासन तिहार卐 के दौरान प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जल जीवन मिशन केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर नल से जल पहुँचाने का बड़ा संकल्प लिया है। जल जीवन मिशन के शेष कार्यों को उन्होंने समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की आगामी वर्षों की कार्ययोजना की भी समीक्षा की। साय ने कहा कि भूजल स्तर में गिरावट से प्रभावित विकासखंडों के साथ-साथ बिना जल स्रोत वाले ग्रामों की सूची भी तैयार करें, ताकि इसे दूर करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

साय ने भूजल संकट से जूझ रहे 6 जिलों के 10 विकासखंडों को लेकर चिंता जताई और कहा कि अल्पकालिक व दीर्घकालिक योजनाएँ बनाकर जल संकट से निपटना होगा। उन्होंने रिचार्ज पिट और वर्षा जल संचयन जैसी जल संरक्षण तकनीकों को बढ़ावा देने की बात कही और अनियंत्रित भूजल दोहन पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कृषि, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और वन विभागों को आपसी समन्वय के साथ 卐कैच द रेन卐 जैसे जल संरक्षण अभियानों को सुशासन तिहार के दौरान व्यापक रूप से प्रचारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि जल जीवन का आधार है और इसके संरक्षण को हम सभी सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश बंसल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद अब्दुल कैसर हक, संचालक जल जीवन मिशन जितेंद्र शुक्ला सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# आदिम जाति कल्याण विभाग के नवनियुक्त आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर ने संभाला कार्यभार



**रायपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विभाग के नवनियुक्त आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर ने सोमवार को आयुक्त कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं विभागीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने उनका अभिवादन किया। कार्यभार ग्रहण के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं - छात्रवृत्ति, प्राधिकरण, वन अधिकार अधिनियम, पीएम जनमन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, निर्माण शाखा एवं अन्य योजनाओं की संक्षेप में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर संचालक संजय गौड़, आर.एस. भोई, जितेन्द्र गुप्ता, तारकेश्वर देवांगन, उपायुक्त एल.आर. कुर्रे एवं श्रीमती मेनका चंद्राकर एवं कार्यपालन अभियंता त्रिदीप चक्रवर्ती उपस्थित थे।

संता ने पूछा बंता से- बंता भईया जिसको सुनाई नहीं देता, उसको क्या कहते हैं ?
बंता बोला- कुछ भी कह लो भईया, जब उसे सुनाई ही नहीं देता।

# अब लीज पर निजी हाथों में सौंपे जाएंगे निगम के सांस्कृतिक भवन

**दुर्ग**, 22 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर निगम की एमआईसी की बैठक में विवेकानंद भवन एवं कुशाभाऊ ठाकरे सांस्कृतिक भवनों को अब लीज पर देने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह इंदिरा मार्केट एवं नये बस स्टैंड के पार्किंग का ठेका आधा दर्जन बार टेंडर आमंत्रित करने के बाद इस बार भी सही रेट न आने के कारण अगली एमआईसी बैठक तक के लिये स्थगित कर दिया गया। इसके अलावा देशभर में एकसाथ चुनाव कराने वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। एमआईसी बैठक की अध्यक्षता महापौर अलका बाघमार ने किया। कमीश्नर सुमित अग्रवाल के साथ एमआईसी के सभी सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

नगर निगम द्वारा नये बस स्टैंड एवं इंदिरा मार्केट में वाहन पार्किंग के ठेके के लिये पूर्व में भी 6 बार निविदाएं



- नया बस स्टैंड एवं इंदिरा मार्केट का वाहन पार्किंग ठेका 7 वीं बार भी टला
- वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

आमंत्रित की जा चुकी है मगर हर बार आफसेट प्राईज से कम रेट के आफर आ रहे है। इसलिए निविदाएं स्वीकृत नहीं हो पा रही है। पिछले तीम चार साल से निगम अपने स्टाफ से ही वाहन पार्किंग का कार्य चला रहे है। इसकी एक वजह नगर निगम द्वारा निर्धारित की गई आफसेट प्राईज काफी अधिक रखना है जो किसी भी ठेकेदार की हैसियत से ऊपर लगता है। इसलिये वे नगर निगम की दर पर निविदाएं नहीं भर पा रहे है। इस बार भी निगम के मुताबिक सही रेट नहीं आने के कारण मामला अगली एमआईसी बैठक के लिये टाल दिया गया है। उक्त दोनों पार्किंग का ठेका दिसंबर 24 तक था। चुनाव की आचार संहिता के कारण ठेकेदार को एक माह का एक्सटेंशन दे दिया गया था। अब पिछले 3 माह से नगर निगम द्वारा विभागीय तौर पर ठेका चलाया जा रहा है। इससे दोनों ही स्थलों पर अव्यवस्था देखी जा रही है।

एक अन्य प्रस्ताव पद्मनाभपुर स्थित विवेकानंद भवन को सामाजिक, सांस्कृतिक, शादियों के लिये नगर निगम द्वारा अब आम नागरिकों को तय दर पर किराये पर दिया जाता था। अब इसे लीज पर दिये जाने का निर्णय नगर निगम की एमआईसी की बैठक में लिया गया है।

इसी तरह का निर्णय आदित्य नगर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे मांगलिक भवन को लेकर लिया गया है। ये दोनों भवन विगत लगभग 20 वर्षो से नगर निगम द्वारा संचालित किया जा रहा था। इसमें मध्यम तबके के लोग अपने पारिवारिक कार्यक्रमों के लिये इसे किराये पर लेकर अपने कार्यक्रम निपटाते थे। अब प्राइवेट पार्टी इन्हें लीज पर लेकर संचालित करेंगी।

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## वन नेशन वन इलेक्शन समिट दिल्ली में हिस्सा लेंगी नीतू कोठारी

**बेमेतरा**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। नई दिल्ली स्थित डॉ.अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 23 अप्रेल को आयोजित होने जा रहे यूथ फॉर वन नेशन वन इलेक्शन समिट में देश भर के प्रमुख विश्वविद्यालयों के छात्र नेताओं का जमावड़ा होगा। इस समिट में 35 वर्ष से कम उम्र के युवा नेता हिस्सा लेंगे, जिन्हें छात्र राजनीति में अच्छा- खासा अनुभव रहा है। छत्तीसगढ़ से कुल 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल इस समिट में भाग लेगा। इसमें बेमेतरा की नीतू कोठारी प्रमुख रूप से शामिल है। गौरतलब है कि नीतू कोठारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में नगर छात्रा सह प्रमुख, नगर सहमंत्री, नगरमंत्री से लेकर



➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# महाराजा चौक से पुलगांव तक सड़क चौड़ीकरण के साथ बनेंगे दो ओव्हर ब्रिज

**दुर्ग**, 22 अप्रेल (देशबन्धु)। महाराजा चौक से पुलगांव चौक तक सड़क चौड़ीकरण कर इसी मार्ग पर दो स्थानों पर ओव्हर ब्रिज बनाये जायेगें। इस परियोजना पर कार्य शुरू करने से पूर्व आज विधायक गजेन्द्र यादव ने लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों के अलावा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ स्थल निरीक्षण किया। इस मार्ग पर दो स्थानों पर 135 मीटर एवं 9 सौ मीटर वाले ओव्हर ब्रिज का निर्माण किया जायेगा।

जेल तिराहा से महाराजा चौक, महाराजा चौक से पुलगांव चौक और महाराजा चौक से बोरसी तक सड़क चौड़ीकरण किया जाना है। पहले चरण के कार्य को प्रारंभ करने विधायक गजेन्द्र यादव, पीडब्लूडी एवं सेतु के एसडीओ और इंजिनियर की टीम ने पुलगांव नाला के नये पुल, पोटिया चौक पर ब्रिज निर्माण और महाराजा चौक पर ब्रिज निर्माण



- विधायक यादव ने स्थल निरीक्षण कर दिए निर्देश

हेतु वर्तमान सड़क की चौड़ाई और प्रस्तावित सड़क कितना मीटर तक रहेगा इसका नापजोख कर प्रभावित होने वाले स्थल की जानकारी दी गई, ताकी सभी अड़चनो को दूर किया जा सके। उन्होंने निर्माण से संबंधित अतिक्रमण, मुआवजा सहित सभी पहलुओं पर चर्चा कर शीघ्र ही ले आउट तैयार कर शासन को प्रस्ताव भेजने निर्देश दिए।

इस दौरान पर पार्षद सविता साहू, हीरोंदी चंदानिया, साजन जोसफ गुलशन साहू, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, लक्ष्मीकांत दुबे, पोषण साहू, लालेश्वरी साहू, नीलेश बंजारे, अनिकेत यादव, लेखिका आडिया, सुमन वर्मा, सरस्वती साहू, सुनील साहू, संजय शुक्ला, ओमप्रकाश देशमुख, भूपेंद्र साहू, राजकुमार यादव सहित पीडब्ल्यूडी सेतु एसडीओ टी.एन.संतोष एवं उपअभियंता रोशन ताम्रकार उपस्थित रहे।

# अत्याधुनिक फायर ब्रिगेड मशीन का विधायक एवं महापौर ने किया लोकार्पण



**दुर्ग**, 22 अप्रेल (देशबन्धु)। अत्याधुनिक अग्निशमन मशीन (फायर ब्रिगेड मोटर) का आज एक कार्यक्रम में विधायक गजेन्द्र यादव, एवं महापौर अलका बाघमार ने संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। हाई प्रेशर वाली इस नई फायर बिग्रेड से ऊंची 5-6 मंजिला इमारत में भी पानी पहुंचाकर आग बुझाई जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि 12 हजार लीटर पानी की क्षमता वाले उक्त फायर ब्रिगेड वाहन की सहायता से काफी तेजी के साथ चार अलग अलग तरफ से पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया जा सकेगा। इस मशीन में हाई प्रेशर के आउटलेट लगे होने के कारण 5-6 मंजिला मकान में भी लगी आग बुझाई जा सकेगी। श्री यादव ने बताया कि पिछले बजट में उन्होंने इस अतिरिक्त अग्निशमन वाहन (फायर ब्रिगेड) की मांग की थी। उन्होंने इसकी स्वीकृति देने के लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# दुर्घटना रोकने, सुगम यातायात के लिए सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई अहम निर्णय

**दुर्ग**, 22 अप्रेल (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में यातायात सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। श्री सिंह ने अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

सर्विस रोड और यातायात सुधार के लिए कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को निर्देशित किया कि झरोखा बोगदा पुलिया से डी.मार्ट और आरोग्यम हॉस्पिटल से झरोखा बोगदा पुलिया तक मुख्य मार्ग के दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण करने को कहाए जिससे



आम नागरिकों को व्यवसायिक संस्थानों तक पहुंचने में सुविधा हो। इसके अलावा अंजोरा बायपास से नेहरू नगर गुरुद्वारा चौक तक दो स्थानों पर स्पीड वॉयलेशन डिवाइस कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा चिन्हित ब्लैक और ग्रे स्पॉट्स पर की गई कार्रवाई की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश स्थानों पर सुधार कार्य पूर्ण हो चुका है जबकि कुछ स्थानों पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रियदर्शनीय परिसर, साक्षरता चौक, खुर्सीपार, जीआरपी कटिंग और मजार कटिंग में क्रैश बैरियर लगाने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। दुर्घटना जन्य स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित विभाग को व्यक्तिगत रूचि लेकर आवश्यक त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

अन्य सुधार कार्य.रॉयल खालसा, ज्योति कटिंग, जनता स्कूल और सिरसा गेट पर रोड मार्किंग और कैट्स आई लगाने, नगर पालिक

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# पृथ्वी के संरक्षण के लिए अपनी क्षमता अनुसार सहयोग करें : डॉ. झा

**दुर्ग**, 22 अप्रेल (देशबन्धु)। पृथ्वी का संरक्षण हेतु अपनी क्षमता अनुसार सहयोग करना चाहिए। हमें जल, वायु, मृदा तथा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु हर संभव उपाय अपनाना चाहिए। ये उद्गार आज शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस.एन. झा ने व्यक्त किये। डॉ. झा आज महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित विष्व पृथ्वी दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे। रेन वाटर हार्वेस्टिंग को वर्तमान समय की नितांत आवश्यकता निरूपित करते हुए डॉ. झा ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों से अपने-अपने घरों से रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. विकास स्वर्णकार ने विश्व पृथ्वी



➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 3 मई से

**दुर्ग**, 22 अप्रेल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल के सहयोग से दिनांक 3 एवं 4 मई को कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल धमधा रोड दुर्ग में दो दिवसीय जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया गया है। जिसमें अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 के शतरंज खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।



- राज्य चैंपियनशिप के लिए अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन

जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त चैंपियनशिप अंतराष्ट्रीय नियम के अनुसार खेली जाएगी। उक्त चैंपियनशिप के अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राज्य चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा जो कि 15 से 19 मई तक एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में आयोजित है। उक्त

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# निगम ने मठपारा वार्ड में अतिक्रमणों को हटाया

टप्पा तालाब के किनारे शासकीय जमीन पर अतिक्रमण हटाने चला बुलडोजर



**दुर्ग**, 22 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने जेसीबी की सहायता से वार्ड क्रमांक 3 मठपारा के टप्पा तालाब के किनारे शासकीय जमीन पर किये गये अतिक्रमण को हटाया। इस बीच वहां के कतिपय कब्जाधारियों ने इस कार्रवाई का पुरजोर विरोध किया मगर नगर निगम की प्रशासनिक टीम ने विरोध को सख्ती से रोक दिया।

उल्लेखनीय है कि मठपारा में टप्पा तालाब के किनारे लोगों ने धीरे धीरे करके कच्ची दूकानों को पक्की दूकानों व चबूतरें में तब्दील कर लिया है। इस तरह के अतिक्रमण से नालियों की सफाई तथा आवागमन में भी लोगों को भारी असुविधा हो रही है। इसे लेकर आयुक्त के समक्ष लगातार शिकायतें भी आ रही थी। आयुक्त के निर्देश के बाद आज सुबह जेसीबी के साथ अतिक्रमण दस्ता भी मौके पर पहुंचा। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू करते ही आसपास के दूकानदारों, अतिक्रमणकारियों का जत्था मौके पर इकट्ठा हो गया। इनमें

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# पटवारियों की लापरवाही पर कार्रवाई, वेतनवृद्धि पर रोक

**दुर्ग**, 22 अप्रेल (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी धमधा सोनल डेविड ने न्यायालयीन प्रकरणों में समयावधि में रिर्पोट प्रस्तुत नहीं करने तथा दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही बरतने पर पुरूषोत्तम दास पटवारी ग्राम दारगांव, बिरोदा तहसील धमधा एवं दीप निरंजन सिंह पटवारी ग्राम तुमाकला तहसील धमधा की आगामी 1 वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने के लघु शास्ति दंड से दंडित किया है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विगत 2 अप्रैल को न्यायालय तहसीलदार धमधा के राजस्व प्रकरण का निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह पाया गया कि पटवारी पुरुषोत्तम दास द्वारा न्यायालय में त्रुटि पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। इसके सुधार हेतु उन्हें नोटिस भी दिया गया था, लेकिन उनके द्वारा समय पर सही रिपोर्ट नहीं दी गई। इसी प्रकार पटवारी दीप निरंजन सिंह द्वारा न्यायालय तहसीलदार के न्यायालयीन बंटवारा प्रकरण में नोटिस जारी करने के बाद भी रिपोर्ट नक्शा न्यायालय में उपलब्ध नहीं कराया गया। रिपोर्ट अप्राप्त होने की दशा में प्रकरण के निराकरण में अनावश्यक विलंब हो

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मूक पशुओं की सेवा में लगे केसरवानी का सेवा सत्संग परिवार ने किया सम्मान

**दुर्ग**, 22 अप्रेल (देशबन्धु)। सेवा सत्संग परिवार द्वारा आज मूक पशुओं की सेवा सुश्रुषा में वर्षो से लगे गिरधारी नगर निवासी आनंद प्रकाश केसरवानी का नि:स्वार्थ मूक प्राणियों की सेवा कार्य करने के लिये सम्मान किया गया।



उल्लेखनीय है कि श्री केसरवानी विगत अनेक वर्षो से अपने आसपास के लावारिस एवं बीमार जानवरों की सुरक्षा करने तथा बीमार पड़ने पर उनका इलाज भी करवा रहे है। उनके इस सेवाभाव का सम्मान करते हुए सेवा सत्संग परिवार ने उन्हें शाल श्रीफल, पुष्पगुच्छ मिष्ठान व वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मोहन चंद्राकर, दीपक सोनी, बृजमोहन वर्मा, डॉ. प्रशांत वर्मा, कन्हैया चंद्राकर पिंटू, गोलू वर्मा, नामदेव गुरूंग, मुकेश सोनी, नरेश साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# कन्या प्रा. शाला भवन को सुरक्षित रखने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग**, 22 अप्रेल (देशबन्धु)। आल इंडिया यूथ फेडरेशन की दुर्ग शहर इकाई ने आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ठेठवार पारा स्थित प्राचीन कन्या प्राथमिक शाला के भवन को न तोड़ने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी दुर्ग नगर निगम के अनेक वर्तमान एवं पूर्व पार्षदों ने भी इस कन्या शाला को न तोड़ने की मांग की है। नागरिकों ने इस भवन के जीर्णोद्धार की मांग भी की है।



उल्लेखनीय है कि उक्त कन्या प्राथमिक शाला सन् 1906 से अपने स्वयं के भवन में संचालित है। समय समय पर शाला भवन का संधारण किया जाता रहा है। यूथ फेडरेशन के शमीम कुरैशी, मो. आरिफ व अन्य लोगों ने कहा कि यह शाला भारतीय स्वतंत्रता संगराम की साक्षी

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



## बायोमेट्रिक सिस्टम की स्थिति जस की तस सीटू ने लगाया आरोप

**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। सीटू यूनियन ने लिखित जारी बयान में कहा कि बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को शुरू हुए लगभग 10 महीना बीत चुका है किंतु स्थितियां जस की तस बनी हुई है सीटू के सहायक महासचिव ने बताया कि जब इस सिस्टम को लागू किया जा रहा था उस समय इसकी खामियों को उजागर करते हुए सीटू ने कई मंचों पर अपनी बात रखी थी। आज 10 महीना बीत जाने के बाद भी बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम सामान्य होना तो दूर बल्कि और उल्टा पुल्टा पंचिंग करने लगा है। जिसको दुरुस्त करवाने के लिए हर महीने कर्मियों को समय.समय पर अपनी हाजिरी चेक करना होता है एवं पंचिंग अथवा अन्य होने वाली गड़बड़ियों को रिमार्क में लिखकर अधिकारियों के पीछे घूमना पड़ता है वही संयंत्र के अधिकांश अधिकारी इसी हाजिरी दुरुस्तीकरण के काम में अपने नौकरी का एक बड़ा हिस्सा खपा रहे हैं और जिन्होंने इस व्यवस्था को चालू किया है वे मजे में है। सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि एक कर्मी रात्रि पाली में ड्यूटी आकर रात्रि 9.50 बजे पंचिंग किया एवं सुबह 6.5 बजे पंचिंग करके घर चले गए। उन्हें सामान्य पाली में फिर से ड्यूटी आना था वह सामान्य पाली में ड्यूटी आकर सुबह 8. 55 बजे पंचिंग किए उसके बाद वाले दिन जब ड्यूटी जाकर उन्होंने अपना अटेंडेंस चेक किया तो पाया कि नाइट शिफ्ट वाले दिन सुबह घर जाते समय पंचिंग आउट टाइम सुबह 6.5 बजे के बजाय सुबह 8.55 बजे का समय दर्ज हो गया है जो की सामान्य पाली में ड्यूटी जाकर किए गए पंचिंग का समय है। अब इस पूरा समय के उल्टा पुल्टा होने को सुधारने के लिए रिमार्क लिखकर अधिकारियों का चक्कर काटना पड़ता है। कर्मियों की यह शिकायत लगातार आ रही है कि कई कर्मी एडवांस में छुट्टियां नहीं भर पा रहे हैं। कभी-कभी तो छुट्टी लेने के बाद भी उन छुट्टियों को बायोमेट्रिक सिस्टम में अप्लाई करने के लिए कार्मिक अथवा अन्य अधिकारियों को बार.बार बोलना पड़ता है।

## निर्माणधीन सड़क की गुणवत्ता की हो जांच : मिश्रा



**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। एचएमएस व वरिष्ठ श्रमिक नेता एच.एस. मिश्रा ने जारी लिखित बयान में कहा है कि इन दिनों नगर निगम भिलाई व भिलाई टाउनशिप एरिया में सड़कों का डामरीकरण कार्य किया जा रहा है जो स्वागत योग्य है किंतु उन्होंने प्रश्न खड़ा करते हुए आरोप लगाया है कि इन निर्माण कार्यो की जांच नहीं होने के कारण निर्माण कार्य कुछ स्थानों पर गुणवत्ताविहिन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निगम अथवा संयंत्र प्रबंध ठेका देने के बाद उनकी एजेंसियां किये जा रहे सड़क निर्माण का कार्य की जांच नहीं कर पा रही है जिससे सड़क बनने के दो-तीन दिन बाद ही कई क्षेत्रों में सड़कों की गिट्टी अपने आप उखड़कर बाहर आ रही है। उन्होंने इसका ताजा उद्धारण बताया हुए कहा कि नगर निगम मुख्यालय के पास इलाहाबाद बैंक के सामने लगभग एक माह पहले सीमेंट के कारण कार्य किया गया था किंतु उक्त सीमेन्टीकरण कार्य के कुछ दिनों में ही, सड़क की गिट्टी वाहर आ गई। इसकी शिकायत की गई तब निगम प्रशासन ने सड़क को उखाड़ कर फिर से बनाने के कार्य शुरू किया है इसी तरह टाउनशिप में भी जो सड़के बनाई जा रहे हैं उसमें सड़क बनने के साथ.साथ उनका फाइनल काम नहीं किया जा रहा है। जिससे कि डामर अलग व गिट्टी अलग हो रही है। ऐसी स्थिति में पैसे की बर्बादी हो रही है। श्री मिश्रा ने आरोप लगाया कि ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करके उनको की जाने वाली राशि पर रोक लगाई जाए तथा एक जांच कमेटी बनाकर जितने भी निर्माण कार्य वर्तमान में हुए हैं उनकी जांच की जाए, व दोषी पाए जाने वाले ठेकेदार अथवा अन्य के खिलाफ कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि इसी तरह टाउनशिप वह निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये खर्च करके उद्यानों का निर्माण किया गया था जिसमें कुछ उद्यानों को छोड़कर दे तो बाकी सब उद्यान देख रेख के आभाव में काफी जर्जर हो चुके हैं तथा उसमें जंगली झाड़ियां चारों तरफ फैल गई है उन्होंने निगम प्रशासन व बीएससी प्रबंधन से इस दिशा में तत्काल कार्रवाई करते हुए इसमें सुधार करने की मांग की है, तथा संबंधित ठेकेदारों को काली सूची में डालने की मांग की है। उन्होनें संयंत्र प्रबंधन से टाउनशिव की अंदर की सड़कों का भी डामरीकरण कार्य करने की मांग की है। उन्होनें कहा कि सेक्टर-8 में सड़कों की स्थिति काफी खराब है, तथा उद्ययानों की स्थिति काफी जर्जर है, उसे ठीक करने की मांग श्री मिश्रा ने ने की है।

## विजयवर्गीय का भव्य स्वागत कुछ देर रूक राजनांदगांव हुए रवाना



**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन और भिलाई भाजपाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय के भिलाई आगमन पर आज चंद्रा मौर्या चौक पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान महामंत्री विजयवर्गीय कुछ देर सुपेला के एक निजी होटल में रूके और विधायक रिकेश सेन से चर्चा करते हुए भिलाई और कार्यकर्ताओं का हाल जाना। श्री विजयवर्गीय आज राजनांदगांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर से निकले और सुपेला चौक पर उन्होंने रूक कर भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। उनके भिलाई आगमन पर विधायक रिकेश सेन, जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक सहित वैशाली नगर, सुपेला, कोहका, कैम्प मंडल समेत जिले के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय से उन्होनें चर्चा की।

## राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर सार्थक चर्चा



**भिलाईनगर**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर एक सार्थक चर्चा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयंत्र के जनसंपर्क सभागार में विभागीय अधिकारियो, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं कि उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाप्रबंधक संपर्कए प्रशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशांत तिवारी, सहायक महाप्रबंधक जनसंपर्क श्रीमती अपर्णा चंद्रा, सहायक महाप्रबंधक जनसंपर्क जवाहर बाजपाई, सहायक महाप्रबंधक संपर्कए प्रशासन शरद निगम, सहायक महाप्रबंधक संपर्क, प्रशासन एम. श्रीनिवासस सहायक महाप्रबंधक संपक प्रशासन सुभाष पटेलस उप प्रबंधक संपर्क प्रशासन एवं राजभाषा जितेन्द्र दास माणिकपुरी, कनिष्ठ प्रबंधक विवेक सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। अमूल्य प्रियदर्शी ने कहा कि जनसंपर्क केवल सूचना का आदान प्रदान नहीं बल्कि यह संस्था और समाज के बीच विश्वासए संवाद और पारदर्शिता का सेतु है। उन्होंने कहा कि एक सक्षम जनसंपर्क प्रणाली संस्था की सकारात्मक छवि के निर्माण में अहम योगदान देती है। महाप्रबंधक जनसंपर्क विभाग प्रशांत तिवारी ने संयंत्र के जनसंपर्क विभाग में अपने लगभग 35 वर्षों के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि समय के साथ जनसंपर्क के स्वरूप में उल्लेखनीय बदलाव आए हैं। विशेष रूप से सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ;एआईद्ध की उपस्थिति ने इस क्षेत्र को नई दिशा और धार दी है। हमे बदलते तकनीकों और विकसित सुविधाओं का सदुपयोग करते हुए अपनी कार्यशैली को और भी उन्नत और कुशल बनाना चाहिए। कार्यक्रम के प्रारम्भ में श्रीमती अपर्णा चंद्रा ने राष्ट्रीय और विश्व जनसंपर्क दिवस की पृष्ठभूमि साझा किया। जितेन्द्र दास माणिकपुरी ने विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए जनसंपर्क विभाग को संयंत्र की सफलता का एक मजबूत आधारस्तंभ बताया। जनसंपर्क विभाग द्वारा सभी अधिकारियोंए कर्मचारियोंए एवं प्रशिक्षुओं को उनके उत्कृष्ट कार्यशैली के लिये उपहार देकर सम्मानित किया गया व भविष्य में भी इसी उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

## पत्नी पर प्राणघातक हमला करने वाला गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। उतई पुलिस ने अपनी पत्नि पर प्राणाधातक हमला करने वाले पति को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया श्रीमती गुलाब बाई ने थाना उतई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि12 अप्रैल शाम 7.30 बजे इनका पति जागेन्द्र कुर्रे खाना नही बनाने की बात को लेकर झगड़ा विवाद कर आवेश में आकर घर में रखे लोहे के गैंती से प्रार्थिया की हत्या करने की नियत से लगातार तीन बार वार किया जिससे प्रार्थिया सीने एवं बांये पैर में गंभीर चोंट आई। प्रार्थिया ईलाज हेतु श्री शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी भिलाई में भर्ती थी जो डिस्चार्ज होने के बाद 20 अप्रैल को थाना में रिपोर्ट दर्ज करावाई। पुलिस ने धारा 109 बीएनएस के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक झा एव एसडीओपी पाटन अनुप कुमार लकड़ा के द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देशित करने पर प्रकरण की विवेचना दौरान आरोपी का पता हेतु टीम रवाना किया गया जो आरोपी जागेन्द्र कुर्रे 36 वर्ष निवासी ग्राम सेलूद आजाद चौक हाल पता गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन रंगारी, उपनिरीक्षक कमल सिंह सेंगर, सउनि नेमन सिंह साहू, प्र.आर. महेश देवांगन, आरक्षक ध्रुव नारायण चन्द्राकर, सुरेन्द्र सिंह चौहान, छगन साहू की सराहनीय भूमिका रही है।

## एनडीआरएफ का प्रशिक्षण शिविर निगम में



**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह के आदेशानुसार निगम भिलाई के सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। उददेश्य था कि निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अप्रत्याशित रूप से आए आपदा के समय किस प्रकार से प्रारंभिक बचाव किया जाए। सर्तकता एवं जानकारी रहने से बहुत कुछ कंट्रोल किया जा सकता है। समस्याएं बाढ़, भूकंप, सुनामी, बिजली चमकना, आगजनी, दुर्घटना, हार्ट टेक, पानी में डूबना, लू लगना इत्यादि ऐसे समय में क्या बचाव किया जाए। प्रशिक्षण में बताया गया कि अगर किसी को हृदय घात के लक्षण दिखे तो सीपीआर कैसे देना चाहिए उन्हे सर्वप्रथम देखना कि गले के नीचे सांस चल रहा है कि नहीं। यदि नहीं चल रहा तो उसे मुंह से सांस देने की प्रक्रिया, किस प्रकार से इंसान को लेटाकर छाती के नीचे हाथों से 30-30 बार दबाना इस प्रकार कुल 5 बार दबाना चाहिए। जिससे व्यक्ति को होश आने की संभावना बढ़ जाती हैए उसके बाद उसे तुरंत डॉक्टर को बुलाना चाहिए। प्रारंभिक उपचार कर देने से जीवन बचने की संभावना बढ़ जाता है। इसी प्रकार यदि दुर्घटना हो जाए तो कहीं से खून बह रहा है तो उसे साफ कपड़े से डेटाल, साबुन जो भी उपलब्ध हो उससे अंदर से बाहर के तरफ साफकरके कपड़े से दबा देना चाहिए। उससे भी न रूके तो और कपड़ा लगाकर पटटी बांध देना चाहिए। यदि बिजली गिरने की संभावना है तो पानी, पेड़, विघुत उपकरण, मोबाईल, टीवी इत्यादि से दूर रहना चाहिए। पुरा प्रयास हो कि शरीर से जमीन का अर्थिगं न मिले। संयोग से यदि कार में बैठे हो तो उसके अंदर ही रहना चाहिए, बाहर नहीं निकलना चाहिए। घर में यदि एलपीजी सिलेण्डर में आग लगे तो घबराना नहीं चाहिए। घर में कंबल को गीला करके ढक देना चाहिए। बिजली का उपकरण से सार्ट सर्किट हो तो सर्वप्रथम मेन कनेक्शन से कट आउट निकाल देना चाहिए। भूलकर भी पानी नहीं डालना है और हो सके तो उस पर रेत फेंकर बुझा देना चाहिए। अगर कोई पानी में डूब रहा है तो उसे बचाने के लिए रस्सी, लकड़ी या अन्य उपकरण को उसको पकड़ाकर बचाना चाहिए। सांप, कुत्ते के काटने पर घबराना नहीं चाहिएए लगभग 11 प्रकार के सांपो की प्रजाती होती है उसमें 2 प्रजाती के सांप ही जहरीले होते है, घबराहत से इंसान को ज्यादा नुकसान होता है। झाड़ फूक, बैगा आदि से बचना चाहिए। जहां तक हो सके रोगी को सम्बल प्रदान करना चाहिए। घबराहत से ही जहर फैलता है, जितना जल्दी हो सके उस जगह को बलड सर्कुलेशन को बांध देना चाहिए । प्रशिक्षण देने वाले राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के एसआई विकास शर्मा, हेड कांस्टेबल के मधुसुदन, आसदीप त्रिपाठी, दीपक डंगडन, कृष्ण कुमार द्वारा प्रदान किया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा यह शिविर सबके लिए उपयोगी है।

## संस्कृति विभाग के घासीदास संग्रहालय में अंकुश देवांगन का सम्मान




**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। महंत घासीदास संग्रहालय रायपुर के आर्ट गैलरी में सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉण्अंकुश देवांगन का सम्मान किया गया। वक्त खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के 47 कलाकारों की कला प्रदर्शनी में जहां अंकुश देवांगन ललित कला अकादमी नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेम्बर के रूप में शामिल हुए थे। चित्रकार डा. ध्रुव तिवारी, जितेन्द्र साहू, हुकुम वर्मा, अनंत कुमार, सुनीता वर्मा, प्रवीण कालमेघ, खैरागढ़ विश्वविद्यालय के कलाकार तथा बड़ी संख्या में कलाप्रेमी उपस्थित थे। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कलागुरू प्रो. मिश्रा की स्मृति में आयोजित यह कला प्रदर्शनी रायपुर में अपनी अमिट छाप छोड़ गया। जिसमें समीक्षकों के शोध से यह साबित हुआ है कि छत्तीसगढ़ पेन्टिंग की दृष्टि से संभावनाओं का गढ़ है। इस प्रदर्शनी में राज्य के तमाम नामचीन कलाकारों की चित्रकला और मूर्तिकला प्रदर्शित हुई। प्रदर्शनी का उद्घाटन महापौर मीनल चौबे ने किया। वहीं मुख्य वक्ता के रूप मे दिल्ली से आए आर्ट क्रिटिक राम प्रवेश पाल, वसन्त वीर उपाध्याय तथा डा अंकुश देवांगन ने सभा को संबोधित किया। इस विजुअल आर्ट एग्जीबिशन में बडोदरा गुजरात से आई डाण् तरूणा ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। मूर्तिकार डा.अंकुश देवांगन भिलाई इस्पात संयंत्र में सेवारत है।

## सड़क सुरक्षा व नशा मुक्ति जागरुकता पर कार्यशाला

**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन श्रीशंकराचार्य महाविद्यालय जूनवानी भिलाई में किया गया जिसमें नशा मुक्ति एवं सड़क सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर तथा रोड सेफ्टी छत्तीसगढ़ के सहयोग से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया गया । जिसमें प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों सहित 200 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ नीता बाजपेई, उच्च शिक्षा विभाग, रायपुर उपस्थित रही तथा अध्यक्षता हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुल सचिव भूपेंद्र कुलदीप ने की। राज्य एन एस एस अधिकारी डॉ नीता वाजपेई ने सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति की आवश्यकता पर प्रकाश डाला उन्होंने सभी प्राध्यापकों से एवं विद्यार्थियों से आवाहन किया कि वह इस कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान का आगे विस्तार करें और जन जागरूकता लाने में सहयोग करें अध्यक्षता कर रहे कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप ने बताया कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है। विद्यार्थी उनके माध्यम से शिक्षा एवं ज्ञान प्राप्त करते हैं ,आपके माध्यम से समाज में बदलाव आ सकता है, आप सदैव समाज को देना सीखिए क्योंकि जो देता है वही बड़ा होता है महान होता है और देने वाले के प्रति ईश्वर हमेशा कृपा दृष्टि रखते हैं। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में दिनेश टांक, सहायक निदेशक (नियोजन एवं वित्त) राज्य साक्षरता मिशन एवं सड़क सुरक्षा शिक्षा, ने अपने उद्बोधन में प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को बहुत सरल सहज शब्दों में संबोधित किया । सभी श्रोता प्रभावित हुए उन्होंने संकल्प कराया कि कोई जो भी ज्ञान यहां से प्राप्त कर रहे हैं उसको समाज तक जरूर पहुंचाएं। इसके पश्चात द्वितीय वक्ता के रूप में अजय कल्याणी, कल्याणी नशामुक्ति केंद्र सुपेला भिलाई, ने अपना वक्तव्य रखा। उन्होंने नशा मुक्ति से संबंधित बहुत से महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अपने कार्यों को उन्होंने विस्तार से बताया। नशा मुक्ति केंद्र में बहुत से लोग नशे से मुक्त होने के लिए प्रयासरत रहते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ आर पी अग्रवाल पूर्व कार्यक्रम समन्वयक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय एवं विजिटिंग प्रोफेसर ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं नशामुक्ति जागरूकता बहुत आवश्यक है। विशेषकर युवाओं से आवाहन किया कि वे जिम्मेदारी के साथ समाज में इस संदेश को पहुंचाए तभी समाज में परिवर्तन आएगा। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रो जनेंद्र कुमार दीवान कार्यक्रम समन्वयक हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने प्रस्तुत किया। प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने जानकारी दी कि इस कार्यशाला के साथ विद्यार्थियो के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार सप्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ अर्चना झा, डीन डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव, निर्णायक डॉ के एस परिहार, डॉ लीना साह, डॉ मोनिका, डॉ प्रीति श्रीवास्तव, डॉ मालती साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ शिल्पा कुलकर्णी ने व धन्यवाद ज्ञापन डॉ के एस परिहार ने किया।




## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**भिलाईनगर**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। आज मंगलवार को फोरलेन में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर इसकी जांच शुरु कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खुर्सीपार आईटीआई के सामने सड़क पार कर रही महिला को भारी वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। महिला के पैर के ऊपर से वाहन गुजरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल को तत्काल शास्त्री अस्पताल सुपेला ले जाया गया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मामला खुर्सीपार थाना क्षेत्र का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान भानुप्रिया 32 के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि भानुप्रिया साहू राजनांदगांव के तुमड़ीमोड क्षेत्र की रहने वाली थी। भिलाई में उसका मायका है। वह कुछ दिन पहले की अपने बच्चों को लेकर भिलाई पहुंची थी। मंगलवार की दोपहर लगभग 12.30 बजे वह आईटीआई के सामने सड़क क्रास कर रही थी। इस दौरान भारी वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। भारी वाहन का चक्के महिला के पैरे से गुजरे जिससे उसका एक पैर अलग हो गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। आनन फानन में डायल 112 को कॉल किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायल महिला को सुपेला शास्त्री अस्पताल भेजा गया। सुपेला अस्पताल में महिला का इलाज शुरू किया गया। महिला का एक पैर से कुचल गया था। इलाज के दौरान भानुप्रिया की मौत हो गई। इस मामले में खुर्सीपार पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। भारी वाहन की तलाश की जा रही है। अज्ञात वाहन की तालाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

## निगम की टीम ने की कार्रवाई लगाया अर्थदंड



भिलाईनगर, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। ऐसी शिकायत मिल रही थी कि ओयो होटल के विभिन्न शाखाओं में साफ सफाई एवं खादय सामग्री ठीक से उपयोग नहीं किया जा रहा है। निगम भिलाई की टीम आज मौके पर निरीक्षण से पता चला ओयो होटल नेचुरल प्वाइंट द्वारा अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं लिया गया था, दुसरे के नाम पर होटल संचालित किया जा रहा था। जबकि किसी भी व्यवसाय को करने के लिए अनुज्ञप्ति लाईसेंस लेना अनिवार्य होता है। उसके उपर कार्यवाही करते हुए 15000 का अर्थदण्ड लगाया गया और उसे तत्काल नियमानुसार अनुज्ञप्ति लाईसेंस लेने के लिए निर्देशित किया गया। ओयो होटल ब्लू स्काई, कृष होटल में साफ सफाई मानक के अनुसार नहीं पाये जाने पर 6000 रूपये का चालानी कार्यवाही की गई। संबंधित को चेतावनी दी गई की जो भी सामान का उपयोग करे, वह ताजा हो। पहले से कटी हुई बासी सब्जी कई दिनो का बना हुआ पेस्ट, आटा, टमाटर, धनिया, मिर्चा, शिमला मिर्च का उपयोग बंद करें। इससे खाने वाले के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। जो भी बासी सामान मिले उसे जप्ती बनाकर डिस्पोज करवाया गया। उन्हे चेतावनी दी गई की दुबारा इस प्रकार की कमी पायी जायेगी तो निगम अधिनियम 1956 की धाराओ के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। इसी प्रकार सिंगलयूज प्लास्टिक उपयोग एवं गंदगी फैलाने वालो पर भी कार्यवाही की गई। फल ठेला, सिद्धार्थ जनरल स्टोर, कुंज बिहारी जनरल स्टोर, कनिष्का फैंसी स्टोर से 1200 रूपये का अर्थदण्ड वसूल कर रसीद प्रदान किया गया। कार्यवाही के दौरान स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, लिपिक संजय गायकवाड़, क्रिस्टोपर अर्जुन, वार्ड सुपरवाइजर अमित आदि उपस्थित रहे।

## फिल्म निर्माता द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में आज सौपेंगे ज्ञापन

**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज ने फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा गलत शब्दों का सार्वजनिक रूप से प्रयोग करने की निंदा की है। जिसकी ब्राह्मण समाज के साथ ही साथ संपूर्ण सनातनी धर्मावलंबी को आहत किया है। ऐसी मानसिकता के लोगों का सही समय में विरोध नहीं किया गया तो उनकी हिम्मत और बढ़ेगी। इस संवेदनशील विषय के विरोध में 23 अप्रैल समय प्रात: 10. 30 बजे दुर्ग कलेक्ट्रेट मे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्राह्मण समाज के संगठनों के आत्मसम्मान और संख्या बल के लिए राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज दुर्ग भिलाई राष्ट्रीय महासचिव-शशिकांत तिवारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुमित शर्मा, संभागीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, प्रदेश सचिव राकेश कुमार शुक्ला, संभागीय महासचिव दीपक मिश्रा, दुर्ग अध्यक्ष . हेमंत तिवारी, भिलाई अध्यक्ष-लक्ष्मी कांत तिवारी, प्रदेश महासचिव महिला श्रीमती सुमन पाण्डेय, दुर्ग शहर अध्यक्ष महिला मंच श्रीमती मंजरी दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मंच श्रीमती नविता शर्मा, जिला अध्यक्ष दुग श्रीमती प्रीति अजय बेहर, जिला महासचिव महिला मंच. शैल किरण शुक्ला, भिलाई अध्यक्ष महिला श्रीमती मृदुला शुक्ला श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती प्रीति राहुल दुबे एव समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज ने कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। यह जानकारी दीपक मिश्रा ने दी है।

## डॉ. आम्बेडकर द्वारा रचित संविधान की अहम भूमिका



**भिलाईनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। कैम्प 1 तीन दर्शन मंदिर के पास मे डा. आम्बेडकर जयंती पर विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम, गायन, नृत्य, रंगोली, भाषण व खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह में पार्षद श्रीमती लक्ष्मी साहू ने कहा कि डा. आम्बेडकर ने संविधान के अनुच्छेद 340 मे पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान कर उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त किया। डा. आम्बेडकर प्रतिमा प्रबंध समिति पावरहाउस के अध्यक्ष सुनील रामटेके ने कहा कि कैम्प क्षेत्र सहित भिलाई दुर्ग व अन्य जिलो मे आम्बेडकर मिशन को आगे बढ़ाने मे सामाजिक नेता दिवंगत हरिश्चन्द्र रामटेके के योगदान को बौद्ध समाज कभी भूला नही सकता। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अनिल मेश्राम ने कहा कि भारत की श्रम नीति, अर्थ नीति, राजस्व नीति, रक्षा नीति, विदेश नीति सहित देश के पिछड़ो, दलितो, आदिवासियो और अल्पसंख्यको के समग्र विकास व वैश्विक स्तर पर भारत को प्रत्येक क्षेत्र मे स्थापित व मजबूती प्रदान कराने मे डा. आम्बेडकर द्वारा रचित संविधान का अहम योगदान है। अनिता मेश्राम ने कहा कि चन्द्रमणि बुद्ध विहार जनकल्याण विकास समिति द्वारा कैम्प क्षेत्र मे बौद्ध धम्म का प्रचार.प्रसार का कार्य किया जा रहा है। विशेष रूप से उपस्थित पटवारी संघ के महासचिव राजेश बंजारी, बालाराम कोलते, अनिल गजभिये, वर्षा बागड़े, तरुण सिंग, अमित शर्मा, सज्जाद हुसैन आदि ने भी डा आम्बेडकर के त्याग समर्पण और देश के प्रति उनके अनमोल योगदान को अतुलनीय बताया। कार्यक्रम के अंत मे विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओ को अतिथियो द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए कार्यक्रम का संचालन गौतम खोब्रागड़े ने और आभार प्रदर्शन संगीता पटेल ने किया। समारोह मे निशा खोब्रागड़े, सुरेखा शेंडे, पूर्णिमा मेश्राम भारी संख्या मे उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से समझकर त्वरित एवं ठोस निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**कवर्धा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान एवं शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए उनकी मांगों एवं समस्याओं को समझकर त्वरित एवं ठोस निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर गोपाल वर्मा आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय में निराकरण करने के निर्देश विभागवार अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित होने के बाद उनका समयबद्ध, ठोस एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर मोनिका कौड़ो, श्री मुकेश रावटे, नरेंद्र पैकरा, विनय पोयाम, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, सुश्री हर्षलता वर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी अपने-अपने विभागों में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण स्वयं की निगरानी में करें, और ऐसे आवेदन जो संबंधित विभाग के नहीं हैं, उन्हें अन्य विभाग में स्थानांतरित करने से पूर्व सतर्कता पूर्वक परीक्षण कर वास्तविक विभाग को भेजें। उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेने, उनके निराकरण में संवेदनशीलता बरतने तथा प्रत्येक आवेदन की अद्यतन स्थिति से प्रतिदिन अपडेट रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शिविर के पूर्व विभागों को प्राप्त सभी आवेदनों का परीक्षण कर उनका समुचित निराकरण कर लिया जाए और इस प्रक्रिया में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि किसी भी आवेदन को बिना परीक्षण के अस्वीकृत न किया जाए तथा ऐसे आवेदन जिनका निराकरण संभव नहीं है या जो अपात्र हैं, उन्हें अस्वीकृत करते समय प्रमुख कारणों का उल्लेख करते हुए संबंधित आवेदक को अवगत कराया जाए।



कलेक्टर श्री वर्मा ने आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले में खाद एवं बीज की उपलब्धता और भंडारण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गर्मी के बाद धान की बुवाई प्रारंभ हो जाती है, ऐसे में सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में खाद और बीज का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने प्रभारी मंत्री, विधायक निधि, सांसद निधि और अनुसंशा से स्वीकृत विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिनी स्टेडियम, सीसी रोड, नाली निर्माण, मंच निर्माण और महतारी सदन जैसी घोषणाओं का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने एग्रीस्टेक परियोजना के तहत किसानों के लिए फार्मर आईडी निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए इसे प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों तथा अधोसंरचना निर्माण की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में स्वीकृत सिंचाई परियोजनाओं के तहत भू-अर्जन मामलों की समीक्षा करते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बन रही सड़कों की भी समीक्षा की और निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की देरी न होने देने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में निर्माणाधीन आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी आवास लंबित न रहे और यदि किसी कारणवश कार्य रुका है, तो तुरंत समस्या का समाधान कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। इस दौरान उन्होंने प्रारंभ और अप्रारंभ आवास की स्थिति की जानकारी ली उन्होंने कहा कि आवास मित्रो की बैठक लेकर प्रतिदिन कार्यों की मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर ने अमृत सरोवर योजना की समीक्षा करते हुए सख्त निर्देश दिए कि जनपद सीईओ इन कार्यों में तेजी लाए। शासन के निर्देशानुसार जिले में सभी ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर का निर्माण किया जाएगा।

कलेक्टर श्री वर्मा ने राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त आवेदनों का विषयवार वर्गीकरण करते हुए एक सुव्यवस्थित सूची तैयार की जाए, ताकि प्रत्येक आवेदन की स्थिति स्पष्ट रूप से दर्ज हो सके। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि जिन प्रकरणों में अविवादित नामांतरण एवं बंटवारे संबंधी आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। ऐसे प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए, ताकि आवेदकों को शीघ्र निराकरण हो। इसके अतिरिक्त विवादित नामांतरण एवं बंटवारे से संबंधित प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा के भीतर किया जाना अनिवार्य है। ऐसे मामलों में तथ्यों के आधार पर उचित निर्णय लिया जाए, जिससे अनावश्यक विलंब से बचा जा सके। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायतों और पीएमओ पोर्टल में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

# खरीफ-2025 हेतु अनुसंधान एवं शिक्षा विस्तार परिषद की बैठक

## कृषि उन्नयन के लिए छोटे स्तर पर अनुसंधान पर दिया गया जोर



**बेमेतरा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। ढोलिया स्थित रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में खरीफ-2025 के लिए अनुसंधान परिषद एवं शिक्षा विस्तार परिषद की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने अपने उद्बोधन में भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए यह बताया कि किस प्रकार आने वाले समय में छोटे स्तर पर अनुसंधान कर क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुसार कृषि क्षेत्र में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने जिले की भौगोलिक एवं कृषि संबंधी विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय था जब यह जिला दलहन उत्पादन में अग्रणी था, किंतु समय के साथ किसानों की रुचि में गिरावट आई है, जिसे पुन: जागृत करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र के समस्त वैज्ञानिकों ने बीते वर्ष की अनुसंधान उपलब्धियों को साझा किया तथा आगामी अनुसंधान प्रस्तावों और योजनाओं को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। बैठक में क्षेत्रीय कृषि विकास की दिशा में समन्वित प्रयास करने एवं अनुसंधान कार्यों को किसानों तक पहुंचाने पर बल दिया गया, जिससे खरीफ-2025 की फसलों में गुणवत्ता एवं उत्पादन क्षमता में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

# सांसद व महापौर ने फायर ब्रिगेड गाड़ी पूजन कर किया रवाना



राजनांदगांव, 22 अप्रैल। राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे एवं मधुसूदन यादव महापौर राजनांदगांव के कर कमलो द्वारा जिले के अग्नि सुरक्षा कवच को सुदृढ़ करने हेतु अग्निशमन वाहन (फायर ब्रिगेड गाड़ी) का लोकार्पण किया गया। सांसद संतोष पांडे एवं महापौर मधुसूदन यादव ने पूजा अर्चना कर गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए। आज नगर सेना मुख्यालय, राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार द्वारा जिले के अग्नि सुरक्षा कवच को सुदृढ़ करने एवं आपातकाल में जनधन की हानि को रोकने हेतु नए अग्निशमन वाहनों का राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पांडे जी एवं महापौर श्री मधुसूदन यादव जी के साथ लोकार्पण किया और हरी झंडी दिखाकर जनता की सेवा में समर्पित किया। सांसद ने कहा कि हमारे नगर सेना के जवान हर आपातकालीन परिस्थितियों को नियंत्रित कर जनधन की हानि को रोकने हेतु सदैव मुस्तैद रहते हैं और इन नए वाहनों के अग्निशमन में जुड़ने से जिले को विषम परिस्थितियों से निपटने में सुविधा मिलेगी।

# 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ

**डोंगरगढ़,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में मां बमलेश्वरी नीचे मंदिर स्थित योग हाल में 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ परम पूज्य स्वामी रामदेव जी के प्रिय शिष्य स्वामी विप्र देव व स्वामी नरेंद्र देव द्वारा किया गया। रोग मुक्त दवा मुक्त नशा मुक्त भारत का निर्माण के उद्देश्य से इंटीग्रेटेड योग शिविर जिसमें प्रतिदिन अनुभवी एवं योग शिक्षकों द्वारा 25 दिनों तक निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन मां बमलेश्वरी देवी के चित्र पर माल्यार्पण पूजन अर्चन कर किया गया। प्रात: 6 बजे स्वामी विप्र देव व नरेंद्र देव ने 50 से अधिक लोगों की उपस्थिति में योग एवं प्राणायाम के विभिन्न आसन सरल तरीके से किस प्रकार किये जा सकते हैं यह बताया तथा उनसे रोगों की मुक्ति का विस्तृत बखान भी किया उन्होंने बताया कि 25 दिनों तक चलने वाले इस शिविर में प्रतिदिन अनुभवी योग शिक्षक आप सभी को प्रशिक्षण देंगे शिविर में वरिष्ठ योग प्रशिक्षक डीसी येडे हेमंत साहू संतोष टेमरे विश्वनाथ यादव हीरालाल मौर्य श्रीनिवास जनबंधु पंचूराम साहू सहित रायपुर से प्रदेश संगठन प्रभारी श्रीराम शर्मा भी उपस्थित थे। योग की बारीकियों को समझाने के लिए स्वामी नरेंद्र देव ने लगभग 1 घंटे प्राणायाम के साथ व्याख्यान भी दिया इसके अलावा स्वामी विप्रदेव ने हवन क्रिया के माध्यम से हम किस प्रकार स्वस्थ हो सकते हैं स्वस्थ जीवन जी सकते हैं बड़े ही सरल ढंग से उदाहरण के साथ प्रस्तुत किया। बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति भी शिविर में हुई। स्थानीय समिति के अध्यक्ष संतोष टेंबरे ने बताया कि 45 युवक की यूवतियों ने शिविर के लिए पंजीयन कराया है वे प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक योग हाल में प्रशिक्षण लेंगे इसके पश्चात उन्हें सहयोग शिक्षक प्रमाण पत्र निशुल्क हरिद्वार शिविर में जाने का अवसर योग आयुर्वेद एक्यूप्रेशर घरेलू उपचार का प्रशिक्षण योग आयुर्वेद का पाठ्यक्रम तथा योग शिक्षक बनकर रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। उद्घाटन के अवसर पर बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष व पार्षद संजय श्रीवास्तव तहसील अध्यक्ष संतोष टेमरेए हेमंत साहूए विश्वनाथ यादवए गोपाल खेमुकाए श्रीनिवास जनबंधुएहीरालाल मौर्यए सत्येंद्र बिसेनए श्याम तिवारीए मनोज दम्मानीए महावीर भंडारीए बंटू काकाए मोहन शर्माए यूएस वर्मा कमल अग्रवालए प्रकाश अग्रवालए महेंद्र अग्रवालए श्रीमती रजनी भाटियाए निर्मला चैधरीए भीष्म ठाकुरए मनथीर साहू हंसराज साहू सुभाष जैन विशेष रूप से मौजूद थे।



# चंद्रगिरी समाधि स्थल के दर्शनार्थ हेतु पहुंचे पर्यटन मंडल अध्यक्ष शर्मा



**डोंगरगढ़,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र में संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी कि समाधी स्थल के दर्शन करने छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीलू शर्मा पहुचे द्य उनके आगमन पर चंद्रगिरी समाधि स्थल के ट्रस्टी गण एवं सदस्यों ने उनका अभिवादन किया। उन्होंने श्रीफल चढ़ाकर समाधि स्थल को नमन किया एवं ऐसे पूजनीय स्थल और आचार्य श्री के प्रति अपने भाव अभिव्यक्त करते कहा कि यह स्थान आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी कि तपो भूमि रही है यहाँ पर उन्होंने संलेखना धारण किया जिससे यहाँ कि भूमि पवित्र और उर्जावान हो गयी है द्य मै पहले भी आचार्य श्री के दर्शनार्थ चंद्रगिरी आ चुका हूँ द्य आचार्य श्री के दर्शन के लिये हमारे देश के प्रधान मंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं गृह मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी भी आये थे द्य यह हमारे लिये बहुत ही गौरव कि बात है कि हमें यह सौभाग्य मिला कि आचार्य श्री ने यहाँ संलेखना धारण कर समाधि लिये द्य इस स्थान पर मै हमेशा आते रहूँगा द्य इस दौरान नपा अध्यक्ष अमित जैनए जसमीत बन्नोआना ए रमन डोंगरे एवं चंद्रगिरी समाधि स्थल के सभी ट्रस्टी एवं सदस्यों का धन्यवाद करता हूँ कि वे अपनी सेवा यहाँ दे रहे है और आगे भविष्य में जो भी आपकी कार्य योजना बनेगी उसके लिये मै सदैव आपके साथ रहूँगा द्य उक्त जानकारी निशांत जैन ;निशुद्ध ने दी है।

# 35 विद्यार्थियों को 1 लाख 90 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान



**खैरागढ़,** 22 अप्रैल। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में अध्ययनरत उत्तर-पूर्व क्षेत्र के 35 विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल द्वारा स्वेच्छानुदान मद से वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 5000 रुपए प्रति विद्यार्थी की दर से कुल 1,90,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस राशि को राजभवन से विद्यार्थियों के खातों में ऑनलाइन हस्तांतरित की गई है। इस महत्त्वपूर्ण सहायता राशि को विद्यार्थियों तक पहुँचाने विश्वविद्यालय परिसरङ्क2 स्थित प्रशासनिक भवन में लाभार्थी विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया तथा कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा के करकमलों से लाभार्थी विद्यार्थियों को उनके स्वीकृति आदेश की प्रतियाँ प्रदान की गई। इस अवसर पर कुलपति ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता राशि विद्यार्थियों की शिक्षा और प्रशिक्षण में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को इस राशि का सदुपयोग करने की सलाह दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा यह आशा व्यक्त की गई है कि इस पहल से विशेष रूप से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में मजबूती मिलेगी और वे अपने कौशल को और विकसित कर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन सहित शिक्षकों व विद्यार्थियों ने इस आर्थिक सहायता के लिए राज्यपाल के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।

# लोकसेवक की तरह सभी कार्य करें : कलेक्टर



**बिलाईगढ़,** 22 अप्रैल(देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के प्रशासनिक कार्यों के संबंधित समय सीमा का बैठक लिया। कलेक्टर ने कहा कि लोकसेवक की तरह सभी कार्य करें। सुशासन तिहार के आवेदन को मानवीय स्तर पर सद्भावना के साथ राज्य सरकार के मंशा अनुरूप जन जन के हित को सर्वोपरि रखते हुए उनके मांग से जुड़े सभी दस्तावेज जो सरकारी तंत्र से मिलना है, उसका व्यवस्था सरकारी तौर पर किया जाए और शत प्रतिशत योजनाओं का लाभ देना जिले के प्रशासनिक अमला का उद्देश्य होना चाहिए। कोई भी मांग या शिकायत आया है उसके निराकरण के संबंध में आवेदक को लिखित में सूचना दे। आवेदनों के निराकरण के लिए आवेदक, अधिकारी कर्मचारी, ठेकेदार आदि फील्ड में जाएं और त्वरित निराकरण करें। वर्तमान में किए जा रहे सर्वे में छूटे हुए नागरिकों का शत प्रतिशत पंजीयन हो। उन्होंने जिले के अधिकारियों को कहा कि आपके अधीनस्थ कर्मचारी के कार्यों का मॉनिटरिंग आप स्वयं करें। यदि कोई भी कर्मचारी फील्ड में अपने पदीय दायित्व के विरूद्ध रिश्वत, दुर्व्यवहार आदि करता है तो उसे वहां से हटाएं। कलेक्टर ने रिटायर्ड कर्मियों के पेंशन के संबंध में कहा कि सभी विभाग अपने कर्मियों के रिटायर होने के करीब डेढ़ वर्ष पूर्व से पेंशन के सभी कार्य को शुरू कर दें ताकि उनके रिटायर्ड के दिन सभी प्रकार के स्वत्व और अन्य राशि का भुगतान तत्काल हो जाए। इस अवसर पर जिले के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

# आयोग की अध्यक्ष शर्मा ने बाल श्रम की रोकथाम के लिए छापेमारी अभियान के निर्देश दिए



**महासमुंद** 22 अप्रैल (देशबंधु)। छग राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिकां शर्मा ने बाल श्रम की रोकथाम हेतु प्रदेश के समस्त जिलों में छापामार कार्यवाही किये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होने 08 बिन्दुओं पर सुनियोजित तथा कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए हैं। डॉ वर्णिका शर्मा द्वारा पत्र में यह लेख किया है कि बाल श्रम की रोकथाम कोई एक दिवस की प्रक्रिया नहीं है अपितु यह एक सतत प्रक्रिया है अत: कहा गया है कि संपूर्ण प्रदेश के समस्त जिलों में अप्रैल 2025 से प्रारंभ कर प्रत्येक 03 माह में प्रदेश व्यापी सात दिवसीय छापामारी अभियान चलाया जाए। छापेमारी की कार्यवाही हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई जिला पुलिस प्रशासन,संबंधित थाना क्षेत्र प्रशासन को शामिल करते हुए दल बनाया जाए तथा देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बाल श्रमिकों को आवश्यक होने पर यथाशीघ्र बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जावे। इसके साथ ही उन्होंने उक्त छापेमारी अभियान के दौरान समय.समय पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर जारी किए गए समस्त आदर्श क्रियान्वयन प्रक्रियाओं का पालन किये जाने के भी निर्देश दिये हैं। उन्होंने निर्देशों में यह भी लेख किया है कि अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस 12 जून 2025 को सार्थक बनाते हुए प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर के समक्ष श्रम विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा बाल श्रम की रोकथाम के संबंध में स्थिति का प्रस्तुतीकरण किया जाये। उन्होंने विभाग को यह भी अनुशंसा की है कि बाल श्रमिक के पाये जाने पर आम नागरिकों द्वारा इसकी सूचना श्रम विभाग को सुलभ रूप से देने के लिए श्रमायुक्त कार्यालय या राज्य मुख्यालय में एक टोल फ्री नंबर की सेवा को आरंभ किया जावे व आरंभ हो तो उसे सक्रिय रखा जावे।

# सफाई देखने सुबह आयुक्त पहुंचे इंदिरा नगर एवं नंदई

## हाजरी रजिस्टर की जांचकर कम उपस्थिति पर जताई नराजगी



**राजनांदगांव,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। साफ-सफाई में गुणात्मक सुधार लाने नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन वार्डो में जाकर सफाई देख वार्ड प्रभारी, दरोगा एवं सफाई कर्मियों को सफाई में और सुधार लाने निर्देशित कर रहे है। आज उनके द्वारा कौरिनभाठा रोड़, इंदिरा नगर, नंदई क्षेत्र में साफ-सफाई का जायजा लेकर निर्धारित समय तक सभी कर्मचारियों को उपस्थित रहकर कार्य करने कहा।

इंदिरा नगर के हर गलियों की नाली की समुचित सफाई कराकर कचरा उठाने आयुक्त ने कहा। हाजरी रजिस्टर की जॉचकर उन्होने कर्मचारियों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि, कोई भी कर्मचारी बिना कारण अनुपस्थित नही रहेगें, और न ही सक्षम अधिकारी के बिना अनुमति अवकाश पर रहेगें। उन्होने कहा कि, सफाई जैसे अति आवश्यक सेवा के कार्य में कोताही बर्दास्त नही की जायेगी। नंदई में साफ-सफाई देख कर्मचारियों से चर्चा कर कहा कि, चौक-चौराहों एवं डिवाईडर के आस-पास पर्याप्त सफाई करना सुनिश्चित करें। कचरा संग्रहण स्थल से प्रतिदिन कचरा उठाकर पुरी तरह से साफ करें, जिससे आवागमन में परेशानी न हो। उन्होने नंदई एवं इंदिरा नगर नाला की भी जेसीबी के माध्यम से सफाई कराने कहा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आरोग्य अस्पताल के बाजू खाली भूमि में मेडिकल वेस्ट बिखरे देख आस-पास के सभी अस्पतालों को नोटिस जारी करने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किए। उन्होने कहा कि, सभी अस्पतालों में मेडिकल वेस्ट देने की अलग व्यवस्था है, उसके बावजूद खुले में वेस्ट फैलाना गंभीर बात है। उक्त निर्देश का कडाई से पालन किया जाये। उन्होने सी-मार्ट का निरीक्षण कर संचालक से व्यवस्था संबंधी जानकारी लेकर समान व्यवस्थित रखने के साथ-साथ पर्याप्त साफ-सफाई रखने कहा।

# प्रादेशिकी का शेष...

## अब लीज पर ...

एक अन्य प्रस्ताव वन नेशन वन इलेक्शन एक देश एक चुनाव को लेकर पारित किया गया है। महापौर अलका बाघमार ने इसे ऐतिहासिक दूरदर्शी पूर्ण निर्णय बताते हुए कहा है कि यह भारत के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत, पारदर्शी और कुशल बना सकता है।

एमआईसी की बैठक में एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, नरेन्द्र बंजारे, चंद्रशेखर चंद्राकर, लीना देवांगन, कांशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल, शशि साहू, हर्षिका जैन, उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, ईई मोहनपुरी गोस्वामी, दिनेश नेताम, आर.के.जैन, गिरीश दीवान सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## वन नेशन वन इलेक्शन ...

पी.जी.कॉलेज बेमेतरा की छात्रसंघ अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुकी है। विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव जैसे महत्वपूर्ण आंदोलनों का नेतृत्व कर चुकी है। वर्तमान में नीतू कोठारी नगर पालिका बेमेतरा की सक्रिय पार्षद है। उनके दिल्ली समिट में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने पर छात्रनेताओं और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। इस समिट में देश के केंद्रीय मंत्री वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर अपने विचार,प्रस्ताव और सुझाव प्रस्तुत करेंगे।

## अत्याधुनिक फायर ब्रिगेड मशीन...

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार माना है। इस अवसर पर संभागीय सेनानी अनिमा एस.कुजूर, एमआईसी सदस्य नीलेश अग्रवाल, पार्षद देवनारायण चंद्राकर, लीलाधर पाल, मनोज सोनी, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, कार्यकर्ता नगर सैनिक एसडीआरएफ और अग्निशमन जवान उपस्थित थे।

## दुर्घटना रोकने...

निगम चरोदा भिलाई को सिरसा गांव की ओर मोड़ पर फ्री लेफ्ट टर्न बनाने को कहा गया। इंदिरा मार्केट में वैकल्पिक पार्किंग की सुविधा के लिए संगम प्रेस के पास स्थित शासकीय जमीन को चिन्हित कर वहां के दो कण्डम चार्टर तोड़कर मल्टीलेवल पार्किंग विकसित करने की योजना पर चर्चा की गई। बैठक में आबकारी विभाग ने जानकारी दी कि पोटिया चौक और अंजोरा में संचालित शराब दुकानों को मुख्य मार्ग से हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है।

बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे, नगर निगम आयुक्त दुर्ग सुमित अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त रिसाली मोनिका शर्मा, नगर निगम आयुक्त भिलाई राजीव पाण्डेय, चरोदा नगर निगम आयुक्त दशरथ राजपूत, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, एसडीएम सोनल डेविड, उत्तम ध्रुव, लवकेश ध्रुव, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एस.एल.लकडा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सदानंद विंदराज, यातायात विभाग, पुलिस विभाग एएसपी ऋचा मिश्रा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## पृथ्वी के संरक्षण के लिए ...

दिवस से संबंधित रोचक जानकारी प्रस्तुत की।

भूगर्भशास्त्र विभाग के डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस मनाने का आरंभ 22 अप्रेल 1970 से हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य पृथ्वी के संरक्षण के प्रति समूचे विश्व को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस की थीम हमारी पृथ्वी हमारी शक्ति रखा गया है। डॉ. श्रीवास्तव ने एक चिज के माध्यम से विद्यार्थियों से पृथ्वी से संबंधित अनेक रोचक पश्न विद्यार्थियों से पूछे जिसका उत्तर देते हुए अन्य विद्यार्थियों के ज्ञान में वृध्दि हुई। भूगर्भशास्त्र के अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. इन्द्रजीत साकेत ने बताया कि लगभग 190 से अधिक देषों में आज विष्व पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। इसकी आज 55 वीं वर्षगांठ है। डॉ. साकेत ने पृथ्वी के संरक्षण के विभिन्न उपायों की भी विस्तार से चर्चा की।

भूगर्भशास्त्र के स्नातक स्तर के विद्यार्थी भूपेश वर्मा तथा कु. झलक मिश्रा ने अपने प्रस्तुतिकरण में वनोन्मुलन, सीएफसी गैसों का प्रयोग, प्राकृतिक संसाधनों का अत्याधिक दोहन तथा ग्लोबल वार्मिंग को पृथ्वी के लिए हानिकारक बताते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने-अपने स्तर पर पृथ्वी के संरक्षण हेतु प्रयास करना चाहिये। उन्होंने कहा कि हमें व्यर्थ बहते जल तथा व्यर्थ में विद्युत की खपत पर नियंत्रण लगाना चाहिये। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. एस.एन. झा को भूगर्भशास्त्र विभाग की ओर से स्मृति सिन्ह भेंट किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विकास स्वर्णकार ने किया।

## जिला स्तरीय मिनी ...

चैंपियनशिप के सभी आयु समूह वर्गों के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं तीसरे एवं चौथे स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। तथा भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं ई सर्टिफिकेट दिया जाएगा। स्पर्धा में प्रवेश शुल्क 400 रुपए तथा प्रवेश की अंतिम तिथि 28 अप्रैल तक निर्धारित है। उक्त चैंपियनशिप के चीफआर्बिटर अलंकार भिवगड_ इंटरनेशनल आर्बिटर एवं डिप्टी चीफआर्बिटर रॉकी देवांगन फिडे आर्बिटर एवं सहायक के रूप में सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा होंगे। स्पर्धा में प्रवेश हेतु खिलाड़ी सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा से संपर्क कर सकते हैं। स्पर्धा के आयोजन में कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल की प्राचाय निधि शर्मा एवं समस्त स्टाफतथा जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष दिनेश जैन, ललित वर्मा, एस के भगत, दिनेश नलोडे, मोरध्वज चंद्राकर, अजय राय, सहसचिव संजय खंडेलवाल एवं जयंता दास, हरीश सोनी, जवाहर सिंह, रवि शर्मा सहित अन्य लोग सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## निगम ने मठपारा वार्ड में ...

महिलाएं भी थी। भारी विरोध के बीच नगर निगम के कर्मचारियों के साथ ही सहायक अभियंता भवन अधिकारी गिरीश दीवान, बाजार विभाग के शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा ने स्वयं मोर्चा सम्हाला और किये जा रहे विरोध को काबू में किया। इसके बाद यहां पर ठेले खोमचे नालियों पर बना लिये पक्के चबूतरे कुल मिलाकर 10 से ज्यादा अतिक्रमण हटाकर रास्ता क्लीयर किया। अतिक्रमण हटाओं दस्ते के प्रभारी अधिकारी परमेश्वर ने कहा कि यदि आगे भी अवैध कब्जे किये गये तो आगे भी इसी तरह की कार्रवाई और सख्ती से की जायेगी।

महापौर अलका बाघमार ने शहर के विभिन्न गली मोहल्लों चौक चौराहों व कालोनियों में जगह घेरकर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी है कि किसी भी तरह से किये गये अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## पटवारियों की लापरवाही पर ...

रहा है। पटवारी पुरुषोत्तम दास द्वारा न्यायालय तहसीलदार के न्यायालयीन प्रकरण में त्रुटिपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा दीप निरंजन सिंह द्वारा न्यायालयीन समय को गंभीरता से नही लिये जाने से राजस्व प्रकरणों में अनावश्यक विलम्ब होने से उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुये उन्हे कारण बताओं सूचना जारी कर जवाब प्राप्त किया गया। पुरुषोत्तम दास ग्राम पटवारी दारगांवए बिरोदा तथा दीप निरंजन सिंह पटवारी ग्राम तुमाकला द्वारा प्रस्तुत जवाब असंतोषजनक पाया गया। पुरूषोत्तम दास तथा दीप निरंजन के इस कृत्य से न्यायालयीन प्रकरणों में अनावश्यक देरी हुई और न्यायालय की छवि भी खराब हुई। जो कि छग सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत है। इस कारण अनुविभागीय अधिकारी धमधा श्री डेविड द्वारा पटवारी पुरुषोत्तम दास और दीप निरंजन की अगली वेतनवृद्धि असंचयी रूप से (बिना भविष्य में पुन: मिलने की संभावना के) रोक दी गई है। उपर्युक्त आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

## आजादी पूर्व स्थापित ...

है। यहां से पढ़कर निकली छात्राओं ने बड़े बड़े पदों पर सेवाएं देकर अपनी विद्यालय व शहर का नाम रोशन किया है। अतएव इस ऐतिहासिक धरोहर को गिराने की बजाय इसके संधारण किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी विभिन्न संस्थाओं ने उक्त शाला भवन को तोड़ने का विरोध किया है।

# एसपी ने क्राइम मीटिंग लेकर अपराध नियत्रंण एवं लंबित मामलों की गहन समीक्षा की



**खैरागढ़,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। सोमवार 21 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी त्रिलोक बंसल के द्वारा एएसपी नितेश कुमार गौतम, एसडीओपी खैरागढ़ आशारानी व एसडीओपी गण्डई मानक राम कश्यप, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) प्रदीप येरेवार, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स/रक्षित केन्द्र रमेश चंद्रा की उपस्थिति में जिले के थाना/चौकी प्रभारियों की मींटिग लेकर अपराध नियत्रंण एवं लंबित मामलो की गहनता से समीक्षा की गई। अपराध रोकने एवं असामाजिक गतिविधियों पर नियत्रंण रखने सख्त दिशा निर्देश दिया गया। अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने एवं समंस/वारंटो की तमीली पर विशेष बल दिया गया। थानो में लंबित अपराध, मर्ग एवं शिकायतों के शीघ्र निराकरण करने की हिदायत दी गई। थानो मे दर्ज गुम इंसान के प्रकरणों में गंभीरता से जांच कर गुम इंसानो की पता तलाश करने निर्देशित किया गया। अपराधों के रोकथाम के लिए अधिक से अधिक माईनर एक्ट की कार्यवाही कर जुआॅ,अवैध शराब बिक्री, दवाईयां, नशाखोरी पर नियंत्रण करने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया। थाना प्रभारियों को जनता में महिला एवं बच्चो के विरूद्ध अपराध, सायबर अपराध, सामाजिक बुराईयों के प्रति जागरूक करने तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए चलित थाना व विभिन्न ग्रामों में सामुदायिक पुलिसिंग चलाये जाने के लिए हिदायत दी गई। क्राईम मीटिग में जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के समस्त थाना, चौकी प्रभारी एवं शाखा प्रभारी उपस्थित थे।

## पाहन्दा में भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन

# मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू हुए शामिल

**बेमेतरा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पाहन्दा में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के प्रतीक भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती महोत्सव का आयोजन अत्यंत भव्यता एवं श्रद्धाभाव के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।



कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक श्री साहू ने भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं मंगल की कामना की। जयंती महोत्सव के दौरान सारा पंडाल च्भक्त माता कर्मा की जयज्ञ के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में पायल साहू की मधुर स्वर लहरियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने संबोधित करते हुए कहा, भक्त माता कर्मा केवल एक धार्मिक व्यक्तित्व नहीं थीं, बल्कि वे समाज सुधार, भक्ति और सेवा का प्रतीक थीं। उन्होंने जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। साहू समाज ने हमेशा परिश्रम, निष्ठा और ईमानदारी की मिसाल पेश की है।ज्ञ उन्होंने यह भी कहा कि आज जब साहू समाज का ही एक बेटा तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा दे रहा है, तो यह समाज की मेहनत और मूल्यों की विजय है।

विधायक साहू ने समाज की एकता, परिश्रम और समर्पण को सराहते हुए कहा कि साहू समाज अपने साथ समाज के अन्य वर्गों को लेकर चलने वाला, समावेशी और कर्मशील समाज है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री योगेश तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष बेरला श्री शुभम वर्मा, तहसील साहू संघ अध्यक्ष श्री सूर्यकान्त साहू, श्री बृजेश शर्मा सहित साहू समाज के अनेक पदाधिकारी, सामाजिक बंधु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन ने सामाजिक समरसता, परंपराओं के संरक्षण एवं युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने की दिशा में एक प्रेरणादायी मिसाल पेश की।

# बोरगहन चौक मे हुए चोरी के आरोपी को अब तक नही पकड़ पाई पुलिस

- लगातार चोरी से व्यापारी व ग्रामीण भयभीत
- पुलिस के खिलाफ व्यापारी व ग्रामीणो मे आक्रोश

**गुण्डरदेही,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। रनचिरई थाना क्षेत्र के बोरगहन चौक मे स्थित वैष्णवी किराना दुकान मे 15 अप्रैल को हुए चोरी के एक हफ्ते बाद भी पुलिस के हाथ खाली है 15 अप्रेल को दो अज्ञात चोरों ने रात्रि 2 बजे के आसपास दुकान के शटर को उठाकर गल्ले से दो लाख 70 हजार रुपए की चोरी कर ले गए जिसकी लिखित शिकायत दुकान मालिक बिरेन्द्र चंद्राकर ने थाना पहुंचकर दी चोरी की वरदात दुकान मे लगे सीसीटीवी फुटेज मे दिख रहे है जिसको लेकर रनचिरई पुलिस जांच कर रही है




### चोरी के एक भी मामले मे नहीं हुई गिरफ्तारी

रनचिरई थाना क्षेत्र मे चोर बेफिक्र होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं मगर रनचिरई पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति कर रही है चोरी की कई मामलो मे अभी तक एक भी गिरफ्तारी स्थानीय पुलिस द्वारा नहीं की गई है

### बोरगहन चौक को ज्यादा निशाना बनाते हैं चोर

तीन गांव अचौद बोरगहन फूण्डा से मिलकर बना बोरगहन चौक व्यापार के लिए अच्छा है इसके अलावा आस पास के लगभग 10 से 12 गांव इस जगह पर आश्रित हैं जिस कारण से यहां के मार्केटिंग को देखते हुए बड़े बड़े दुकान लगातार खुल रहे है जिसका फायदा स्थानीय लोगों के साथ चोरों को भी मिल रहा है आए दिन किसी न किसी दुकान का शटर को तोड़कर चोर बेफिक्र होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं । थाना यहां से दस किलोमीटर की दुरी पर है पुलिस वाले एक बार गस्त देकर निकल जाते हैं उसके बाद रात के अंधेरे मे छुपे चोर अपना काम सफाई से करते हैं 7 ज्ञात हो कि बोरगहन चौक मे एक दर्जन से ज्यादा चोरी के मामले थाना मे दर्ज हुए है जिसमे अभी तक किसी भी मामले मे पुलिस को सफलता नहीं मिली है

### लोगों ने जताई पुलिस चौकी की आवश्यकता

यहां के स्थानीय लोगों ने बताया की क्षेत्र मे चोरी और अवैध कामों मे बढ़ोतरी के कारण इस जगह पर पुलिस चौकी खोलने की आवश्यकता जताई है जिससे काफी हद तक चोरी व अन्य गैर कानुनी काम मे अंकुश लगाया जा सके।

# पलानसरी में रुद्र महायज्ञ के अंतर्गत विद्या दुबे ने सुनाई श्रीराम कथा, उमड़ा जनसैलाब

**थानखमरिया,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पलानसरी में 14 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ में प्रतिदिन भव्य धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित इस आयोजन में व्यास पीठ पर विराजमान पूज्या विद्या दुबे (शिष्या - श्री रामस्वरूप आचार्य जी, चित्रकूट) द्वारा श्रीराम कथा के विविध प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया।



श्रीराम के वनवास और केवट प्रसंग के दौरान विद्या दुबे जी ने बताया कि श्रीराम कोई साधारण पुरुष नहीं, बल्कि धर्म के साक्षात स्वरूप हैं। उनके 14 वर्षों के वनवास का उद्देश्य धर्म की रक्षा था। उन्होंने कहा, राम विग्रह वान धर्म हैं। कथावाचन के दौरान केवट प्रसंग का विशेष उल्लेख करते हुए विद्या जी ने बताया कि केवट की भक्ति साधारण नहीं थी। वह पूर्व जन्म में क्षीरसागर का कछुआ था, जिसने भगवान के चरणों की सेवा की इच्छा की थी। श्रीराम के चरण छूने की इस अद्भुत प्रतीक्षा ने अंततः उसे गंगा पार कराकर भवसागर से तार दिया। उन्होंने यह भी बताया कि व्यक्ति यदि जीवन के 14 वर्षों तक अपनी इंद्रियों और मन पर नियंत्रण रखे, तो वह अपने भीतर के रावण और अहंकार को मार सकता है। यही श्रीराम कथा का गूढ़ संदेश है।

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं की आँखें नम हो गईं और भाव-विभोर होकर वे श्रीराम विवाह और वनवास प्रसंग में डूबते चले गए। समस्त आयोजन स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के समापन पर विद्या दुबे जी को आयोजकों ने पुष्पवर्षा कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री अमित चंद्रवंशी, संतोष, सोनाली साहू, गोवर्धन साहू, जनपद सदस्य रवि चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में लोगों की समस्याएं

## जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 32 आवेदन प्राप्त हुए

**बेमेतरा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा की उपस्थिति मे आज मंगलवार को कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष मे जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमे जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 32 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी।



इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील साजा के ग्राम मौहाभाठा के निवासी दानीराम ने त्रुटि सुधार करने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील थानखम्हरिया के ग्राम सेमरिया के निवासी जयकिशन यादव ने अपने लगानी भूमि के सामने अवैध कब्जा हटवाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील साजा के ग्राम परसबोड़ निवासी हरक खुटेल ने प्रधानमंत्री आवास का राज्यांश अविलम्ब जारी करने के विषय में आवेदन दिया, ग्राम डगनिया के समस्त ग्रामवासी ने शासकीय मद की तालाब के पास रोड (खपरी रास्ता) से लगे भूमि पर स्थित पांच एकड़ भूमि पर अवैधानिक कब्जा कर बबूल वृक्षों की कटाई करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर सी.ई.ओ. जिला पंचायत श्रीं टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेयी, एसडीएम बेरला दिप्ती वर्मा सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# गोपालपुर शाला में मांग पत्रों का हुआ भौतिक सत्यापन

**थानखमरिया,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। समीप ग्राम गोपालपुर की शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल में 'सुशासन तिहार' के अंतर्गत ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत मांग पत्रों और आवेदनों का विभागीय भौतिक सत्यापन संकुल स्तर के अधिकारियों द्वारा किया गया।




इस अवसर पर प्रमुख रूप से हाईस्कूल गोपालपुर में भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता, सायकल स्टैंड निर्माण तथा हाईस्कूल का हायर सेकेंड्री में उन्नयन जैसी प्राथमिक मांगों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। हाईस्कूल गोपालपुर शिक्षा सत्र 2023-24 से संचालित है तथा वर्तमान में यहां 133 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह शाला अभी तक शिक्षक और भवन सुविधाओं से वंचित है। भौतिक सत्यापन के दौरान प्रभारी प्राचार्य श्री बिसेन सिंह राजपूत, प्रभारी प्रधानपाठक श्री लालाराम कश्यप, प्राथमिक शाला प्रभारी श्री ढाल सिंह यादव, शिक्षक श्री अमित कुमार शर्मा, श्री संजय कुमार पाण्डेय और श्री राजाराम साहू उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री दौलत नाथ योगी, ग्राम सरपंच श्रीमती गीता रामजी चंद्राकर, उपसरपंच श्री चैन चंद्राकर एवं पंच श्री पारस नाथ योगी भी प्रमुख रूप से शामिल रहे। संकुल प्राचार्य श्री राजकुमार जायसवाल एवं संकुल समन्वयक श्री सत्यनारायण सेवैये ने संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुए समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु विभागीय पहल का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए आशा जताई कि बच्चों के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक संसाधन शीघ्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

# पृथ्वी दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**बेमेतरा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार तथा अध्यक्ष / प्रधान जिला न्यायाधीश श्री बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की सचिव श्रीमती निधि शर्मा के निर्देशन में ग्राम मऊ, मल्दा, केशला, नांदघाट और अकलवारा (साजा) में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों का उद्देश्य न केवल नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों एवं निःशुल्क विधिक सहायता संबंधी जानकारी प्रदान करना था, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी था। इस अवसर पर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया गया। बताया गया कि पृथ्वी की सुन्दरता बनाए रखने और जलवायु संतुलन को सुधारने के लिए हर व्यक्ति को पेड़ लगाना चाहिए।




अधिकार मित्रों ने शिविरों में पौधारोपण कर एक मिसाल पेश की और लोगों से आग्रह किया कि वे अपने जन्मदिवस जैसे विशेष अवसरों पर पेड़ लगाएं और उपहार स्वरूप पौधे देने की परंपरा को बढ़ावा दें। साथ ही जल संरक्षण पर भी बल दिया गया ङ्क जैसे वर्षा जल संग्रहण, सोख्ता निर्माण और जल स्रोतों के समीप जल संधारण की व्यवस्था। वायुमंडलीय संतुलन बनाए रखने के लिए वायु प्रदूषण पर नियंत्रण की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। शिविर में नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित विधिक योजनाओं, निःशुल्क विधिक सहायता और नागरिकों के कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई।इस आयोजन में तालुका विधिक सेवा समिति साजा एवं समस्त अधिकार मित्रों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम ने न केवल विधिक जागरूकता को बढ़ावा दिया बल्कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए जनसहभागिता का संदेश भी दिया।

## भीषण गर्मी के चलते ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि में संशोधन, अब 25 अप्रैल से 15 जून तक छुट्टियाँ

**बेमेतरा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए राज्य शासन ने स्कूली छात्रों के स्वास्थ्य पर संभावित प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि में आंशिक संशोधन किया है।

पूर्व में विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 20 सितंबर 2024 द्वारा शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त शालाओं में 1 मई से 15 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया था। लेकिन अब संशोधित आदेशानुसार यह अवकाश 25 अप्रैल से 15 जून 2025 तक प्रभावी रहेगा।

यह आदेश शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय सभी प्रकार की शालाओं पर लागू होगा। हालांकि, यह आदेश शिक्षकों पर लागू नहीं होगा और विभागीय पूर्व आदेश की अन्य शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने हरीतिमा टीम व अन्य संगठनों का किया सम्मान

**कवर्धा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता लाने वाले एवं पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन करने की दिशा में कार्य करने वाले सभी लोगों का सम्मान कर धन्यवाद ज्ञापित किया।



नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि हम सभी प्रकृति की संरक्षण व संवर्धन के लिए अपने जीवन के अमूल्य समय में से कुछ समय निकालकर इस प्रकृति की सेवा में दे रहे है। कवर्धा की धरती माता को सजाने व संवारने की दृष्टि में अपना महत्तवपूर्ण योगदान दे रहे है। उन्होनें कहा कि इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से समाज मे व समाज में रहने वाले में जनजागरूकता आयेगी व प्रेरणा भी मिलेगें। इस भाव से हम सबको काम करना है कि धरती हमारी माता है जिस प्रकार से हम अपनी माता पिता की सेवा करते है ठीक इसी प्रकार धरती माता का सेवा करने की आवश्यकता है आज का वातावरण, पर्यावरण अंसतुलन होकर बिगडते जा रहा, जिसका संरक्षण संवर्धन करना अत्यंत आवश्यक है पर्यावरण संतुलित रहेगा तो हम सभी स्वस्थ्य रहेगें और हमारा जीवन भी स्वस्थ्य रहेगा।

**पर्यावरण संरक्षण के लिए पर्यावरण प्रेमियों के साथ नपाध्यक्ष ने की चर्चा** - नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सुधा वाटिका में नगर पालिका क्षेत्र को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से सभी नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और स्वयंसेवी संगठनों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा, मैं उन सभी संस्थाओं और व्यक्तियों का दिल से सम्मान करता हूँ जो जल, जंगल और जमीन की रक्षा में जुटे हैं। उनका योगदान हमारे नगर के पर्यावरणीय संतुलन के लिए अमूल्य है। उपस्थित विभिन्न संगठनों और पर्यावरण प्रेमियों के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि नगर पालिका आने वाले समय में वृक्षारोपण अभियान को व्यापक रूप से चलाएगी। जिसमें स्कूल, कॉलेज, सामाजिक संस्थाएं और आम नागरिकों की भागीदारी को शामिल किया जायेगा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति व पार्षद रिंकेश वैष्णव, अजय ठाकुर, दुर्गेश अवस्थी, बिहारी राम धुर्वे, दीपक सिन्हा, सुरेन्द्र पाण्डेय, देवकुमार साहू, हरीश साहू, सोनू उपाध्याय, हरीश कुंभकार, केशरी चंद सोनी, दिनेश ठाकुर, हरीतिमा टीम, सुरक्षा टीम, योग समिति, गौ सेवा समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

**पर्यावरण प्रेमियों का किया सम्मान** - नगर पालिका अध्यक्ष ने कवर्धा धरती की रक्षा व उनके संरक्षण संवर्धन में जुटे शहर के संगठनों को सम्मानित किया। जिसमें हरीतिमा टीम, जनसेवा एवं सुरक्षा टीम, मां काली योग समिति, गौ सेवा समिति, पर्यावरण रक्षा गौ सेवा समिति अविनाश ठाकुर, नारायण ठाकुर, दुर्गेश ठाकुर, एकल्वय ठाकुर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में विकास कार्यों की समीक्षा कर जन समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**कवर्धा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद पंचायत सहसपुर लोहरा में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और लंबित शिकायतों और जनता द्वारा प्राप्त समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने बढ़ती गर्मी के मद्देनजर क्षेत्र में पर्याप्त पेयजल एवं बिजली आपूर्ति के लिए व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए विशेष रूप से अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए साथ ही विकास कार्यों को तय समय सीमा पर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में सभी जनपद सदस्य एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में विधायक भावना बोहरा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत हुए सर्वे पर कार्य जल्द शुरू करने और हितग्राहियों की सूची जल्द तैयार करने, पात्र हितग्राहियों की क़िस्त की राशि जल्द प्रदाय करने तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मरम्मत एवं नवीन स्वीकृत सड़कों को जल्द पूर्ण करने की बात कही। जल आवर्धन योजना के तहत जल समस्या वाले ग्रामों में प्राथमिकता से पानी की व्यवस्था करने, जिन ग्रामों में पानी के लिए मोटर लगे है वहां बिजली विभाग से समन्वय कर जल्द बिजली कनेक्शन करने और कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की बात कही। लो वोल्टेज की समस्या का जल्द निराकरण करने स्कूल एवं सार्वजनिक स्थान के आसपास झुके हुए तारों को व्यवस्थित करने, सूतियापाट नहर विस्तारीकरण में हो रहे समस्याओं का त्वरित निराकरण तथा ग्रामीणों को भूमि अधिग्रहण की राशि जल्द देने, जर्जर स्कूलों को चिन्हांकित कर जल्द उसका जीर्णोद्धार एवं विद्यालयों में शौच्चालय,स्वच्छता, मूलभूत सुविधाओं तथा पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण की पूर्व में तैयारी रखने, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नियमित रूप से सेनेटरी पैड एवं रिफिलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। इसके साथ ही समय समय पर खाद्य दुकानों, राशन दुकानों का निरीक्षण करने और पात्र हितग्राहियों के राशनकार्ड बनाने के तथा विभिन्न मूलभूत समस्याओं के निराकरण हेतु समय-समय पर शिविर लगाने की बात कही।



भावना बोहरा ने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें सुविधाओं और शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना हमारी प्राथमिकता है। प्रदेश में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनने के बाद से शहरों से लेकर हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास व अधोसंरचना निर्माण के कार्य तेजी से हो रहें हैं ऐसे में समय-समय पर उन विकास कार्यों की समीक्षा अत्यंत ही आवश्यक है जिससे हम तय समयावधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य कर सकें और जनता को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। मैंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं की किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता को लेकर किसी भी प्रकार का कोई समझौता या गड़बड़ी न हो इसका विशेष ध्यान रखें और जनता द्वारा की गई शिकायतों और समस्याओं का भी त्वरित निराकरण करने के लिए दिशा-निर्देश दिए हैं। बैठक में सभी जनपद सदस्यों के सुझाव भी हमने सुनें और उसपर भी अमल करने की बात कही है ताकि हर क्षेत्र में विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से जनता को मिल सके।

उन्होंने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल के लिए पर्याप्त जल और बिजली की आपूर्ति करने के लिए व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए भी विशेष रूप से अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं ताकि किसानों और आमजनों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त और स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, सौन्दर्यीकरण, नालियों की समय-समय पर सफाई, तालाबों के आस-पास स्वच्छता, विद्यार्थियों की सुविधा, विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की और व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं को सुनिश्चित करने की बात कही है। जनता की सुविधाओं का ध्यान रखना एवं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उन्हें दिलाना और विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय पर पूरा करना ही हमारा प्राथमिक उद्देश्य है।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार का उद्देश्य एवं लक्ष्य स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार को समाप्त कर विकास कार्यों को गति देना जिससे आम जनता को सुविधाओं और योजनाओं का लाभ मिल सके और उनकी उन्नति के साथ हमारे पंडरिया विधानसभा एवं प्रदेश की प्रगति भी सुनिश्चित हो सके। हमें पूरा विश्वास है कि सुशासन की सरकार में हम इन सभी विकास कार्यों एवं जनकल्याण के कार्यों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूरा करेंगे। जबसे प्रदेश में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनी है विकास कार्यों में तेजी आई है। जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है और अधोसंरचना निर्माण, व्यावसायिक गतिविधयों को बढ़ावा, किसानों और महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यालयों का उन्नयन और मूलभूत सुविधाओं का निरन्तर विस्तार सुनिश्चित हो रहा है जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है और आगे भी अपने प्रदेश,नगर,शहर और गाँव के विकास हेतु हमारे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

# तेज रफ्तार हाईवा की टक्कर से एक की मौत

**गुरुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। बालोद धमतरी मुख्य मार्ग में स्थित ग्राम भरदा में तेज रफ्तार अज्ञात हाईवा की टक्कर से सुपर एक्सेल में सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनके साथ मे रहे एक अन्य व्यक्ति को मामूली चोट आई है।



यह घटना मंगलवार को दोपहर की है। जानकारी के मुताबिक ग्राम परसतराई निवासी 55 वर्षीय कौशल साहू एवं ग्राम अरमरीकला निवासी 60 वर्षीय इतवारी राम ग्राम भरदा में शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे।

**तालाब से घर जाते समय हुआ हादसा**- तालाब में कार्यक्रम के बाद कौशल साहू एवं इतवारी राम दोनों सुपर एक्सेल से ग्राम भरदा निवासी युवराज साहू के घर तरफ जा रहे थे, तभी नेशनल हाईवे में पहुंचे थे कि बालोद की तरफ से आ रहे एक अज्ञात हाईवा के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सुपर एक्सेल को टक्कर मार दी।

तेज रफ्तार हाईवा की टक्कर से सुपर एक्सेल में सवार कौशल साहू एवं इतवारी राम दोनों मुख्य मार्ग में गिर गए। घटना में कौशल साहू के सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि इतवारी राम को मामूली चोट आने पर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में लाया गया, जहां वर्तमान में इलाज जारी है।

**बुधवार को होगा पीएम**- घटना में सुपर एक्सेल को काफी नुकसान पहुंचा है। मंगलवार की शाम 6 बजे तक गुरूर थाना में पीड़ित परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी लिया जा रहा है। वही अज्ञात हाईवा के बारे में अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाया है। मंगलवार को शाम होने की वजह से शव का पीएम बुधवार को किया जाएगा।

## वेसलियन स्कूल के वार्षिक नतीजे आज होगी घोषित

**खैरागढ़,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के वेसलियन पब्लिक स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम बुधवार 23 अप्रैल 2025 को स्कूल के आडिटोरियम में सुबह 9 बजे प्राचार्य एस. मसीह, पालक समिति के सदस्य अनुराग तुरे, राजेश मिश्र, धनेश सिन्हा, ईश्वर प्रसाद ठाकुर, नोडल अधिकारी खैरागढ़ शीलेन्द्रजीत सिंह, जेठू मारकण्डे, नरोत्तम देवांगन, मुमताज खान, राजेन्द्र सिन्हा सहित समस्त पालको, शिक्षको एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में घोषित की जाएगी।



# नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य ने पदभार ग्रहण करते ही शुरु किया बैठकों का दौर

**राजनांदगॉव,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक व राजपत्रित अधिकारियों से जिले के संबंध में सामान्य चर्चा कर कानून व्यवस्था एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली गई एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया।

राजनादगांव तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक केसीजी त्रिलोक बंसल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

छ.ग. शासन गृह पुलिस विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के आदेश दिनांक 20.04.2025 के अनुसार राजनांदगांव रेंज के तीसरा पुलिस महानिरीक्षक के रूप मे अभिषेक शांडिल्य (भा.पु.से.) को नियुक्त किया गया है। अभिषेक शांडिल्य (भा.पु.से.) 2007 बैच के आई.पी.एस. अधिकारी हैं जो परीवीक्षा अवधि में जिला रायपुर में वर्ष 2008 में कार्यरतू रहे हैं, इसके उपरांत वर्ष 2009-2010 में सहायक पुलिस अधीक्षक जिला दंतेवाड़ा, वर्ष 2010-2011 में एसडीओपी गरियाबंद, वर्ष 2011 में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़, पुलिस अधीक्षक एसटीएफ बघेरा जिला दुर्ग, वर्ष 2011-2014 में पुलिस अधीक्षक सुकमा, वर्ष 2014 से 2016 तक पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार,



वर्ष 2016-17 में सहायक पुलिस महानिरीक्षक, लेखा-कल्याण, पु0मु0रायपुर, वर्ष 2017-2018 में माननीय राज्यपाल के परिसहाय रहे हैं। तत्पश्चात् वर्ष 2018 से 2024 तक केन्द्रीय प्रतिनियुक्त में सीबीआई, सीबीआई में प्रतिनियुक्ति के दौरान ही वर्ष 2021 में उप पुलिस महानिरीक्षक के पद पदोन्नत्ति प्रदान की गई है। वर्ष 2024 में प्रतिनियुक्ति से वापसी उपरांत उप पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय में पदस्थ रहे हैं, वर्ष 2025 में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नति होकर कानून व्यवस्थ, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में कार्यरत थे, स्थानांतरण पर राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव आकर अपना पदभार ग्रहण किया। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज के आगमन पर उन्हें सलामी दी गई एवं तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक राजनंदगांव मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक केसीजी त्रिलोक बंसल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। जिसके पश्चात् पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा पुलिस अधीक्षक व राजपत्रित अधिकारियों से जिले के संबंध में सामान्य चर्चा कर कानून व्यवस्था एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली गई एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया।इस अवसर पर तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती गीता वागवानी, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, डीएसपी श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर, प्रक्षिशु आईपीएस थाना प्रभारी लालबाग ईशू अग्रवाल एवं पुलिस महानिरीक्षक कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

# महापौर मधुसूदन ने बढ़ती गर्मी में जनता को राहत दिलाने के लिये दिखाई संवेदनशीलता

■ भीषण गर्मी में दिन में ट्रैफिक सिग्नल बंद रखने एवं स्कूल बंद रखने के लिये महापौर ने की अनूठी पहल

**राजनांदगॉव,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। महापौर मधुसूदन यादव ने भीषण गर्मी से जनता को राहत दिलाने के लिये संवेदनशीलता एवं तत्परता प्रदर्शित करते हुए एक अनूठी पहल की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डॉ.रमन सिंह, अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा एवं विधायक राजनांदगॉव, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं कलेक्टर राजनांदगाव को आज पत्र भेजकर बढ़ती गर्मी में स्कूल बंद रखने के लिये पत्राचार किया है एवं दूरभाष पर उनके कार्यालय में तत्संबंध में चर्चा भी की है। अपने पत्र में महापौर मधुसूदन यादव ने लिखा है कि विगत 01 सप्ताह से राजनांदगॉव जिला प्रदेश में सबसे अधिक गर्म शहर रहा है, और शहर का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से पार हो चुका है। ऐसे विषम परिस्थिति में भी शहर की कई शालाओं में अध्यापन कराया जा रहा है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है।




महापौर ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी, डॉ. रमन सिंह जी, अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं कलेक्टर राजनांदगॉव से आग्रह किया है कि बढ़ी हुई प्रचण्ड गर्मी को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं को बंद रखने का आदेश जारी किया जाये। तत्संबंध में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन ने दूरभाष पर मुख्यमंत्री जी के कार्यालय को अवगत कराते हुए आज प्रात: 10 बजे चर्चा कर तत्काल आदेश जारी करने हेतु अनुरोध किया था, जिसके बाद मुख्यमंत्री जी के आदेश पर अवर सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर से आदेश क्रमांक एफ 3-2/2016/20-तीन, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 22.04.2025 जारी किया गया है। उक्त आदेश की कंडिका दो में उल्लेख है कि वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी व लू के कारण राज्य के छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन एतद् द्वारा शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त, अशासकीय शालाओं हेतु घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुए दिनांक 25.04.2025 से 15.06.2025 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करता है।

इसके अलावा राजनांदगॉव महापौर ने पुलिस अधीक्षक राजनांदगॉव से चर्चा कर दिन में शहर के ट्रैफिक सिग्नल को प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रखने का आग्रह किया है ताकि शहर की जनता को प्रचण्ड गर्मी में ट्रैफिक सिग्नल में खड़े रहकर अनावश्यक परेशान ना होना पड़े। पुलिस अधीक्षक राजनांदगॉव ने महापौर के प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए तत्संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

# सभी के सहयोग से विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाएंगे: लवली शर्मा

**खैरागढ़,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। मेरे द्वारा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कुलपति का पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिस प्रकार विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, संगतकारों एवं विश्वविद्यालय परिवार के अन्य सदस्यो तथा विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओ द्वारा स्वागत किया गया उससे में अत्यत प्रसन्नचित हूं साथ ही पदभार ग्रहण करने के उपरांत नगर के प्रतिष्ठित समस्त पत्रकारगणों के साथ पत्रकारवार्ता एवं छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरूण साव से सौजन्य भेंट तथा जिला-खैरागढ़- छुईखदान-गंडई के कलेक्टर के द्वारा स्वागत के दौरान उनके विश्वविद्यालय को सहयोग दिये जाने संबंधी आश्वासन से मैं भाव विभोर हूं। संगीत नगरी खैरागढ़ में यहां के राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं रानी प ?द्मावती द्वारा अपने महल को संगीत की सेवा में समर्पित करते हुये इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की स्थापना करना और उस विश्वविद्यालय में मुझे कुलपति के रूप में कार्य करने का जो अवसर प्राप्त हुआ है। उससे मैं अत्यंत प्रसन्न हूं तथा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के शिक्षकों, अधिकारियों, संगतकारों, कर्मचारियों से प्राप्त आश्वासन तथा शहर के जनप्रतिनिधियों एवं



गणमान्य नागरिकों तथा जिला प्रशासन के मुखिया चंद्रकांत वर्मा, कलेक्टर से मिले आश्वासन एवं सहयोग का मान रखते हुये मैं आश्वस्त करती हूं कि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के विकास में समर्पित भाव से संगीत की सेवा के लिये तत्पर रहूंगी। साथ ही विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर इसके उत्तरोत्तर विकास के कार्य करने का हर संभव प्रयास करूंगी। निश्चय ही खैरागढ़ संगीत नगरी ही नहीं अपितु सात सुरों की मिठास वाला नगर है और यहां के लोगों से मुझे जो प्यार एवं अपनत्व प्राप्त हो रहा है उससे में अत्यंत आह्लादित हूँ। एक बार में पुन: आश्वस्त करती हूँ कि संगीत की सेवा के लिये मैं समर्पित भाव से कार्य संपादित करती रहूंगी। मेरा पूर्ण विश्वास है कि यह सांगीतिक प्रांगण आल्हादपूर्ण एवं स्वच्छंद गति से विकास की ऊँचाईयों को छुयेगा।

# दुर्ग से रायपुर की ओर जा रही स्क्रैप से लदी ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी, घंटों रहा सड़क जाम



**कुम्हारी,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। मंगलवार को तेज रफ्तार से दुर्ग से रायपुर की ओर जा रही ट्रक क्रमांक एम एच 15 इ जी 9965 जजंगिरी के पास खालसा ढाबा के सामने ब्रेकर में अनियंत्रित होकर पलट गई ट्रक में स्क्रेप भरा हुआ था। ट्रक के पलटने से उसमें लदे स्क्रैप सड़क पर बिखर गए जिससे आवागमन बाधित हो गया। इस घटना से सड़क पर ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई और हाईवे पर करीब ढाई घंटे तक दुर्ग से रायपुर मार्ग में जाम लगा रहा गाड़ियों की लंबी लंबी कतारें देखी गई। बाद में स्थानीय पुलिस एवं ट्रैफिक अमला द्वारा जेसीबी की मदद से सड़क पर बिखरे स्क्रैप को हटा कर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया गया।

# नवपदस्थ कलेक्टर स्वास्थ्य शिक्षा व अधूरी योजनाओं पर फोकस, कहा- सब मिलकर बेहतर बनाएंगे

**खैरागढ़,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। नवपदस्थ कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सोमवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान जिले की प्राथमिकताओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि खैरागढ़ नए जिले के रूप में अपनी पहचान बना रहा है और अब जरूरत है कि बुनियादी ढांचे पर ज़ोर दिया जाए। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के लिए विशेष फोकस रहेगा।



कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन की मंशा है कि सभी विभाग मिलकर समन्वय के साथ काम करें ताकि लोगों को समय पर सेवाएं मिलें और समस्याएं लंबित न रहें।

**बायपास ट्रैफिक रोड बना चिंता का कारण**

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर भी चर्चा हुआ, स्थानीय नागरिकों ने जाम, अव्यवस्थित पार्किंग और यातायात नियंत्रण के अभाव की शिकायतें की। वर्षों से अधूरा पड़ा बायपास रोड का पुल आज भी निर्माण की बाट जोह रहा है जिसे लेकर भी कलेक्टर ने संक्षिप्त चर्चा करते हुए कहा कि प्रशासन इसे गंभीरता से ले रहा है। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है। ग्रामीण अंचलों में डॉक्टरों की कमी, दवाइयों की अनुपलब्धता और मरीजों की परेशानियों पर भी बात सामने आई। कलेक्टर ने कहा कि जल्द ही समाधान निकाला जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षकों की कमी और लगातार आ रही शिकायतों को लेकर भी कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नया जिला बनने के बावजूद आरटीओ, रोजगार कार्यालय और अन्य विभागीय सुविधाओं के लिए आज भी लोगों को राजनांदगांव जाना पड़ता है। इस असुविधा को लेकर भी कलेक्टर ने कहा कि शासन स्तर पर संवाद किया जाएगा ताकि विभागीय इकाइयों की स्थापना जल्द हो सके।

जलावर्धन योजना की धीमी गति और ठेकेदारों की अनियमितताओं को लेकर भी चर्चा हुई। अंत में कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने कहा कि सब मिलकर नए जिले को एक मॉडल के रूप में विकसित करेंगे। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही प्रशासन की प्राथमिकता है।

# लीलाधर अग्रवाल का निधन

**थानखमरिया,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ व्यापारी श्री लीलाधर अग्रवाल का दुखद निधन हो गया। वे एक अत्यंत मिलनसार, व्यवहारकुशल एवं समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी थे। उनके असामयिक निधन से नगरवासियों, व्यापारी समाज एवं अग्रवाल समाज में शोक की लहर व्याप्त है।



स्वर्गीय श्री लीलाधर अग्रवाल अपने पीछे तीन सुपुत्र—दीपक बंसल, दिनेश बंसल, मनीष बंसल— एवं एक सुपुत्री बरखा सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्ति धाम में सम्पन्न हुआ, जिसमें नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं समाजबंधुओं ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

अग्रवाल समाज एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल सम्मेलन, रायपुर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा स्व. लीलाधर अग्रवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया तथा उनके योगदानों को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा में परीक्षा परिणाम जारी

**गुरुर,** 22 अप्रेल (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा में कक्षा 9वी एवं 11वीं का परिणाम घोषित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ हरिकृष्ण गंजीर अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं सदस्य जनपद पंचायत गुरुर थे। अध्यक्षता जीआर साहू प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा ने की। विशिष्ट अतिथि बोधराय हिरवानी पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा, केशव राम धनकर अध्यक्ष सेवा सरकारी समिति मोहारा, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य परमेश्वर हिरवानी, हेमलाल सिन्हा, डोमेन्द हिरवानी, परमेश्वर साहू, बसंती साहू, पूर्णिमा रायपुरी के अतिथि में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉ गंजीर ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को भविष्य में और अधिक मेहनत करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि असफल हुए को निराश होने की आवश्यकता नहीं है, पढ़ाई को लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें ताकि हम अपने स्कूल का अपने मां-बाप का अपने गुरुजनों का नाम रोशन कर सके। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन देते हुए परीक्षा फल की प्रशंसा की। प्राचार्य ने अच्छे परिणाम के लिए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं परिणामों को शिक्षक शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। कक्षा नवीं में कु. गीतिका पिता पुनेश्वर 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. विनीता पिता मोहपत राम धनकर 92त्न अंक प्राप्त कर दुसरा स्थान प्राप्त किया है। कृषिका पिता गौतम यादव 90त्न अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा ग्यारहवीं में निधि गणित संकाय पिता दिनेश्वर कुमार सिन्हा 89त्न अंक प्राप्त कर प्रथम, कु. नमिता गणित संकाय पिता दयानंद 88त्न अंक प्राप्त कर दुसरा, कु. तृषा कला संकाय पिता किशन 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चियों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर अखिलेश बघेल, जीव्ही साहू, पटेल सर, सिन्हा सर, क्लर्क साहू सर, कुर्रे मैडम, साहू मैडम, खिलेश कुमार यादव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# मध्यप्रदेश के मंत्री कैलाश विजय वर्गीय के आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**कुम्हारी,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव व मध्यप्रदेश में नगरीय प्रशासन मंत्री विजय वर्गीय का छत्तीसगढ़ आगमन पर कुम्हारी में सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव के नेतृत्व में जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया गया। कार्यकर्ताओं ने वर्गीय को गुलाब भेंट कर स्वागत किया जिनमें प्रमुख रुप से राजू निषाद, पार्षद लोकेश साहु, पार्षद प्रवीण राव, पार्षद श्रीमती रितिका यादव, प्रणव श्रीवास्तव, गोविंद बघेल, दीपक बैस , श्रीमती इन्दिरा कोसरिया, भावना बंजारे, पिंटू शिवहरे, मनोरंजन पाण्डेय, महेश वर्मा, कर्मवीर सिंह, मंदाकिनी, खुशबू चौधरी, कुमारी,वीना चौहान, साधना चौहान एवं प्रकाश जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# घंटों बंद रही बिजली, मरीजो और बुजुर्गों को हुई परेशानी

**परपोड़ी,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर में मंगलवार को तापमान 44 डिग्री को पार कर गया । ऐसे में बिजली की जरूरत सबसे ज्यादा महसूस किया गया

लेकिन ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के कारण 9 से 10 घंटे बिजली बंद रखा गया जिससे आम लोगों को अच्छी खासी परेशानी हुई। पूरे दिन पंखा, कूलर और एसी बंद रहा है। घरों में मरीज, बच्चों एवं बूढ़ों को बहुत परेशानी हुई है। बिजली बंद होने से लोक सेवा केंद्र, फोटो कापी, बेकरी व्यवसाय, बर्फ फैक्ट्री, आटा चक्की आदि का व्यवसाय करने वालो का काम प्रभावित हुआ। मिली जानकारी के अनुसार ॅछ.स्टे.पॉ.डि.क.लि. परपोड़ी के द्वारा सूचना दिया गया था। जिसमे समस्त उपभोक्ताओं परपोडी नगर, ग्राम दनिया, ग्राम पथर्रीकला, ग्राम पथर्रीखुर्द को सूचना दिया गया था कि दिनांक 22.04.2025 दिन मंगलवार 8 घंटे विद्युत आपूर्ति को बंद रखा जाएगा। इसका कारण परपोडी से बीजा चौक के मध्य सड़क चौड़ीकरण के कार्य में परपोड़ी नगर में विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर डी पी के विस्थापन का कार्य किया जाना प्रस्तावित किया गया था। जिसके कारण परपोड़ी टाऊन फीडर से संचालित होने वाली सभी ग्रामों की विद्युत सप्लाई सुबह 08ः30 बजे से शाम 03ः00 बजे तक बाधित होने को जानकारी दी गई थी । सूचना में आवश्यकता के अनुसार समय में परिवर्तन किए जाने की सूचना भी दी गई थी । नगर का जनजीवन विद्युत आपूर्ति के बाधित होने से काफी अस्त व्यस्त रहा। लोगों को अच्छी खासी परेशानी हुई । विद्युत विभाग को आम लोगों की सुविधा का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। क्योंकि विभाग सभी कार्यों का शुल्क विद्युत उपभोक्ताओं से लेता है। ऐसे में लोगों की सुविधा उनकी प्रमुख जिम्मेदारी है। अन्यथा विद्युत विभाग का भी निजी करण होते देर नहीं लगेगी। जैसे टेलीफ़ोन विभाग, राज्य परिवहन एवं शासकीय कई कम्पनियों का का हुआ।

# डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन

■ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गिय जी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए

**राजनांदगांव,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में 14 अप्रैल से 25 अप्रैल तक भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती को पखवाड़े के रूप में मनाने के आव्हान के तहत श्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम हॉल में डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा एवं संगोष्ठी का सफल आयोजन हुआ, इसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एवं नगरीय निकाय मंत्री मध्यप्रदेश शासन कैलाश विजयवर्गिय विशेष रूप से शामिल हुए, कार्यक्रम के विशेष अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह,सांसद संतोष पांडे, पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे, महापौर मधुसूदन यादव,पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश मिश्रा उपस्थित थे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस अवसर पर सर्वप्रथम भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष रविंद्र रामटेके ने स्वागत प्रतिवेदन रखा। मध्य प्रदेश के आक्रामक नेता कैलाश विजयवर्गिय ने अपने ओजस्वी विचार रखते हुए कहा कि अब्राहम लिंकन ने दास प्रथा का अंत किया नेल्सन मंडेला ने गुलाम प्रथा का अंत किया और वह दोनों नेता विश्व नेता के रूप में प्रसिद्ध हुए परंतु बाबा साहब अंबेडकर ने जो संविधान निर्माण के माध्यम से उच्च-नीच, भेदभाव, छुआछूत को समाप्त करने का महान कार्य किया, परंतु देश का दुर्भाग्य है कि बाबा साहब अंबेडकर कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण विश्व प्रसिद्ध नेता नहीं बन पाए। कांग्रेस द्वारा एक परिवार को महिमा मंडल करने की गलत नीतियों के कारण बाबा साहब अंबेडकर को सदैव ही नीचा दिखाया गया. बाबा साहब अंबेडकर नेहरू द्वारा कश्मीर में धारा 370 लगाने के विरोध में एक पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने स्पष्ट तौर पर लिखा की धारा 370 लगाने से देश की आत्मा की मृत्यु हो जाएगी परंतु नेहरू द्वारा वोट बैंक की राजनीति के कारण उन्होंने उसे लागू कराया। बाद में बाबा साहब अंबेडकर ने लगातार हिंदू बिल पास करने का प्रयास किया परंतु नेहरू ने ऐसा होने नहीं दिया। उस समय सबसे शिक्षित सबसे समझदार और अनुभवी बाबा साहब अंबेडकर थे, जिनकी योग्यता विदेश मंत्री और वित्त मंत्री बनने की थी परंतु कांग्रेस के उन्हें संविधान सभा की बैठक में भी वंचित करने का कुचक्र रचा, कांग्रेस लगातार बाबा साहब को प्रताड़ित और अपमानित करने का षड्यंत्र रचा करती थी, उन्होंने बताया कि भाजपा ने हमेशा ही अंबेडकर साहब का देशभक्ति नीतियों के कारण सम्मान किया, 1952 के चुनाव में पूरी संघ परिवार की टीम उन्हें जिताने में लगी परंतु कांग्रेस के तानाशाही षड्यंत्र के कारण 78000 वोटो को अमान्य घोषित करते हुए 20000 वोटो से बाबा साहब अंबेडकर को हार का सामना करना पड़ा।

**भाजपा आज भी लगातार बाबा भीमराव अंबेडकर के सपनों को पूरा करने में लगी है**

मंत्री कैलाश विजयवर्गिय ने कहा कि आज देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहब की नीतियों का अनुसरण करते हुए महिला सशक्तिकरण, समानता का सूत्र, एवं गरीबी दूर करने के सूत्र का अनुसरण करते हुए देश को आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि आज 125 देश में बाबा साहब अंबेडकर की जयंती मनाई जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ में भी बाबा साहब की जयंती मनाई गई है, जिसके पीछे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गरीब कल्याण अन्य योजना के माध्यम से देश भर के गरीबों को निशुल्क अनाज देने की योजना जिन गरीबों ने कभी बैंकों के दर्शन नहीं किए थे ऐसे 60 करोड़ लोगों के जनधन खाते खुलवाए और अब सीधे ही उनके खातों में पैसे भेजने का पारदर्शी माध्यम अपनाया है, आवास के माध्यम से गरीब लोगों का पक्का घर का निर्माण का सपना आज पूरा हो रहा है तो इसके पीछे भी बाबा साहब अंबेडकर की सोच है जिसका अनुसरण नरेंद्र मोदी जी कर रहे हैं।



**राहुल पर कटाक्ष और विदेश नीति पर भाजपा और कांग्रेस के अंतर को बताया**

श्री कैलाश विजयवर्गिय ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश के बाहर जाकर देश की बुराई और आलोचना करने से पूर्व भाजपा के सिद्धांतों और नेशन फर्स्ट की बात पर अमल करते हुए अटल बिहारी वाजपेई से जुड़ी हुई एक सच्ची घटना सुनाई, और बताया कि जब यूनाइटेड नेशन ने कश्मीर में मानव अधिकार से संबंधित नोटिस भेजा तो प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने भारत के प्रतिनिधि मंडल में नेता प्रतिपक्ष अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में दल को भेजा।

यूनाइटेड नेशन में अटल बिहारी वाजपेई ने भारत की कश्मीर नीति की प्रशंसा की और मानव अधिकार संबंधित आरोपों को झूठा सिद्ध किया। बाद में पत्रकारों ने जब अटल जी से पूछा कि आप संसद में पानी पी पीकर कांग्रेस को कोसते हैं, और विदेश में आकर उनकी प्रशंसा कर रहे हैं तो अटल जी का जवाब था की, मैं अपनी पार्टी का झंडा कार्यालय में छोड़ आया हूं। यहां मैं देश का झंडा लेकर आया हूं।

**पंचशील का पहला तीर्थ मऊ आने का निमंत्रण दिया**

मंत्री कैलाश विजयवर्गिय ने उपस्थित सभी अंबेडकर प्रेमियों को पंचशील के पहले तीर्थ स्थल मध्यप्रदेश स्थित च्मऊज्ज जहां बाबा साहब अंबेडकर का जन्म हुआ था वहां पर बाबा साहब अंबेडकर स्मारक समिति के माध्यम से भव्य स्मारक के निर्माण स्थल को देखने एवं शिक्षा के तीर्थ का भ्रमण करने हेतु उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया।

**एक विचार से आंदोलन का रूप बने बाबा भीमराव अंबेडकर: डॉ रमन सिंह**

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने इंदौर मऊ में जन्मे भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक व्यक्ति जो विचार बन गया, एक विचार जो आंदोलन बन गया और एक आंदोलन जिसे भारत को एक नया संविधान दिया, जिसके कारण दलित पिछड़े और शोषित लोगों को स्वाभिमान से जीने का अधिकार मिला, ऐसे भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, जिसकी जयंती 14 अप्रैल को आज पूरा विश्व मनाता है, उसे सेवा पखवाड़े के रूप में भाजपा ने पूरे देश में मनाने का जिम्मा लिया है। ऐसे भारत माता के सपूत को हम आज याद कर रहे हैं जिसका हमें गर्व है।

**संविधान संशोधन कांग्रेस की घटिया राजनीति का परिचायक -संतोष पांडे मधुसूदन यादव**

कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे एवं महापौर मधुसूदन यादव ने संविधान की किताब को जेब में लेकर चलने वाले राहुल गांधी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि संविधान के विषय में भ्रम फैलाने वाले कांग्रेसी पहले इतिहास पढ़ लेने की नसीहत देते हुए बताया कि आपातकाल में श्रीमती इंदिरा गांधी ने लगातार मूल संविधान में संशोधन किया और एक लाख से अधिक लोगों को जेल में डालकर सैकड़ो की मात्रा में संविधान संशोधन करते हुए अपने अनुकूल नियम कानून बनाए।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि भाजपा कभी भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान को नहीं बदलेगी। आज के संगोष्ठी सभा में कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक शरद श्रीवास्तव एवं आभार प्रदर्शन जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने किया।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रामजी भारती,वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख,संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल,सुरेश एच लाल,जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, किरण वैष्णव, किरण साहू,शशिकांत दिवेदी, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, चंद्रिका डडसेना,आभा तिवारी,रविंद्र वैष्णव, राजेंद्र गोलछा, मूलचंद लोधी,प्रकाश सांखला, राजेश श्यामकर,रेखा मेश्राम,आलोक बिंदल, प्रशांत गुप्ता,सुमित भाटिया,तरुण लहरवानी, गिन्नी चावला, राजा माखीजा,सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**समाज की विभिन्न हस्तियों का सम्मान किया**

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष रविंद्र रामटेक ने बताया कि इस अवसर पर समाज की विभिन्न ख्याति प्राप्त हस्तियों का सम्मान कैलाश विजयवर्गिय ने किया जिसमें प्रमुख रूप से कांति कुमार फूले,डी पी लोनहरे, पी एल वासनिक, श्रीमती नंदा मेश्राम, पुष्पलता गणवीर, मोड़ोलाल देवदास, युवराज डिडहरे, प्रतिमा बंजारे, कन्हैयालाल खोबरागड़े, निलेश रामटेक, आनंद मोडकर, नकुल महोबे का विशेष रूप से सम्मान किया गया।

उल्टा पुल्टा

मास्टर जी- बताओ, ताजमहल किसने बनाया था?
मिन्टू- मिस्त्री ने।
मास्टर जी- अरे बेवकूफ किसने बनवाया था?
मिंटू- तो फिर ठेकेदार ने बनवाया होगा।

# विधायक रोहित साहू ने किया अग्निशमन वाहन का लोकार्पण

## गर्मी और आगजनी की आपदाओं से निपटने को लेकर जिला हुआ और सशक्त

**राजिम,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। गर्मी की भीषणता और आगजनी जैसी आपदाओं से निपटने के लिए गरियाबंद जिले को एक और बड़ी सौगात मिली है। सोमवार को राजिम विधायक रोहित साहू ने अग्निशमन वाहन का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। इसके साथ ही जिले में अब कुल तीन अग्निशमन वाहन उपलब्ध हो गए हैं, जिससे राहत और बचाव कार्यों में तेज़ी आएगी।

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की तीसरी सौगात गरियाबंद को समर्पित**

इस अवसर पर विधायक साहू ने राजिम के विधायक कार्यालय में इस संवाददाता से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का विशेष रूप से आभार जताया और कहा कि यह वाहन जिले के लिए मुख्यमंत्री की तीसरी महत्वपूर्ण सौगात है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय केवल प्रदेश के संवैधानिक प्रमुख नहीं, बल्कि एक संवेदनशील, दूरदर्शी और जमीनी नेता हैं, जो जनता की जरूरतों को नजदीक से समझते हैं और उसी के अनुरूप योजनाएं धरातल पर उतारते हैं।

च्यह तीसरी फायर ब्रिगेड वाहन केवल संसाधन नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री साय जी की उस सोच का प्रतीक है जिसमें प्रदेश का हर नागरिक सुरक्षित, सशक्त और संरक्षित महसूस करे। उनका नेतृत्व छत्तीसगढ़ को एक नई दिशा दे रहा है दृ एक ऐसा छत्तीसगढ़ जो न्यायपूर्ण, समावेशी और विकासशील हो।ज्ज



विधायक रोहित साहू ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्राथमिकता हमेशा आम जनता के प्रति रही है दृ खासकर किसान, श्रमिक, महिला, युवा और ग्रामीण वर्ग। उन्होंने बीते कुछ महीनों में गरियाबंद जिले को एक के बाद एक सौगातें दी हैं, जिनमें जिला अस्पताल के संसाधनों का विस्तार, सड़क निर्माण, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और अब अग्निशमन वाहनों की श्रृंखला शामिल है।

गरियाबंद जैसे जिले की ज़रूरतों को समझना, और उस पर त्वरित कार्यवाही करना, मुख्यमंत्री की सक्रिय कार्यशैली और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। हम सौभाग्यशाली हैं कि छत्तीसगढ़ को विष्णुदेव साय जैसे कर्मठ और संवेदनशील नेता का नेतृत्व मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस मौसम में खेतों, बाजारों, बस्तियों में आग लगने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे समय में अग्निशमन वाहन आम नागरिकों के लिए सुरक्षा कवच की तरह है। अब जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड की पहुँच तेज़ और प्रभावशाली होगी।

कार्यक्रम में गरियाबंद नगर पालिका अध्यक्ष श्री रिखी राम यादव, राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, निज सहायक पन्ना लाल साहू, भाजपा नेत्री देवकी साहू, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राधेश्याम बंजारे, जनपद सदस्य राधेश्याम साहू, पूर्व जनपद सदस्य दीपक साहू, कार्यकर्ता युगल किशोर साहू, कामता वर्मा, सोहन यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने मुख्यमंत्री साय और विधायक साहू की इस जनसेवाभावी पहल की सराहना करते हुए कहा कि च्यह सिर्फ एक गाड़ी नहीं, बल्कि गरियाबंद जिले को मिली सुरक्षा की ढाल है।ज्ज फायर ब्रिगेड टीम के जांबाज़ जवानों के हौसले को भी सभी ने सलाम किया।

# करणी कृपा उद्योग माइंस बोर से लाखों गेलन पानी रोज निकाल रहा : संयुक्त किसान मोर्चा



**महासमुंद,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। खैरझिटी स्थित करणीकृपा उद्योग के भीतर अवैध रूप से संचालित माइंसबोर को तत्काल बंद करने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर ने तीन दिन में कार्रवाई करने के निर्देश जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और प्रदूषण को दिए है। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में राज्य आंदोलनकारी जिला संगठन प्रभारी अशोक कश्यप ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल में खैरझिटी के सरपंच प्रतिनिधि कुंजलाल चेलक, उप सरपंच टीकेलाल जलक्षत्री, कौवाझर सरपंच वेदलाल जांगड़े, डेविड चंद्राकर, नाथूराम सिन्हा, राधेश्याम साहू, डोमार साहू, दिनेश, झभ्भु, श्याम बाइ, पार्वती साहू आदि मौजूद थे। उन्होंने बताया कि बोरमांइस के कारण प्रतिदिन उक्त उद्योग अपने लिए लाखों गेलन पानी प्रति घंटे निकालकर उपयोग कर रहा है।

**50 गांवों में घटने लगा है भू जल स्तर, प्रदूषण से स्थिति भयावह**

जिसके कारण आसपास के 50 गांवों में भू जल स्तर तेजी से गिरने लगा है। इससे मानव जीवन और पशु जीवन के उपर जल संकट का खतरा मंडराने लगा है। अधिकारियों की मिली भगत से यह काम हो रहा है। जिला दंडाधिकारी को तत्काल प्रभाव से अपने अधिकार का उपयोग करते हुए बोर से पानी लेना प्रतिबंधित करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि करणी कृपा प्लांट बड़े बड़े माइंस बोर से नीचे का पानी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# भावना गुप्ता ने किया पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण



**बलौदाबाजार,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भापुसे) द्वारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के पुलिस अधीक्षक का कार्यभार 22 अप्रैल 2025 को ग्रहण किया गया। श्रीमती भावना गुप्ता भारतीय पुलिस सेवा वर्ष 2014 बैच के अधिकारी हैं तथा इसके पूर्व पुलिस अधीक्षक सूरजपुर, सरगुजा, बेमेतरा एवं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के पद पर पदस्थ रही हैं। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना चौकी प्रभारियों से परिचय प्राप्त कर उनके अधीनस्थ थाना-चौकियों की जानकारी लेते हुए क्षेत्र की गतिविधियां एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त किया गया।

उनके द्वारा बेसिक पुलिसिंग को और अधिक मजबूत करने, अपराधों की रोकथाम एवं निराकरण करने की दिशा में त्वरित कार्य करने का निर्देश दिया गया। श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा अपने उद्बोधन में अनुशासन का पूर्ण रूप से पालन करते हुए, पूरी तत्परता एवं तन्मयता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, एसडीओपी बलौदाबाजार श्रीमती निधि नाग, एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू, एसडीओपी कैंप कसडोल कौशल किशोर वासनिक, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय राजेश श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक अजाक सुश्री अपूर्वा क्षत्रिय, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नवपदस्थ एसपी सूरज सिंह परिहार ने पुलिस अधीक्षक का किया पदभार ग्रहण



**जिले के राजपत्रित अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर उनके अधीनस्थ थाना-चौकियों की ली जानकारी**

**धमतरी,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा धमतरी पुलिस अधीक्षक का कार्यभार सूरज सिंह परिहार को सौंपते हुए आंजनेय वार्ष्णेय को पुलिस अधीक्षक जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के पद स्थापित करने का आदेश जारी किया था।

क्त पदस्थापना आदेश पश्चात 21 अप्रैल के अपरान्ह सत्र में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार को धमतरी पुलिस अधीक्षक का पदभार सौंपा।

सर्व प्रथम गार्ड ऑफ ऑनर लिया गया।

कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवपदस्थ एसपी धमतरी सूरज सिंह परिहार ने जिले के राजपत्रित अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर उनके अधिनस्थ थाना-चौकियों की जानकारी लेते हुए क्षेत्र की गतिविधियों से अवगत हुए, उन्होंने बेसिंग पुलिसिंग को पुख्ता करने और अपराधों की रोकथाम और निराकरण करने की दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। नये एसपी सूरज सिंह परिहार वर्ष 2015 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी है। इसके पूर्व कोरिया जिला एवं नए जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के प्रथम पुलिस अधीक्षक एवं राज्यपाल एडीसी के पद ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# पार्षद सलमान शेख बने नपा. के नेता प्रतिपक्ष



**बलौदाबाजार,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे की अध्यक्षता, बलौदाबाजार नगर पालिका पर्यवेक्षक पूर्व विधायक चंद्रदेव राय के निर्देशन में एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पार्षद सलमान शेख का नाम नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के लिए चयन किया गया। इस अवसर पर पाषर्दगण ममता देवकते, डिगेश्वरी नामदेव, श्रद्धा वर्मा, अंजनी पात्रे, वरिष्ठ कांग्रेसी संदीप पांडे, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र वर्मा, गोविंद पात्रे, सुभाष राव, मनीष वर्मा, शहर कांग्रेस कमेटी प्रभारी महामंत्री मनोज प्रजापति, रविंद्र नामदेव उपस्थित थे।













## 12 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

महासमुंद 22 अप्रैल (देशबंधु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 03 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पिरदा के मृतक शहबाज खान एवं ग्राम खट्टी के मृतक पुनितराम निषाद के वारिसानों के लिए तथा सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम ढाबाखार की मृतिका पित्रो बाई सिदार के परिजन के लिए 04.04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।



# मुख्यालय में नहीं रहने वाले लापरवाह खल्लारी के फारेस्ट गॉर्ड को तत्काल निलंबित करने की मांग

■ सोमवार को खल्लारी सर्किल के ओंकारबन्द जंगल के कक्ष क्रमांक 182 में तेंदुआ एवं वनभैंसो की हुई थी मौत



**बागबाहरा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। बागबाहरा वन परिक्षेत्र के खल्लारी सर्किल के खल्लारी बीट में पदस्थ फारेस्ट गॉर्ड अपने मुख्यालय में न रहकर शहर में रहते हैं। जिसके कारण वे अपने कार्य क्षेत्र के गांवों के जंगलो में निरीक्षण करने नहीं जाते हैं। तथा वे आज तक अपने कार्य क्षेत्र के गांव के ग्रामीणों से भेंट मुलाकात भी नहीं किये हैं। खल्लारी बीट के ग्रामीणों ने आज तक अपने फारेस्ट गॉर्ड को देखा तक नहीं है। जबकि उक्त फारेस्ट गॉर्ड के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत खल्लारी, पाली, कन्हारपुरी, ओंकारबन्द, चुरकी एवं तरपोंगी गांव के जंगल आते हैं। लापरवाही के चलते वन्य प्राणियों की मौत शिकारियों के बिछाए हुए बिजली तार करंट की चपेट में आने से हो रही है। यहाँ पदस्थ फारेस्ट गॉर्ड बहुत ही लापरवाह किस्म के हैं। ऐसे लापरवाह फारेस्ट गॉर्ड को तत्काल निलंबित किये जाने की मांग खल्लारी भाजपा मंडल के कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने वनमंडलाधिकारी महासमुंद से की है।

उल्लेखनीय है कि बागबाहरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे 353 किनारे खल्लारी सर्किल के खल्लारी बीट के कक्ष क्रमांक 182 के जंगल में शिकारियों के बिछाए हुए हाईटेंशन तार की जाल के करंट की चपेट में आने से वन्य प्राणी एक नर तेंदुआ एवं एक नर बायसन वनभैंसा की मौत हो गई। इस मामले की जानकारी देते हुए एसडीओ वन वेंकटेश एम गिरी ने बताया कि कल सोमवार की सुबह 7 बजे ग्रामीणों से वन विभाग को घटना की सूचना मिली। उक्त घटना सुबह 4 बजे की बताई जा रही है। सूचना के बाद वन अमला तत्काल घटना स्थल पर पहुंची। घटना स्थल में पहुंच कर जाँचपड़ताल के दौरान जानकारी मिली कि खल्लारी माता पहाड़ी के नीचे जंगल में अज्ञात शिकारियों ने छोटे-छोटे जंगली जानवरो के मांस के लिए शिकार करने हेतु शिकारियों ने हाईटेंशन तार की जाल बिछाई गई थी। वन अधिकारियो ने बताया कि तेंदुआ सुबह बायसन वनभैंसा के शिकार के लिए निकला रहा होगा। तभी बिजली तार के चपेट में आने से इनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दोनों वन्य प्राणियों की मौत के बाद क्षेत्र के शिकारियों ने बिजली के तार सहित शिकार के अन्य औजार घटना स्थल से हटा लिया है। कुछ तार के अंश ही घटना स्थल से बरामद किये गए हैं। मृत नर तेंदुआ की आयु 6-7 वर्ष आंकी गई है। मृत नर तेंदुए की लम्बाई करीब 6 फ़ीट 4 इंच और ऊंचाई 75 सेंटीमीटर है। मृत तेंदुए के पैरो में करंट लगने के निशान दिखाई दे रहे हैं। तेंदुए के शव से लगे हुए लगभग 70 मीटर दूर वन्य प्राणी बायसन गौर की लाश बरामद हुई है। तेंदुआ और बायसन की एक ही समय में बिजली करंट लगने से मौत होना पाया गया है। उक्त विशालकाय बायसन के पेट के निचले हिस्से में करंट लगने का निशान दिखाई दे रहा है। उक्त विशालकाय बायसन की आयु लगभग 8 वर्ष बताई गई है। जिसकी लम्बाई 9 फ़ीट 5 इंच एवं ऊंचाई 5 फ़ीट 3 इंच है। दोनों मृत वन्य प्राणियों का पशु चिकित्सक से पोस्टमार्टम कराने के बाद जलाकर अंतिम संस्कार किया गया। महासमुंद के वनमंडलाधिकारी पंकज सिंह राजपूत ने बताया कि वन्य प्राणियों के शिकार करने वाले आरोपियों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोगों में वन्य जीवो के रक्षा एवं सुरक्षा के लिए संरक्षण हेतु जनजागरूकता अभियान वन विभाग द्वारा चलाए जायेंगे। वन विभाग के अनुसार शिकारियों ने हाईटेंशन पोल के तार से 200 मीटर दूर छोटी-छोटी बॉटल को बांध कर बारीक़ जीआई तार का जाल लगाया गया था। इसी करंट वाली तार में अचानक नर तेंदुआ एवं नर बायसन आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। शिकारियों ने सुबह पहुंच कर मृत जंगली जानवरो को देख अपनी तार की जाल को निकाल कर ले गए। क्षेत्रवासियो का कहना है कि छोटे-छोटे वन्य जीव जंतु जैसे खरगोश, हिरण, चीतल, जंगली सूअर, बारहसिंघा, सियार आदि भीषण गर्मी में पानी पीने एवं भोजन की तलाश में गांव की ओर अँधेरा होते ही कूच करते हैं। इसी का फायदा क्षेत्र के शिकारी लोग शिकार करने हेतु रात में उठाते हैं। बहरहाल वन विभाग के अधिकारी खल्लारी बीट के जंगल में हुए वन्य प्राणियों के शिकार की बारीकी से जाँच पड़ताल कर शिकारियों को पकड़ने हेतु मुखबीरों से मदद लिया जा रहा है।

## जन्मजात विकृति से पीड़ित बच्चों के लिए चिरायु बना वरदान

**बलौदाबाजार,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य परीक्षण कर चिरायु की टीम के द्वारा बच्चों का बेहतर इलाज कराया जा रहा है। बेहतर ईलाज होने से जन्मजात विकृति से पीड़ित बच्चों के लिए चिरायु योजना वरदान साबित हो रहा है।

पलारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एस. ध्रुव ने बताया कि पलारी विकासखण्ड के ग्राम कोसमंदा के 12 वर्षीय बालक मोरध्वज कन्नौजे को जन्म से ही हृदय दोष था। जिसके तहत हृदय में संरचनात्मक असमानताएं विकसित हो जाती हैं जो हृदय की दीवारों, वाहिकाओं, वाल्वों को प्रभावित करता है जिससे सामान्य रक्त परिवहन बाधित हो जाता है। मोरध्वज को समय-समय पर तबियत खराब होने, सांस लेने में तकलीफ, खेलने कूदने के दौरान जल्दी थकान हो जाना, वजन न बढ़ना जैसी समस्या होती थी। डॉ. ध्रुव ने बताया कि चिरायु टीम द्वारा सभी आवश्यक जाँच के पश्चात बालक को रायपुर के एक निजी अस्पताल में ले जा कर हृदय का सफल उपचार कराया गया। जिसका ऑपरेशन निःशुल्क किया गया। इसी प्रकार भाटापारा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी ने बताया कि विकासखण्ड भाटापारा के ग्राम तरेंगा की 13 वर्षीय बालिका भारती यदु को जन्म से ही क्लेफ्ट पैलेट की समस्या थी। बच्ची के पिता रजवा यदु जो मजदूरी करते हैं उन्होंने बताया कि इस जन्मजात रोग के कारण बच्ची के मुँह के तालू में छिद्र था जिसके कारण बच्ची को खाने, बोलने में असुविधा होती थी। डॉक्टर ने बताया कि बच्ची को देखने के बाद उसे रायपुर के निजी अस्पताल भेजा गया जहाँ ऑपरेशन के माध्यम से उपचार हुआ। यह उपचार पूरी तरह से निःशुल्क हुआ है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि चिरायु योजना के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों में मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है इसके तहत किसी प्रकार के रोग पाए जाने की स्थिति में उसके निःशुल्क उपचार की भी व्यवस्था की जाती है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य परीक्षण कर चिरायु की टीम के द्वारा बच्चों का बेहतर इलाज कराया जा रहा है। चिरायु की टीम के द्वारा कटे-फटे होंठ, जन्म जात मोतियाबिंद, टेढ़े-मेढ़े हाथ पैर, श्रवण बाधा सहित 44 प्रकार की बीमारी तथा विकृति पर कार्य किया जाता है। जरूरत पड़ने पर बच्चों को अच्छे हॉस्पिटल रेफर भी कराया जाता है।

## पीएम सेजेस तुमगांव में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**महासमुंद** 22 अप्रैल (देशबंधु)। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव में छात्रए पालक एवं शिक्षकों की उपस्थिति में संस्था के प्राचार्य श्री कुरील सर के द्वारा स्थानीय कक्षाओं की परीक्षा परिणाम की घोषणा 21 अप्रैल को की गई। परीक्षा परिणाम अंग्रेजी माध्यम कक्षा 1 से 4 एवं 6 से 7 तक सभी उत्तीर्ण रहे। कक्षा 1 में प्रथम अदिति अग्रवाल 91.33 प्रतिशत, कक्षा 2 में प्रथम दृश्य जांगड़े 94 प्रतिशत कक्षा 3 में धनंजय साहू 95.5 प्रतिशत, कक्षा 4 में प्रथम प्रवीण कुमार ध्रुव 98 प्रतिशत, कक्षा 6 अजय साहू 97.3 प्रतिशत, कक्षा 7 में प्रथम झरोखा साहू 96.6 प्रतिशत, । कक्षा 9 का परीक्षा परिणाम 92.66 प्रतिशत रहा जिसमें प्रथम रमन ध्रुव ने प्राप्त किया तथा 11 वी का परीक्षा परिणाम 86.6 प्रतिशत रहा जिसमें प्रथम स्थान मयंक चौधरी ने प्राप्त किया। उसी प्रकार हिंदी माध्यम के कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम 71.7 रहा जिसमें प्रथम स्थान देवकी ने प्राप्त किया एवं कक्षा 11 कला संकाय से पायल धीवर ने 69.2 प्रतिशत से प्रथम स्थान प्राप्त किया, विज्ञान संकाय से चेतन साहू ने 79.4 प्रतिशत से प्रथम स्थान प्राप्त किया, वाणिज्य संकाय से तुलसी साहू ने 70.8 प्रतिशत से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान संस्था के प्राचार्य कुरील सर एवं दोनों माध्यमों के सभी शिक्षक आई एल साहू, पवन डडसेना, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, नवीन दास, सागर झा, सत्यम पांडेय, श्रीमति हेमलता साहू, श्रीमति ज्योति सिंह, श्रीमति कुसुम कुजूर, श्रीमति सविता ध्रुव, श्रीमति अंकिता ठाकरे, सजल चंद्राकर, तरूण सिन्हा, एल एन साहू, लोकेश साहू, डोलेश होता, श्रीमति मधुरिमा शर्मा, श्रीमति बरखा शर्मा, श्रीमति रेणुका साहू, सुश्री वेनिका लकड़ा, सुश्री भारती भार्गव, सुश्री सोनाली साहू, सुश्री मोनिका यादव, सुश्री प्रगति साहू, सुश्री लिली मजखंड, सुश्री नलिनी ध्रुव सहित अभिभावक छात्र उपस्थित रहें।



## दिव्यांग तुलाराम को मिली ट्रायसायकल

**महासमुंद** 22 अप्रैल (देशबंधु)। छग शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिले में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस तिहार के माध्यम से न केवल आम जनता की समस्याओं का समाधान हो रहा है, बल्कि शासन की योजनाओं का लाभ भी वास्तविक हितग्राहियों तक पहुँच रहा है। जनपद पंचायत बसना के ग्राम पंचायत जोगीपाली के ग्राम सराईपाली भुलका निवासी तुलाराम पिता सुकराम जो कि अस्थिबाधित दिव्यांग हैं, उन्होंने ट्रायसायकल की मांग करते हुए आवेदन क्रमांक 25144577500018 प्रस्तुत किया था। इस आवेदन पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के आदेश एवं उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह के निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए तुलाराम को 21 अप्रैल को जनपद पंचायत परिसर बसना में ट्रायसायकल प्रदान किया गया। ट्राई साइकिल मिलने से तुलाराम अब अपनी दैनिक गतिविधियां आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान के सरकारसाथ कर सकेंगे। उन्होंने इस पहल के लिए राज्य और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह ट्राई साइकिल मेरे लिए एक नई जिंदगी की शुरुआत है। अब मैं अपने कार्य खुद कर सकूंगा। यह मेरे आत्मसम्मान की प्रतीक है।




## पहले दिन विशेष शिविर में 104 बच्चों का हुआ आधार पंजीयन

**बलौदाबाजार,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में हितग्राहियों के लिए आधार पंजीयन हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। 19 अप्रैल को आयोजित शिविर में कुल 104 बच्चो का नए आधार कार्ड हेतु पंजीयन किया गया। वही 187 हितग्राहियो ने आधार कार्ड में अपडेट कराये है। इस विशेष शिविर आयोजन से नये आधार पंजीयन व आधार अपडेशन कराने में ग्रामीणों को साहूलियत हो रही है और उनकी समस्या का समाधान भी हो रहा है।

बताया गया कि विशेष शिविर 19 अप्रैल से प्रत्येक विकासखंड के 10-10 कुल 50 ग्राम पंचायतो में 3 दिन शिविर लागए जाएंगे। इस शिविर में आधार पंजीयन, अपडेशन व त्रुटि सुधार की कार्यवाही की जा रही है। विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत भवानीपुर शिविर में दीक्षा ढीढी, खुशांस साहु, भुनेश्वर साहु सहित 7 लोगों का नया आधार पंजीयन हुआ वहीं सुनील कुमार, रानी बघेल और निर्मला यादव ने आधार अपडेट कराया।



■ 50 ग्राम पंचायतों में 3 दिन चलेगा विशेष शिविर

## आईएएस डॉ संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया

**बिलाईगढ़,** 22 अप्रैल(देशबंधु)। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश अनुसार 2016 बैच के आईएएस डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कलेक्टर पद का पदभार ग्रहण किया। जिला कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर ने वित्त से जुड़े कई रजिस्टर में उनका हस्ताक्षर कराया। इस अवसर पर जिले के अपर कलेक्टर एस के टंडन, जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू और वर्षा बंसल उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने पदभार के पहले कलेक्टर धर्मेश साहू से विश्राम गृह सारंगढ़ में मुलाकात किया। इस दौरान वे जिले के संबंध में आपसी चर्चा किए। उल्लेखनीय है कि सामान्य प्रशासन विभाग ने कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू को मंत्रालय नवा रायपुर में विशेष सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पद पर पदस्थ किया है।



## गरियाबंद जिला में विकास की अपार संभावनाएं: कलेक्टर उइके

■ निवर्तमान कलेक्टर अग्रवाल ने अपने कार्यकाल में किए कार्य, उपलब्धियां एवं अनुभव को किया रेखांकित



**गरियाबंद,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के नए कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। वहीं निवर्तमान कलेक्टर दीपक अग्रवाल को इस मौके पर स्मृतिचिन्ह देकर भावपूर्ण विदाई दी गई। समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान नवपदस्थ कलेक्टर उइके ने कहा कि गरियाबंद वनांचल और आदिवासी बहुल जिला है। यहां विकास की अपार संभावनाएं हैं। शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लगातार क्रियान्वयन किया जाएगा। जिलेवासियों को योजनाओं का लाभ दिलाने हर संभव प्रयास किया जाएगा।

इससे पहले निवर्तमान कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की मजबूत टीम के सहयोग से लोकसभा चुनाव, राजिम कुंभ कल्प मेला, पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। नवाचार गतिविधियों में गौरव गरियाबंद अभियान, टीबी मुक्त अभियान, प्रयास कोचिंग, नवोदय कोचिंग, सुपोषण अभियान, सेल्फी विद ईपिक और पोषण निवेश जैसे कार्यक्रमों का संचालन कर जिले को राज्य में विशेष पहचान दिलाई। उन्होंने जिले में विकास कार्यों की निरंतरता की उम्मीद जताई और सभी को शुभकामनाएं दीं।

समारोह में अधिकारियों ने कलेक्टर अग्रवाल के कार्यकाल की सराहना की। कहा कि उनके नेतृत्व में जिले ने प्रशासनिक दक्षता, समय प्रबंधन और शासकीय दायित्वों के निर्वहन में नए आयाम स्थापित किए। जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम ने कहा कि अग्रवाल के साथ कार्य करना अच्छा अनुभव रहा। उन्होंने प्रशासनिक और व्यावहारिक कार्यों में सहयोग किया। उनकी नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय ने बताया कि अग्रवाल ने जिला कार्यालय में बायोमैट्रिक उपस्थिति लागू कर अधिकारियों और कर्मचारियों को समय का पाबंद बनना सिखाया। जल संसाधन विभाग के ईई एसके बर्मन, पशुपालन विभाग के उप संचालक ओपी तिवारी और डीपीओ अशोक पाण्डेय ने भी अग्रवाल के कार्यों की सराहना की। साथ ही नए कलेक्टर उइके के साथ समन्वय बनाकर जिले को आगे बढ़ाने की बात कही।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, प्रकाश राजपूत, नवीन भगत, सभी एसडीएम और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## लालिम बिखेरते गुलमोहर ने जीता राहगीरों का दिल

**खरोरा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। इन दिनों गुलमोहर की लालिमा से सजी नजर आ रही है। सड़क किनारे खड़े गुलमोहर के पेड़ अपने नारंगी-लाल फूलों की चादर ओढ़े हर आने-जाने वाले को बरबस आकर्षित कर रहे हैं। मार्च से जुलाई तक खिलने वाले ये फूल भीषण गर्मी में भी आंखों को ठंडक और मन को सुकून देते हैं। गुलमोहर न सिर्फ अपनी सुंदरता के लिए जाना जाता है, बल्कि इसकी घनी छांव राहगीरों को राहत भी देती है। आमतौर पर इसे पार्कों, बगीचों और घरों में सजावटी पौधे के रूप में लगाया जाता है, लेकिन जब ये राजमार्ग किनारे खिलते हैं तो जैसे प्रकृति खुद मुस्कुरा उठती है। सड़क किनारे इन पेड़ों की कतारें रास्तों को रंगीन बना रही हैं और हर किसी को एक पल ठहरकर निहारने पर मजबूर कर दिया।



## देवांगन समाज की बच्चियों ने सीखे बदमाशों को सबक सिखाने के गुर

**खरोरा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। अब देवागन समाज की बेटिया आत्मरक्षा के लिए खुद तैयार हो रही है। सेल्फ डिफेस कैम्प में समाज की 8 से 18 साल की बेटियां ट्रेनिंग ले रही है। जो कि एक पंच से छेड़ ?छाड़ करने वालों और दुष्कर्मियों को सबक सिखा सकेंगी। प्रदेश महिला देवांगन समाज के बीरगांव में प्रदेश स्तर पर सेल्फ डिफेन्स की निशुल्क ट्रेनिंग का आगाज रविवार को हुआ। यह शिविर प्रत्येक रविवार को होगा। शिविर में ब्लैक बेल्ट राष्ट्रीय ट्रेनर अभिषेक पांडेय ने एक- एक पंच की ट्रेनिंग दे रहे हैं। उन्होंने बच्चियों को बेड टच और गृह टच में फर्क करना सिखाया। ट्रेनर पायल और डिमेश्वरी ने दंड चलाना मिखाया। शिविर में बच्चियों काफी उत्साह था।

सर्व समाज की बेटियों के लिए शुरू करेंगे ट्रेनिंग कैंप

इस मौके पर प्रदेश देवांगन समाज के अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश देवांगन ने कहा कि आज बच्चियां समाज में सुरक्षित नहीं हैं। पिछले दिनों दुर्ग की घटना दिल को झकझोर देती है। ये किसी के साथ न घटे, घटना दोबारा किसी इसलिए देवांगन समाज प्रदेश भर में सर्वसमाज की बच्चियों के लिए सेल्फ डिफेन्स की ट्रेनिंग शुरू कर रहा है। प्रदेश महिला देवागन समाज की प्रदेश अध्यक्ष रेणु देवांगन ने कहा कि हर मा-बाप को अपने बच्चियों को सेल्फ डिफोनस की ट्रेनिंग देनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश महिला देखायन समाज को प्रदेश महासचिव श्रद्धांजलि देवांगन, संरक्षक लता देवगन जला अध्यक्ष चंद्रकला देवागन डोमेश देवांगन उपस्थित थे।



## महापौर रामू रोहरा ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**धमतरी,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। आज महापौर नगरनिगम धमतरी रामू रोहरा ने जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय परिसर से पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पोषण रथ के माध्यम से जनसमुदाय को पोषण का महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी, जिससे बच्चों, किशोरियों और महिलाओं में पोषण के स्तर में वृद्धि होगी। श्री रोहरा ने कहा कि जब हमारा समाज स्वस्थ्य होगा, तभी हम विकास की ओर अग्रसर हो सकते है। अधिकारियों ने बताया कि यह पोषण रथ नगरीय निकाय क्षेत्र और आसपास के गांवों में जाकर पोषण संबंधी जानकारी देगा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस वर्ष पोषण पखवाडा की मुख्य थीम ''जिले को कुपोषण मुक्त करना, स्वास्थ्य जीवन शैली, जीवन के महत्वपूर्ण 1000 दिन महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देना है''। जिले में कुपोषण से मुक्ति के लिए जनजागरूकता तथा समुदाय तक पहुंच हेतु संवेदीकरण एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन जैसे पोषण भी पढाई भी, टीकाकरण शिविर, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, अन्नप्राशन, स्वसहायता समूहों की बैठक, खेलकुद, योग शिविर पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, जनप्रतिनिधियों, संस्थाओं के प्रतिनिधियों, निकाय के प्रतिनिधियों एवं अन्य सहयोगी विभागों के सहयोग से ''पोषण पखवाडा 2025'' का आयोजन किया जा रहा है।

## संविधान के 75 गौरवमयी वर्षों पर निबंध प्रतियोगिता

**सरायपाली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय, सरायपाली में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विविध आयोजनों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में सोमवार 21 अप्रैल को च्संविधान का गौरव पर्व' उद्देश्य एवं महत्त्वज्ञ विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने विचारों को सुंदर शब्दों में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के योगदान तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उसकी प्रासंगिकता पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में कु. प्रीति प्रधान (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, राजनीति विज्ञान) ने उत्कृष्ट लेखनी के दम पर प्रथम स्थान अर्जित किया। कु. चंद्रिका सिदार (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर, हिंदी) को द्वितीय स्थान तथा कु. सरिता भोई (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, राजनीति विज्ञान) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक यू. के. बरिहा ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि च्भारतीय संविधान न केवल एक दस्तावेज है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा है ज्ञ उन्होंने डॉ. अंबेडकर के अद्वितीय योगदान को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों के पालन हेतु



# गोंडवाना समाज का तहसील स्तरीय वार्षिक सम्मेलन

**नगरी,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। गोंडवाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन का भव्य आयोजन 19 और 20 अप्रैल को ग्राम भड़सिवना में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह दो दिवसीय आयोजन गोंडवाना समाज की सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षिक उन्नति पर केंद्रित रहा, जिसमें समाज के उन्नीस उपक्षेत्र के महिला पुरुष,युवाओं, तथा सामाजिक पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधायक अंबिका मरकाम ने कहा है कि गोंडवाना समाज की गरिमा हमारी सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और सामाजिक एकता में निहित है। हमें अगली पीढ़ियों के लिए शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। विशेषकर बेटियों को स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाना आज की आवश्यकता है।

उन्होंने युवाओं से समाज के नेतृत्व में सक्रिय भागीदारी करने और संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने कहा है कि सामाजिक जनों को बाह्य आडम्बर ,कर्मकांड को त्याग कर मूल संस्कृति पर ध्यान देने की जरूरत है जिससे गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को बचाया जा सके।पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने धर्मांतरण तथा अंतर्जातीय विवाह पर अंकुश लगाने हेतु ठोस कदम उठाए जाने पर बल दिया है। समाज अध्यक्ष टिकेश्वर ध्रुव ने सामाजिक संगठन को मजबूत बनाये जाने पर जोर देते हुए समाज में शराबंदी लागू कर नशा मुक्त समाज बनाने के साथ ही विवाह में बर्तन ,कपड़ा भेंट नहीं करने का प्रस्ताव रखा।समाज के युवाप्रभाग अध्यक्ष वेदप्रकाश मंडावी,महिला प्रभाग अध्यक्ष सतरूपा तमोवंशी, कर्मचारी प्रभाग अध्यक्ष मोहन सिंह कुरू ने अपने अपने प्रभाग को मजबूत करने पर विचार रखते हुए कार्ययोजना प्रस्तुत किए है।सामाजिक वक्ताओं में डोमार सिंह ध्रुव ने पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में पेशा कानून तथा ग्राम सभा के शक्ति पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए इस अधिनियम का सामाजिक रूप से क्रियान्वयन करने पर जोर दिया है।कृषि विशेषज्ञ आर नेताम ने धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उनका लाभ लेने



की बात कही है।व्याख्याता जोहन नेताम ने युवाओं को शिक्षा एवं स्वरोजगार के पर विस्तृत चर्चा करते हुए तकनीकी शिक्षा की ओर कदम बढ़ाने आह्वान किया है।सचिव बुधराम नेताम ने सामाजिक संस्कृति एवं उनके संवर्धन विषय पर मार्गदर्शन देते हुए जन्म,विवाह,मृत्यु संस्कार सामाजिक नियम के अनुरूप करने पर जोर दिया है। शिक्षिका जलवती नागेश ने कविता के माध्यम से समाज जनों को नशापान नहीं करने एवं उनके पड़ने वाले दुष्प्रभाव पर प्रभावकारी विचार व्यक्त किए गए।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से

**विधायक अंबिका मरकाम ने समाज को दिया एकता, शिक्षा और स्वाभिमान का संदेश**

संरक्षक रामप्रसाद मरकाम शकुन्तला ठाकुर,बिंदा नेताम ,लखन लाल ध्रुव,बीरेश ठाकुर,भगवान सिंह नेताम,संतोष नेताम अध्यक्ष उपक्षेत्र टांगापानी, महेश गोटा अध्यक्षजनपद पंचायत ,गरिमा नेताम सदस्यजिला पंचायत, प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य, सरपंच नील कुमार सूर्यवंशी,मुकेश कुंजाम, यशवंत मंडावी,दुर्गा कोड़ोपी,सतरूपा तामोवंशी अध्यक्षा महिला प्रभाग, मोहन कुरू अध्यक्ष कर्मचारी प्रभाग, वेदप्रकाश मंडावी अध्यक्ष युवा प्रभाग,जोहर लाल चंद्रवंशी,रति राम नेताम,पोलाराम कोर्राम,भगवान सिंह मरकाम,डोमार सिंह ध्रुव,सुरेंद्र नेताम,हरक मंडावी,रमेश मरकाम,सोनाराम नेताम, छेदू राम नेताम,सोहन मरकाम,पोखन नेताम,शत्रुघ्न मरकाम,ईश्वर मंडावी ,धनसाय नागवंशी,अमर सिंह नेताम,जितेंद्रवीर कुंजाम,रामजी नेताम,राजू कावड़े,राम सिंह मरकाम,साधुराम नेताम,भुनेश्वरी नेताम,विमला मरकाम,गणेशिया मरकाम,फुलेश्वरी नेताम,कीर्ति मरकाम,रोहित कोमरे,दिनेश मंडावी,पिंगल गोटा,विशाली ध्रुव,दलगंजन मरकाम,महेश मरकाम,मुन्ना लाल दर्रा,पंचम सलाम,शिवलाल नेताम,कृष्णा मरकाम,राजेश समरथ,ईश्वर नेताम,प्रीतम मंडावी,लखमू मरकाम ,संत राम नेतामसहित क्षेत्र के हजारों युवाओं, वरिष्ठजनों व मातृशक्ति की उत्साहजनक भागीदारी रही।इस कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र नेताम ,ईश्वर मंडावी द्वारा किया गया।उपक्षेत्र अध्यक्ष संतोष नेताम ने आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में पारित मुख्य प्रस्ताव में धर्मांतरण में रोक लगाने, नशामुक्त समाज बनाने, बालिकाओं की शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति योजना प्रारंभ करने ,युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निशुल्क मार्गदर्शन प्रदान करने,युवाओं में सामाजिक गुण विकसित करने के साथ संस्कारवान बनाने एवं समाज के समग्र विकास हेतु कार्ययोजना बनाने,गोंडवाना सांस्कृतिक महोत्सव का वार्षिक आयोजन ग्राम स्तर पर करनेतथा सामाजिक कार्यकारिणी विस्तार कर समाज संगठन को सशक्त बनाया जायेगा। गोंडवाना समाज सेवा समिति, तहसील नगरी द्वारा यह आयोजन समाज के नवनिर्माण की दिशा में एक सशक्त प्रयास सिद्ध हुआ। समाज को संगठित, जागरूक और स्वाभिमानी बनाने का यह सामूहिक प्रयास प्रेरणादायी रहा। गोंडवाना समाज के वार्षिक सम्मेलन के समापन अवसर पर स्वर्गवासी सामाजिक जनों को दो मिनट मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई फिर सप्तरंगी ध्वजअवरोहणकर पेन शक्तियों की विदाई देकर सामाजिक जनों द्वारा अलग अलग समूह बनाकर विशाल रेलापाटा नृत्य कर समापन किया गया।इस विराट आयोजन को सफल बनाने में टांगापानी उपक्षेत्र के चौदह गांव के युवा -युवतियों,महिला पुरूषों एवं समाज सिपाहियों का सराहनीय योगदान रहा है।

## शिकारी केसली में पेयजल संकट गहराया, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी



**खरोरा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत शिकारी केसली के ग्रामीण पिछले एक माह से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में जलापूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है, जिससे लोगों को पानी की बूंद-बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूर तक पैदल चलकर पानी लाना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि पानी के एक-एक बाल्टी के लिए ग्रामीणों को 1 से 2 घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। हैंडपंप व सार्वजनिक नल या तो सूख चुके हैं या उनमें जलप्रवाह नहीं हो रहा है। गर्मी के इस मौसम में यह समस्या और भी विकराल हो गई है। स्थानीय ग्रामीण तटूलेश्वर ने बताया कि सुबह से ही महिलाएं और बच्चे पानी भरने के लिए लंबी कतारों में लग जाते हैं। कभी-कभी पूरी मेहनत के बाद भी पानी नहीं मिल पाता, जिससे दैनिक कार्यों की देखभाल में भी कठिनाई हो रही है। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह त्वरित रूप से इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कदम उठाए और ग्रामीणों को राहत प्रदान करे।

**ग्रामीणों को पानी के लिए कई किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ रही**

## नवनिर्वाचित सरपंच ने संभाला कार्यभार



**जी जामगांव,** 22 अप्रैल (देशबंधु)। ग्राम पंचायत जी जामगांव में निर्वाचित होने के बाद नया सरपंच ने कार्यभार ग्रहण किया । इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव श्री कुणाल देवांगन ने ग्राम पंचायत संबंधित समस्त रिकार्ड का अवलोकन व मिलान किया । तत्पचात पंचों व ग्राम के गणमान्य जनों की उपस्थिति में चार्ज लिस्ट,आय व्यय की जानकारी को पढ़कर सुनाया गया । पूर्व सरपंच श्री मति सुलोचना महिलांगे के द्वारा नव निर्वाचित सरपंच श्री देवचरण चंद्राकर को सम्पूर्ण रिकार्ड को सौपा गया , पदभार ग्रहण किया गया । इस अवसर पर रमाबाई यादव,कृष्णकुमार साखरे,सीमा पटेल,धनेश्वरी ध्रुव, संतोषी ढीमर, सुमन मारकंडे,होरीलाल महिलांगे,जनक कुर्रे,खिलावन पटेल, तकेश्वर साहू,रेखा साहू,कौशिल्या साहू, त्रिवेणी साहू, होरीलाल साहू,ढालसिंह ध्रुव, संतुराम साहू, जीवराखन लाल चंद्राकर, प्रीतम साहू, उत्तम पटेल, हरिराम साहू, अशोक साहू,घनश्याम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## सूने मकान में डंप रखें एमपी के 104- पेटी अवैध शराब को राज्य उड़नदस्ता टीम ने पकड़ा

**सिमगा**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। सिमगा थाना अंतर्गत ग्राम खैरघट में एमपी के 104 पेटी गोवा व्हिस्की शराब को राज्य उड़नदस्ता रायपुर एवं जिला बलौदाबाजार आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने जप्त किया है जिसकी अनुमानित लागत 6 लाख 24 हजार रुपए आंकी गयी है। उड़नदस्ता की टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि सिमगा थाना क्षेत्र के शिवनाथ नदी के किनारे बसे ग्राम खैरघट में आम बगीचे के एक पंप हाऊस में शराब का जखीरा छुपा कर रखा गया है। जिस पर टीम ने मौके पर पहुंच कर छापा मार कार्यवाही करते हुए एम पी निर्मित 104 पेटी गोवा व्हिस्की शराब जप्त किया। तथा पंप हाऊस से आरोपी हीरा लाल धृतलहरे खैरघट निवासी को गिरफ्तार किया। उड़नदस्ता टीम ने आरोपी के खिलाफ छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 34 (1) ( च ) 59 ( क ) एवं 36 का प्रकरण दर्ज किया है। वहीं आरोपी से पुछताछ की जा रही है कि शराब का खेप कहां कहां खपाने की योजना थी साथ ही। उनके साथ कौन कौन लोग शामिल हैं। उड़नदस्ता की टीम व जिला आबकारी विभाग की संयुक्त टीम में आबकारी आयुक्त प्रकाश पाल, आबकारी उपनिरीक्षक योगेश सोनी, आरक्षक जागेश्वर वर्मा, सुरेंद्र झारिया, के साथ बलौदाबाजार से आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश साहू, नगर सैनिक कमल वर्मा, शामिल थे। उल्लेखनीय हो कि सिमगा क्षेत्र में लंबे समय से कुछ बड़े शराब तस्कर मध्यप्रदेश से शराब का जखीरा मंगा कर क्षेत्र के कोचियों को सप्लाई करते आ रहे हैं। क्षेत्र में एमपी का शराब प्रशासन के नाक के नीचे खपाया जा रहा है ।और प्रशासन मुख दर्शक बनी हुई है ।नगर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की गंगा बह रही है ।क्षेत्र के शराब तस्कर मालामाल हो रहे हैं। लेकिन इन बड़े मछलीयों पर अंकुश लगाने में प्रशासन फिसड्डी साबित हो रही है।



**हथबंद में 532 एवं सिमगा में 700 पेंटी एमपी के शराब जप्त हो चुका है**

हथबंद के ग्राम केसदा स्थित एक फार्म हाउस में माह अक्टूबर में 532 पेटी एमपी के शराब पुलिस व आबकारी विभाग ने जप्त किया था। जिसकी कीमत 34 लाख आंका गया। पुलिस ने फार्म हाउस में खाली शीशी ढ़क्कन व रेपर भी बरामद किया था। वहीं माह फरवरी में नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव के दौरान सिमगा में ट्रक रेस्ट एरिया के पास एमपी के नंबर प्लेट वाले कंटेनर ट्रक से राज्य उड़नदस्ता की टीम ने 700 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब व 39 हजार बोतलें बरामद किया था। जिसकी बाजार में कीमत करीब 50 लाख 70 हजार रुपए बताया गया। उक्त शराब को रायपुर में मतदान से पहले खपाने की तैयारी थी।

## अग्निवीर में चयनित युवाओं का सम्मान



**भाटापारा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद बलौदा बाजार भाटापारा के तत्वाधान में संचालित भारत माता सैनिक फिजिकल,एकेडमी से अग्नि वीर में चयनित खिलेन्द्र साहू ग्राम ढाबाडीह, सूरज ध्रुव ,ग्राम ,खैरताल निवासी अग्निवीर (थल सेना) में चयनित विद्यार्थी को मोमेंटो ओर पुष्प और माला से सम्मान दिया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा जी व अकादमी के संरक्षक कैप्टन टी पी बाघमार ,व अध्यक्ष सुनील तिवारी कोषाध्यक्ष अजय कुमार, मीडिया प्रभारी युगल किशोर, पुरेंद्र वर्मा व एकेडमी के बालक ,बालिकाएं उपस्थित रहे और भारतीय थल सेना के अग्नि वीर में चयनित बच्चों की भविष्य की शुभकामनाएं भी दी गई।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने दी बधाई



**पलारी,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। विकास खंड पलारी अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम पाठशाला ग्राम ओड़ान से पांचवी कक्षा के विद्यार्थी च्भावेश कुमार पैकराज्ज पिता - संजय कुमार पैकरा को च्एकलव्य आवासीय विद्यालय सोनाखान में चयनित होने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं तथा आशीर्वाद प्रदान किया विद्यार्थी भावेश कुमार पैकरा को उत्साह वर्धन प्राप्त हुआ है।

## पृथ्वी दिवस पर डाक विभाग ने कैसलेशन कैचेट जारी किया

**पिथौरा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। पृथ्वी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल द्वारा विशेष पोस्टकार्ड एवं कैंसलेशन कैचेट जारी किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता हैं। इस वर्ष की थीम "Our Power, Our Planet" के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु यह डाकीय पहल एक रचनात्मक प्रयास है। हर टिकट, हर कैचेट, हर पोस्टकार्ड एक संदेश है ङ्क हमारी धरती के लिए, हमारे भविष्य के लिए।




## सुशासन तिहार के आवेदनों का समय पर हो निराकरण : कलेक्टर

**गरियाबंद**, 22 अप्रैल। कलेक्टर बीएस उइके ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। कहा, सभी आवेदनों की शत-प्रतिशत ऑनलाइन एंट्री त्रुटिरहित हो। संबंधित विभागों को ऑनलाइन भेजे जाएं। मूल आवेदन भी विभागों को भेजना जरूरी है। ताकि समय-सीमा में निराकरण हो सके। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर आवेदन लंबित न रहे। इसके लिए एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ नियमित मॉनिटरिंग करें। विभागीय अधिकारी समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा, किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा लापरवाही न हो।

## लोकसेवक की तरह सभी कार्य करें : कलेक्टर



**बिलाईगढ़,** 22 अप्रैल(देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के प्रशासनिक कार्यों के संबंधित समय सीमा का बैठक लिया। कलेक्टर ने कहा कि लोकसेवक की तरह सभी कार्य करें। सुशासन तिहार के आवेदन को मानवीय स्तर पर सद्भावना के साथ राज्य सरकार के मंशा अनुरूप जन जन के हित को सर्वोपरि रखते हुए उनके मांग से जुड़े सभी दस्तावेज जो सरकारी तंत्र से मिलना है, उसका व्यवस्था सरकारी तौर पर किया जाए और शत प्रतिशत योजनाओं का लाभ देना जिले के प्रशासनिक अमला का उद्देश्य होना चाहिए। कोई भी मांग या शिकायत आया है उसके निराकरण के संबंध में आवेदक को लिखित में सूचना दे। आवेदनों के निराकरण के लिए आवेदक, अधिकारी कर्मचारी, ठेकेदार आदि फील्ड में जाएं और त्वरित निराकरण करें। वर्तमान में किए जा रहे सर्वे में छूटे हुए नागरिकों का शत प्रतिशत पंजीयन हो। उन्होंने जिले के अधिकारियों को कहा कि आपके अधीनस्थ कर्मचारी के कार्यों का मॉनिटरिंग आप स्वयं करें। यदि कोई भी कर्मचारी फील्ड में अपने पदीय दायित्व के विरूद्ध रिश्वत, दुर्व्यवहार आदि करता है तो उसे वहां से हटाएं। कलेक्टर ने रिटायर्ड कर्मियों के पेंशन के संबंध में कहा कि सभी विभाग अपने कर्मियों के रिटायर होने के करीब डेढ़ वर्ष पूर्व से पेंशन के सभी कार्य को शुरू कर दें ताकि उनके रिटायर्ड के दिन सभी प्रकार के स्वत्व और अन्य राशि का भुगतान तत्काल हो जाए। इस अवसर पर जिले के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## आयोग की अध्यक्ष शर्मा ने बाल श्रम की रोकथाम के लिए छापेमारी अभियान के निर्देश दिए



**महासमुंद** 22 अप्रैल (देशबंधु)। छग राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिकां शर्मा ने बाल श्रम की रोकथाम हेतु प्रदेश के समस्त जिलों में छापामार कार्यवाही किये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होने 08 बिन्दुओं पर सुनियोजित तथा कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए हैं। डॉ वर्णिका शर्मा द्वारा पत्र में यह लेख किया है कि बाल श्रम की रोकथाम कोई एक दिवस की प्रक्रिया नहीं है अपितु यह एक सतत प्रक्रिया है अतः कहा गया है कि संपूर्ण प्रदेश के समस्त जिलों में अप्रैल 2025 से प्रारंभ कर प्रत्येक 03 माह में प्रदेश व्यापी सात दिवसीय छापामारी अभियान चलाया जाए। छापेमारी की कार्यवाही हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई जिला पुलिस प्रशासन,संबंधित थाना क्षेत्र प्रशासन को शामिल करते हुए दल बनाया जाए तथा देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बाल श्रमिकों को आवश्यक होने पर यथाशीघ्र बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जावे। इसके साथ ही उन्होंने उक्त छापेमारी अभियान के दौरान समय.समय पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर जारी किए गए समस्त आदर्श क्रियान्वयन प्रक्रियाओं का पालन किये जाने के भी निर्देश दिये हैं। उन्होंने निर्देशों में यह भी लेख किया है कि अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस 12 जून 2025 को सार्थक बनाते हुए प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर के समक्ष श्रम विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा बाल श्रम की रोकथाम के संबंध में स्थिति का प्रस्तुतीकरण किया जाये। उन्होंने विभाग को यह भी अनुशंसा की है कि बाल श्रमिक के पाये जाने पर आम नागरिकों द्वारा इसकी सूचना श्रम विभाग को सुलभ रूप से देने के लिए श्रमायुक्त कार्यालय या राज्य मुख्यालय में एक टोल फ्री नंबर की सेवा को आरंभ किया जावे व आरंभ हो तो उसे सक्रिय रखा जावे।

## पत्नी ने घर लौटने से इंकार किया तो चाकू मारकर कर दी हत्या

**गरियाबंद**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के छुरा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक महिला की उसके पति ने चाकू मारकर हत्या कर दी। पति महिला को वापिस घर लेने आया था, लेकिन इंकार करने से नाराज होकर हत्या कर दिया। घटना के बाद आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि छुरा निवासी मृतका बिसनी मारकंडे की 15 साल पहले महासमुंद निवासी गोपीराम मारकंडे से शादी हुई थी। पारिवारिक विवाद के चलते वह दो साल से अपने मायके छुरा में मां सरोज बाई के साथ रह रही थी। उनके दो बच्चे पिता के साथ महासमुंद में रहते थे। स्कूल की छुट्टियों में वे 8-10 दिन पहले मां के पास छुरा आए थे। बिसनी 20 अप्रैल को रायपुर से केटरिंग का काम से लौटकर घर आई थी। अगले दिन सुबह 11 बजे पड़ोसी ने बिसनी के भाई को फोन कर बताया कि गोपीराम बिसनी पर चाकू से हमला कर भाग गया है। भाई तुरंत घर पहुंचा। बिसनी की हल्की कराहने की आवाज सुनकर उसने एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बिसनी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में सामने आया कि गोपीराम बिसनी को वापस महासमुंद ले जाना चाहता था। बिसनी ने मना किया। इसी बात से नाराज होकर गोपीराम ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी। आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया। पर्याप्त सबूत मिलने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।



**24 घंटे में आरोपी पति गिरफ्तार**

## अभा बिंझवार समाज प्रमुखों ने जिपं उपाध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात की



**बागबाहरा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। आदिवासी अखिल बिंझवार समाज छत्तगढ़ जिला महासमुंद के समाज प्रमुख जनों ने भीखम सिंह ठाकुर जी के जिला पंचायत उपाध्यक्ष निर्वाचित होने उपरांत अपने टीम सहित उनके प्रतिष्ठान पहुंचकर सौजन्य भेंट मुलाकात कर सहर्ष बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रभाग हेमसागर बिंझवार, विंध्यवासिनी मंदिर बुंदेलहीन पाठ अध्यक्ष सूरजचंद बिंझवार, पूर्व सरपंच लीलेसर मालिक राम बंजारा, सचिव कौड़िया परि. 2 बंशीलाल बिंझवार, नैन सिंह बिंझवार, युवा प्रभाग, निरउ बिंझवार सहित बिंझवार समाज के समाज प्रमुख गणों ने अपनी उपस्थिति प्रदान की।

## प्रादेशिकी का शेष...

### करणी कृपा उद्योग माइंस ...

दोहन कर रहा है। पावर प्लांट के प्रदूषण से गांवों की स्थिति खराब हो गई है और किसान प्रदूषण और जल संकट से मुक्ति दिलाने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट में आवेदन दिए है।

### नव पदस्थ एसपी सूरज ...

पर भी कार्य कर चुके हैं।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसडीओपी. नगरी) शैलेंद्र पांडेय, डीएसपी मीना साहू, मोनिका मरावी, एसडीओपी. रागिनी मिश्रा, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा सहित सभी राजपत्रित अधिकारी व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ पोषण पखवाड़ा




**भरूवाडीह/ बलौदाबाजार**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश के आंगनवाड़ी में चल रहे पोषण पखवाड़ा 8 से आरंभ होकर 22 अप्रैल को समापन किया गया। विविध दिनों अलग अलग थीम के आधार पर बच्चों किशोरी, महिलाएं युवतियां और ग्रामीणों को इसके तहत उचित खान-पान पान दिनचर्या ऋतु चर्या और दैनिक जीवन में योग प्राणायाम साथ ही संतुलित आहार विटामिन से भरपूर भोजन खाने की जानकारी दी गई। ग्राम रावन के छः आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आयुष विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयुष चिकित्सक डा रितु वर्मा, योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा, औषधालय सेवक फार्मासिस्ट देवलाल चेलक, चंचल वर्मा, उमावर्मा, संतोषी, नीमा, संतोषी वैष्णव, अनिता ध्रुव, केंवरा बाई, अहिल्याबाई, कांति वर्मा, शांमकुंवर, शिवकुमारी, अमरिका पुनिया धीवर तथा अंचल में संचालित आंगनवाड़ी के सभी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के महत्वपूर्ण योगदान रहे।

## बीमा एजेंट ओपी मिश्रा प्रशिक्षण में शामिल होने भोपाल रवाना

**बलौदाबाजार**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। आज देश में विभिन्न क्षेत्रों में जिस गति से परिवर्तन हो रहा है या परिवर्तन का दौर चल रहा है जिसमें बैंक व बीमा क्षेत्र भी अछूता नहीं रहा है। देश के सबसे बड़े जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम भी परिवर्तन के दौर में बाजार एवं ग्राहकों की आवश्यकतानुसार अपनी योजनाओ में निरंतर परिवर्तन कर रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में क्षेत्रिय प्रशिक्षण केन्द्र मध्यप्रदेश के भोपाल मे 24 और 25 अप्रैल को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमे भाग लेने के लिए अंचल के वरिष्ठ जीवन बीमा करोड़पति अभिकर्ता ओम प्रकाश मिश्रा प्रशिक्षण मे भाग लेने भोपाल रवाना हुए है।



## 25 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित

**नवापारा राजिम**, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। स्कूली बच्चों के लिए एक अच्छी अच्छी खबर आई है। गर्मी के बढ़ते प्रकोप के चलते स्कूली शिक्षा विभाग ने 25 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन छुट्टी का ऐलान कर दिया , विभाग ने इसके लिए आज आदेश जारी कर दिया ।आदेश के अनुसार ग्रीष्मकालीन छुट्टी का आदेश सभी निजी और सरकारी स्कूलों में लागू होगा।

प्रदेश में ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून तक दिया जाना था लेकिन प्रदेश में भीषण गर्मी के चलते लू के हालात बने हुए हैं रायपुर सहित कई जिलों में पारा 44 के पार हो गया है। बदलते मौसम और गर्मी की वजह से बच्चे बीमार भी पड़ रहे हैं। बच्चों को लू लगने का खतरा है। जिसे ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने 5 दिन पहले ही ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की है।

जारी आदेश में कहा कि वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी व लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को दृष्टिगत रखते हुये राज्य शासन द्वारा शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त, अशासकीय शालाओं के लिए घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश में आंशिक संशोधन किया है। जिसके तहत 25 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है। यह आदेश शिक्षकों के लिए लागू नहीं होगा तथा विभागीय समसंख्यक आदेश की शेष कण्डकाएं यथावत रहेंगी।

## अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई, दो वाहन जब्त




**महासमुंद** 22 अप्रैल (देशबंधु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम पंचायत खमतराई महानदी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया। खनिज विभाग की टीम ने एक हाईवा ;वाहन क्रमांक सीजी 06 एचए 9377 जिसे सूरज भारती निवासी बघतरा मंदिर हसौद चला रहा था को अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वहीं एक चैन माउंटेन मशीन मशीन जिसका चालक अज्ञात है को अवैध रेत उत्खनन करते हुए जप्त किया गया। दोनों वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में खड़ा किया गया है। खनिज विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज ;विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नवापारा-अभनपुर मार्ग पर कुर्रा और पिपरौद के बीच अवैध रूप से संचालित हो रहे 4-5 ढाबे





**नवापारा राजिम,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। नवापारा-अभनपुर मार्ग पर कुर्रा और पिपरौद के बीच अवैध रूप से 4-5 ढाबे संचालित हैं। इन ढाबों के सामने देर रात तक वाहनों की लंबी लाइन लगी रहती है।चालक अपनी सुविधा और जगह देखकर लापरवाही से वाहन पार्क कर देते हैं। वाहनों में न तो इंडिकेटर ऑन रहता है और न ही कोई रिफ्लेक्टर लगा होता है गाड़ी वालों की लापरवाही के चलते

एक युवक की गाड़ी ट्रक से टकरा गई और इस हादसे में हादसे में युवक की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि युवक घर से अपनी ड्यूटी पर जाने के लिए निकला था। इस दौरान उसकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम सोनेसिल्ली निवासी महेश्वर पिता सोमनाथ साहू (24 वर्ष) अभनपुर उरला स्थित एक कंपनी में काम करता था। महेश्वर सोमवार रात करीब 9 बजे काम पर जाने के लिए घर से बाइक से निकला था। वह ग्राम कुर्रा-पिपरौद के बीच पहुंचा था, तभी सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे उसकी बाइक टकरा गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी।

- ढाबों के सामने देर रात तक वाहनों की लगी रहती है लम्बी लाइन ,खड़ी ट्रक से टकराई युवक की गाड़ी हादसे में युवक की मौत
- चालक लापरवाही से करते हैं वाहन पार्क , वाहनों में न तो इंडिकेटर ऑन रहता है और न ही रिफ्लेक्टर लगा होता

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस के जरिए युवक को नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के निशान थे। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्च्युरी में रखवाया। आज सुबह मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने चालक के खिलाफमामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि महेश्वर परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है।

### सड़क किनारे गलत तरीके से खड़ा करते हैं वाहन

घटना के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों का कहना है कि वाहन चालक सड़क किनारे गलत तरीके से वाहन पार्क कर देते हैं, जो जानलेवा साबित हो रहा है। नवापारा-अभनपुर मार्ग पर कुर्रा और पिपरौद के बीच 4-5 ढाबेअवैध रूप से संचालित हैं। इन ढाबों के सामने देर रात तक वाहनों की लंबी लाइन लगी रहती है।चालक अपनी सुविधा और जगह देखकर लापरवाही से वाहन पार्क कर देते हैं। वाहनों में न तो इंडिकेटर ऑन रहता है और न ही कोई रिफ्लेक्टर लगा होता है। इस कारण दूर से वाहन दिखाई नहीं देते। अंधेरे में दुर्घटना हो जाती है। लोगों की मांग है कि ऐसे वाहनों के खिलाफकार्रवाई की जाए जो ढाबे के सामने लापरवाही से खड़े रहते हैं। एवं अवैध रूप से संचालित हो रहे भावे पर भी कार्यवाही की जाये।

# नपा अध्यक्ष ने किया नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**भाटापारा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु) ।नगर पालिका परिषद भाटापारा में नवनिर्वाचित नपा अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा और नई कार्यकारिणी शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित बनाने की दिशा में लागतार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार 22 अप्रैल को नगर के बलभद्र वार्ड में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

गौरतलब है कि नपा अध्यक्ष के रूप में श्री अश्वनी शर्मा लगातार सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। ऐसे में नगरवासियों की मांग और आवश्यकता को ध्यान में रखकर विकास कार्य शुरू किए जा रहे हैं। नगर में स्वच्छता और विकास की कड़ी में एक कदम आगे बढ़ाते हुए बलभद्र वार्ड में नाली निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। इस दौरान नपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने नगरवासियों से नगर की स्वच्छता में सामूहिक सहभागिता की अपील की।

**स्वच्छता की ओर एक और कदम**

इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्री दिलीप छाबड़िया, सभापति श्री गोविंद पटेल, पार्षद श्री उमाकांत वर्मा, श्री देवेंद्र साहू, श्री कीर्तन जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री मोहन बांधे, श्री सुनंद मिश्रा तथा वार्डवासी श्री अजीत सिंह राजपूत, श्री एस.पी. तिवारी, श्री सुरेश दाण्डेकर, श्री सूरजमल साहू, श्री बिरजू बंजारे, श्री शिव वर्मा, श्री सहदेव ढिमर, श्री ईश्वर जासवाल, श्री सुखदेव साहू, श्री ऋषि सिंह, श्री संतोष बंजारे, श्री हुलास साहू, श्री लक्ष्मण गेन्ड्रे, श्री भूपेश भट्ट उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने दिव्यांगों को वितरित किया कृत्रिम अंग

**बलौदाबाजार,** 22 अप्रैल (देशबन्धु) ।कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा 7 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग वितरित किया। उन्होंने दिव्यांगों को कृत्रिम अंग पहनने के बाद चलने का अच्छी तरह से अभ्यास करने कहा ताकि चलने में परेशानी न हो। इसके साथ ही किसी प्रकार की दिक्कत होने पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारियो से सम्पर्क करने कहा।



उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेड़ाम ने बताया कि दिव्यांगो के लिए कृत्रिम अंग का निर्माण माप लेकर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में ही किया जाता है। कृत्रिम अंग प्राप्त करने वाले दिव्यांगो में सेम्हराडीह निवासी तुषार मांडले, बलौदाबाजार से दीपक श्रीवास, पंडरीपाली से अक्ती राम बंजारे, रानी जरौद से मोहन कुर्रे, खैदा से ओमप्रकाश वर्मा, भाटापारा से लोकनाथ साहु एवं भाठागांव से चंद्रकला डहरिया शामिल हैं।

# राहुल व प्रियंका के पास पं. बंगाल जाने के लिए समय नहीं क्यों : मनेन्द्र सिंह

**भाटापारा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। मुर्शिदाबाद में वर्क बोर्ड कानून के विरोध में दंगाइयों द्वारा पिता गोविंद दास एवं उनके पुत्र की हत्या एवं हिंदुओं के घरों में की जा रही आगजनी तथा तोड़फोड़ पर विपक्षी नेताओं के मौन रहने पर तीखीप्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के जिला प्रतिनिधि मनेंद्र सिंह ने कहा कि जो प्रियंका फिलिस्तीन का बैग लेकर संसद परिसर में घूम रही थी और जो राहुल गांधी संविधान की पुस्तिका लेकर पूरे देश घूमते फिर रहे थे कि संविधान खतरे में हैं और हाथरस जाने के लिए में भाई बहनों के पास समय था लेकिन बंगाल के लिए क्यों नहीं वही राहुल गांधी बंगाल न जाकर देश के खिलाफ जहर उगलने अमेरिका चले गए



ओवैसी सांसद में तो जय फिलिस्तीन का नाम शपथ ग्रहण समारोह में भारत की जगह लेते हैं और आज मुर्शिदाबाद के हिंदुओं के हो रहे कतले आम पर कह रहे हैं कि मैं बंगाल का प्रवक्ता नहीं हूं वही अखिलेश यादव का क्या कहना वे तो कहते फिर रहे हैं कि यह बंगाल का मामला है

यह वही अखिलेश यादव हैं जब 1978 में संभल के दंगों पर 200 हिंदुओं का कत्लेआम हुआ था तो 4 दिसंबर को उनकी सरकार बनते ही 23 दिसंबर को दंगे के सभी आरोपियों के खिलाफ उन्होंने मुकदमे वापस ले लिए थे और जो पुलिस वालों की गवाही होती उन्हें धमकाया गया कि अगर तुम लोगों ने गवाही दी तो तुम्हारी नौकरी हम खत्म कर देंगे यह है हमारे विपक्षी दल के नेताओं का तुष्टिकरण पर इनका दोहरा मापदंड।

श्री सिंह ने कहा कि देश के हिंदुओं को सोचना चाहिए कि प्रबंध का यह विपक्षी दल एक वर्ग विशेष का वोट पाने के लिए किस तरह से हिंदुओं का तिरस्कार करते हैं क्योंकि यह जानते हैं कि हिंदू समाज जातिवाद में बटा हुआ है इसीलिए तो हमें मोदी जी एवं योगी जी की उन बातों को समझना होगा कि जो कहते हैं कि बटोगे तो कटोगे

पहले हमने अफगानिस्तान ,पाकिस्तान और बांग्लादेश की भूमि खोई अगर अभी भी हम मौन धारण कर घर बैठे रहे तो वह दिन दूर नहीं जब देश को और खंडित होने में देर नहीं लगेगी।

# पृथ्वी दिवस पर ग्रीन केयर का आयोजन

- फॉर्च्यून नेत्रहीन विद्यालय में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान
- स्वस्थ पृथ्वी पर बेहतर जीवन के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लिखा पत्र
- ग्लोबल वार्मिंग से धधक रही है पृथ्वी स्वीकार करें
- जलवायु परिवर्तन बकवास नहीं हकीकत है: डॉ पाणिग्राही



**बागबाहरा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा फॉर्च्यून नेत्रहीन विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में खेजड़ी पौधारोपण कर एवं स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर स्वस्थ धरती एवं बेहतर जीवन का संदेश देने का प्रयास किया गया। पौधारोपण पश्चात डॉ पाणिग्राही ने कहा यदि हम बेहतर जीवन चाहते हैं तो हमें पृथ्वी को स्वस्थ रखना होगा ।स्वच्छता ,पौधारोपण ,जल संरक्षण ,मृदा संरक्षण ,कार्बन फुटप्रिंट कम करने तथा पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाना होगा ।इस कड़ी मे डॉ पाणिग्रही ने अमेरिकी राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप को पत्र लिखकर ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन की हकीकत को स्वीकारने हेतु तथा सहयोग के साथ आगे आने हेतु लिखा है ।

डॉ पाणिग्राही ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग को सिरे से नकार दिया है। इसे बकवास कहा है। जबकि हमारा देश आज ग्लोबल वार्मिंग कम करने जलवायु परिवर्तन न हो इसके लिए आगे बढ़ रहा है। ग्लासगो समिट में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया पंचामृत ( फाइव कमिटमेंट ) एवं लाइफ ( लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट ) इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में फॉर्च्यून संस्था के डायरेक्टर निरंजन साहू का मार्गदर्शन एवं प्रीति यादव ,जागृति दीवान ,सिवनी पाण्डेय ,दिनेश्वरी साहू ,आकाश ,तुषार गिरी गोस्वामी ,मुरलीधर बंजारा ,तमन्ना सम्मिलित हुए ।

# सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही

**बलौदाबाजार,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। ''सुशासन तिहार-2025'' के प्रथम चरण अंतर्गत नगर पालिका के 01 से 21 वार्डो में 8 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 तक शिविर लगाया गया था। उक्त शिविर में कुल 917 आवदेन प्राप्त हुए, जिसमें आवास योजना के 443, राशनकार्ड के 96, निर्माण कार्य के 190, चबुतरा आबंटन के 40 एवं सफाई, विद्युत, पेयजल, जन्म-मृत्यु, पेंशन आदि के 148 आवेदन प्राप्त हुए है।

''सुशासन तिहार-2025'' के द्वितीय चरण अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही आवेदको से संपर्क कर नगर पालिका के द्वारा की जा रही है। जिसमें आवेदक तुलसी सोनवानी, आदित्य सोनी, नेहा मिश्रा का सामान्य राशनकार्ड बनाया गया व आवेदक गजेन्द्र देवांगन, इंदिरा बाई, सुमत तिवारी एवं अन्य के राशनकार्ड में नाम जोड़ने एवं हटाने की कार्यवाही की गयी। इसके साथ ही सफाई संबंधी शिकायतो का निराकरण हेतु आवेदको से संपर्क कर निराकरण उपरांत आवेदको से पॉवती प्राप्त की जा रही है। आवेदक गजेन्द्र देवांगन, लक्ष्मी यादव, राजकुमार फेकर, एस.एल. चन्द्राकर, मोहन दास मानिकपुरी, हेमलता वर्मा, सिमरन पारवानी, बेनाबाई ध्रुव के द्वारा जन्म-मृत्यु संबंधी प्राप्त आवेदनों पर भी कार्यवाही करते हुए निराकृत किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवेदको से संपर्क कर उक्त योजना का लाभ हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है, जिससे उनके पात्रता का परीक्षण कर योजना का लाभ दिया जा सकें। साथ ही निर्माण कार्य के प्राप्त आवेदनो को वार्डवार संबंधित उपअभियंताओं को आबंटित किया गया है, उपअभियंताओं द्वारा स्थल निरीक्षण कर प्राक्कलन तैयार करने की कार्यवाही की जा रही है।

# 273वीं रैंक और छत्तीसगढ़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर नगर एवं सिंध समाज का नाम किया रोशन

**राजिम,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम निवासी अंकित थवानी ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर 273वीं रैंक और छत्तीसगढ़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर नगर एवं सिंध समाज का नाम रोशन किया है। अंकित, पूर्व राजपत्रित अधिकारी मुरली मनोहर थवानी और पूर्व पार्षद श्रीमती कमला थवानी के सुपुत्र हैं। उनके बड़े भाई, इंजीनियर श्री राहुल थवानी और इंजीनियर श्री हिमालय थवानी, भी अपने क्षेत्र में स्थापित हैं। नवापारा राजिम क्षेत्र के पहले युवा के रूप में अंकित ने न्चैब् में सफलता हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। श्री मुरली मनोहर थवानी और श्रीमती कमला थवानी ने अपने तीनों बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान कर समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तत किया है।



**राजिम निवासी अंकित थवानी ने संघ लोक सेवा आयोग की परिक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर**

श्री पूज्य सिंध पंचायत, नवापारा राजिम की ओर से अंकित थवानी और उनके परिवार को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। पंचायत ने अंकित की इस उपलब्धि को समाज वालो को शिक्षा के लिए अच्छा संदेश दिया है चूंकि इस समाज के लोग ज्यादातर व्यापार में ध्यान देते है। व्यापार भी एक अच्छी चीज है परंतु उच्च शिक्षित लोगो के लिए ऊपर तक जाने की संभावनाएं बनी रहती है। छात्र अंकित को बधाई देने वालो में विधायक रोहित साहू, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, हरिभूमि के ब्यूरोचीफश्यामकिशोर शर्मा, देशबंधु ब्यरोचीफरमेश चौधरी, सेवानिवृत्त रेंज आफिसर लखन लाल सिन्हा, ज्ञानचंद लालवानी, अनिल जगवानी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी सहित बड़ी संख्या में समाज एवं शहर के लोग शामिल हैं।

# हरिहर शाला के स्थानीय परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**नवापारा राजिम,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। पीएमश्री हरिहर शासकीय विद्यालय में सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ओमकुमारी साहू, संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, नपा. उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती योगिता सिन्हा, अशोक गंगवाल, एस. आर. सोन, शाला विकास समिति के अध्यक्ष सौरभ जैन, नपा. के पार्षद के साथ प्राचार्य श्रीमती फखरा खानम दानी ने रिबन काटकर परीक्षा परिणाम जारी किया।

इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य श्रीमती दानी ने स्कूल का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि हरिहर स्कूल के प्राचार्य का पद मेरे लिए गौरव की चात है और मेरा पूरा प्रयास है कि स्कूल के शिक्षा के स्तर एवं अनुशासन में हरिहर स्कूल के छात्र छात्राएं सबसे आगे रहे। नगर के सभी लोगों का सहयोग एवं आशीर्वाद हमेशा मिलता रहा है। इसी का परिणाम है कि आज मैं हरिहर स्कूल का संचालन सफलता पूर्वक कर पा रही ही श्रीमती दानी ने पालकों से अनुरोध किया कि छात्र परीक्षा के समय बिलकुल भी अनुपस्थित ना रहें। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा नवमी का 59.24 प्रतिशत एवं कक्षा ग्यारहवीं 76.32 प्रतिशत रहा।



नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ओमकुमारी ने अपने उद्बोधन में कहा, स्कूल केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, व्यक्तित्व विकास की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थी वर्ष भर पढाई के पश्चात परिणाम के इंतजार में रहते हैं।

मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ने अपने उद्बोधन में सफल छात्रों को बधाई दी एवं कम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। श्री वर्मा ने कहा मै इस स्कूल का पूर्व छात्र रहा हूँ, आज मैं जो भी हूँ हरिहर स्कूल की शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कार का परिणाम है। डिग्री के साथ अनुशासन एवं संस्कार आवश्यक है।

नपा. उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी ने राष्ट्र प्रेम की कविता सुनाते हुए देश सेवा के लिए युवकों को आगे बढ़ने का संदेश दिया और विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए युवा शक्ति को विकास में सहभागिता के लिए आग्रह किया।

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को श्रीमती योगिता सिन्हा, श्रीमती माया सोनी, एवं बलराम देवांगन के द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पार्षद नम्मू ध्रुव, रवि साहू, धीरज साहू, सचिन सचदेव, नगर के गणमान्य नागरिक, पालक गण एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं भारी तादात में उपस्थित रहे।

परीक्षा प्रभारी अशोक साहू, ओमकार साहू, सौरभ साहू, एस.एन. देवांगन, विजय गिलहरे, बी.एल. अवसरिया ने उत्कृष्ट कार्य किया। महेश वर्मा, संतोष छाबड़ा एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सहभागिता रही। कक्षा 9वी में प्रथम मोहित कंसारी 90.67 प्रतिशत, द्वितीय वंश देवांगन 88 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर शुभम यदु 87.5 प्रतिशत रहे। कक्षा 11 वी में टिकेश्वर निर्मलकर 94.60 प्रतिशत प्रथम, चौतन्य निषाद 91.6 प्रतिशत द्वितीय तथा शौर्य देवांगन 88.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

# आदिवासी जनजीवन में रचे-बसे कुंभी की विरासत खत्म हो रही

**भाटापारा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। एक मात्र ऐसी प्रजाति जो सूखा प्रतिरोधी तो है ही, साथ ही शुष्क और अर्ध शुष्क क्षेत्र में जोरदार ग्रोथ लेती है। नाम है च्कुंभीज जिसे पौधरोपण की योजना में शामिल किए जाने के प्रयास हैं।

अवैध कटाई और बढ़ते शहरीकरण के दौर में कुंभी के वृक्ष केवल 6 जिलों में ही रह गए हैं। शेष 30 जिलों के वनों से गायब हो चुके हैं। पहली बार ध्यान में इसलिए लिया जा रहा है क्योंकि कुंभी के वृक्ष जलवायु परिवर्तन के दौर में भी न केवल हरियाली बनाए रखने में सक्षम हैं बल्कि मिट्टी की प्राकृतिक गुणवत्ता को बनाए रखते हैं

**इसलिए गंभीरता:** फिलहाल कोरबा, बस्तर, रायगढ़, सरगुजा, महासमुंद, कांकेर जिलों में ही कुंभी के वृक्ष शेष रह गए हैं। बेहद अहम है इसमें सूखा प्रतिरोधी के गुण का होना। ऐसे ही मौसम में कुंभी भरपूर बढ़वार लेता है। हैरत इसलिए क्योंकि सूखे दिनों में भी हरियाली रहती है इसके वृक्ष में। यही वजह है कि पशु-पक्षियों को भोजन और आश्रय के लिए ज्यादा दूरी तय नहीं करनी पड़ती।



**छत्तीसगढ़ के 6 जिलों में ही बचे हैं इनके अवशेष**

**विशाल है उपयोग क्षेत्र:** छाल से बनाया गया काढ़ा का सेवन आदिवासी समुदाय वर्षो से करता आ रहा है क्योंकि सूजन और संक्रमण कम करता है। पत्तियों में एंटीसेप्टिक तत्व होते हैं। जिसका उपयोग घाव से छुटकारा पाने के लिए किया जाता है। कच्चे फलों की सब्जियां बनाई जाती है, तो इसके बीज को आदिवासी समुदाय में जंगली बादाम कहा जाता है। पत्तियां बड़ी होतीं हैं इसलिए दोना एवं पत्तल बनाने व उपयोग का चलन आदिवासी समुदायों में शुरू से रहा है। छाल के रेशे से रस्सियां और जाल भी बनाए जाते हैं।

**एक नजर कुंभी पर:** 9 से 18 मीटर तक ऊंचे हो सकते हैं कुंभी के वृक्ष। पत्तियां, फल और बीज आय का मजबूत जरिया बन सकती है। छाल और तना से भी आय बढ़ाई जा सकती है। सबसे अहम गुण यह है कि कुंभी को सबसे कम पानी की जरूरत होती है बढ़वार के लिए। जलवायु परिवर्तन के दौर में कुंभी के वृक्ष हरियाली बनाए रखने में भरपूर मदद कर सकते हैं।

**हरियाली बनाए रखने की क्षमता:** कुंभी एक अत्यंत उपयोगी और सूखा प्रतिरोधी वृक्ष है, जो जलवायु परिवर्तन के दौर में हरियाली बनाए रखने की क्षमता रखता है। इसकी पारंपरिक उपयोगिता, कम जल आवश्यकता और पारिस्थितिक संतुलन में भूमिका इसे वानिकी योजनाओं में प्राथमिकता का पात्र बनाती है।

**- अजीत विलियम्स, साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की मांग पर स्कूलों के समर कैंप वाला आदेश निरस्त : रामनारायण मिश्र

**राजिम,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता रामनारायण मिश्र ने कहा कि संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर से मुलाकात कर ग्रीष्म अवकाश में भीषण गर्मी को देखते हुए जिले के स्कूलों में समर कैंप लगाने वाले आदेश को निरस्त करने की मांग की जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल ने तत्काल स्कूलों के समर कैंप लगाने वाले आदेश को तत्काल निरस्त कर दिया जिस पर संगठन के पदाधिकारी ने आभार व्यक्त किया है आभार व्यक्त करने वालों में संगठन मंत्री सुनील नायक जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन सचिव राजेश कुमार जैन कौशल अध्यक्ष मोहित कुमार वर्मा संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्र सचिव ओंकार वर्मा नरेंद्र सिंह ठाकुर बलराम यादव नंदू राम निषाद लक्ष्मी राव इंद्रमण साहू भारतीय पचौरी गायत्री ठाकुर गिरधर साहू रामलाल साहू नीलकंठ वर्मा रमाकांत यादव अतुल मिश्रा हरीश रघुवंशी आदि शामिल है संघ के प्रवक्ता रामनारायण मिश्रा ने यह भी बताया कि गरियाबंद के जिला शिक्षा अधिकारी से भी ग्रीष्म अवकाश में स्कूलों में समर कैंप वाले आदेश को निरस्त करने हेतु फोन से सार्थक चर्चा हो चुकी है जिला शिक्षा अधिकारी ने भी शीघ्र ही समर कैंप वाले आदेश को निरस्त करने की बात कही है।

